निगूढतमभावोऽत्र ब्रह्मात्मकरतिरव्यया ।।
तस्यानुभावो भक्तेर्हि लक्षणे विनिरूपितः ।।१।।

''माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढः सर्वतोऽधिकः ।।
स्नेहो भक्तिरिति'' प्रोक्तः कोशो ह्यात्मरतेरियम् ।।२।।

श्रीकृष्णस्य प्रेमसेवा व्रजभावानुभाविका ।।
''चेतस्तत्प्रवणं सेवा'' पद्यांशेन प्रबोधिता ।।३।।

स्वस्वीयार्पणरूपा हि तत्सिध्दयै तनुवित्तजा ।।
स्वगृहाधिष्ठितायाः श्रीकृष्णमूर्तेस्तदुत्तरा ।।४।।

तस्यां हि भक्तिशास्त्रोक्तनवधायास्तु योजनम् ।।
वर्णाश्रमाचारशौचधर्माणाम् अविवर्जनम् ।।५।।

यच्चेहेष्टतमं लोकवेदयोः स्वार्जितं तथा ।।
शृंगारभोगरागादि कृष्णसेवोपयोगिनम् ।।६।।


भवेद् बाह्यतमं तत्तु कृष्णसेवांगतांगतम् ।।
श्रीकृष्णास्योपदिष्टेयं रीतिः श्रीकृष्णसेवने ।।७।।

सर्वान्तरतमं चैवान्तरतरं ह्यान्तरं तथा ।।
बाह्यं बाह्यतरं बाह्यतममात्मरतेरिह ।।८।।

अंगांगिभावं विज्ञाय पुष्टिभक्त्या भजेत् प्रभुम् ।।
न फलार्थं न भोगार्थं न प्रतिष्ठाप्रसिध्दये ।।९।।

से
वा
कौ
मु
दी

# सेवाकौमुदी




गोस्वामी श्याममनोहर

# सेवाकौमुदी

(ग्रंथ कर्ता – श्रीबागरोदि लालूभट्ट)

o

o

o

o

o

o

o

o

o

o

o

o

प्रवचनकर्ता – गोस्वामी श्याममनोहर

प्रकाशकः
श्रीवल्लभाचार्य ट्रस्ट,
कंसारा बाजार, मांडवी, (कच्छ)
गुजरात – ३७०४६५

सहयोगी प्रकाशकः
गोलोकवासी श्रीयुत् मोहनलालजी गौड़ (किशनगढ़)
की स्मृतिमें उनकी पुत्रवधू प्रभा गौड़

सम्पादन : गोस्वामी शरद् श्रीअनिरुद्धलालजी

लिपिबद्धकर्ता : अशोक शर्मा

निःशुल्क वितरणार्थ

सेवाकौमुदी
(प्रति : १६०० प्रकाशनवर्ष : वि.सं. २०६४ श्रीवल्लभाब्द : ५२६)

मुद्रकः
जी. एन. प्रिन्टस्
२६६४/१, मस्जिद खजूर,
धर्मपुरा, चावड़ी बाजार,
दिल्ली – ११०००६

।।श्रीकृष्णाय नमः।।
।।श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः।।

श्रीबालकृष्ण एवं पुष्टिसम्प्रदायमें प्रसिद्ध श्रीलालूभट्टजी द्वारा रचित सेवाकौमुदी ग्रंथके स्वाध्यायार्थ सन् १९९१में जूनागढ़में श्रीश्याममनोहरजी द्वारा शिविर लगाया गया था. तब इस ग्रंथके विवरणको टेपबद्ध कर लिया गया था एवं अभी कुछ साल पहले इन टेपोंसे सी.डी. तैयारकी गई थी. इन सी.डी.को सुनकर इसे लिपिबद्ध करनेकी इच्छा कुछ वैष्णवोंने जताई एवं श्रीश्याममनोहरजीकी आज्ञा लेकर इसे लिपि बद्ध किया गया.

इस ग्रंथका सम्पादन अपने व्यस्त कार्यक्रममें से समय निकाल कर गोस्वामी श्रीशरद् अनिरुद्धलालजीने कृपा करके किया है.

सेवाकौमुदी ग्रंथमें लालूभट्टजीने चार प्रकरण लिखे थे. उनमेंसे तीसरा प्रकरण अनुपलब्ध होनेके कारण तीन प्रकरणही प्रकाशित हो पाये हैं. इसमें पहले प्रकरणमें सेवाकी प्रामाणिकता, दूसरे प्रकरणमें पुष्टिमार्गमें सेव्यस्वरूपकी श्रुत्यादिप्रमाण –सिद्धता एवं चतुर्थ प्रकरणमें भगवत्स्वरूपभावना – सेवाभावनामें तथाकथित विसंगतियोंकी शंकाओंका समाधान किया गया है.

समयाभावके कारण इस शिविरमें केवल प्रथम प्रकरणके कुछ भागपर ही स्वाध्याय हो सका था. इस स्वाध्यायमें विचारे गये विषय इस प्रकार हैं – १. पुष्टिमार्गमें सेवाविषयक प्रामाणिकतामें मूर्धन्य प्रमाण श्रीमद्भागवत. २. नवविध भक्ति उपदेश केवल भगवदार्थ अर्पण हित ही. ३. भक्तिमें सर्वाधिकारिकता. ४. नवविध भक्तिका स्वरूप एवं लक्षण. ५. प्रेमात्मक भक्ति सिद्धयर्थ नवविधि भक्ति विनियोग. ६. स्वमार्गमें नवविध भक्तिके अनुष्ठानकी रीति.

कृष्णसेवा सदाकार्याकी उत्कर्षता दिखाते हुये श्रीलालूभट्टजीने अपने इस प्रकरणमें यह सिद्धान्त निष्कर्ष निकाला है कि नव विध भक्तिका सेवामें उपयोग करना है न कि भक्तिकेलिये सेवा करनी है. सेवाके अन्तर्गत भक्तिका विनियोग है न कि भक्तिके अन्तर्गत सेवाका विनियोग.

उपर्युक्त विषयोंका विस्तृत विवरण प्रस्तुत ग्रंथमें किया गया है. यद्यपि मूल प्रकरण इस स्वाध्याय शिविरमें पूरा नहीं किया जा सका परन्तु जितना भी किया गया है वो स्वमार्गीय वैष्णवोंकेलिये प्रचुर मात्रामें मार्गदर्शक सिद्ध होगा.

जिज्ञासुगण एवं स्वमार्गमें रुचि रखनेवाले इस ग्रंथका लाभ अवश्य लेंगे, ऐसी आशा है.

अन्तमें लिपिबद्ध करनेमें इस ग्रंथमें जो त्रुटियां रह गई हैं उनकेलिये क्षमा प्रार्थी हूं.

दासानुदास – अशोक शर्मा

साहिबाबाद उ.प्र.
डोलोत्सव मार्च २२, २००८





।।श्रीगिरिधारी तनोतु मंगलानि।।

# सेवाकौमुदी

* प्रथमं प्रकरणम् *

**श्रुतिसिद्ध रसाम्भोधि रासमण्डल मंडनं।**
**गोपिकानयनानंदम् गोवर्धनधरम् भजे।।**
**श्रीवल्लभपदाम्भोज रजांसि प्रणमाम्यहम्।**
**यत्सम्पर्काद् व्रजाधीश प्रेम सेवाम् जनोऽश्नुते।।**
**श्रीविट्ठलेश्वरम् वन्दे कृष्णसेवा प्रवर्तकम्।**
**येन् गोवर्धनाधीश सख्येनात्मवशीकृतः।**

(ग्रंथोपक्रमः)

**अथ पुष्टिमार्गीया सेवा किम्प्रमाणमूलिका इत्यादि विचारः आरभ्यते. तत्रा 'सर्व वेदेतिहासानाम्' (भाग.पुरा. १।३।४२।) 'निगमकल्पतरोर्गलितं फलम्' (भाग.पुरा. १।१।३) इत्यादि वचस्सहस्त्रैः सर्व श्रुतिसार भूतत्वाद् निखिल प्रमाण मूर्धन्यता समाधि भाषा रूपस्य श्रीभागवतस्य अभ्युपेया. निबन्धे च 'वेदाः श्रीकृष्णवाक्यानि (त.दी.नि. १।७) इति सन्दर्भे 'उत्तरम् पूर्व सन्देह वारकम् परिकीर्तितम् (त.दी.नि. १।८). इत्यनेन सर्वसनदेहवारकत्वं श्रीभागवतस्यैव निरणायी.**

(तत्रा भगवदेकार्पितायाः नवविधभक्तेः मुख्यतयाः उपदेशः )

**तत्रा च 'श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणम् पादसेवनम् अर्चनम् वंदनम् दास्यम् सख्यं आत्मनिवेदनम्. इति पुंसार्पिता विष्णौ भक्तिश्चेत् नवलक्षणा, क्रियते भगवत्यद्धा तन्मन्येऽधीतमुत्तमम्' (भाग.पुरा.७।५।२३-२४) इत्यनेन नवविधभक्तिरेव मुख्यतया कर्तव्यता उपदिश्यते. नवलक्षणा**

श्रवणादि निवेदनान्ता भक्तिः भगवति अर्पिता क्रियते चेत् तद् अधीतम् उत्तमम् मन्ये इति अन्वयः. तथा च 'अर्पिता क्रियते' इत्युक्या भक्तेः अर्पित करणं विवक्षितम्. नतु अर्पितायाः कृति विषयत्वम्. 'चकार तर्ह्येव हताश्व कुंजरम्' (भाग.पुरा. १०।५६।१६) इत्यादौ भूतार्थक 'क्त' प्रत्ययार्थ-विवक्षया सैन्य-गताश्व कुंजर-विषयक-हननस्य कृति विषयत्वं नतु हतानाम् तथा इहापि. अर्पणञ्च इह स्थापनम्. यन्मेऽर्पितः शिरशि पद्मकर प्रसादः (भाग.पुरा.७।६।२६) इत्यादौ तथा सिद्धेः. एवं सति नव विधाया अपि भक्तेः भगवति अर्पणं, स्थापनं, नतु फलान्तरे विनियोगः कार्यः, इति भावः.

(भक्तौ सर्वेषामेव अधिकारः)

इह वाक्ये 'पुंसा' इति सामान्य निर्देषात् सर्वाधिकारकत्वं भक्तेः. अत्रैव नारदोऽपि 'श्रवणं कीर्तनम् चाऽस्य' स्मरणं महतां गतेः, सेव्येज्यावनतिर्दास्यं सख्यमात्मनिवेदनमं, नृणामयं परो धर्मः सर्वेषां समुदाहृतः (भाग.पुरा.७।११।११-१२) इति अवदत्. अतोऽपि सर्वेषां भक्तौ अधिकारः.

(नवविधभक्तिस्वरूपम्)

(१) तत्र भगवदीयवक्तृमुखाद् भगवज्-जन्म-नाम-स्तोत्रादीनां श्रद्धया आकर्णनं, 'शृण्वन् सुभद्राणि रथांगपाणेः जन्मानि कर्माणि च यानि लोके (भाग. पुरा. ११।२।३६) इत्यादौ जन्मकर्मणां श्रवणविषयत्वोक्तेः, उपलक्षणविधया नामादीनाञ्च संग्रहाद् वाक्यान्तरेषु उक्तत्वात् च.

(२) भगवन् नाम कर्म स्तोत्रादीनां श्रद्धया कथनं कीर्तनं, 'गृणन्ति गुणनामानि कृष्णस्याऽनुस्मरन्ति च' (भाग.पुरा.





१।५।३६), 'गीतवेणुरनुगेडितकीर्तिः' (भाग.पुरा.१०।३२।२२) इत्यादिना नामकर्मादीनां कीर्तनविषयत्वोक्तेः.

(३) 'भगवद्स्वरूप लीला परिकरादीनाम् श्रद्धया चिन्तनम् स्मरणं' 'स्मरन्त स्मारयन्तश्च मिथोऽघौघहरं (भाग.पुरा. ११।३।३१) 'स्मरन्ति नन्दनति तवेहितं जनाः' (भाग.पुर.१।८।३६) इत्यादौ स्मरणविषयत्वेन रूपलीलादिनाम् उक्ते.

(४) निरंतरम् श्रद्धया परिचर्या पादसेवनम्. 'पादसेवन' शब्देन सर्वाः परिचर्या. नतु चरणसेवा मात्रम्. क्यों? नारदोक्त नवविधि भक्तौ 'सेवेज्या' (भाग.पुरा. ७।११।११) इत्यनेन सेवामात्रस्य ग्रहणात्.

(५) माहात्म्य बुद्धया लोकविलक्षणोपचार करणम् अर्चनम्.

(६) स्वदैन्याविष्कारपूर्वकं श्रद्धया नमनम् वंदनम्.

(७) अनन्यगामित्वं दास्यम्.

(८) श्रद्धया भगवति अप्रेरितप्रिय करणम् सख्यं. 'सुहृदम् सर्वभूतानाम् ज्ञात्वां मामशान्तिमृच्छति' (भग.गीता.५।२६) इति गीतावाक्ये 'सुहृत्' पदार्थस्य तथा निर्णयात्. चतुर्थ स्कन्धे 'चरन्तं विश्व सुहृदं वात्सल्याद् लोकमंगलम्' (भाग.पुरा. ४।६।३५) इत्यत्र विश्वसुहृत्त्वाद् विश्वहित कारित्वम् उच्यते. दशमस्कन्धे 'कुर्वन पारोक्ष्य सौहृदम्' (भाग.पुरा.१०।७५।१). इत्यादौ अप्रेरित हित करणस्य सुहृद्धर्मत्वेन उक्तत्वात्. अन्यात्रापि सख्ये अप्रेरित हित करणस्य श्रूयमाणत्वाद्. यथा 'वृष्णिनां प्रवरो मन्त्री कृष्णस्य दयितः सखा' (भाग.पुरा. १०।४३।१) इति वाक्याद् भगवत्सखः श्रीमद्उद्धवो बाल्यमारभ्य

सपर्या कृतवान्. भगवद् सखाः श्रीमद्उद्धवोबाल्यम् आरभ्य सपर्या कृतवान्. तस्यां दशायाम् इतरप्रेरणासम्भवाद् अप्रेरितैव सपर्याकृतिः इति ज्ञेयम्. 'यः पञ्चहायनो मात्रा प्रातराशाय याचितः तन्नैच्छद् रचयन् यस्य सपर्या बाललीलया. (भाग.पुरा. ३।२।३) इति उद्धव प्रसंशक तृतीय स्कन्ध वाक्यात् अतएव 'दृष्टवा तपे व्रजपशून् सहरामगोपैः सञ्चारयन्मनुवेणुमुदीरयन्तं प्रेम प्रवृद्ध मुदितः कुसुमावलीभिः सख्युर्व्यधात् स्ववपुशाम्बुद आतपत्रम्' (भाग.पुरा.१०।१८।१६). इत्येन अम्बुदस्य स्वसख्यौ भगवति अप्रेरित प्रिय करण रूपम् आतप निवारक च्छाया करणम् श्रुतिगोपिकाभिः निरूपितम्. अप्रेरित प्रिय करण रूप आतप निवारक-च्छाया करणम् श्रुति गोपिकाभिः निरूपितम्. किञ्च 'कराविव शरीरस्य नेत्रयोरिव पक्ष्मणी, अप्रेरितं प्रियं कुर्यात् तन्मित्रं मित्रं उच्यते (लौकि. सुभा). इति लोकन्यायात् च 'सख्य' शब्दाभिधेयम् अप्रेरित प्रिय करणम्, इति हि आदर्तव्यं, 'शक्ति ग्रहम् व्याकरणोपमानकोषाप्त वाक्यात् व्यवहारतश्च' (न्या.सि.मु.८१) इत्यनेन व्यवहारतोऽपि शक्ति ग्रह स्वीकारात्. श्रीधरस्वामिनोऽपि 'सख्यं विश्वासादि' इति उक्त्वा आदि शब्देन अस्मद् उक्तार्थमेव सञ्जगृहुः

तद् इह भगवन्मूर्ति सेवमानेन् क्रियमाणाः तत्तद्देश कालानुकूलोपचाराः तूलकञ्चुक चंदन लेपन प्रभृतयो 'मालया दयित गंध तुलस्या' (भाग.पुरा.१०।३२।१८) इत्यादिवाक्यसिद्धा तुलस्यादश्च भगवतः प्रिय रूपा च बोध्या. अप्रेरितत्वन्तु विधायक वचन विषयत्वाभावः. तथा सति मन्त्रादिभिरेव उपचाराः विधेयाः इति आग्रहो न रक्षणीया. तदुक्तम् निबन्धे 'मन्त्रमात्र पूजापरो न भवेत्' (त.दी.नि.प्र.२।२३७) इति.





(६) आत्मनो जीवस्य सपरिकरस्य निवेदनम् भगवत्सेवोपयोगिकरणम् आत्म निवेदनम्. परिकरस्तु 'दारान् सुतान् गृहान् प्राणान् यत् परस्मैः निवेदनम् एवं धर्मैः मनुष्याणाम् उद्धवात्मनिवेदिनाम्' (भाग.पुरा.११।३।२८) इति एकादशे भगवद्वाक्यात् देहादयो दारादयश्च अहंताममतास्पद भूताः. तत् सहितस्य आत्मनो भगवद्सेवोपयोगी करणं विवक्षित्म्.

तत्र 'क्रीडार्थम् आत्मन इदं त्रिजगत् कृतं ते' (भाग.पुरा. ८।२२।२०) इति वाक्यात् निखिलप्रपञ्चस्य भगवदीयतायाः सिद्धत्वेन, किम् नामनिवेदनम्! इति भवति शंका! तत्र अयम् सिद्धान्तः. देहार्दिभगवदीयत्वेऽपि जीवस्य मायामोहित बुद्धित्वात् देहादौ स्वकीयत्वाध्यास रूपो दोषो निवेदनप्रतिबन्धकः. तन् निवृत्तिः अपेक्षितः. अष्टमस्कन्धे विन्ध्यावल्या 'क्रीड़ार्थमात्मन इदं त्रिजगद् कृतं ते' (भाग.पुरा.८।२२।२०). इत्यनेन क्रीड़ार्थम् प्रपञ्चनिर्माणम् उक्त्वा 'स्वाम्यंन्यु तत्र कुधियोऽपर ईश कुर्युः'(भाग.पुरा.८।२२।२०). इत्यनेन मायोत्थ मोह जन्य कुधीत्व जीवानाम् जीवानाम् देहादि विषयक स्वाम्याभिमानकरणम् अध्यास रूपम् उक्तम्. अतो अध्यासः परिहरणीयः. तथा च सिद्धमिदम् लक्षणम् स्वकीयत्वाध्यास निवृत्तिपूर्वक भगवदीयत्व बुद्धि सम्पादनेन देहादीनाम् भगवद्सेवोपयोगी करणम् = आत्मनिवेदनम्.

(नवविधभक्तीनां प्रेमात्मकभक्तिसिद्धयर्थ विनियोगः)

एवं नवविधा भक्तिः प्रेमात्मकभक्तिसिद्धये कर्तव्या, प्रेमलक्षणायाः भक्तेः फलरूपत्वाद्, 'राद्धं निःश्रेयसं पुंसां मत्प्रीतिः तत्त्वविन्मतम्' (भाग.पुरा.३।६।४१) इति, 'अतो मयि रतिं कुर्याद् देहादिर्यत्कृते प्रियः' (भाग.पुरा.३।६।४२) इति भगवद्वाक्यात्. द्वितीयस्कन्धे 'भगवान् ब्रह्म कात्स्न्येन

**त्रिरन्वीक्ष्य मनीषया, तदध्यवस्यत् कूटस्थो रतिरात्मन्यतो भवेद्' (भाग.पुरा.२।२।३४) इति निर्णीतत्वात्, 'प्रेमसेवातएव स्याद् विशिष्टव्यक्तिरुत्तमा' (त.दी.नि.२।६२) इति निबन्धवाक्यात् च. एवं सिद्धे प्रेमलक्षणायाः फलत्वे 'केन साधनेन सा स्याद्?' इति आकांक्षायां पूर्वोक्त-नवविध-भक्त्या सा सिद्ध्यति इति अवधेयम्. 'भक्त्या सञ्जातया भक्तया' (भाग.पुरा.११।३।३१) 'उद्धवात्मनिवेदिनां, मयि सञ्जायते भक्तिः' (भाग.पुरा.११।१६।२४) इत्यादिवाक्यात्. उक्तञ्च निबन्धे 'प्रेम च साधनम् तत् साधनम् नवविधा भक्ति.' (त.दी. नि.प्र.२।२२०) इति. अन्यत्रापि श्रीवल्लभाचार्य मतेः फलम् तत् प्राकट्यम् अत्र अव्यभिचारी हेतुः प्रेमैव, तस्मिन् नवधोक्तभक्तिः, तत्रोपयोगोऽखिलसाधनानाम्** (वैष्ण.वा. २५२।१।५) इति.

**अतएव श्रीवल्लभाचार्यमतानुवर्तिभिः इयं नवधा भक्तिः अनुष्ठीयते.**

**(इति श्रीलालूभट्टनामक-दीक्षितश्रीबालकृष्णेन विरचितायां सेवाकौमुद्यां प्रथमं प्रकरणम् (अंशभाग))**

oooooooooooooooo





# सेवाकौमुदी

## जूनागढ़ शिविर – १६६१

(श्रीश्याममनोहरजी द्वारा आयोजित सन् १६६१में जूनागढ़ शिविरमें रिकार्ड किये गये कैसेटोंके आधारपर)

चिन्तासन्तानहन्तारो यत्पादाम्बुज रेणवः।
स्वीयानां तान् निजाचार्यन् प्रणमामि मुर्हुमुहुः।।
यदनुग्रहो तो जन्तुः सर्व दुःखातिगो भवेत्।
तमहं सर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभनन्दनम्।।
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं तस्मै श्रीगुरवे नमः।।
नमामि हृदये शेषे लीलाक्षीराब्धिशायिनम्।
लक्ष्मी सहस्रलीलाभिः सेव्यमानं कलानिधिम्।।
चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च त्रिभिस्तथा।
षडभिः विराजते योऽसौ पंचधा हृदये मम।।

आजके गीताके प्रवचनमें हमने देखा कि भक्ति और पुरुषोत्तम किस प्रकार एक दूसरेके साथ ताने बानेकी तरह बुने हुये हैं. गये बखत अपने शिविरमें सिद्धान्तवचनावलीमें भक्तिवर्धिनीको लिया था. उसकेलिये शरदबाबाने आज कहा कि भक्तिवर्धिनी बहुत सूक्ष्म हुई थी. उन्होंने तो नहीं कहा पर मैं कह रहा हूं कि बड़बड़ाध्याय बहुत हुआ था. फिर भी ये भक्तिके जो मूल पहलू हैं उनकी चर्चा करनेका हमने प्रयास किया था. ये प्रवचन नहीं हैं एवं ये केवल बैठकर सुननेकेलिये कथा भी नहीं है. शिविरको सफल करनेकेलिये आपलोगोंको अधिकसे अधिक भाग लेना होगा और जितना ही आप हिचकिचाओगे उतना ही ये शिविर विफल रहेगा. अब भाग लेनेकी एक प्रक्रिया है. उस प्रक्रियाको हमें अच्छी तरहसे समझ लेना चाहिये. अपन विषयका अध्ययन तो करेंगे ही जो सेवा कौमुदीमें आने वाला है. अगर खाली विषयको ही हमें समझना हो तो तो प्रवचन पर्याप्त हैं. क्योंकि इसमें केवल विषयके बारेमें बोलना है तो मैं बोलता

रहूंगा और आप सुनते रहना. परन्तु यहां अपनेको कुछ अलग प्रकारकी अपेक्षा है. और वो अपेक्षा है कि अपन ग्रंथ पढ़ें. इसका छपा अनुवाद तो आपके पास है ही पुस्तकों में. ये जो शिविरार्थी हैं इनके पास तो है ही पर जो सुननेवाले हैं उनको कदाचित मिला हो कि न मिला हो लेकिन फिर भी कोई पंक्ति या किसी भी शब्दको समझनेमें किसी प्रकारकी आपको अड़चन आ रही हो तो आपको पूछना चाहिये. जो प्रश्न आपको समझमें नहीं आता हो अथवा जो बात सुननेके बाद भी मनमें, विप्रतिपत्ति और अप्रतिपत्ति. अर्थात् अन्यथा समझमें आया या समझमें नहीं आया, असंभावना या विपरीतभावना कहलाती है. एक तो यह कि जो सुना वो समझमें नहीं आया. अथवा समझमें तो आया पर गलेसे बात उतर नहीं रही, दोनों प्रकारसे. अतएव आप इसे पढ़ो. क्योंकि बहुत सारे हो इसलिये थोड़े थोड़े शब्दोंमें पढ़ोगे. इसलिये पढ़ तो लो कमसे कम शब्दोंमें पर सावधानीसे पढ़ो. अगर नहीं पढ़ोगे तो मैं इस पर प्रवचन ही क्यों न करूं? इसकेलिये शिविर ही क्यों रखना? अतएव इस बातकी आप लोग अच्छी तरहसे सावधानी रखोगे. एक बात अच्छी तरहसे हृदयमें सोचकर रखो कि जो बात आपको समझमें नहीं आई वो आपका गुनाह नहीं मेरा गुनाह. पर जिस बातको आप समझना ही न चाहो तो वो गुनाह मेरा नहीं केवल आपका, आपका और केवल आपकाही. इस बारेमें एकदम स्पष्टता होनी चाहिये कि जब मेरा गुनाह हो तब आपको मेरा ध्यान रखना चाहिये और आपका गुनाह हो तो मैं पकड़ूं, पर जब पकड़ा ही न जाये तो? डकैत तो पकड़में आ जाता है पर चोरी करनेवाला मनुष्य सहजमें नहीं पकड़ा जाता. उसको ढूंढना पड़ता है. दो–चार हों तो ढूंढ भी लूं पर हमारे हिसाबसे पचासकी संख्या ऐसी है कि जो थोड़ी अधिक है और उसमें चोर कहां है वो सहजमें पकड़में नहीं आयेगा. फिर भी मैं ढूंढता रहूंगा कि चोर कौन है. और आप भी ढूंढते रहना कि मैंने जो कहा उसमें आपको क्या समझमें नहीं आया या





आपके गले नहीं उतरा? इस बारेमें अपनी पक्की दोस्ती होनी चाहिये कि आप मेरे निरूपणमें चोर ढूंढो. इसमें गुनाह आपका नहीं मेरा है. मुझे अपने गुनाहको मानना चाहिये कि ये गुनाह हो गया और मुझे इस गुनाहकी इस प्रकारकी सजा मिलनी चाहिये. और जो आपका गुनाह है वो आपको कबूल करना है. और नहीं बोलो और चोर नहीं पकड़ा जाये तो चलेगा सब, पर पकड़े जानेपर ध्यान तो देना ही पड़ेगा. ये सावधानी हृदयमें रखना सब लोग. समझमें आ रही है न बात जो कह रहा हूं?

अतएव जो कुछ मैं कह रहा हूं वो बात आपको समझमें नहीं आ रही हो अथवा समझमें आने पर भी गले नहीं उतर रही हो तो उसे कमसे कम आप कहो जैसे बने वैसी टूटी फूटी भाषामें भी कहनेका प्रयास करो. इस प्रकार अपन सब मिलजुलकर ग्रंथको समझनेका प्रयास करेंगे कि किस निरूपणमें क्या मुश्किल आ रही है?

एक बात ध्यानमें रखनी चाहिये कि प्रश्न निन्यानवे प्रतिशत गलत नहीं होता. कोई भी प्रश्न एक प्रतिशत गलत हो सकता है. और वो इस प्रकार हो सकता है कि सेवाकौमुदी चल रही है और आप बीचमें पूछो कि बाईबलमें फलाने अध्यायमें इस प्रकार कहा है इसका मतलब क्या है? तो भाई सेवाकौमुदीके विवेचनके बीचमें बाईबल कहांसे आ गई? एक प्रतिशत गलत हो सकता है ऐसा प्रश्न. जिसका कोई विचार ही न हो ऐसा प्रश्न गलत हो सकता है बाकी प्रश्न कभी भी गलत नहीं होता. उत्तर गलत हो सकता है. अतएव प्रश्न हो तो कर ही लेना चाहिये. कोई भी प्रश्न आपके मनमें हो उसे अच्छी प्रकार और हिम्मतसे पूछो. ये आपका केवल अधिकार ही नहीं बल्कि ये आपका कर्तव्य है.

अधिकार ऐसी वस्तु होती है कि हम किसी चीजको कभी इस्तमाल करना चाहते हैं और कभी नहीं भी करना चाहते हैं. लेकिन कर्तव्य अपन नहीं करें तो चूक गये कहा जाता है. अतएव जो असंभावना या विपरीत भावना आपके हृदयमें होती हो

उसे आपने पूछा नहीं तो आप चूक गये और आपकी असंभावना या विपरीतभावनाका मैं निराकरण नहीं कर सकूं तो मैं चूका. तदुपरान्त इन सावधानियोंके साथ हम इस शिविरकी शुरुआत करेंगे. श्रीमहाप्रभुजी, श्रीगुसांईजी, सातबालक, ठाकुरजी, यमुनाजी, लालूभट्टजी हमको सामर्थ्य प्रदान करें कि हम चूकें नहीं.

यह ग्रंथ क्या है? इसके बारेमें थोड़ा अपन विषयकी दृष्टिसे विवरण देखलें. गये बखत हमनें भक्तिवर्धिनी की थी. भक्तिवर्धिनीके प्रवचनमें अगर आपको ध्यान हो तो मैंने एक बात बहुत भारपूर्वक समझाई थी और अगर मैं भूल न रहा हूं तो बहुत बार इस बातको समझानेका प्रयास भी किया था कि मूलमें भक्ति एक भाव है.

'भाव'.... आजतो अपने मार्गमें इतना प्रयोगमें आता शब्द है कि अगर किसीको पूछें कि भाव अर्थात्? तो लोगों को ऐसा लगेगा कि ये भी कोई पूछने जैसी बात है? पर भावके बहुत सारे अर्थ हैं समझे. बाजारका भाव, कोई वस्तु हो उसके होनेको भी अपन भाव कहते हैं, इसका भाव है इसका अभाव है. चार रुपया भाव कि पांच रुपया भाव. तो 'भाव'के बहुतसे अर्थ हैं. तो मुझे कोई शिविरार्थी ये बताये कि भाव अर्थात् क्या?

विद्यार्थी – अपने इष्ट तरफका प्रेम.

विद्यार्थी – भाव अर्थात् प्रभुके प्रति जो अंतरसे लगन है उस लगनका संबंध.

विद्यार्थी – अपने मनमें किसी प्रकारकी लगन हो और उसे जो प्रदर्शित करे उसे भाव कहा जाता है.

विद्यार्थी – भाव अर्थात् स्नेह. प्रभुकी ओरका स्नेह.

अब हमनें कमसे कम चार पांच अर्थ भावके सुने. अब मेरा प्रश्न ये है कि सब एकही बात कह रहे हैं कि अलग अलग बात कह रहे हैं?

विद्यार्थी – सब लोग लगभग एक जैसी बात कह रहे हैं.





कैसे? आपको क्या लगता है? सब एकही बात कह रहे हैं कि अलग अलग कह रहे हैं?

विद्यार्थी – बात एक ही कह रहे हैं पर कहनेका ढंग अलग अलग है.

तो कमसे कम अपन इतना तो समझे कि भाव किसी प्रकारकी एक लगन है. जिन भाईयोंने इष्ट कहा जो कि मैं समझ सकता हूं कि इष्टका इनका तात्पर्य क्या है, फिर भी शब्दमें थोड़ा स्पष्टीकरण करना पड़ेगा कि संस्कृत भाषामें मनको भाता हो वो 'इष्ट' कहलाता है. इष्ट मित्र, इष्ट भोजन. 'इच्छा' शब्दसे इष्ट बनता है. इच्छा जिसके बारेमें हो वो इष्ट. जिसके बारेमें अपनी इच्छा न हो वो अनिष्ट. संस्कृतभाषामें 'इष्ट' शब्द बहुत व्यापक अर्थमें प्रयोगमें आता है. फिर भी मुझे लगता है कि जिस भाईने 'इष्ट' कहा उसका तात्पर्य इष्टदेवमें होना चाहिये. क्योंकि खाली इष्ट कहें तो बोतल भी हो सकती है. और बोतलमें रहे हुये स्नेहको भाव नहीं कहते. वो तो दुर्भाव कहलाता है. बात ध्यानमें आई ना? अर्थात् इष्टदेव स्पष्ट शब्द है इसका.

इसी कारण शास्त्रमें कहनेमें आया है कि **''रतिर्देवादि विषयणी भावः''**. देव, गुरु या तीर्थ. इन सबके बारेमें जो स्नेह है उसका नाम भाव. महाप्रभुजी इसका बहुत सुन्दर स्पष्टीकरण देते हैं **''देवत्वं माहात्म्यं भावो स्नेहः'' ''देवादिविषयणी रतिः भावः''** जैसे मुझे मेरे घरमें स्नेह है, मेरी देहमें स्नेह है, बालबच्चोंमें स्नेह है, मित्रोंमें स्नेह है. ये स्नेह है, पर एकही स्नेह शब्दका अर्थोंमें प्रयोग है. जैसे सन्ततिमें हमारा स्नेह है उसे हम 'वात्सल्य' कहते हैं. मित्रके प्रति जो अपना स्नेह है उसे हम 'सख्य' कहते हैं गुजराती भाषामें 'दोस्ती' कहते हैं. हम ये नहीं कहते हैं कि ये दो दोस्त बहुत भावुक हैं. या इनमें बहुत भाव है. जब दोस्तीकी बात कहनी होती है तो 'भाव' शब्दका प्रयोग नहीं करते. पतिका पत्नीमें या पत्नीका पतिमें, या प्रेमीका प्रेमिकामें स्नेह 'वात्सल्य' नहीं कहलाता, अथवा केवल 'सख्य' नहीं कहलाता पर संस्कृतमें

साहित्यकी दृष्टिमें 'माधुर्य' कहलाता है अथवा 'शृंगार' कहलाता है, 'काम' कहलाता है. अलग अलग स्नेहोंके अलग अलग नाम हैं. इसी प्रकार इष्टदेवके प्रति रहा हुआ अपना स्नेह भाव कहलाता है. श्रीमहाप्रभुजी एक बात कहते हैं कि भक्ति कहनेपर जो कहा जाता है उसे 'भाव' कहा जाता है. कैसे? भक्तिकी परिभाषामें ऐसा कहनेमें आया है **"माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तुः सुदृढो सर्वतोधिक स्नेहो भक्तिः."** तो वो किसी वस्तुका या व्यक्तिका कि किसी तत्वका, माहात्म्य जनाता है. 'माहात्म्य' अर्थात् क्या?

महात्म्य अर्थात् महत्व.

माहात्म्य अर्थात् महानता. किसी भी प्रकारका वैशिष्ट्य गुण, विशिष्टता.

जहां तक 'माहात्म्य' शब्दका अभिप्राय एवं सवाल है उसे हम फिरसे अच्छी तरहसे समझें. संस्कृतमें आत्मा शब्द बहुत गजबका शब्द है. आत्मा अर्थात् किसी भी वस्तुका स्वरूप. और वो स्वरूपभी कैसा स्वरूप? मुख्य स्वरूप. उसे आत्मा कहते हैं. अर्थात् वस्तुका दीखता रूप कुछ और होता है और मुख्य स्वरूप कुछ और होता है. तो स्वरूपमें भी भेद होते हैं. पर जो वस्तु जैसी दिखती हो उसका मुख्य स्वरूप भी वही हो तो रूप और स्वरूपमें कोई भेद नहीं होता. अपने यहां ठाकुरजीको मूर्ति कह सकते हैं और श्रीमहाप्रभुजीने स्वयं इस शब्दका प्रयोग किया है **"हरिमूर्ति सदा ध्येयाः मूर्ति कृत्वा हरेः क्वचित्"** फिर भी अपने ठाकुरजीकेलिये हम मूर्ति शब्दका प्रयोग नहीं करते. इसका मूल कारण समझो. 'मूर्ति' शब्द प्रयोगमें लानेके बाद भी महाप्रभुजीका भाव उस बारेमें मूर्ति होनेका नहीं है. परन्तु साक्षात् प्रभु स्वयं ही हैं. अब प्रभु 'मूर्त' भी होते हैं और 'अमूर्त' भी होते हैं. जैसे पंखा चल रहा है और हवाके झोके अपने शरीरके ऊपर लग रहे होते हैं तो हवा मूर्त हो गई. और झोके न लगते हों तो हवा तो रूममें भरी हुई थी ही न! वो हवाका अमूर्त स्वरूप है. कहीं अपनेको प्रत्यक्ष अनुभव होता है और कहीं प्रत्यक्ष अनुभव नहीं होता. दोनों





प्रकारके स्वरूपमें हवा मूर्त है या अमूर्त है. इसी प्रकार प्रभुका स्वरूप चाहे मूर्त हो या अमूर्त हो, जिन प्रभुकी हम सेवा कर रहे हैं, वो हम केवल प्रभुकी मूर्तिकी सेवा नहीं कर रहे हैं पर मूर्तिमान साक्षात् प्रभुकी सेवा कर रहे हैं. ऐसे ही आशयसे श्रीमहाप्रभुजीने 'मूर्ति' शब्दका प्रयोग किया है.

अब आजकल ऐसी गड़बड़ हो गई कि हमारे यहां यद्यपि मूर्ति है ही नहीं लेकिन महाप्रभुजीने स्वयं बहुत सारे स्थानोंपर 'मूर्ति' शब्दका प्रयोग किया है. पर जहां 'मूर्ति' शब्दका प्रयोग किया है वहां भी आपका अभिप्राय 'मूर्ति' होनेके अर्थमें नहीं है. तात्पर्य मूर्ति केवल एक आकृति या जिसे हम स्टेच्यु कहते हैं, वो प्रतिमा होनेके अर्थमें नहीं है, पर मूर्तिमान् साक्षात् स्वरूप होनेके अर्थमें है. उसी प्रकार 'स्वरूप' कहनेपर हम जो कहना चाहते हैं वो स्वयं ही है और उसका नाम है आत्मा. जैसे हम सब लोग जानते हैं कि इसे (अपने शरीरको दिखलाकर) हम देह कहते हैं. और देहके भीतर रही हुईको आत्मा कहते हैं. किस कारण इसे आत्मा कहते हैं? इसलिये कि यह देह तो क्षणभंगुर है. जो कुछ कर्म हम कर रहे हैं, वो कर्म देहसे हो रहे हैं, इन्द्रियोंसे हो रहे हैं या आत्मासे हो रहे हैं? इनका पृथक्करण हम नहीं कर सकते. हमको कैसे पता चले कि सब कुछ कैसे हो रहा है? इस देहमें चेतना है, इसकी एक खिचड़ी पकी हुई है. इसका पृथक्करण करना बहुत कठिन काम है कि इसमें देहसे क्या काम हो रहा है? इन्द्रियोंसे क्या काम हो रहा है? क्योंकि सब काम मिलजुल कर हो रहा है. जिस प्रकार ये माईक और बिजली. अब बिजलीके कारण लाउडस्पीकर बोल रहा है कि माईकके कारण लाउडस्पीकर बोल रहा है? बिजली न हो तो लाउडस्पीकर नहीं बोलेगा, लाउडस्पीकर हो माईक हो और बिजली न हो तब भी लाउडस्पीकर लाउडली नहीं बोलेगा. अतएव दोनोंके मेलसे यह काम सिद्ध हो रहा है. इसमें हमें पता नहीं चलता कि आत्मा कौन है? लाउडस्पीकरकी आत्मा कौन बिजली या माईक? बुद्धि

चक्कर खा जायेगी. इसी प्रकार देहसे जो कुछ भी कार्य हम कर रहे हैं, इसमें कौन क्या कर रहा है, उसकी ऐसी खिचड़ी है कि इसे वास्तवमें पहचान लेना बहुत मुश्किल काम है. लेकिन ऋषि महर्षियोंने एक बात स्पष्ट रीतिसे योगसे, शास्त्रसे, तपसे, दिव्य दृष्टिसे पहचानी कि इस देहसे जो कुछ भी हम काम कर रहे हैं, वो भले देहसे होता हो, पर इसमें रहे हुए कर्तापनका मूल प्रवर्तन आत्मासे हो रहा है. काम हम करते हैं तो कर्तापनेका भाव तो होता है ही न! यह मुझे काम करना है, तो इस कर्तापनेके भावकी जो गंगोत्री है, वो आत्मासे बहकर मन, बुद्धि, अंतःकरणमें आकर अन्तमें देहमें प्रकट हो रही है. और जो ये काम हम कर रहे हैं उन कार्योंका प्रभाव भी देह नष्ट होनेके उपरान्त नष्ट हो जाना चाहिये? परन्तु किसी प्रकार वह विद्यमान तो रहता ही है. तो वो कहां विद्यमान रहता है? जहांसे यह काम करनेकी गंगोत्री बही थी, उसमें इसका प्रभाव शेष रह जाता है. उस तत्वको देहमें आत्मा कहा गया और देह तो इसका रूप है. अतएव देह तो इसका रूप है और स्वरूप इसकी आत्मा है. तो वहां तक आत्मा इसके स्वरूपके अर्थमें प्रयोग किया गया शब्द है.

अब आपको शायद यह स्फुट हुआ होगा कि स्वरूप और रूपमें थोड़ा अन्तर है, ख्यालमें आया न? जैसे आम भाषामें एकही गेहूंकी रोटी भी बन सकती है, पूड़ी भी बन सकती है और बहुत सारी चीजें भी बन सकती हैं, परांठा बन सकता है. जो बनाना हो वो बन सकता है तो ये सब रूप हैं और अन्तमें इसका स्वरूप गेहूं ही है. तो गेहूं उसकी आत्मा. आया न ख्यालमें?

आत्मा जिसकी महान होती है उसे हम महात्मा कहते हैं. और महात्मा होना उसका नाम 'माहात्म्य'. आपने बात सच्ची कही थी. मुझे इसका इतना विस्तार नहीं करना था लेकिन एक संस्कार बांधनेकेलिये मुझे इतना विस्तार करना पड़ा.





किसीका माहात्म्य हम जानें कि इसका स्वरूपही महान है, हरेक बात समझो **स्वरूप महान होना** और **रूप महान होना** इन दोनोंमे बहुत अन्तर पड़ जाता है. स्क्रीन छोटी हो तो रूप छोटा हो जाता है, स्क्रीन बड़ी हो तो रूप महान हो जाता है. लेकिन स्वरूप थोड़े ही महान होता है. एक चींटीका फोटो खींचो और ७० एम.एम. की स्क्रीनके ऊपर इसको प्रोजेक्ट करो, तो चींटी बहुत बड़ी दिखाई देगी. रूप कितना बड़ा हो गया, लेकिन इसका स्वरूप थोड़े ही बड़ा हुआ. गुजरातीमें कहते हैं न कि "गाममें कोई जाने नहीं और मैं वरकी **फई (बुआ)**". रूप बड़ा लेकिन स्वरूप छोटा. गाममें कोई जाने नहीं लेकिन अपनेको वरकी फई कहलवाना चाह रही है. कहना चाह रही है कि स्वरूप मेरा बड़ा है, लेकिन रूप छोटा है कोई पहचान नहीं सकता. पर वास्तवमें स्वरूप छोटा है और रूप बड़ा करना चाह रही है एन्लार्ज, बड़ी स्क्रीनके ऊपर कि मैं वरकी **बुआ** हूं. मूंछ तो वरकी होती है कि वरकी बुआकी होती है. वरकी बुआको ऐसा लगे कि मूंछ दिखती न हो पर किसी प्रकारकी मूंछ तो हमारे भी है. तो इसका नाम माहात्म्य. समझमें आई न बात आपको? इस माहात्म्यका जिसको ज्ञान हो और माहात्म्य ज्ञानसे अभिभूत हो न जाये, क्योंकि जिसका माहात्म्य हमको अनुभवमें आता है उसे हम आंखके स्तरपर देख नहीं सकते. अगर देखना पड़े तो आंख ऊंची उठाकर देखना पड़ता है. जिसका माहात्म्य हमको छोटा लगता हो उसे तो हम कीड़े मकोड़े जैसा कहेंगे. पर गिरनार तो हमें ऐसा लगेगा अरे कितना बड़ा!! ये माहात्म्य हो गया. तो माहात्म्यको इस प्रकार देखते हैं. और जिसका माहात्म्य छोटा होता है तो "आवो भाई हरखा आ पण बेऊ सरखा". तो हम उसको उस प्रकार देखते हैं, आंखकी सीधमें कि हम दोनों एक जैसे. तो अपनी ओर से किसीका माहात्म्य हमको अधिक लगता है और जाननेके बाद स्नेह भी हो जाये तो उसका नाम भक्ति. "**माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेहः भक्तिः.**

" हम इसे भक्ति कहते हैं. और रसशास्त्र उसे भक्ति न कह कर 'भाव' कहता है. रसशास्त्र भावकी विवेचना करनेकेलिये प्रवृत्त हुआ है अतएव इसने बहुत करके रसकी ही विवेचना करी है. माधुर्यभाव, वैरभाव, रोषभाव, भयानकभाव, हास्यभाव. इन सबके उपरान्त एक प्रश्न उपस्थित हुआ कि देवतामें स्नेह हो तो? **'इष्टदेव'** जैसे शब्द आपने प्रयोग किया न, किसीको अपने इष्टदेवमें स्नेह हो तो उसे क्या कहना? किस प्रकारकी रति कहनी? इसे वात्सल्य कहें, नहीं, इसे स्नेह कहें, नहीं, तो इसे क्या कहना? अब सोचो. हमारा एक प्रसिद्ध श्लोक है "**त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव, त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव.**" इसमें कौनसा भाव मानना? **बन्धु** कहें. तो आंखका स्तर आ गया. '**त्वमेव माता च पिता त्वमेव**' कहें तो इसे ऊपर इस प्रकार देखना पड़ेगा. '**त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव**' कहें तो इसे किसी अन्य प्रकारसे देखना पड़ेगा कि मेरा पैसा तो तू ही है. तो किस रीतिसे इसे देखना, इसका स्पष्टीकरण नहीं हुआ. स्पष्टीकरण कहां होगा? "**त्वमेव सर्वं मम देव देव.**" ये माहात्म्य आ गया कि तू मेरा सर्वस्व है. तू हमारा सर्वस्व देव है. जब माहात्म्यका अनुभव होता है तब हम ऐसा कहते हैं. तो हमें जिसका माहात्म्य अनुभवमें आया उसमें स्नेह टूट न जाये, माहात्म्यसे हम इतने घबरा न जायें कि स्नेह ही टूट जाये. ये दोनों विरोधी वस्तु हैं, क्योंकि स्नेह सामान्यतया एक जैसेमें होता है. ऐसी एक भ्रमणा है लेकिन महाप्रभुजी इस बातको नहीं मानते, स्नेह अपनेसे छोटेमें भी होता है, अपनेसे बड़ेमें भी होता है, अपने जो समवयस्क होता है उसके साथ भी होता है. और इन तीनों सन्दर्भोंसे हट करके एक पारमात्मिक स्नेह भी है. पारमात्मिक स्नेह अर्थात् परमात्मा, महात्मामें रहा हुआ स्नेह उसका नाम **'भाव'**. अतएव महाप्रभुजी कहते हैं '**देवत्वं माहात्म्यं रतिः स्नेहः**' देवत्वतो उसका माहात्म्य है. क्योंकि "**रति देवादि विषयणी भाव इति विधीयते**". देव विषयणी रति भाव है.





तो देव होना उसका माहात्म्य है और उसमें अपना स्नेह भाव है. माहात्म्य और स्नेह जब दोनों मिलें तब वो **'भक्ति'** कहलाती है. **'भक्ति'** हमारा शब्द है और रसशास्त्र इसे **'भाव'** कहता है. भाव कहो या भक्ति कहो, ये पारिभाषिक शब्द हो गये, ये बाजारके भाव नहीं! अब ये बहुत दिव्य बात हो गई. बात समझमें आई न आपके?

तो मूल मुद्देकी बात हमको ये समझनी है कि मूलमें भक्ति एक भाव है. मनकी कोई एक लगन है. भाव अर्थात् मनकी कोई प्रकारकी चाहत. जिसे हम अपनी तुलनामें ऊंचा मान रहे हैं. जिसे हम अपनी आत्माकी तुलनामें महात्मा समझ रहे हैं. उसके माहात्म्यसे हम घबरा नहीं जाते पर उसे अधिक चाहने लगते हैं. वैसी जो मनकी चाहत उस चाहतका नाम भाव. उसी प्रकारकी चाहतको भक्ति भी कहते हैं. अभी तो आप ऐसे समझ लो कि भाव = भक्ति. इसमें तो कोई गड़बड़ नहीं है न? किसीको कोई शंका तो नहीं है न इसमें? न पूछो तो आप गुनाहगार. ब्राह्मण तो कह कर छूट जायेगा. अब आपको कोई असंभावना या विपरीतभावना हो तो पूछो. नहीं तो आगे चलते हैं.

तो ये जो भाव है इसका सूक्ष्म विचार फिरसे उपक्रमके रूपमें कर लेना जरूरी है. क्यों? क्योंकि मनकी एक विलक्षण चाहत जिसको हम अपनी तुलनामें महान मानते हैं, ऐसा जानते हुये भी हम इसकी महानतासे घबराते नहीं, उसका नाम भाव. श्रीमहाप्रभुजीने इस बारेमें एक बहुत सुन्दर बात सुबोधिनीमें समझाई है कि जिस समय भगवानने अपने मुखमें ब्रह्माण्डका दर्शन श्रीयशोदाजीको कराया तब श्रीयशोदाजी एकबार तो बड़ी विस्मित हो गई कि ये मेरा पुत्र है कि कोई पूतना जैसी बाधा आ गई. तृणावर्तकी बाधा आ गई या ऐसी ही किसी बाधाके कारण इसके मुखमें ब्रह्माण्ड दिखाई दे रहा है. अथवा इसका कोई माहात्म्य है जोकि इसके मुखमें दिखाई दे रहा है? यह बहुत भयंकर स्थिति हो गई. अब सोचो कि मैं अपने मुखमें

ब्रह्माण्ड दिखाऊं तो आपके पढ़नेकी शक्ति क्षीण हो जायेगी. ऐसी स्थिति हो और माहात्म्यका साक्षात्कार सुनें तो आदमीको कोई कठिनाई नहीं होती. पर साक्षात्कार करनेके बाद स्नेह स्थिर रहे तो स्नेह अधिक है और माहात्म्य ज्ञान छोटा है. और जब माहात्म्यज्ञान अधिक हो और स्नेह थोड़ा हो जाये तो ये एक दूसरा प्रकार. भावना दो प्रकारकी हो सकती है न? माहात्म्यज्ञान भी है और स्नेहभी है. अब पुत्रके रूपमें श्रीयशोदाजीकी गोदमें कृष्ण है. इसके प्रति वात्सल्य भी है. तो किसी प्रकारका स्नेह तो है ही न? तो उस स्नेहके साथ गड़बड़ हुई और ब्रह्माण्डके दर्शन हुये. अब देखो दोनों बात आ गई. माहात्म्य ज्ञान भी रहा और वात्सल्य भी रहा. तो माहात्म्य ज्ञान होते हुये भी वात्सल्य रूपी स्नेह = भक्तिकी परिभाषा तो पूरी हो गई न? भक्ति और भावकी परिभाषामें हमनें क्या बात कही थी? माहात्म्यका ज्ञान होना चाहिये और किसी प्रकारका स्नेह होना चाहिये. फिर चाहे वो वात्सल्यका हो, सख्यका हो, दास्यका हो, माधुर्यका हो, चाहे बन्धुत्वका हो, जिस भी प्रकारका हो, प्रभुके प्रति किस प्रकारका स्नेह होना उसका स्पष्टीकरण भावमें नहीं आता, पर किसी भी प्रकारका स्नेह होना चाहिये. एक निष्कर्षरूपमें बात कहनेमें आई है कि स्नेह. और स्नेह कैसा कि माहात्म्यज्ञानपूर्वक. किस प्रकारका स्नेह? पुत्रकी भांतिका स्नेह, भाईकी तरहका स्नेह, पिताकी तरहका स्नेह, **''त्वमेवमाता च पिता त्वमेव, त्वमेव सर्वम् मम देव देव''.** सब प्रकारका स्नेह प्रभुके साथ ''एलाउएबल'' है, चल सकता है. लेकिन इसकी शर्त एक ही है कि ज्ञान माहात्म्यके साथमें होना चाहिये. अगर माहात्म्य ज्ञान रहित है तो यह स्नेह कहलायेगा भक्ति नहीं कहलायेगा, भाव नहीं कहलायेगा.

हम कभी भी ऐसा नहीं कहते कि ठाकुरजीका और गोप बालकोंका सख्य है, परन्तु हम ऐसा कहते हैं कि उनका ठाकुरजीके प्रति सख्यभाव था. ठाकुरजीके प्रति वात्सल्यभाव,



सेवाकौमुदी – शिविरस्वाध्याय – गोस्वामी श्याममनोहर

ठाकुरजीके प्रति माधुर्यभाव, ठाकुरजीके प्रति दास्यभाव था. अब दास्य होना एक बात है और दास्यभाव होना एक अलग कथा है. बात समझमें आई न? सख्य होना एक कथा है और सख्यभाव होना एक दूसरी कथा है.

सख्य और सख्यभावमें अंतर क्या?

विद्यार्थी : सख्य अर्थात् मित्रता और सख्यभाव अर्थात माहात्म्यज्ञान पूर्वक सख्यताका भाव.

श्याममनोहरजी : इसने ठीक कहा कि गलत कहा?

विद्यार्थी : ठीक कहा.

तो अपन अब समझे कि सख्य एक अलग वस्तु है और सख्यभाव एक दूसरी वस्तु है. वात्सल्य एक अलग वस्तु है और वात्सल्यभाव एक दूसरी वस्तु है. शृंगार एक अलग वस्तु हैं और शृंगारभाव एक दूसरी वस्तु है. दास्य एक वस्तु है. तुम किसीका दास्य करो, नौकरी करो तो तुम्हारा दास्य है, परन्तु दास्य भाव, अब बात बदल गई, जिसके यहां तुम दास्य कर रहे हो, उसका तुम्हें माहात्म्य ज्ञान भी है और उसके स्वामीपनमें आपका स्नेह भी है. उसका नाम दास्यभाव. तो प्रभुके साथ अपने किसी भी प्रकारके संबंधमें दास्य नहीं होता, अर्थात् मैं दास नहीं और प्रभु स्वामी नहीं. लेकिन हमारा दास्यभाव और प्रभुका हमारे प्रति स्वामी भाव है. प्रभु भी हमारे प्रति इतना माहात्म्य मानें. एक बार शान्तिसे विचार करो कि इतनी बड़ी दुनियां और उसमें प्रभु कहें कि ले मैं तेरा स्वामी, हमारा माहात्म्य कितना बड़ा! साधारण माहात्म्य है! ब्रह्मादिसे भी बढ़कर माहात्म्य है. श्रीमहाप्रभुजी कह रहे हैं **''हि ही हिंकारान् प्रतिपशु वने कुर्वति सदा, नमद् ब्रह्मेशेन्द्र प्रभृतिषु च मौनं धृतवति''.** ब्रह्माजी खड़े रहते हैं कि कभी हमारी ओर देखें, कुछ आज्ञा करें, तो उनकी तरफ देखते भी नहीं और गायोंके पीछे **''ही ही''** करके उन्हें चराते रहते हैं. तो इन गायोंका माहात्म्य कितना? अपना भी माहात्म्य है, खाली प्रभुका माहात्म्य ही नहीं है. लेकिन अपनां माहात्म्य कब कि जब

प्रभु हमारा स्वामित्व स्वीकार करें अन्यथा अपन फोकटलाल तो हैं ही. भले ही हम ऐसे फोकटलाल हों परन्तु प्रभु हमारा कुछ माहात्म्य मानें कि तू मेरा दास, तो प्रभुका भी हमारे प्रति अपना स्वामी भाव है, जैसा प्रभुमें हमारा दास्य भाव है. रसशास्त्रकारोंको भले ही समझमें ना आवे, रसशास्त्रकारकी परिभाषामें, कदाचित लगे कि **"रतिः देवादिविषयणी भाव"**, अरे आप देव कहांसे हो गये! **"रतिः देवादिविषयणी भाव"**, ये बात सच्ची, लेकिन भावकी परिभाषा महाप्रभुजीने स्पष्ट करी है कि **"देवत्वं माहात्म्यं"** और **"रतिः"** स्नेह ये अपना माहात्म्य है कि प्रभुने हमें अपने सेवकतया स्वीकारा. ये अपना माहात्म्य है. असाधारण माहात्म्य है. ऐसा किसका माहात्म्य है दुनियांमें? तो अपना भी माहात्म्य है और प्रभुका भी माहात्म्य है. **"माहात्म्य ज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह"** उसका नाम **'भक्ति'**.

इस प्रकार जब हम भावको समझेंगे तब एक प्रश्न खड़ा होगा कि वो भाव जिसे हम भक्ति कह रहे हैं, वो भक्ति अगर मनकी एक चाहत है, किसी विशेष प्रकारकी मनकी चाहत, तो इसका कोई न कोई विषय होना चाहिये. जो इसका विषय है, भावका जो विषय है, उसे शास्त्रमें 'आलम्बन विभाव' कहते हैं. जैसे गीताके प्रवचनमें मैंने समझाया था कि भक्ति और भावका आलम्बन पुरुषोत्तम है. समझमें आया न, जैसे वात्सल्य है मुझे, तो वात्सल्यका आलम्बन कौन? जो अपना पुत्र हो अथवा पुत्री हो, वो अपने वात्सल्यका आलम्बन. वैर, तो वैरका आलम्बन कौन? हम जिसके दुश्मन या जो हमारा दुश्मन? वैर किसीके साथ हो हमें तो इसका आलम्बन कौन? जो हमारा दुश्मन या हम जिसके दुश्मन? जो हमारा दुश्मन वो. हमारे मनकी चाहतका आलम्बन वो.

एक समय मेरे बारेमें कहा गया कि राजकोटमें श्यामबाबा आयेंगे तो उनकी टांग तोड़ देंगे. मैंने कहा कि अगर क्रिकेटका पैड पहनकर आऊं तो कैसे टांग तोड़ोगे? फिर तो टांग नहीं





तोड़ सकोगे न? एक बात समझो कि जिसको मेरी टांग तोड़नी है तो मैं उसका आलम्बन हुवा. और वास्तवमें ऐसा ही हुवा. उस समय मैं कलकत्तामें था. कलकत्तामें किसी बालकने मुझे यह सूचना दी कि राजकोटमें ऐसा कहा जा रहा है कि अगर आप वहां जाओगे तो वहां आपकी टांग तोड़ देंगे. तो वहां विवाहमें मैं थक गया था. कोई मेरी चरण सेवा कर रहा था. जो चरण सेवा कर रहा था उसको मैंने पूछा कि आप कहांके हो? उसने कहा कि राजकोटका. मुझे लगा कि इसमें कुछ घपला है. मैंने फिर पूछा कि आप कौन? तो बोला खख्स्वर. मैंने सोचा कि आज तो तोड़ी मेरी टांग. तो वो बोला जै मैं वो खख्स्वर नहीं हूं, वो कोई दूसरा खख्स्वर है. मैंने कहा तो कोई बात नहीं. मुझे डर लगा कि मेरे प्रति क्या षडयन्त्र हो गया. चरण दबाता दबाता चरण तोड़ दे तो श्यामूबाबा कामसे गये. मैं तो बड़ी बड़ी प्लानिंग कर रहा था कि क्रिकेटका पैड पहन कर जाऊंगा. वहां तो तत्कालही सौदा पट गया लगता था. मैंने तो पैरही खींच लिया और कहा कि ये नहीं दूसरा. तब कही कि चलेगा करो चरण सेवा.

तो जिसके प्रति ऐसा भाव जागता है वो आलम्बन, जो अपने मनका भाव है, जो अपने मनकी चाहत है, उसका जो विषय उसे आलम्बन विभाव कहते हैं. और वो आलम्बन जब सामने आये अथवा इस आलम्बनके बारेमें जब हम तन्मय होते हैं, उस समय अमुक अपने मुखमें, अंगमें, व्यवहारमें, कुछ कुछ प्रतिक्रिया प्रकट होती हैं. उन प्रतिक्रियाओंको रसशास्त्रकी भाषामें अनुभाव कहते हैं.

आलम्बन विभाव, अर्थात् जो भाव जिसके बारेमें है वो उसका आलम्बन विभाव. और उस आलम्बन विभावके बारेमें जो अपने मनमें भरा भाव जो बाहर किसी रीतिसे प्रकट हो तो उसे 'अनुभाव' कहते हैं. अनुभाव अर्थात् क्या? जो अपना भाव, मनकी चाहत जिस प्रकार प्रकट होती है, उदाहरणार्थ जैसे गुस्सा आता है तो भौंह तन जाती हैं. किसीको ज्यादा गुस्सा आता है तो दांत

किटकिटाता है. ये जो सब प्रकार हैं भाव प्रकट होनेके, उनको 'अनुभाव' कहते हैं. अनुभाव अर्थात् क्या? किसीके मनमें किसी प्रकारके भाव रहे हुये हैं तो हमें तो उसका पता चलता नहीं है, पर उसके अनुभाव कैसे हैं उससे हमें अनुभव होता है कि दांत किटकिटा रहा है, भौंह तन रही हैं, अतएव कुछ गड़बड़ लगती है. अनुभव हो जाता है हमको कि उसके मनमें किस प्रकारका भाव है. तो जिन बाह्य प्रकारोंसे किसीके मनके भावका हमको अनुभव हो जाता है, उन प्रकारोंको शास्त्रमें 'अनुभाव' कहते हैं. जब आपके मनमें प्रसन्नता हो रही हो, और ऐसे गमगीन चेहरा बनाकर बैठे हो और कोई पूछे कि भाई क्या हो गया? और आप कहो कि "अरे बहुत प्रसन्नता है आज". तो आदमीकी बुद्धि चकरा जाये कि प्रसन्नता ऐसे प्रकट होती है? प्रसन्नताका अनुभाव ऐसे होता है? अरे प्रसन्नता होती है तो मुद्रा भी तो प्रसन्न होनी चाहिये. माथा पकड़के बैठा है तो अनुभाव कैसा है? इससे मनकी प्रसन्नताका अनुभव नहीं होता परन्तु मनकी किसी परेशानीका द्योतन होता है. आदमी माथा कब पकड़ता है? मनोविज्ञान इसका कारण समझाता है कि कोई समस्या सामने आई है, और हमारी बुद्धि द्वारा इसका समाधान होता नहीं हो, तो दिमागमें खून सोचनेके कारण तेज बहने लगता है और दिमागके तन्तु सक्रिय हो जाते हैं. जैसे माथेको हाथसे रगड़नेसे खूनका संचार बढ़ जाता है और ज्ञान तन्तु सक्रिय हो जाते हैं, तब कोई समाधानको लानेकेलिये माथेको खुजाता है, कोई रगड़ता है जब किसी बातका समाधान नहीं आता, जिससे ज्ञान तन्तु बढ़ें, गलत बात नहीं कहता, वास्तवमें मनोवैज्ञानिक बात है. बादमें यह आवश्यकता धीरे धीरे अपने व्यवहारमें आ जाती है.

हमारे दादाजीको कभी कोई समस्या आती, तो उनके बाल बहुत कड़े हो जाते थे. हमें यह उनका अनुभाव बराबर समझमें आता था कि आज पासमें नहीं जाना, खतरा है. भाग जाते थे,





दादाजीके पास ज़ाते ही नहीं थे, अनुभाव बता देता था कि आज खतरा है.

इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्तिका कुछ न कुछ अनुभाव होता है. प्रत्येकके मनोभावोंका कुछ न कुछ अनुभाव होता है, कोई भी अच्छा अभिनेता, कोई भी एक्टर अच्छा कब होता है कि जब वह हृदयमें रहे हुये भावोंको भलीभांति सक्षमतासे अनुभावोंके रूपमें प्रकट करे. जिनमें अधिकसे अधिक विवरण हो, ऐसे हृदयके अनुभावोंको प्रकट करे और सक्षमता सहित प्रकट करे, तो उसे अच्छा अभिनेता कहते हैं. और खराब अभिनेता कौन? जिसके मनके भाव अथवा कथामें जो घटना चल रही है उसमें भाव किसी एक प्रकारका हो, और उसे प्रकट दूसरी तरहसे करता हो. जैसे कि "मैं तुझको मार दूंगा" और वो अनुभाव उसके अनुकूल न हो, तो वो अच्छा अभिनेता नहीं कहलायेगा. जो भावको सक्षम रीतिसे प्रकट कर दे वो अच्छा अभिनेता. **'अभिनयति'** अर्थात् क्या? कि अपने हृदयमें रहे हुये भाव, उसके हृदयमें भाव होते नहीं हैं, पर पात्रके हृदयके रहे हुये भाव हैं, एक्टरके हृदयमें कोई भाव नहीं होते, ये तो पात्र होता है किसीका, इस पात्रमें रहा हुआ भाव घसीट कर आपको ले जाता है अर्थात् उस स्थितिमें आप न हो, कोई क्रोधकी बात न हो, पर आपको क्रोध अनुभवमें आने लगे, कोई हंसनेकी बात न हो, आपको हंसी आने लगे, कोई रोनेकी बात न भी हो तो भी तुम्हें रुला दे, उसका नाम अभिनेता. अभिनेता आपको कैसे खींचकर मनोभावों तक ले जाता है? किस प्रकार ले जाता है? इसके पास साधन क्या है? अनुभाव द्वारा, इसका अनुभावोंके ऊपर नियन्त्रण होता है. इसका निरीक्षण इतना समर्थ निरीक्षण होता है कि व्यक्तिका ऐसा मनोभाव हो तो ऐसा अनुभाव प्रकट होता है. वैसा मनोभाव हो तो वैसा मनोभाव प्रकट होता है. इसकी जिसको सक्षम ऑबझरवेशन हो, निरीक्षण हो, और इसके अपने हृदयमें ऐसा भाव नहीं हो तो भी यह प्रकट कर सकता है. तो बस वो अभिनेता. हम किस

कारण अभिनेता नहीं हैं? कि हम सब अनुभाव प्रकट करते हैं, पर ये भाव प्रकट हो तब प्रकट कर सकते हैं परन्तु भाव नहीं हो और कोई कहे ऐसे करके दिखाओ, अर्थात् क्रोध न हो और कोई कहे कि क्रोध करके दिखाओ, तो हमें क्रोध आता ही नहीं. क्रोधका अनुभाव हम प्रकट नहीं कर सकते. इस कारण हम सक्षम अभिनेता नहीं हैं. तो अब फिर बातको स्पष्ट समझो कि कोई मनोभाव और उस मनोभावका आलम्बन विभाव और उस आलम्बन विभावके साथ हमें किस प्रकारका व्यवहार करना? उसका कोई अनुभाव.

अभी भी बहुत कुछ आवश्यकता है. लेकिन अभी इन तीन बातोंको सामने रखें तो अभी का काम तो अपना चल जायेगा.

भक्ति एक भाव है और इस भक्तिके भावका आलम्बन विभाव इष्टदेव होता है. इष्टदेवके साथ किस प्रकारका व्यवहार करना और रखना अर्थात् इष्टदेवके प्रति किस प्रकारके अनुभाव प्रकट करने चाहिये, किस प्रकारके भाव प्रकट करने चाहिये बाह्यरूपमें, यह अपने इष्टदेवके प्रति अनुभाव. ये अनुभावका स्वरूप यदि आपको ठीक प्रकारसे समझमें आ गया हो तो सेवाकौमुदी समझमें आ जायेगी. अगर अनुभावका स्वरूप ठीक तरहसे समझमें नहीं आया तो सेवाकौमुदीको समझना थोड़ा कठिन होगा.

अभी अगर आपको कुछ पूछना हो तो पूछ लो इस बारेमें और अगर समझमें आ गई हो तो आगे चलते हैं.

यहां मुद्दे की तीन बातें हैं. आलम्बन विभाव, कोई मनोभाव और उन मनोभावोंको प्रकट करनेवाले अनुभाव. जैसे गुस्सा आता है तो मैंने आपको बताया था कि भौंह तनती हैं. उर्दुमें एक शेर है **"भौंहें तनती हैं खंजर हाथमें है. तनके बैठे हैं"**. शायर कह रहा है **"किसीकी आज बिगड़ी है कि वो आज तनके बैठे हैं"**. किसी न किसीका सत्यानाश होनेवाला है आज. तो ये अनुभाव है कि भौंहें तनती हैं, खंजर हाथमें है, तनके बैठे हैं. इसके बाद तो





समझ जाओ कि किसीकी आज बिगड़ी है कि वो यों बनके बैठे हैं. तो ये अनुभाव है.

भक्तिके जो अनुभाव हैं उनहीकी चर्चा यहां सेवाकौमुदीमें की जानेवाली है. किस कारण करनेमें आ रही है? तो इसे फिरसे समझनेकी एक आवश्यकता खड़ी हो जाती है. भक्तिवर्धनीके व्याख्यानमें हमने केशोदमें देखा था कि भक्ति एक भाव है. भक्ति एक मनोभाव है. **"माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह"**का परमात्माके प्रति एक भाव है. उस परमात्माके प्रति अपने भावकी सावधानी किस प्रकार रखनी उसकी बहुत कुछ चर्चा 'सिद्धान्तवचनावली'में देखी थी जिसमें आठ मुद्दे हमने केशोदमें किये थे. एक बात सावधानीसे समझो कि वो आठों आठ मुद्दे मनोभावकी सुरक्षाके बारेमें थे. किसी दूसरेके बारेमें नहीं थे. इनको अनुभावोंमें किसीने प्रकट किया हो, उन मनोभावोंको प्रकट करनेकी मनुष्यकी अपनी अपनी शैली है, पर मुख्य मुद्दा इसमें ये ही था कि अगर भक्ति प्रभुके प्रति अपना एक दिव्य भाव है तो इस मनोभावकी हम किस प्रकारसे सावधानी रखें कि मनोभाव कायम रहे? अगर इस बारेमें गफलतमें रहेंगे तो सिद्ध हुआ मनोभाव भी अन्तमें नष्ट हो जाता है. कदाचित मैं भूलता न होऊं तो केशोदमें मैंने एक बात कही थी कि क्रोध आता हो, और उस क्रोधके जो अनुभाव हैं, उन पर हम काबू पा सकते हैं. पर क्रोध पर काबू नहीं पा सकते. क्योंकि क्रोध आ गया तो आ ही गया. सिर पड़ा मफतलाल है. इसके ऊपर काबू नहीं पाया जा सकता. पर इसके जो अनुभाव हैं विवेकशील मनुष्य इसकें ऊपर काबू पा सकते हैं. उदाहरणार्थ, क्रोध आपको आया तो आपके चेहरेकी नसें तन जायेंगी, भौंह तन जायेंगी, कुछ गाली देनेकी इच्छा होगी, कुछ होंठ फड़केंगे, मुट्ठी बंधने लगेगी, तो ये जितने भी अनुभाव हैं उनके ऊपर काबू पानेका धीरे धीरे प्रयास करो. तुम्हें क्रोध आ रहा है तो आप गाली न देनेका प्रयास करो, आपके बोलनेके सुरको ऊंचा न करनेका प्रयास करो, धीरे धीरे बोलो तो

धीरे धीरे प्रत्येक अनुभावके ऊपर आप काबू पाते जाओगे. और कुछ समय बाद तुम्हें क्रोध आना बन्द हो जायेगा. यह एक नियम है. इसे कैसे समझना?

जैसे बीजको अपन बोयें. प्रयोग करके देखो तो पता चलेगा, बीजको बोओ मिट्टीमें, बहुत अच्छी मिट्टी, खाद भी डालो, पानीसे भी सींचो, मिट्टी भी उपजाऊ हो, जितने दिन लगने होंगे उतने दिनके बाद इस बीजमें से अंकुर फूटेंगे. इस फूटे हुये अंकुरमें से जब एक पत्ता बाहर फूटे तो इसे काट डालो. जब फूटे तब ही काट डालो. वृक्ष मर जायेगा. क्यों? क्योंकि वृक्षके बढ़नेकी प्रक्रिया पत्ररूपी अनुभाव द्वारा ही प्रकट होती हैं. इसमें जितने सघन पत्र प्रकट होंगे उतना ही वृक्ष अधिक जीवन्त होगा और जितने कम पत्र प्रकट होंगे उतना ही वृक्ष मुमुर्षु हो जायेगा. समझमें आई न बात आपको? तो हरेक पत्तेको काटते जाओगे तो खाली जो डंठुल है न, वो जी ही नहीं सकेगा ज्यादा दिन तक, मर जायेगा. पीछे पड़ जाओ इसके कि पत्ते नहीं रहने देंगे. जड़ काटनेकी जरूरत ही नहीं है. जड़ तो सूख ही जायेगी. पर इसके पीछे पड़ना पड़ेगा कि तेरे तनेके ऊपर पत्ते नहीं रहने देने. जो पत्ता आये काट, जो पत्ता आये काट, तत्पश्चात जड़ काटनेकी जरूरत ही नहीं पड़ती. जड़ तो अपने आप खतम हो जायेगी. फिर पुरुषार्थकी जरूरत नहीं रह जायेगी.

ऐसे ही अपने हृदयके जो मनोभाव हैं, इन मनोभावोंके जो अनुभाव प्रकट होते हैं, इन अनुभावोंके पत्तोंको काटते रहो, काटते रहो, यह एक सिस्टमैटिक पुरुषार्थ है. आखिरमें ये मनोभाव पैदा होनेही बंद हो जायेंगे. काटनेकी जरूरत नहीं पड़ेगी. यह एक प्रक्रिया है. किसी भी मनोभावको काटनेकी, शास्त्रसिद्ध, योगशास्त्रसिद्ध प्रक्रिया है. यह हलकेसे लेनेवाली बात नहीं है.

पर जिन मनोभावोंको वृद्धिंगत करना है, इसकेलिये मैंने भक्तिवर्धिनीमें कहा था **"यथा भक्ति प्रवृद्धा स्यात् तथोपायो**





**निरूप्यते".** भक्तिका जो बीज है. वो अंकुरित हो, पल्लिवत हो, पुष्पित हो, फलित हो, तो इनके जो अनुभाव हैं उनको प्रकट होने दो. कई लोग चिढेंगे तो चिढ़ने दो. इनका डर नहीं रखना अगर भक्तिको बढ़ाना है तो. "कुछ तो लोग कहेंगे लोगोंका काम है कहना". कहने दो उनको. तुम तुम्हारे वृक्षको अंकुरित, पल्लवित, पुष्पित, फलित होने दो. तुम्हें जड़को खींचकर लम्बा नहीं करना पड़ेगा, जड़तो स्वयं अपने आप भीतर ही भीतर अपनी जगह लेती जायेगी और वृक्ष इतना मजबूत हो जायेगा कि कोई तूफान भी आये, तो तुम्हारे वृक्षको हिला भी नहीं सकेगा. परन्तु इसके पहले तुम्हारे पास पुरुषार्थ क्या है? कि इसके अनुभाव रूपी जो पत्ते हैं उनको बकरी, ऊंठ ऐसे जो खुराफाती प्राणी हैं जो पत्तोंको खा जाते हैं, उनसे बचा कर रखो, उनको चरने मत दो. चाहे वो गाय हो कि गोस्वामी हो उनको उनके पोषणकी चीजें दे दो भले. पर ये हमारी भक्तिके पत्तोंको चर न जायें, इसकी सावधानी तो हमें रखनी ही पड़ेगी. इसकी जड़को अगर तुम्हारी आत्मा इस प्रकार न पकड़े तो तुम्हारी इस भक्तिका अंकुर कभी मजबूत नहीं होगा.

एक बात समझो कि कोई भी वृक्ष, प्रयोग करके देख लेना, कुंडेमें आप वृक्षको बोओ और जैसे ही वह अंकुरित हुआ हो वैसे ही उसमें पानी डाल दो, अब उसे निकालना हो तो वह आसानीसे निकल जायेगा. पर जैसे जैसे पत्ते आते जाते हैं तो इसकी जड़ मिट्टीको पकड़ना शुरु कर देती है. एक स्टेज इसकी ऐसी आती है कि कुंडेके आकारकी इसकी जड़ें हो जाती हैं. अब अगर इस वृक्षको खेंचोगे तब भी ये मिट्टीको छोड़ेगा नहीं, मिट्टीको लेकर बाहर आयेगा. अगर आपमें ताकत ज्यादा है तो बाहर मिट्टीको लेकर आयेगा और बाहर कुंडेके आकारमें दिखेगा. मिट्टी तो कुंडेकी नहीं है, वो तो पाउडर है, पर जड़के कारण मिट्टीमें ये सामर्थ्य आ जाती है. कोई कुम्हार इसे कुंडेका आकार नहीं दे रहा है. पर जड़ जब चारों तरफ फैलती है तो इसमें ये

सामर्थ्य आ जाती होती है कि वो कुंडेका आकार मिट्टी ले लेती है. क्यों? क्योंकि मिट्टीको चारों तरफसे जड़ने जकड़ लिया है.

इसी प्रकार अपनी भक्तिका भाव जब अपनी आत्माको जकड़ लेता है तब अपनी आत्मा भक्तिमयी हो जाती है. जब द्वेषका भाव अपनी आत्माको जकड़ लेता है तब अपनी आत्मा द्वेषमयी हो जाती है. जब ज्ञानका भाव अपनी आत्माको जकड़ लेता है तब अपनी आत्मा ज्ञानमय हो जाती है. पर ये होगा कब? जब इनके अनुभावके पत्ते सघन हो जायेंगे तब. पर जब आप इन अनुभाव रूपी पत्तोंको काट डालोगे तो ये भाव अपने आप खतम हो जायेगा.

इस सेवाकौमुदीमें, नाम सुनने पर ऐसा लगता है कि इसमें कोई सेवाकी चर्चा चलेगी, पर एक बात समझो कि सेवाके मूल मुद्देकी चर्चा, 'सिद्धान्तवचनावली'के आधारपर, 'सिद्धान्तमुक्तावली' ग्रंथमें जो था 'सेवा स्वरूप', उसमें हमने सेवाकी चर्चा की थी, अगर मैं भूलता न होंऊ तो वहां सेवाकी चर्चा कर ली गई थी. पर यहां सेवाकौमुदीमें उसकी चर्चा नहीं हो रही है. इसमें चर्चा हो रही है भक्तिके अनुभावोंकी. उस समय भी मैंने एक बात बताई थी, 'भक्ति' ये शब्द, 'भज्' सेवायां धातुसे बना हुआ शब्द है, अर्थात किसीकी सेवा करना, किसीका सेवन करना, वो अपनी भक्ति है. उदाहरणकेलिये आप हवाका सेवन करते हो, आप औषधिका सेवन करते हो, आप किसी पथ्यका सेवन करते हो, ये सेवन नहीं, पर नौकर और मालिकके संबंधकी सेवा, तो **'भज्'** धातु **'सेवायां'**का अर्थ है किसीका सेवन करना. और ये जो सेवन अपन करते हैं, वो सेवन जब माहात्म्यज्ञानसे मंडित हो जाता है, तब इसमें सेव्य–सेवक भाव जागता है, और वो सेवक–सेव्य भाव, भक्तिसे जब भरित होता है, तब वो एक बहुत अच्छी क्रिया है.

परन्तु भक्ति जब सेवासे विहीन होती है, तब किसी प्रकारका स्नेह है. स्नेह आपके लिये बहुत है हृदयमें, वैसे तो तुम मेरे मित्र हो पर जब मेरे पास आओ और मैं ध्यान लगाके बैठ





जाऊं. न चाय पूछूं, न पानी पूछूं. तुम आये और मैं ध्यान लगाके बैठ जाऊं, ऐसा स्नेह कितने दिन टिकेगा? ज्यादा दिन नहीं चलेगा. अरे भाई कोई आया है तो चाय पानी तो पूछे न आदमी? जो स्नेह किसी रीतिसे सेवनमें प्रकट नहीं हो रहा, जो सेवामें प्रकट नहीं हो रहा वह स्नेह, किसी प्रकारके दिखावेका स्नेह है. श्रीमहाप्रभुजीने इसकी एक दूसरी मर्यादा दिखाई है. आपका स्नेह अगर सेवा रूपमें प्रकट नहीं हो रहा तो कोई बात नहीं, तो स्मरण रूपमें प्रकट होना चाहिये. अर्थात् बाहर प्रकट नहीं हो रहा तो कमसे कम भीतर तो प्रकट होना चाहिये? ये अगर भीतर स्मरण रूपमें प्रकट नहीं हो रहा, बाहर भी प्रकट नहीं हो रहा सेवा रूपमें, तो यह स्नेह तो कोई चालू खातेका स्नेह है. शुद्ध स्नेह तो हो ही नहीं सकता. इसीलिये महाप्रभुजीने 'चतुःश्लोकी'में और 'भक्तिवर्धिनी'में दोनोंमें कहा **''स्मरणं भजनं चापि न त्याज्यम्''** और भक्तिवर्धिनीमें **सेवायां वा कथायां वा यस्यासक्तिः दृढ़ा भवेत्. यावत् जीवम् तस्य नाशो न क्वापि इति मतिर्ममः''.** सेवामें और कथामें अथवा सेवा अथवा कथामें, जिसकी आसक्ति दृढ़ है, उसका किसी भी दिन भक्तिमार्गमें नाश नहीं होता. **''स्मरणं भजनं चापि न त्याज्याम्''** स्मरण और भजनको आप कभी नहीं छोड़ना. ये जो बात कही है उसके पीछे महाप्रभुजीका मुख्य अभिप्राय यह है कि आपके भीतर परमात्माके बारेमें किसी प्रकारका स्नेह है तो उत्तम बात तो यह है कि आपके भीतर भी वह प्रकट होना चाहिये और आपके बाहर भी प्रकट होना चाहिये. क्योंकि परमात्माके बारेमें ऐसा विचार कि परमात्मा केवल भीतर ही है बाहर नहीं है अथवा तो केवल बाहर है भीतर नहीं है, ये परमात्माके बारेमें अधूरा विचार है. आपके मित्र, पुत्र, बन्धु, धन्धा, घर, आपके बाहर हैं. ये सब आपके भीतर नहीं होते. भीतर तो इनकी कोई कल्पना होती है. पर ये खुदमें भीतर नहीं होते. और आपका सुख और आपका दुःख, आपके भीतर ही होता है बाहर कुछ भी नहीं होता. बाहर दुःख सुख हो

तो आदमीकी त्रासदीका पार ही नहीं हो. जो कुछ सुख दुःख हैं वो अपने भीतर हैं बाहर कुछ भी नहीं है. भीतरके सुख दुःखको हम जबरदस्ती खींचकर मान लेते हैं कि बाहर सुख है, बाहर दुःख है. सुख दुःख कुछ बाहर हैं ही नहीं, सुख दुःख दोनों भीतर हैं. पर वैसे होते हुवे भी अपने भीतरके जो सुख दुःख हैं, इन्हें किसी प्रकार बाहर प्रकट करते हैं. और जो बाहरकी अपनी प्रिय अथवा अप्रिय वस्तु हैं, इन्हें अपने भीतर किसी न किसी मनोभावके रूपमें चिन्तन, मनन, स्मरण करते रहते हैं. प्रेमी प्रियका प्रेमके रूपमें, दुश्मनका द्वेषके रूपमें, कुछ न कुछ स्थान अपने हृदयमें रखते ही हैं. ऐसे ही प्रभुके प्रति आपके हृदयमें कोई मनोभाव हो, तो ये केवल बाहर बिराजे हुवे प्रभुके प्रतिही सीमित नहीं होना चाहिये. केवल बाहर बिराजे हुये प्रभुके प्रति सीमित है और हृदय खाली है, तो कुछ लफड़ा है सम्बन्धमें. यह सम्बन्ध कोई स्वस्थ सम्बन्ध नहीं है. ऐसे ही भीतर तो बहुत कुछ है परन्तु बाहर कुछ भी नहीं आ रहा है, तो भी कुछ न कुछ लफड़ा है. सम्बन्धकी स्वस्थता दिखलाई नहीं दे रही. अतएव भजन बाहर है और स्मरण भीतर है. इसकेलिये ही महाप्रभुजी कहते हैं **"स्मरणं भजनं चापि न त्याज्यं"**. इसकेलिये ही महाप्रभुजी कह रहे हैं **"सेवायां वा कथायां वा यस्यासक्तिः दृढ़ा भवेत्"**. सेवा अर्थात् बाहर बिराजे हुये प्रभुकी सेवा, कथा यदि बाहर बिराजे हुये प्रभुमें अनुभवमें आती हो तो ऐसा अपना सौभाग्य कहां? पर कथाको सुनकर उस भावको अपन जागृत करते हैं स्मरण द्वारा, चिन्तन द्वारा. उसके द्वारा हम प्रभुको अपने भीतर पधराते हैं. इसकेलिये महाप्रभुजी सुबोधिनीजीमें तृतीय स्कन्धमें एक ठिकाने बहुत सुन्दर आज्ञा करते हैं कि भगवान आपके भीतर किस प्रकार पधारते हैं? तो कहते हैं कि श्रवणपथ द्वारा. श्रवणपथके द्वारा भगवान हमारे भीतर पधारते हैं. और भीतर पधारनेके बाद इनके बिराजनेका आसन कहां है? तो महाप्रभुजी आज्ञा करते हैं कि ये जो आपका हृदय है वो एक





कमल है. इसके ऊपर बिराजते हैं. लेकिन प्रभु आपके हृदय कमलके ऊपर बिराजें, इसकेलिये कमल भक्तिरस द्वारा खिला तो होना चाहिये न. प्रभु भीतर बिराजने आयें और ये बन्द हो जाये और प्रभु फिर बाहर पधार जायेंगे. और उसके बाद कोई धन्धा, कोई दुकान, कोई मकानका ध्यान करके अगर खिल जाये, फिर तो सत्यानाश भक्तिका. ये हृदयकमल दुकान, मकान, इन्कम, आयव्ययकेलिये पूराका पूरा खिला रहता है. ताजा सुबह सूर्योदय हुवेके समान, उस समय भगवत्कथाकी बात कहो, तो गालिब बहुत सुन्दर कहता है **"सांझही से बुझा रहता है दिल, गोया है चिराग मुफलिसका"**. शाम होते ही बुझ जाता है. हृदय है कि किसी मुफलिसका दिया है? सांझ ही से बुझा सा रहता है. जब ही भगवत्सेवा भगवत्कथाकी बात हो तब ही उदास हो जाता है कि आई भगवत्सेवा. अरे कहां गये मुखियाजी? कहां गये भीतरियाजी बुलाओ? **सांझहीसे बुझासा रहता है दिल, गोया चिराग है मुफलिसका.** तो ये मुफलिसके चिराग जैसा दिल हो गया. और खिल उठता हो तो इसका नाम कमल. इसी कारण महाप्रभुजी **"भक्तिमार्गाब्जमार्तण्ड"** कहलाते हैं. भक्तिमार्गका जो कमल उसे खिलानेवाला जो सूर्य, वो महाप्रभुजी हैं. और यह खिलाकर स्वयं नहीं बिराजते लेकिन महाप्रभुजी क्या कह रहे हैं **"यदि श्रीगोकुलाधीशो धृतः सर्वात्मना हृदिः, ततः किमपरं ब्रूहि लौकिकैर्वैदिकैरपि"**. जब गोकुलाधीश हमारे हृदय कमलके ऊपर आकर बिराज गये हों, तो फिर हमारे करनेकेलिये कुछ रह ही नहीं गया. जो कुछ करना था आचार्यतया, सूर्यतया अर्थात् कमल खिले उस वक्त भंवरा आकर बैठ जाये, बस शोभा पूरी पूरी हो गई. इसे कमलकी मकरंद चाहिये और कमलकी शोभा इसके ऊपर भंवरा बैठता हो उससे ही होती है. तो ये जो कृष्णभ्रमर आपके भक्तिरससे खिले हुवे कमलपर बिराजे, भक्तिमार्तण्डके द्वारा खिलाये गये कमल ऊपर, तो बस सेवा आरम्भ हो सकती है. तब सेवाके अनुभाव प्रकट होंगे, भक्तिके अनुभाव प्रकट होंगे

अन्यथा तो **सांझ ही से बुझा सा रहता है, दिल है गोया चिराग मुफलिसका.** तो फिर हमारे भीतर किसी प्रकारकी मुफलिसी आ गई है. अर्थात् ये मुफलिसी अपने भीतर न आये, उसकेलिये अपन सेवाकौमुदीको अच्छी तरहसे समझेंगे कि किस प्रकारकी भक्ति करनेसे, प्रभुमें किस प्रकारका अनुभाव प्रकट करनेसे, भक्तिका वृक्ष सघन होगा. समझमें आई बात आपको अच्छी तरहसे, उपक्रम रूपमें समझाई है. अभी भी अगर आपका कोई प्रश्न हो तो पूछ सकते हो अथवा कोई विशेष जिज्ञासा हो तो. कोई पूछे नहीं तो मुझे अटपटा लगता है. पूछना चाहिये.

ooooooooooo

## दूसरे दिनका प्रवचन

'भाव' और 'भक्ति' अपने पुष्टिमार्गकी परिभाषानुसार समानार्थी शब्द हैं. बोलचालकी भाषानुसार 'भाव'के बहुत सारे अर्थ होते हैं जो मैंने आपको समझाये. उन अर्थके साथ अपने सम्प्रदायमें भावका जो पारिभाषिक अर्थ है, उसको अलग करके देखना चाहिये. ऐसी जड़ता भी नहीं बांध लेनी चाहिये कि जब हम 'भाव' शब्द बोलें तो इसी अर्थमें बोलें. बोलनेका जब प्रसंग आये तब बोल चालकी भाषामें 'भाव'का अर्थ जो प्रयोगमें लाया जाता हो तो उस समय प्रसंगानुसार 'भाव' शब्दका प्रयोग कर सकते हैं. लेकिन जब भावुक भक्त अथवा भक्ति ऐसे प्रसंगोंकी चर्चा चल रही हो तो उस समय भावका जो पारिभाषिक अर्थ है उसे – संस्कृतमें कहा जाता है **"करतलामलकम्"** हाथमें गेहूंका दाना हो तो उसे किस प्रकारसे पहचान सकते हैं या हाथमें आमला हो तो उसे किस प्रकार पहचान सकते हैं? इस प्रकार स्पष्ट रीतिसे हमें भाव शब्दका अर्थ स्फुट होना चाहिये. अर्थात् **"माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह"** उसका नाम 'भाव' अथवा 'भक्ति'.





प्रश्नः अब आपको सहज प्रश्न होगा कि अगर ये दोनों शब्द समानार्थी हों तो 'भक्तिभाव' इस शब्दका प्रयोग हो सकता है कि नहीं हो सकता? किसीको समझमें आया मेरा प्रश्न?

उत्तरः 'भक्तिभाव' एक शब्द प्रयोग किया जाता है तो भाव बोलचालकी भाषामें प्रयुक्त होते अर्थको लिये होता है अर्थात् भक्तिका मनोभाव. यद्यपि दोनोंका पारिभाषिक अर्थ एक ही होता है.

जब हम 'भक्तिभाव' शब्दका प्रयोग करते हैं उस समय 'भाव' शब्दका अर्थ भक्ति नहीं रह जाता, भाव शब्दका अर्थ भक्तिवाला मनोभाव, ऐसे बोलचालका अर्थ इसका हो जाता है. अगर भक्तिके साथ जोड़ना नहीं है, तो 'भाव' यह शब्द स्वयंमें ही वो ही बात कह रहा है जो कि हम 'भक्ति' शब्द कहकर कहना चाह रहे हैं. और जब हम 'भक्तिभाव' इस शब्दका प्रयोग करते हैं, तो उस समय 'भाव' अपना पारिभाषिक अर्थ भक्ति छोड़ देता है और बोलचालका अर्थ स्वीकार कर लेता है. मनकी कोई चाहत उसका नाम 'भाव'. इस समय यह पारिभाषिक अर्थ नहीं रह जाता. मुझे बहुत प्रसन्नता हुई. इसी प्रकार पार्टिसिपेट करोगे तो मेरा भी उत्साह बढ़ेगा नहीं तो क्या होगा, बौलिंग करता रहूं और कोई बैटिंग न करे तो मुझे भी डर लगने लगता है कि क्या हो रहा है? सारे बम्पर तो नहीं जा रहे हैं?

प्रश्नः 'भगवान'का एक अर्थ सर्वगुणसम्पन्न और सर्वदोषरहित है. तो कंस वध और भगवानने चोरी भी करी, झूठ भी बोला. तो क्या ये दोष नहीं कहलायेंगे? अगर नहीं तो किस प्रकार?

उत्तरः एक बात समझो कि माहात्म्य सर्वदोषरहित और सर्वगुणसम्पन्न होना यह ठीक है. पर माहात्म्यका अर्थ इतना ही है, ऐसा नहीं है. यह कदाचित सर्वदोषसम्पन्न भी हो, पर आपको इसका माहात्म्यज्ञान होता हो, तो माहात्म्यज्ञान तो हो ही गया ना? क्योंकि दोषदृष्टि और गुणदृष्टि ये तो अपनी भेददृष्टिके ऊपर अवलम्बित है. इसकेलिये भागवतमें कहा गया है

**"गुणस्तूभय वर्जितः".** जहां आप गुण और दोष इनका विचार कर रह हो, तब आपकी दृष्टि भेदमूलक है. और जब आपकी भेददृष्टि खतम हुई उस समय न तो गुण गुण रह जाता है और न तो दोष दोष रह जाता है. किसी समय माहात्म्य ऐसा भी हो सकता है कि जिस तत्त्वमें गुण या दोष दोनों अच्छे लगने लग जाते हैं, वो महात्मा. एक बात समझो, कि भक्तको तो बहुत देव मुक्ति देते हैं, दुश्मनको कौन मुक्ति देता है? तो भगवान भक्तिका गुण और वैरका दोष इन दोनोंसे ऊपर आकर दोनोंको जो मुक्ति देता हो, तो ऐसे भगवानकी लीला अभेद दृष्टिसे हो रही है, भगवानने हमको यह समझा दिया है कि मैं गुणदोषवाली दृष्टिसे ऊपर हूं, पर हूं. ये माहात्म्य सिद्ध कर दिया.

अब ये मत समझ लेना कि अभेद दृष्टि ही माहात्म्य है ऐसा नहीं है. ये तो एक उदाहरण दे रहा हूं. माहात्म्य बहुत प्रकारका हो सकता है. उदाहरणार्थ घरमें सब बहरे रहते हों, तो जोर जोरसे बोलना यह गुण है. नहीं तो समझेगा ही नहीं. और सामने सामान्य सुननेवाला बैठा हो और उससे जोरसे चिल्लाके बोलो तो दोष हो गया. तो क्या गुण है और क्या दोष है, इसे हम निश्चित नहीं कर सकते? बहुत वस्तुओंको, भागवत बहुत सुन्दर कहती है **"शुद्धच शुद्धी विधीयेते समाष्वपि वस्तुषु."** एक ही वस्तु एक प्रसंगमें शुद्ध है और यही वस्तु प्रसंग बदल गया तो अशुद्ध हो जाती है. तो कोई वस्तु शुद्ध है कि अशुद्ध है इसमें शास्त्रका, प्रसंगका, इसके परिमाणका, अधिकारका, प्रयोजनका ध्यान रखना है. जैसे किसी अंधेरी गलीमें हम जा रहे हों, तो हमें लूटनेकेलिये कोई पेटमें चक्कू घुसावे, तो यह उसका दोष है. पर डॉक्टर पेटमें चक्कू घुसावे तो? गुण हो गया. हम हल्ला मचायें कि खून खून तो? डॉक्टर भाग जायेगा बिचारा. एक तो ऑपरेशन कर रहा हूं और मरीज खून खून कर रहा है. उस समय शोर शराबा कर दें तो डॉक्टर बिचारा कहां जायेगा? तो ये पेटमें चक्कू घुसाना गुण भी है, दोष भी है.





हमारे बम्बईमें एक समय ऐसा ही हुआ. कुएका पानी पी कर बड़े मन्दिरमें सबको नारू निकले. जिन लोगोंने संध्याका जल लिया उनको भी निकले. वैष्णव समझे कि सब रोगोंका इलाज हो जायेगा संध्याका जल लेनेके बाद. जिनको नारू निकले थे उनमेंसे कुछ लोग यहां भी बैठे हैं. तो बहुत लोगोंको निकले. हमको भी निकले और हमारे काकाको भी निकले. बादमे लोग डॉक्टरके पास गये तो डॉक्टरको इसका इलाज नहीं मिले. तब एक गांवसे कोई वैद्य आया. वो भूंगली लगाये तो उसमें नारू आ जाये. हमारे काकाने एक दो निकलवाये तो नारू तुरत भूंगलीमें आ गया. पर उनका नारू नसके साथमें था. तो नारू निकालनेकेलिये भूंगलीमें फूंक खींचे तो नस तनने लगी. काकाजीको गुस्सा आया तो उन्होंने वैद्यका गला दबाना शुरु किया. जैसे–जैसे वैद्य फूंकको खींचकर नारू निकाले वैसे वैसे वो जोरसे उसका गला दबायें. वैद्यको लगा कि जब तक नारू निकलेगी तब तक तो प्राण ही निकल जायेंगे. वैद्य बिना नारू निकाले ही भाग गया कि मुझे नहीं निकालनी. इन दोनोंकी महाभारतमें मैंने कहा कि मुझे तो निकलवानी ही नहीं हैं. जो होगा सो होगा देखी जायेगी. बरसों तक मेरे यहां नारू रही. अब पता नहीं कहां गई? इस दौरान एक हल्का सा छेद रह गया बाकी कोई दूसरी तकलीफ नहीं हुई.

यहां अभिज्ञ या भिज्ञका प्रश्न नहीं है. माहात्म्यका वास्तविक अर्थ अपनेको समझना है कि माहात्म्य किसी भी समय एकही अर्थमें लेनेका नहीं होता है. माहात्म्यके बहुत सारे स्वरूप हो सकते हैं. उदाहरणकेलिये ज्ञानमार्गमें जो माहात्म्य है वो भक्तिमार्गमें नहीं है. भक्तिमार्गमें जो प्रभुका माहात्म्य है वैसा माहात्म्य ज्ञानमार्गमें नहीं है. कर्ममार्गमें जो प्रभुका माहात्म्य है वो ज्ञान भक्तिमार्गमें नहीं है. उसमें भी लीलामें जो प्रभुका माहात्म्य है, वो साधनामें नहीं है. तो बहुत सारी वस्तुयें ऐसी हैं कि माहात्म्य क्या है इसका निर्णय एक प्रकार नहीं हो सकता.

जैसे कोठीमें अपन पानी भरें. और आदमी छुवा हुआ हो. सूतक हो पिंडरू हो, कुछ दूसरे प्रकारकी अशुद्धि हो, और वो कोठीके पानीको छुये, तो कोठी छू जाती है. तालाब क्यों नहीं छू जाता? इसका कारण परिमाण अधिक है जलका. उदाहरणार्थ, कोठीमें कोई कचरा डालो, तो कचरा दिखाई देगा. और तालाबमें कचरा डालो, बड़ा तालाब हो तो कचरेको पचानेकी तालाबकी शक्ति है. उसके कारण तालाब नहीं छुआ जाता. कोठीका जल छुआ जाता है. तो परिमाणके कारण एक ही वस्तु किसी समय छू जाती है. किसी समय ऐसा होता है कि तालाबमें गांवकी गटर मिल जाती है, तो तालाबके पानीसे अधिक गांवके गटरकी कैपेसिटी हो तो तालाब भी छू जाता है. ऐसा नहीं है कि तालाब नहीं छूता.

हमारे बम्बईमें एक मीठी नदी है. अब तो खैर किसीको इसका नाम भी पता नहीं होगा. ये मीठी नदी मीठी थी तो इसका नाम मीठी पड़ा पर आज इस मीठी नदीमें गटरके सिवा और कुछ बहता ही नहीं है. अब न तो ये मीठी रही और न ही नदी रही, दोनों ओरसे गई बिचारी. जिस वक्त इतिहासमें इसका नाम मीठी नदी पड़ा होगा, उस समय वो लोग इसका कितना माहात्म्य मानते होंगे? पर परिमाण बदल गया क्योंकि नदीकी सामर्थ्य जितनी थी, मीठे पानीको अपनेमें प्रवाहित करनेकी, उस सामर्थ्यसे सोलह गुनी सामर्थ्य गटरकी इसमें प्रकट हो गई तो न तो आज ये नदी है और न ही मीठी. तो बहुत सारी जो वस्तुयें शुद्ध हैं वो दूसरे सन्दर्भमें अशुद्ध हो जाती हैं.

जैसे युद्धमें आप सैनिकोंको मारकर आओ तो तुम्हें परमवीर चक्र मिलता है पर गांवमें एक आदमीको मारो तो? हत्यारा नाम पड़ जायेगा. एक ही वस्तु शुद्ध भी है और वही वस्तु अशुद्ध भी है. तो इसका निर्णय अपन सहसा नहीं कर सकते कि भगवानने माखन चुराया, इसलिये ये दोष हो गया. ऐसा नहीं, माखनचोरी प्रभुका गुण भी हो सकता है. और कदाचित माखन नहीं चुराया,





ये दोष भी हो सकता है. कोई ऐसा प्रसंग हो तो उसमें ये दोष हो सकता है. तो जहां तक सन्दर्भोंको हम स्पष्ट नहीं करेंगे न, वहां तक गुण दोषके आधार पर माहात्म्यका निर्णय नहीं हो सकता. इन सन्दर्भोंको स्पष्ट करना चाहिये. आप सबको समझमें आई न बात? यहां जो माहात्म्य है वो किस प्रकारका माहात्म्य है वो इसी सत्रमें अथवा किसी और दूसरे सत्रमें अपन विचारेंगे पर अभी इस चर्चामें नहीं पड़ेंगे. पर इतनी बात तो आप समझ ही लो कि माहात्म्य हो और स्नेह हो तो भक्ति कहलाती है. कोई माहात्म्य कैसा हो सकता है ये तो अलग बात है.

हमारे एक जानकार हैं वो यों कहते थे कि आप क्या समझते हो हमारा लड़का छः बार जेल गया है! जिसे मर्जी दो लप्पड़ मार देता है! हमारे मुम्बईमें थत्तेजी थे. बेचारे अविवाहित भाई थे. घरमें कोई था नहीं. घरमें आयें तो खाना कौन बनाये? तो भूखे मरें. तो वो क्या करते कि नेहरूजी बम्बईमें आते हों तो काली पट्टी लगाके खड़े हो जायें. तो इन्होंने ऐसे पांच दस बार किया तो पुलिस समझ गई. जब नेहरूजी आते तो दस दिन पहले इन्हें जेलमें डाल देती. उनके जानेके पांच सात दिन बाद छोड़ती. दस दिन इन्हें खानेको मुफतमें मिलता. दस दिन जेलमें रहनेके बाद सेठियाओंके पास जाते कि जेलमें मुझे बहुत परेशान किया, यों किया, वो किया, होस्पिटलमें मेरा चेकअप कराओ. दस बीस दिन सेठियाओंके होस्पिटलमें रह आते. तो किसी न किसी लीडरको आना तो होता ही है, तो फिर कालीपट्टीकी धमकी दे देते. तो इस तरह वो सौ बार जेलमें गये. टाईमस् ऑफ इण्डियाने छापा कि "थत्ते कम्पलीटस् सैन्च्युरी". मैंने थत्तेजीसे पूछा कि आपने तो सैन्च्युरी कम्पलीट करी तो बिचारे दुःखी हो गये कि मूल रिकार्ड तो एकसौसत्ताईसका है. अब ये माहात्म्य गुण कि दोष? थत्तेजीका ये महान माहात्म्य था. हमको पता नहीं चलता. अतएव इसका सन्दर्भ स्पष्ट करना चाहिये. मूल मुद्देकी

बात इतनी ही है. समझमें आई न? तो यहां भी कुछ प्रभुका माहात्म्य है. जिसकी हम फुरसतसे चर्चा करेंगे जरूर.

प्रश्नः आज भक्ति विषयमें चर्चा कर रहे थे उसमें बात हुई कि 'कर्तुम्' प्रभु सब कुछ करनेमें समर्थ हैं. 'अकर्तुम्' अर्थात् जो न हो सके उसे भी करनेमें समर्थ हैं. तो 'अन्यथा कर्तुम्' अर्थात् क्या?

उत्तरः कर्तुम् समर्थ, अकर्तुम् समर्थ, अन्यथाकर्तुम् समर्थ. कोई काम करनेकेलिये समर्थ, न करनेकेलिये समर्थ, और जो काम जिस प्रकार हो सकता हो उसे उस प्रकार न करके, किसी दूसरी प्रकार करनेकेलिये समर्थ. पर यहां एक बात भूलना नहीं कि खाली प्रभु ही समर्थ हैं ऐसे नहीं तू (प्रश्न कर्ता) भी समर्थ है. उदाहरणार्थ बैठनेकेलिये तू समर्थ है कि नहीं? और नहीं बैठना हो तो न बैठनेकेलिये समर्थ है कि नहीं? अब पांव ऊंचे करके और सिर नीचे करके बैठनेमे कदाचित हम समर्थ न हों, पर अभ्यास करें तो ये सामर्थ्य भी अपनेमें आ सकती है. थोड़ा बहुत शीर्षासन करनेका अभ्यास कर लें तो अन्यथा बैठनेकेलिये हम भी समर्थ हो सकते हैं. तो कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुम् हम भी समर्थ हैं. **पर अपनी सीमा है.** कोई काम करनेकेलिये अपन समर्थ हैं. कोई काम न करनेकेलिये समर्थ हैं. जो काम जैसे होता है उसे वैसे न करके अन्यथा करनेमें भी समर्थ हैं. ये सामर्थ्य केवल प्रभुमें है ऐसा नहीं है. हम प्रत्येकमें है. चेतन जो जीव हैं उसमें प्रत्येकमें है.

यह पंखा चलनेमें समर्थ है. पर नहीं चलनेकेलिये समर्थ नहीं है. क्यों? खराब हो गया हो तो नहीं चलेगा. तो नहीं चलनेकेलिये समर्थ हो गया तब. पर जब तक बिगड़ नहीं जाये तब–तक चलनेकेलिये समर्थ है पर न चलनेकेलिये समर्थ नहीं है. बिजली आयेगी तो इसे चलना ही पड़ेगा. उपाय ही नहीं है इसके पास. अगर हम कहें कि कुछ देर ऐसे चल, कुछ देर जमीन पर चल, थोड़ी देर दीवारके ऊपर चल, तो ये पंखा हमें



सेवाकौमुदी – शिविरस्वाध्याय – गोस्वामी श्याममनोहर

कहेगा कि आप ढपोलशंख लगते हो. पंखा कोई इस प्रकार थोड़े ही चलता है. तो ये अन्यथा चलनेकेलिये समर्थ नहीं है. पर जितने भी चेतन प्राणी हैं, अर्थात् पशु भी हो गधे जैसा, हूंची–हूंची करनेकेलिये समर्थ है इच्छा हो तो. न करनी हो तो समर्थ नहीं है. पर हूंची–हूंची जोरसे नहीं करनी हो पर धीरे धीरे करनी हो तो इसमें भी समर्थ है.

ये तोतेका उदाहरण ले लो. तोता मनुष्यकी तरह बोलनेकेलिये समर्थ है न? नहीं बोलना हो तो टें–टें करनेकेलिये भी समर्थ है. और मेरा जो तोता है वो तो बिल्ली नीचे घूमती थी उसकी बोली बोलने लग गया! म्याऊं म्याऊं करने लग गया. अरे तोता बिल्लीकी बोली बोले? मैं जो सिखाऊं वो नहीं बोले पर बिल्लीकी बोली बोले. तोता अन्यथा बोलनेकेलिये भी समर्थ है. तो जो भी चेतन प्राणी है छोटेसे छोटा उसमे कर्तुम्, अकर्तुम्, अन्यथाकर्तुम् सामर्थ्य तो है ही. ऐसे ही प्रभुमें ये सामर्थ्य है कि जो ज्ञानी हो उसे मुक्ति देनेकेलिये समर्थ हैं. ज्ञानी हो और उसे मुक्ति नहीं देनी हो तो उसे न देनेकेलिये समर्थ है. और पूतना जैसी, कंस जैसा जो दुष्ट हो उनको मारनेके बाद मुक्तिदान देनेमें अन्यथाकर्तुम् समर्थ भी हैं. बहुत सारी सामर्थ्य प्रभुमें हैं. प्रभुमें ये सामर्थ्य प्रभुकी कैपेसिटीसे होगी, अपनेमें ये सामर्थ्य अपनी कैपेसिटीसे होगी.

प्रश्नः कलकी चर्चा अनुसार आत्मा अर्थात् क्या? इसका शास्त्रीय स्वरूप क्या है? और इसमें चेतनकी आवश्यकता है या किसी औरकी? मनोभाव और स्थायीभावमें क्या भेद है? रसशास्त्र तो रस नौ प्रकारके बताता है. इन नौ रसोंको भक्तिके साथ कैसे घटा सकते हैं?

उत्तरः सबसे पहला कि आत्मामें चेतनकी आवश्यकता है कि नहीं? शास्त्रीय स्वरूप किस कारण पूछ रहे हो समझा नहीं? आत्मा अर्थात् जैसे माईक है, पर इसे अपने होनेका भान नहीं है. इस कारण इस माईकको हम जड़ कहते हैं. 'चिद्' हम किसे

कहते हैं जो हो और उसे अपने होनेका भान भी हो. परब्रह्म सच्चिदानंद है, ऐसा कहा जाता है. तदनुसार सच्चिदानंद जो हो, जिसे अपने होनेका भान हो, और इस भानमें आनन्दरूपता हो, तो वह सच्चिदानंद हुवा. सच्चिदानंद परब्रह्म जब लीलार्थ विभिन्न रूप धारण करता है तब ये अपने आनन्दको छुपा लेता है. और आनन्दको छिपा लेनेसे यह चिद् रूप बनता है. चिद् अर्थात् जिसे अपने होनेका भान है. और उसका अंश सच्चिदानंदका, **"यथा अग्नेर्क्षुद्रा विस्फुलिंगा व्युच्चरन्ति"**. जैसे अग्निमेंसे तिनके झड़ते हैं, उसी प्रकार सच्चिदानंद ब्रह्ममेंसे तिनकेकी तरह प्रकट हुआ जो चिदंश. चिदंश अर्थात् जो है और जिसे अपने होनेका भान है. उस अंशको हम **'आत्मा'** कहते हैं. इतनी बात तो स्पष्ट हुई.

अब उस आत्मामें, एक बात फिरसे समझो, कि सच्चिदानंद जब हमने कहा, तो आनन्दके छः धर्म हैं. ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य. तो आनन्दका धर्मरूप जो ज्ञान है न, हमने क्या कहा कि ब्रह्म सच्चिदानंद है. अर्थात् ब्रह्म है, ब्रह्मको अपने होनेका भान है, और इस भानमें कभी कहीं दुःख नहीं है. क्लेश नहीं है, उस ब्रह्मको अपने होनेके भानमें दुःख क्यों नहीं है? हम हैं और हमें अपने होनेके भानमें कुछ सुख होता है, कुछ दुःख होता है. जैसे मच्छर काटे तो हमें अपने होनेके भानमें दुःख लगता है. ठण्डी हवा आये तो सुख होता है. तो आनन्द सुख हो जाता है. ब्रह्मको अपने होनेके भानमें कभी भी दुःख होनेका भान नहीं होता उसका कारण क्या? हमको अपने होनेके भानमें कभी दुख होता है तो इसका कारण श्रीमहाप्रभुजीके मतानुसार हममें ऐश्वर्य नहीं है, वीर्य नहीं है, यश नहीं है, श्री नहीं है, ज्ञान नहीं है और वैराग्य नहीं है. इसके कारण क्या होता है कि हमको अपने होनेका भान तो है पर ऐश्वर्यविहीन भान है. वीर्यविहीन, यशविहीन, श्रीविहीन, ज्ञानविहीन, वैराग्यविहीन भान है. इस कारण हमको कभी लगता है कि दुःख है और कभी लगता है कि सुख है. ब्रह्ममें ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्य स्वाभाविक रूपमें





रहे हुये होते हैं. आगन्तुक नहीं. जैसे कि हमसे कोई अपराध हो जाये तो जेल जाना पड़ता है पर मिनिस्टर कोई अपराध करे तो उसकी एनक्वारी बैठती है, कमेटी बैठती है, कमेटीकी रिपोर्ट आती है वगैरह और इतनेमें इनकी मिनिस्टरीका समय पूरा और फाइल बन्द. तो इस हद तक ऐश्वर्य तो आ ही गया न! आप गुनाह करो तो एनक्वारी बादमें होगी पहले तो तुम्हे अरेस्ट कर लिया जायेगा. हमारेमें ऐश्वर्य थोड़ा है न. ये सब जो ऐश्वर्य हैं न वो मिला हुआ ऐश्वर्य है. स्वाभाविक ऐश्वर्य नहीं है इनमें. ऐसे ही जो ज्ञान है, हमने दो पुस्तक पढ़ीं और ज्ञान आ गया. **"पंडित वही जो गाल बजावा".** अपने पास ज्ञान है पर मिला हुआ ज्ञान है. स्वाभाविक ज्ञान नहीं है. और अपना वैराग्य भी ऐसा मिला हुआ वैराग्य है. नुक्सान हो गया धंधेमें, चारों तरफसे गाली पड़ने लग गई, जिस काममें हाथ डालें उसमें नुक्सान, सोनेमें हाथ डालें तो मिट्टी निकले. तो बस वैराग्य आ जाता है. हर काममें जाने दो, दुनियां मिथ्या हो जाती है. और उसके बाद फिर मिट्टीमें हाथ डालें और सोना निकले तो उसके बाद फिर वैराग्य पोस्टपोन हो जाता है. स्वर्णरागी हो जायें अपन. प्राप्त किये अथवा मिले हुवे ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्यकी गाथा ऐसी है कि कब आये और कब जाये इसका पता ही नहीं चलता. चुपचाप आ जाये और चुपचाप निकल जाये. पर परमात्मामें यह स्वाभाविक गुण हैं. ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्य अर्थात् किसी भी स्थितिमें इसकी सत्ता इसकी सभानता इन गुणोंके कारण इससे विरुद्ध जा हीं नहीं सकती. कोई भी इसको दुःख पहुंचा ही नहीं सकता. इसके ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्यकी सामर्थ्यके कारण अर्थात ऐश्वर्यको अपने होनेके भानमें हरेक समय आनन्द ही अनुभव होता है. इस मुद्देको हमें स्पष्ट रीतिसे समझ लेना चाहिये. इस कारण हम परमात्माको सच्चिदानंद कहते हैं.

अब ये बात जो स्पष्ट हुई तो इसके साथ साथ ये भी स्पष्ट हो जाना चाहिये कि किसी प्रकारका ज्ञान हमारेमें तिरोहित है,

पर किसी प्रकारका भान हमारेमें बचा हुआ होता है. ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्य अपनेमें से रफूचक्कर हो गया है. जैसे कपूरकी पुड़िया बांधो तो उसमेंसे कपूर उड़ जाता है न, पुड़िया बंधीकी बंधी रह जाती है, दिखाई वैसीकी वैसी ही देती है पर भीतर खाली हो जाती है. ज्ञान होता नहीं. थोड़ा बहुत होता है. पर खोलने जाओ तो भीतर पोला निकलता है अपना काम काज. अपना स्वरूप ऐसा है. भीतर ठोस नहीं है काम काज इसका. तो अपना ज्ञान् कपूरकी पुड़ियामें जैसे कपूर उड़ जाता है वैसे उड़ गया है. खाली पुड़िया बंधी रह गई है. तो कोई एक प्रकारका ज्ञान तिरोहित है और किसी प्रकारका भान रह गया है. जैसे बिजली पंखेमें प्रकट होती है. तो क्रिया रूपसे प्रकट होती है. ट्यूबमें प्रकट होती है तो प्रकाशरूपमें प्रकट होती है. माईकमें प्रकट होती है तो वाणीरूपमें प्रकट होती है. तो बिजलीमें किसी प्रकारकी सामर्थ्य है. अब आप पूछो कि बिजली क्रिया है, कि प्रकाश है, कि ध्वनि है? रेफ्रिजेटरमें यह ठंडकके रूपमें प्रकट होती है. हीटरमें यह गरमीके रूपमें प्रकट होती है. बिजली एक ही है पर जिस स्थान पर प्रकट होती है उसका रूप लेकर प्रकट होती है. बिजली स्वयंमें क्या है? तो हरेक रूपमें प्रकट होनेकेलिये समर्थ लेकिन स्वयंमें सहज सामर्थ्य कुछ भी नहीं. जिसके साथ जुड़े वैसा रूप प्रकट करती है. अपनी चेतनामें इस प्रकारकी कोई सभानता है, आंखमें प्रकट हो तो रूपकी अनुभूतिके रूपमें प्रकट होती है, कानमें प्रकट हो तो शब्दकी अनुभूतिके रूपमें प्रकट होती है, मुखमें प्रकट हो तो वाणीके रूपमें प्रकट होती है. पर स्वयंमें इनसे अलग हो जाये तो तारमें बहती रहे वहांसे यहां तक और यहांसे वहां तक. खुदका कुछ नहीं. ये बात समझमें आई न आपको. तो ये इसका शास्त्रीय स्वरूप.

विभाव अनुभाव संचारी भावसे निष्पन्न होता, निष्पन्न अर्थात् तैयार होता, विभाव, अनुभाव और संचारी भावसे निष्पन्न होता, जो





स्थायी भाव, उसका नाम 'रस'. विभाव, अनुभाव, संचारी भाव द्वारा सिद्ध होता जो स्थायी भाव, उसे 'रस' कहते हैं. अभी 'विभाव' हम देख गये, कि मुझे जो वैर है आपके प्रति तो आप मेरा विभाव, अब अगर आप मेरी प्रशंसा भी करो तो मुझे गुस्सा आयेगा कि ये पाखण्डी ढोंग करता है. प्रशंसा कर रहा हूं आपकी तो भी गुस्सा आ जाये. और दोस्त गाली भी दे तो भी मजा आये. गुस्सा नहीं आये. क्योंकि उसके प्रति अपना दोस्तीका भाव है. ये हमारे दोस्तीके भावका आलम्बन है. तो आलम्बन जिसको अवलम्ब करके अपने मनमें कोई भाव उद्‌बोध होता हो उसे 'आलम्बन विभाव' कहते हैं. भावको अधिक उद्दीप्त करनेवाला, जैसे दियासलाईकी तीलीको घिसे तो भड़ककर जलती है, इसी प्रकार जिसके कारण ये भाव भड़के, वो सब वस्तुयें उद्दीपन विभाव कहलाती हैं. जैसे आपको इसके ऊपर गुस्सा क्यों आया? एक दिन इसने मुझे गाली दी थी, बस उद्दीपन विभाव हो गया. आपको इसके ऊपर गुस्सा क्यों आता है? इसने उड़ती चिड़िया मारी वो गिर गई, बस द्वेष आ गया. तो इसकी चढ़ती और पड़तीके कारण उद्दीप्त हो गया द्वेषका भाव. तो ये सब उद्दीपन विभाव कहलाते हैं. और ये विभाव दो प्रकारके, आलम्बन और उद्दीपन. और विभाव और अनुभाव, अनुभाव हम कल देख चुके हैं. जो भाव हृदयमें भरा हुआ है, वह जब प्रकट होता है, किसी न किसी रूपमें, कायिक रूपमें, वाचिक रूपमें, अथवा मानसिक रूपमें, तो इसे अनुभाव कहते हैं. वाणीमें प्रकट हो जाये, कायामें प्रकट हो जाये. अथवा मानसिक रूपमें प्रकट हो जाये. कभी समझाऊंगा गम्भीर विषय है. पर मानसिक रूपमें प्रकट हो जाता है. इसके अतिरिक्त 'संचारी भाव'. उदाहरणार्थ अपना बच्चा अपनेको प्यारा लगता है. प्यारा लगता है तो इसका मतलब ये नहीं कि इसके ऊपर गुस्सा नहीं आता. गुस्सा तो आता ही है. दंगा मचाता है तो गुस्सा तो आता है. अपने बच्चेके ऊपर गुस्सा आता है पर इतना गुस्सा तो नहीं आता कि गरदन ही तोड़ दें,

मार ही दें. गुस्सा आता है तो एक दो थप्पड़ मार देते हैं. इस हद तक गुस्सा आये तो अपना वात्सल्य भाव खंडित हो गया, द्वेष भाव आ गया. तो वात्सल्य भावके होते हुये गुस्से आनेका भाव! अरे थकान हो रही है और सोनेभी नहीं देता! कभी कंटालनेका भाव, ये सब संचारी भाव आते हैं पर इसमें कोई भी स्थिर नहीं रह सकता. मैं अपने बच्चेको गाली दूं पर कोई दूसरा दे तो गुस्सा आता है. आप क्यों गाली दे रहे हो मेरे बच्चेको?

परमानन्ददासजीने ठाकुरजीको कहा **"कौन ये खेलवे की बानि?"** तो महाप्रभुजीको गुस्सा आ गया. ऐसे नहीं कहते. ऐसे कहो **"भली ये खेलवे की बानि".** भली ये खेलवेकी बानि, इतना कठोर निर्णय अगर अपना है तो 'पुरुषोत्तमसहस्रनाम'में **"धूर्तचरित्राय नमः"** नाम लिखा है. खुद गाली दें तो कुछ नहीं, जहां माखन चोरी है ठाकुरजीने, तो महाप्रभुजीने नाम लिखा है **"धूर्तचरित्राय नमः".** यह गाली नहीं दे रहे तो क्या कर रहे हैं? पर मां अपने बच्चेको धूर्त कहे, गुण्डा कहे, बदमाश कहे, उसमें उसका प्यार प्रकट होता है. पर दूसरा कोई पड़ोसी कहे न, तो गुस्सा आ जाता है. हमारे बच्चेकी निन्दा क्यों करते हो? ये सब संचारी भाव हैं. **"धूर्तचरित्राय नमः"** ये धूर्तचरित्र करनेवाला कह रहे हैं और फिर नमस्कार कर रहे हैं. धूर्तचरित्र करने वालेको कभी नमस्कार किया जाता है? महाप्रभुजीने **"धूर्तचरित्राय नमः"** लिखा है और बादमें परमानन्ददासजीपर गुस्सा हो गये. **"कौन ये खेलवेकी बानि"** नहीं कहना. इसमें कोई गाली तो नहीं दी थी. खाली पूछा था कि भई ये कैसा खेल खेल रहे हो? उन्हें गुस्सा आ गया. ये संचारी भाव.

संचारी भाव संचरणशील भाव है. स्थायी भाव नहीं है. और जिसकी संचरणशीलतामें जो भाव स्थायी रहता हो, उसे स्थायी भाव कहते हैं. उदाहरणार्थ रेलकी पटरी स्थायी होती है और उस पर रेल चलती है. तो रेलकी पटरी स्थायी और रेल संचारी. यहां तो कदाचित नहीं आई हो पर मुंबईमें ऐसी सीढी आ गई है कि





आपको सीढी पर नहीं चढ़ना पड़ता पर सीढ़ी आपको लेकर अपने आप ऊपर चढ़ती है, **'ऐस्केलेटर'.** आपको उसके ऊपर खाली खड़े होना है. तो वहां आप स्थायी हो जाते हो और सीढ़ी संचारी हो जाती है. और यहांकी सीढ़ी स्थायी और आप संचारी. इसमें कौन संचारी और कौन स्थायी? इस बातको भूल जाओ, एक बात याद रखो कि एक दूसरेकी अपेक्षामें जो स्थायी रहे वो स्थायी भाव और जो संचरणशील हो वो संचारी भाव, दोनों भावमें जो संचरण कर गया वो संचारी और दूसरा स्थायी. जो स्थायी रह गया वो स्थायी भाव और दूसरा संचरण करनेवाला संचारी.

अब रसशास्त्रकारोंने कितने भावोंको स्थायी या संचारी नहीं माना है. ये बहुत सूक्ष्म चर्चा है जिसकी मैं यहां चर्चा नहीं करूंगा. परन्तु थोड़ेमें इतनी बात समझनी आवश्यक है.

रसशास्त्रकारोंने नवरस माने. तो उन्होंने ऐसा विचार किया, कि नौ प्रकारके मनोभाव स्थायी होते हैं. बाकी भाव स्थायी नहीं होते, संचारी होते हैं. ये बात वास्तवमें समझने जैसी है, मूलमें रसशास्त्रके अन्तर्गत भरतऋषि नाट्यशास्त्रमें नौ रस नहीं मानते परन्तु आठही मानते हैं. क्यों? नाट्यशास्त्रकी जो प्रवृत्ति हुई थी, वो स्टेजके ऊपर कितने भाव अभिनीत हो सकते हैं उसमें केवल आठ ही बताये. जैसे स्टेजके ऊपर शान्तरस प्रकट करें तो पर्दा ऊपर उठे, एक आदमी बैठा है, बोल नहीं रहा, चल नहीं रहा, आंख खोलकर देखता नहीं, समाधि लगाली. इन्टरवल तक समाधि लगाली. इन्टरवलके बाद पर्दा खुला तो भी उसकी समाधि लगी रही. नाटक पूरा हुआ पर उसकी समाधि छूटी ही नहीं. तो ये शान्तरसके बजाय बोरिंग रस हो गया. शान्तरसकी परिभाषा ऐसी करनेमें आई, कि जहां सुख नहीं हो, दुःख नहीं हो, शोक नहीं हो, रति नहीं हो, जहां कुछ भी नहीं हो उसका नाम शान्त रस. तो इसका नाटन किस प्रकार करना? नाटन

करो तो अशान्त रस हो जाये. ये बड़ी अजीब स्थिति है कि इसे करने जाओ तो कोई गड़बड़ हो जाये. इसे कर ही नहीं सकते.

हमारी बेटीजीका छोटा लड़का बम्बई आया. तब एक बहुत मजेदार बात हुई. मुझे रोज उसे एक कहानी सुनानी पड़ती. एक दिन मुझे नींद आ रही थी तो उसने मुझसे कहा कि नाना कहानी सुनाओ. मुझे नींद आ रही थी तो मैंने कहा एक नाना है. उसे नींद आ रही है. एक उसका बयार है. उसे कहानी सुननी है. नानाको नींद आ रही थी. मैंने सोनेका नाटक किया. उसने पूछा कि फिर क्या हुआ? मैंने सोचा अरे कहानी तो फिर शुरु हो गई. मैंने कहा इसके बाद नानाको नींद आ गई. तो फिर उसने पूछा फिर क्या हुआ? मुझे लगा ऐसे तो ये सोने नहीं देगा अगर ऐसी कहानी सुनाऊंगा. इसलिये शान्तरसका नाटक हो नहीं सकता. नींद शान्त रस है. सब शान्त हो जाये पर कोई श्रोता ऐसे कहे कि उसके बाद क्या हुआ तो? कुछ न कुछ तो कहना ही पड़ेगा और कहा तो नींद उड़ जायेगी और शान्तिमें रुकावट आयगी. बयार कहे कि "फिर ता हुवा"? तो फिर कुछ नहीं हुआ. नानाको नींद आ गई. तो "फिर ता हुवा". मैंने कही अब इसको कैसे शान्त करना? इस दर्शकको नींद नही आ रही. नाना अभिनेताको नींद आ रही हो शान्तरसकी तो ये नाटक चले तो किस प्रकार चले? तो नाट्यशास्त्रने इसलिये नहीं कहा कि नव रस हैं. रसशास्त्रकारने ऐसा विचार किया कि भले नाटक हो कि नहीं हो, पर इसका वर्णन तो हो सकता है. और अश्वघोष जैसे काबिल कविने शान्तरसका इतने गजबका वर्णन किया है कि लोगोंको कान पकड़के स्वीकार करना पड़ा कि शान्त एक रस तो है ही. तो इसके बाद रसशास्त्रकारोंने नवरस मान्य किये.

अब किसीने कहा कि वात्सल्यरस छूट रहा है. सूरदासजीके पद आप अगर पढ़ो तो कोई बेवकूफ ही कहेगा कि वात्सल्य रस नहीं है. वात्सल्य भी रस है, कौन कहता है कि वात्सल्य रस नहीं है? सूरदासजीके पद इस बारेमें प्रमाण हैं कि बाल चरित्रका





इतना सरस वर्णन सूरदासजीके पहले कभी किसीने किया ही नहीं था. अतएव कहीं कहीं लोगोंने मान्य किया कि वात्सल्य भी एक रस है. महाप्रभुजी स्वयं भागवतके आधारपर कह रहे हैं कि भक्ति क्यों रस नहीं हो सकती? जिसको भक्तिका भाव स्थायी न रहता हो तो न रहे, पर अगर हमारेमें भक्ति स्थायी भाव है तो भक्ति स्थायी भाव क्यों नहीं है? किसीको भक्तिका भाव संचारी होता है. सेवा करते मठरी बेचना शुरु कर दे तो भक्ति संचारी भाव है. पर किसीको स्थायी रहता हो तो क्यों संचारी मानना? भक्तिका भाव स्थायी रह सकता हो और इसमें कोई संचारी भाव आता हो तो कोई दिक्कत नहीं. इसका भी कोई आलम्बन विभाव हो सकता है, इसका भी कोई उद्दीपन विभाव हो सकता है. तो ये आलम्बन उद्दीपन कोई भी रस होनेकी जो शर्ते हैं इन शर्तोंको भक्ति अगर पूरा करती हो तो भक्ति क्यों रस नहीं हो सकती? अर्थात् भक्ति भी रस है.

तो नाट्यशास्त्रकी लौकिक दृष्टि है. लौकिक अर्थात् लौकिक रसोंके निरूपणकी दृष्टि है. भागवतकी अलौकिक दृष्टि है. अतएव भागवत ग्यारह रसका वर्णन करती है नौ का नहीं. लोग नहीं मानें तो न मानें. हमारी भागवत मानती है तो हम भी मानते हैं. और वास्तवमें तो भागवतने ग्यारह रस वर्णन किये तो उससे भागवत ये नहीं कहती कि ग्यारह ही रस है. तुम्हें अगर तेरह चौदह पन्द्रह सोलह ढूंढने हों तो ये पुरुषार्थ तुम्हें दिखाना पड़ेगा, दिखा दो ऐसा पुरुषार्थ? तेरह, चौदह पन्द्रह सोलह रस क्यों नहीं हो सकते? हो सकते हैं. रसकी परिभाषा है "विभाव, अनुभाव, संचारी भाव से निष्पन्न होता जो स्थायी भाव वो रस है". ऐसे जो कोई भी भाव निष्पन्न होता हो और स्थायी रहे तो वो रस है. ये लक्षण भक्तिके ऊपर लागू पड़ते हैं इसलिये हम भक्तिको रस मानते हैं.

प्रश्नः भक्तिकी व्याख्यामें माहात्म्यज्ञान और स्नेह बताया. तो उसमें जो स्नेह है वो माहात्म्यज्ञानके कारण नहीं होना चाहिये

ऐसा कुछ लगा. या फ़िर उसके बिना भी स्नेह हो जाये तो वो स्नेह कौनसी कैटेगिरीमें जायगा? वो भाव है या भावके अलावा कुछ और है?

उत्तरः अपनी भक्तिकी परिभाषामें ये तो सरलतासे समझानेकेलिये सारी गुलाबकी पंखुड़ियें हमने खोली नहीं हैं अभी. कुछ पंखड़ियें खोलके उनको खिलानेका प्रयास किया है. इसमें और भी कुछ पंखड़ियें हैं. सब पंखड़ियें खिलें तो भक्ति बराबर खिली कहलायेगी. उन विषयोंपे अभी अपन गये नहीं हैं. पर मूल समझनेकी बात इसमें ये है कि **''माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह''** स्नेहके साथ दो शर्तें और लगी हुई हैं. सुदृढ़ होना चाहिये और सर्वतोधिक होना चाहिये. सुदृढ़का मतलब के निरुपाधिक. किसी उपाधिसे पैदा होता स्नेह वो दृढ़ स्नेह नहीं है. अदृढ़ स्नेह है. स्नेह तो है. पर एक बात समझ लेनी जरूरी है कि स्नेहका मतलब चिकनाहट. थोड़ी भी हृदयमें चिकनाहट होगी, स्नेह होगा, चिकनाहट है थोड़ी भी हाथमें, तो भूले चूके आपने हाथ लगा दिया किसी भी चीजको तो उसका जो भी कुछ गुण है, वो थोड़ा बहुत आप अपने हाथमें ले ही लोगे. स्नेह वही है. कि स्नेह सहित जो मन है वो कोईके भी सम्पर्कमें आया न तो वो उसके कुछ गुण धर्मको पकड़ लेता है. जैसे हाथ मट्टीपे रखते ही मट्टीके रजकण हाथमें आ जायेंगे. रंगपे हाथ धर दोगे और रंग सूखा है तो हाथ पे जो रंग लगेगा उसे झाड़ दोगे तो रंग झड़ जायेगा. अदृढ़ स्नेह है. और सुदृढ़ स्नेह कैसा? कभी कभी जो ये डाईज़वाले बनाते हैं न कि धोते जाओ पर निकलता ही नहीं. उसका नाम सुदृढ़ स्नेह. कितना भी धोओ पर वो निकलता ही नहीं. तो इस तरीकेका जो सुदृढ़ स्नेह है, वो सुदृढ़ स्नेह निरुपाधिक है. ऐसे अपन कहते हैं. कोई उपाधिके कारण स्नेह नहीं है. कि भई हमको इसमें स्नेह है. क्यों स्नेह है? ये ऐसा है इसलिये. अब ऐसा नहीं है तो वो स्नेह भी खतम. जैसे दुकानदारका ग्राहकमें स्नेह है. क्यों? माल खरीदता





है. माल खरीदना बन्द करदे तो फिर कोई दुकानदार क्यों स्नेह रखेगा? अपनेको डॉक्टरमें कितना स्नेह है? क्योंकि रोग ठीक करता है. रोग ठीक करनेके बजाय बिगाड़ने लग जाये तो? स्नेह खतम. तो उपाधिके कारण पैदा हुवा बड़ा दृढ़ स्नेह भी खतम हो जाता है. और जो निरुपाधिक स्नेह है वो कभी खतम नहीं होता. वो सुदृढ़ स्नेह है सच्चे अर्थमें. और सर्वतोधिक स्नेह वो सुदृढ़ भी है माने कभी खतम नहीं होता पर ऐसा नहीं है कि दूसरे स्नेहको अपने स्नेहका अंग नहीं बना ले. पार्शियली दो दो स्नेह भी हो सकते हैं आदमीको. और एक स्नेह ऐसा होता है कि और जितने भी स्नेह होयें वो उस स्नेहके अंग बन जायें. तो वो सर्वतोधिक स्नेह कहलाता है. और स्नेह नहीं होगें ये जरूरी नहीं है और जो भी स्नेह होंगे वो इस स्नेहके अंग होंगे. जैसे गोपीजनोंने कहा कि **''त्वयि धृतासवस्त्वांविचिन्वते''.** ये प्राण भी हमको इसलिये प्रिय हैं क्योंकि तू हमको प्रिय है. यदि तू प्रिय नहीं होता तो प्राण भी प्रिय नहीं होते. तो ये सर्वतोधिक स्नेह है. ख्यालमें आया?

स्नेहकी यह एक परिभाषा है. और स्नेहकी ये जो परिभाषा है उसके कारण अभी उस डिटेलमें नहीं गये अपन यहां, क्योंकि आवश्यक नहीं था पर इस तरीकेका जो स्नेह है वो सिवाय परमात्माके अलावा और कहीं हो ही नहीं सकता. सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह परमात्माके अलावा और कहीं हो नहीं सकता है. इसके कारण अपन ऐसा कहते हैं कि जहां कहीं भी जो कुछ स्नेह हो रहा है, वो सुदृढ़ है तो सर्वतोधिक नहीं है, सर्वतोधिक है तो सुदृढ़ नहीं है.

जैसे किसीको बीड़ी फूंकनेका सर्वतोधिक स्नेह हो गया, लाख काम, घर जलता हो तो भी उससे बीड़ी जला लेगा एक बखत तो. एक बार तो घर जलतेको भी बुझायेगा नहीं बीड़ी फूंके बिना. इतना अधिक सर्वतोधिक स्नेह भी कोईको हो, पर वो स्थायी नहीं हो सकता. समझो कि कोई कह दे कि कैंसर हो

जायेगा, तो घबराहट हो जायेगी कि छोड़ो छोड़ो छोड़ो. स्थायी नहीं रह गया. सुदृढ़ भी होना चाहिये, सर्वतोधिक भी होना चाहिये. स्नेह भी होना चाहिये. इन तीनों शर्तोंको परमात्माके अलावा कोई वस्तु या कोई व्यक्ति पूरी कर ही नहीं सकता. इसलिये सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह परमात्माके बारेमें ही होता है.

परमात्माके बारेमें होता स्नेह, माहात्म्यज्ञानसे पैदा होता है या अन्य कारणसे? तो इस बारेमें महाप्रभुजीका सिद्धान्त ये है के पैदा होता ही नहीं है. थोड़े बहुत माहात्म्यज्ञानमें भी जो अपनेको थोड़ी बहुत रुचि हो रही है वो उस सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेहके कारण हो रही है. और महाप्रभुजी अपनेको यह कहना चाहते हैं कि दुनियांमें ऐसा कोई प्राणी नहीं है, चाहे कृष्णमें मानता हो, चाहे शिवमें मानता हो, चाहे राममें मानता हो, चाहे अल्लाहमें मानता हो, और न राममें मानता हो, न अल्लाहमें मानता हो, चाहे अपनी औरतमें ही मानता हो, या अपने धंधेमें ही मानता हो, या राक्षसकी तरह खुदके प्राणपोषणमें ही मानता हो, ऐसा कोई आदमी हो ही नहीं सकता, यदि प्राणी है तो उसको परमात्मामें सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह है, है और है ही. पर अन्तर क्या है कि वो सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह कोईमें प्रकट होता है और कोईमें प्रकट नहीं होता.

जैसे जमीनके भीतर पानी भरा हुवा है, खोदें तो मिलेगा. कुआ खोदनेसे पानी पैदा नहीं होता है. कुआ खोदनेसे जमीनके भीतर रहा हुवा पानी अचानक फूट पड़ता है. और नहीं खोदो तो बिचारा भरा रहता है वहां. ऐसे हर आत्मामें सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह भरा हुवा ही है. कोई उसको माहात्म्यज्ञान द्वारा खोदता है तो उसको मिलता है. कोई नहीं खोद पाता तो उसको नहीं मिलता है. इस अर्थमें माहात्म्यज्ञान द्वारा सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह पैदा नहीं हो रहा है. पर उसको खोदके निकाला जा रहा है. जिस माहात्म्यज्ञानसे अपन खुदाई कर रहे हैं, अपनी आत्मापे चढ़े हुवे उन अज्ञानके आवरणोंकी, जिन आवरणोंके कारण वो सुदृढ़





सर्वतोधिक स्नेहकी धारा प्रकट नहीं हो पा रही है, माहात्म्यज्ञान वो काम कर रहा है. उसको पैदा नहीं कर रहा है.

जब स्वस्तिक सोसाइटीमें फ्लैट लेना था, तब हमारी बड़ी इच्छा थी कि वहां कुआ खोद लें. खूब खूब खुदाईयां करवायीं. सबसे पहले क्या हुवा कि बीस फुट पे खोदा तो मीठा जल निकला. बड़ी हिप हिप हुर्रे हो गयी कि निकला निकला. जब जांच पड़ताल करवाई गई तो पता चला कि ये जल जमीनका जल नहीं है पर बागमें डाले गये पानीका है. बाजूवाला अगर बागमें पानी नहीं डालेगा तो वहां जल ही नहीं आयगा. उनसे कहा चालीस फुटपे खोदके देखो. तो वहां मीठा जल नदारद था. बीस फुटपे मिला हुवा जल, बागमें जो जल डालते हैं वो नीचे कहीं जमा हो रहा था, वो सुदृढ़ सर्वतोधिक जल नहीं था, चालूखातेका जल था, प्रवाही जल.

तो ऐसे माहात्म्यज्ञान नहीं होने पर अथवा किसी समय मिथ्या माहात्म्यज्ञान हो जाने पर, किसी जगह प्रकट हो जाता है पानी, पर वो मिथ्या होता है. हमने थोड़ा माहात्म्य खोदा, तो थोड़े खोदनेसे क्या है कि कभी अचानक निकल आता है, वो मीठा भी लगता है, पर वो माहात्म्य नहीं होके भ्रमणा हो जाती है. यद्यपि माहात्म्यज्ञान पूर्वक होता है, पर वो माहात्म्यज्ञान जन्य नहीं होता. जन्य होना एक दूसरी चीज है, पहले माहात्म्यज्ञान प्रकट हो और फिर स्नेह प्रकट हो तो उस स्थितिमें उसको भक्ति कहा जायेगा. ये साधनाका प्रकार है.

लीलाके प्रकारमें इससे कभी वैपरीत्य भी होता है. स्वरूप पहले प्रकट हो जाता है और प्रकट स्वरूपमें अपनेको पहले स्नेह हो जाता है और फिर अवतीर्ण श्रीकृष्ण धीरे धीरे अपना माहात्म्य प्रकट करते हैं, कभी उबासी खाके, कभी गिरिराज उठाके, कभी दावानल पान करके. वो धीरे धीरे अपना माहात्म्य प्रकट करते जाते हैं प्रभु, बाकी तो **"ब्रज भयो महरिके पूत जब ये बात सुनी. सुनि आनन्दे सब लोक गोकुल गणित गुनी"**. स्नेह तो

प्रकट हो जाता है प्रकट होते ही स्वरूपके कारण, माहात्म्यके कारण नहीं. फिर जो स्वरूप प्रकट हुवा लीलामें वो माहात्म्य प्रकट करता है. वहां दूसरा उलटा क्रम है. और साधनामें उलटा क्रम लें तो वो ही गति हो जायगी सियार और शेरकी जो वार्ता सुनाई मैंने आज. वार्ता तो सच्ची थी. जंगलमें शेर अपने शिकारको खा कर जब चला जाता तो सियारको बिना पुरुषार्थ किये खाना मिल जाता! ऐसा देख कर त्यागी साधक बैठ गया कि भगवान मुझे भी इसी तरह भोजन उपलब्ध करा देगा. परन्तु भोजन उपलब्ध नहीं हुआ और वह मर गया. मरने पर उसने भगवानके सामने शिकायत की कि आप पर भरोसा रखनेवाले साधकको आपने क्यों मरने दिया? भगवानने कहा मेरे पर भरोसा रखनेवालेने शेरको अपना आदर्श माननेके बजाय सियारको क्यों माना? लीलाके आधारपे अपने आपको मान लें न तो गड़बड़ हो जायेगी. लीलाके आधार पर नहीं, भगवानके उपदेशके आधार पर हमें अपने जीवनको संवारना चाहिए. जैसा कहते हैं कि **"नहि कल्याणकृत दुर्गतिं तात गच्छति"** तो भी लीलामें तो कुछ बातें दूसरी हैं. पूतनाको भगवानने मोक्ष दिया, इसलिये अपनेको भी प्रभुको जहर भोग धरना? और शिशुपालको सौ गाली देने पर मोक्ष दिया तो ठाकुरजीको अपन भी गालियें दें? अरे होलीमें जो गाली दे रहे हैं वो स्नेहकी गाली हैं, द्वेषकी गाली नहीं हैं. द्वेषकी गाली थोड़े ही दी जाती हैं. तो लीलासे अपनी गति निर्धारित नहीं होती है. लीलासे शास्त्र निर्धारित होता है. और शास्त्रसे गति निर्धारित होती है.

इस बात को आप सब लिखके समझो कि प्रभुने जो लीला करी, **"लीलां करोति शास्त्रार्थं च स्थापयति"**. ये महाप्रभुजीका एक वाक्य है. प्रभु प्रत्येक लीला करके किसी शास्त्रार्थका स्थापन करते हैं. ये शास्त्रार्थ स्थापित हुआ, उस शास्त्रार्थसे अपना कर्तव्य निर्धारित करना चाहिये. लीलासे सीधे कर्तव्य निर्धारित नहीं करना चाहिये. जैसे एक लीला समझो कि सिंहकी और





सियारकी जो कथा, वो एक लीला है वो प्रभुकी. इस प्रभुकी लीलामें क्या शास्त्रार्थ स्थापित हुआ? इसमें बुद्धि लगाओगे तो समझमें आयेगा कि सिंहका अनुकरण करना कि सियारका करना? ये शास्त्रार्थ इसमेंसे निकालना पड़ेगा. अर्थात् अगर अपन सियारका अनुकरण करते हैं तो वानरलीला होगी और सिंहका अनुकरण करते हैं तो नरलीला होगी. तो ये शास्त्रार्थ इसमेंसे निकालना पड़ेगा. **"लीलां करोति शास्त्रार्थं च स्थापयति"**. और जो शास्त्रार्थ स्थापित हुआ, उसके बाद उससे कर्तव्य स्थापित होता है. लीलासे सीधा कर्तव्य निर्धारित करने जायें तो, **"लम्बे साथ ठिगना जाये मरे नहीं तो बीमार हो जाय."** अर्थात् लीलासे सीधे कर्तव्य निर्धारित करनेकी पद्धति शुद्ध वानरलीला है. लीलासे पहले शास्त्रार्थ स्थापित करना और फिर शास्त्रार्थसे कर्तव्य निर्धारित करना चाहिये. इसमें पौरुष रहा हुआ है.

अतएव भावप्रकाश आप पढ़ोगे तो हरेक वार्ताके नीचे श्रीहरिरायजीने भावप्रकाश लिखा, वो किसलिये? वार्तामें प्रकट हुई लीलामें आप सिंह सियारकी कथाका अनुचित अर्थघटन नहीं कर लो. अर्थात इसका वास्तविक अर्थ आप समझ लो. अतएव वार्ताको देखकर अपन अपना कर्तव्य निर्धारित करने जायेंगे तो बादमें बहुत बड़ी विडम्बना खड़ी हो जायेंगी सम्प्रदायमें जिसका कोई पार नहीं पड़ेगा. ये पद्धति नहीं है. वानरलीलाकेलिये ये अच्छी बात है पर ये नरलीला नहीं है. नरलीला इस प्रकार होनी चाहिये कि वार्ताओंमें जो प्रसंग वर्णनमें आया हो, इनका श्रीहरिरायजी जैसे प्राचीन महानुभावोंने जो शास्त्रार्थ स्थापित किया, उस स्थापित शास्त्रार्थसे अपना कर्तव्य निर्धारित करना चाहिये.

एक वार्ता पढ़ी और दौड़ पड़े झंडा लेके. मिल गया, मिल गया, मिल गया. इसमें कुछ ऐसा ही मिल जायेगा जैसे कि हमें प्लाटमें मिल गया था पानी, दस फुट नीचे, बीस फुट नीचे. ये पानी मूल पानी भी नहीं है बागीचाको पिलाया पानी है. ये कितने

दिन चलेगा? थोड़े दिन चलेगा बेवकूफ बनानेकेलिये. अगर इसमें पम्प लगायें तो तो सूख ही जायेंगा.

**श्रुतिसिद्ध रसाम्भोधि रासमण्डल मंडनम्।**
**गोपिकानयनानंदं गोवर्धनधरं भजे।।**

वाक्यमें वाक्यघटक मुख्य पदावली निकालनी आनी चाहिये. मुख्य वाक्य बहुत छोटा होता है. पर सम्बन्धोंके कारण विशेषणोंके कारण बढ़ता जाता है. "दशरथके पुत्र राम, दशरथकी पत्नी कैकयीके कहनेपर, जिसे मंथराने गलत सलाह दी थी, उस कैकयीके कहने पर, ऋषि मुनि जिन वनोंमें रहते थे वैसे वनमें वनवास करनेकेलिये पधारे." यह सब बड़े बड़े वाक्य हो गये. मुख्य वाक्य कितना "राम वनमें पधारे". मुख्य वाक्य इतना ही है बाकी सब उसके विशेषण हैं. राम कौन? दशरथके पुत्र. ये किस कारण पधारे? कैकयीके कहनेसे पधारे. कैकयी कौन? दशरथकी पत्नी. इस कैकयीने किस कारण रामको वनमें जानेकेलिये कहा? मंथराने कैकयीके कान भरे इसलिये कहा. कैसे "वन"में पधारे? जिस वनमें ऋषि–मुनी रहते थे. इतने सारे सम्बन्धों और विशेषणोंके कारण एक छोटा वाक्य बहुत बड़ा वाक्य बन जाता है. गुब्बारेको फुला–फुलाकर बड़ा बना देते हैं न वैसे. अब मुख्य वाक्यको पहचानना हमें आना चाहिये. ये सबसे पहली शर्त है. एक वाक्यको पहचाननेमें अपनी अक्ल चकरा जाये. पता ही नहीं पड़ता.

मैं जब छोटा था तब एक दिन जब हमारे घरमें इतनी बड़ी मिर्च आई (शिमलामिर्च). सबने मुझे कहा कि तुझे ये मिर्च खानी है. मुझे घबराहट हो गई कि इतनी छोटी मिर्च खाओ तो इतनी तीखी और इतनी बड़ी मिर्च न जाने कैसी होगी? मैंने कहा कि मुझे नहीं खानी है. पर होता है उलटा. बड़ी मिर्च इतनी तीखी नहीं होती जितनी लवंगिया मिर्च तीखी होती है. इस मिर्चका हम शाक बनाते हैं तो भी कोई तकलीफ नहीं होती. लवंगिया मिर्च





हो तो उसको शाकमें मसालेमें मिला दो, तो आनन्द हो जाये! तो बहुत सारी वस्तुयें ऐसी होती हैं, हिन्दीमें कहते हैं कि **"जाडा देखके डरना नहीं. दुबला देखके लड़ना नहीं."** बहुत बड़ी मिर्चका मतलब बहुत तीखी नहीं और बहुत छोटी मिर्च अर्थात् खाने लायक, ऐसा नहीं है. बहुत बड़ा बम हो ना चारगुना एटम बमसे पर एटम बमके सामने कुछ भी नहीं, क्षुद्र. इस बातको अच्छी तरह से समझ लेना चाहिये.

तो बहुत बड़ा वाक्य, इसमें घबराना नहीं, ये तो होता है बड़ी मिर्चकी माफिक. छोटा वाक्य कितना? ये तुरत छांट लेना चाहिये. ये छोटा वाक्य है **'गोवर्धनधरम् भजे'**. गोवर्धनधरका मैं भजन करता हूं. बस इससे अधिक नहीं. बाकी सब बड़े वाक्यकी तरह है. गोवर्धनधर कैसे? **श्रुति सिद्धम्.** श्रुतियोंसे सिद्ध होता है जिसका माहात्म्य वैसे गोवर्धनधरको भजता हूं. गोवर्धनधर कैसे? **रसाम्भोधि रासमंडल मण्डनम्.** रसका जो सागर ऐसा जो रास इसको महाप्रभुजी **"रसानां समूहो रासः"** ऐसा सुबोधिनीजीमें कहते हैं, लालूभट्टजी ऐसे कह रहे हैं. **रसानां समूहो रासः** अतएव लालूभट्टजी कह रहे हैं **रसाम्भोधिरास** रसका छलकता समुद्र वो रास, उस रासका जो मंडल, उस मंडलका शृंगार कौन है? गोवर्धनधर, श्रीनाथजी. ऐसा कैसे? रासमंडलके मंडन तो श्रीनाथजी गोवर्धनधर हैं. उस कारण **गोपिकानयनानंदम्** रासमंडलमें नृत्यकरनेवाली गोपिकाओंकी दृष्टि श्रीनाथजीपर टिकी हुई है. ऐसे श्रीनाथजीके स्वरूपकी भावना कर रहे हैं.

इसमें एक बात, जिसका ग्रंथके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है. पर इतिहासके साथ संबंध है. अतएव केवल खुलासा कर रहा हूं. यह 'गोवर्धनधर' नाम नाथद्वारामें श्रीनाथजी बिराजते हैं, उनके वंदनके कारण हो सकता है, पर लालूभट्टजीके कुलदेव ठाकुरजी भी गोवर्धनधर हैं जो जयपुरमें बिराजते हैं. लालूभट्टजीके परिवारके ठाकुरजी संयुक्त परिवारके ठाकुरजी गोवर्धनधर अभी भी जयपुरमें बिराज रहे हैं. हमारे सबका संबंध वहां है. बहुत

सुन्दर स्वरूप हैं. और लालूभट्टजीके खुदके ठाकुरजी जो कोटामें बिराजते हैं बालकृष्णलालजी, इन दोनों ठाकुरजीमेंसे इनकी या उनकी लालूभट्टजी ग्रंथ लिखनेसे पहले वंदना करते हैं. इनका नाम गोवर्धनधर है और उनका नाम बालकृष्णलाल है.

तो **गोपिकानयनानंदं गोवर्धनधरं भजे.** ये स्वयंके जयपुरके ठाकुरजीका भी स्मरण कर सकते हैं और श्रीनाथजीका भी स्मरण कर सकते हैं. दोनोंका एक साथ एकही नामसे वंदन हो सकता है. जैसे आपको ध्यानमें हो तो "**यदनुग्रहतो जंतुः सर्वदुःखातिगो भवेत्. तमहं सर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभनंदनम्**". ये गुसांईजीका लिखा हुआ श्लोक है, गुसांईजीने किसकेलिये लिखा? गोपीनाथजीकेलिये. पर जब हम इसका पाठ करते हैं तो इसमें क्या विचारते हैं कि श्रीगोपीनाथजी और श्रीगुसांईजी दोनोंका एक साथ इस श्लोकसे वंदन कर लेना चाहिये. श्रीगोपीनाथजी और श्रीगुसांईजी दोनोंका एकवत् वंदन करनेमें आया है. इसी प्रकार यहां दोनों गोवर्धनधरोंका एकवत् वंदन करनेका भाव यहां है.

**श्रीवल्लभपदाम्भोज रजांसि प्रणमाम्यहम्।**
**यत्सम्पर्काद् व्रजाधीश प्रेमसेवाम् जनोऽश्नुते।।**

अब ये दूसरा मंगलाचरण. ठाकुरजीका मंगलाचरण करनेके बाद दूसरा मंगलाचरण श्रीमहाप्रभुजीका करते हैं. **अहम्** अर्थात् मैं लालूभट्टजी स्वयं. **श्रीवल्लभपदाम्भोज रजांसि प्रणमामि.** मैं लालूभट्ट श्रीवल्लभके **पदाम्भोज** पद अर्थात् चरण, **अम्भोज** अम्भ अर्थात् जल, इसमेंसे उत्पन्न होने वाला अर्थात् कमल. श्रीवल्लभके चरणकमलकी रज अर्थात् परागको मैं प्रणाम करता हूं. **यत् सम्पर्कात् व्रजाधीशप्रेमसेवाम् जनः अश्नुते. जनः यत्सम्पर्कात् व्रजाधीशप्रेमसेवाम् अश्नुते.** जिन चरणकमलकी परागके सम्पर्कमें आनेसे व्रजाधीशकी प्रेमसेवाका जन आनन्द ले सकता है. गजबकी बात कह दी है. के श्रीमहाप्रभुजीके चरणकमलके परागके सम्पर्कमें आओ, चरणकमलकी पराग स्वयं इतनी चिकनी





है कि भूले भटके आप छू गये तो फिर आप श्रीठाकुरजीकी प्रेमसेवाको छोड़ नहीं सकते. इस चरणकमल परागका तुमको स्पर्श नहीं हुआ तो ही तुम मठड़ी बेच सकते हो. बाकी यदि सम्पर्क हो गया तो फिर प्रेमसेवाका दूसरा कल्प तुम अपना नहीं सकते. कल जो मैंने बात कही थी ना कि **आचार्यः पूर्वरूपम् अन्तेवास्ती उत्तररूपम्. विद्या सन्धिः प्रवचनं संधानम्.** रातको मैंने विचार किया कि वर्तमानमें हम क्या कर रहे हैं? तो **गोस्वामी पूर्वरूपं दर्शनार्थी उत्तर रूपं मनोरथः सन्धि मठड़ी संधानम्. इत्यधि पुष्टिम्** ऐसे हो गया है. ये प्रेमसेवा नहीं है. ये कोई दूसरी सेवा है. इस सेवाकी बात नहीं कर रहा. आचार्यके चरणकमलकी परागको जो भी स्पर्श करता है, तो प्रेमसेवाको अपनानेके अलावा उसके पास कोई विकल्प ही नहीं है. उसमें विवश हो जाता है. इस परागमें इतनी चिकनाहट है कि आपकेमें प्रेम प्रकट कर ही देगी. इस बातको नहीं भूलना चाहिये.

**श्रीविट्ठलेश्वरं वन्दे कृष्णसेवा प्रवर्तकम्।**
**येन गोवर्धनाधीश सख्येनात्मवशीकृतः।।**

लालूभट्टजी एक्सिलेंट लेखक हुये हैं अपने यहां. मस्तराम जिसे कहा जाता है. यहां जो गोवर्धनाधीश हैं वो श्रीनाथजीको उद्दिष्ट करके कहा जा रहा है. ऊपरके जो वचन हैं वो दोनों ठाकुरजीमें एकवत् भाव करके कहे गये हैं. पर यहां जो गोवर्धनाधीश हैं ये श्रीनाथजीके स्वरूपको लक्ष्य बना करके कहे गये हैं. तो यहां मुख्य वाक्य क्या है? **श्रीविट्ठलेश्वरम् वन्दे.** श्रीविट्ठलेश्वरको मैं वंदन करता हूं. विट्ठलेश्वर कैसे? **कृष्णसेवा-प्रवर्तकम्.** कृष्णसेवाके प्रवर्तक हैं. **येन गोवर्धनाधीश सख्येनात्मवशीकृतः.** हमारे यहां बहुत सारे पदोंमें आता है, **ऐसी प्रीति कबहूं नहीं देखी. श्रीवल्लभसुत और गोवर्धनधर जैसी.**

**अथ पुष्टिमार्गीया सेवा किम्प्रमाणमूलिका इत्यादि विचारः आरभ्यते.** अब यहांसे पुष्टिभक्तिमार्गीय सेवा है, किस प्रमाणके आधार पर पुष्टिमार्गीय सेवाका प्रवर्तन श्रीमहाप्रभुजी और

श्रीगुसांईजीने किया है? वगैरह विचार प्रारम्भ करते हैं. **तत्र 'सर्व वेदेतिहासानाम्'** (भाग.पुरा. १।३।४२।) **'निगमकल्पतर्रोगलितं फलम्'** (भाग.पुरा. १।१।३) **इत्यादि वचस्सहस्त्रैः सर्वश्रुतिसार-भूतत्वाद्** तो कहते हैं कि जब प्रमाणका विचार करना हो तो सबसे पहले **"सर्ववेदेतिहासानाम् सारं सारं समुद्धृतम् सर्ववेद"** और इतिहासके सारका सार यहां देनेमें आया है भागवतमें. और **"निगम कल्पतर्रोगलितं फलम्"** अर्थात् वेदरूपी जो कल्पतरू, इस कल्पतरूके ऊपर पका हुआ फल, वह भागवत है. भागवतको क्या कहते हैं कि **निगम** अर्थात् वेद और **कल्पतरू** अर्थात् वृक्ष, एक ऐसा वृक्ष कि जिसके नीचे बैठकर जो भी कामना हम करें वह फलीभूत हो, ये निगमरूपी कल्पतरूका **गलितं फलम्** अर्थात् पका हुआ फल, इत्यादि **वचः सहस्त्रैः** ऐसे हजारों वचनोंके आधारपर **सर्वश्रुतिसारभूतत्वाद्** भागवत क्या है? जितनी श्रुतियां हैं उन सबका सारभूत ग्रंथ है. अब एक बात लिख लो यहां, कि शास्त्रकी अपने यहांकी एक सिस्टम है.

**शास्त्र**

**१. श्रुति या निगम**
 *१ संहिता,*
 *२ ब्राह्मण,*
 *३ आरण्यक*
 *४ उपनिषद*
**२. स्मृति**
**३. सूत्र**
 *१. श्रौत्र*
 *२. कल्प*
 *३. गृह्य*
 *४.पूर्व मीमांसा एवं उत्तर मीमांसा*
**४. पुराण अठारह एवं अठारह उपपुराण**
**५. इतिहास**





**६. तन्त्र या आगम**
 ***१. दक्षिण***
  *१. शाक्त. २. शैव. ३. वैष्णव*
 ***२. वाम***
  *१. शाक्त. २. शैव. ३. वैष्णव*

शाक्त शैव और वैष्णव इनमें जो वाम तन्त्र हैं ये सब अपने यहां वर्ज्य माने जाते हैं. जितने भी वामसूत्र हैं ये सब वेदविरोधी होनेके कारण. शाक्त शैव और वैष्णव ये दक्षिणमें भी हैं और वाममें भी हैं. तो जितने दक्षिण तन्त्र हैं वो मान्य हैं और वाम तन्त्र ये सब अपने यहां अमान्य हैं. वामतन्त्रमें शराब पीनी, आदमीकी खोपड़ीको पात्र बनाकर इसमें भोजन करना, शमसानमें बैठना, ये सब वाम तन्त्रके आधार पर हैं. जबकि इनकी साधना बहुत मुश्किल है अगर कोई सच्चाईसे करे तो. सच्चाईसे करे कि दिखावेकेलिये करे **दूरात् नमस्करणीय.** अपने यहां इनको प्रमाण नहीं माना गया है. इतिहास, अपने यहां महाभारत और रामायण. इनको इतिहासके रूपमें लिया गया है.

ये सारी अपने शास्त्रकी रेन्ज है. लगभग यह सारा साहित्य मिलायें तो कमसे कम पांच दस लाख श्लोकोंका साहित्य है. अतएव एक आदमी खाली इनका पाठ ही करे, समझनेकी बात तो जाने दो, मर जायेगा तो भी पाठ पूरा नहीं होगा. समझनेकी बात तो बहुत दूर है. इतना विशाल साहित्य अपने भारतका था. और इतने विशाल साहित्यका अवगाहन करके आचार्योने पंथ निकाले हैं, इनके ऊपर कितना बर्डन होगा इसका तो विचार करो?

सामान्य विचार आयेगा, महाप्रभुजी कहते हैं कि **"अर्थोऽयमेव निखिलैरपि वेदवाक्यैः रामायणैः सहितभारतपञ्चरात्रैः. अन्यैश्च शास्त्रवचनैः सह तत्त्वसूत्रैः निर्णीयते सहृदयं हरिणा सदैव"..** अपना ग्रंथ लिखनेके बाद महाप्रभुजी कहते हैं जो मैं कह रहा हूं

वो जितने वेदवाक्य हैं उनका ये ही अर्थ है जो मैं कह रहा हूं. रामायण पञ्चरात्र भारत सबका अर्थ ये ही है जो मैं कह रहा हूं. अन्य दूसरे जो शास्त्र हैं जो मैंने आज बताये, मीमांसाके तत्त्वसूत्र उनका ये ही अर्थ है जो मैंने किया है. **निर्णीयते सहृदयं हरिणा सदैव** निर्णय इस प्रकार लेना चाहिये. अलग अलग लोगोंने अलग–अलग निर्णय लिये हैं पर मैंने कोई गलत अर्थ नहीं लिया. चौड़ा सीना चाहिये ये कहनेकेलिये. यह कोई गप्पबाजी नहीं है. ये तो अपने टके सेर भाजी टके सेर खाजामें महाप्रभुजीको बहुत हल्केपनसे लेते हैं पर ये सब चालूखातेका काम है. पर जो आचार्योंने परिश्रम किया है, उनके प्रति अपना थोड़ा कृतज्ञताका भाव हो, तो अपनेको विचार हो जाये कि हम कितने कृतघ्नी हैं. एक व्यक्तिने हमारे लिये इतना परिश्रम किया और हम उसके ग्रंथभी नहीं देखें, हम उनके ग्रंथोंका अवगाहन न करें, अखबार पढ़ें, टी.वी. देखें, वीडियो देखें, पर श्रीमहाप्रभुजीके ग्रंथ नहीं देखें? हमारे जितना कृतघ्नी कौन? महाप्रभुजीने इसका अवगाहन करके इतना सब कुछ अच्छी तरहसे निबन्धके आरम्भमें आचार्यचरण आज्ञा करते हैं **"इत्याकलय्य सततं शास्त्रार्थः सर्वनिर्णयः".** मैंने इसका एक बार ही विचार नहीं किया है अपितु इसका सतत विचार किया है कि शास्त्रका वास्तविक अर्थ क्या है? उसके बाद ही मैं कुछ बात कहनेको तत्पर हुआ हूं. मनमें एक फितूर आ गई और हांक दी. इस प्रकार नहीं हांका है. जैसे गांवकी गीतामें आया है न कि "आत्मा कोई मारे न मरे अजर अमर कहवाय. तू तारा तीर दीधे राख एमां तारा बापनुं शूं जाय?" इस प्रकारसे कोई तीर दीधे नहीं राख्या. **"इत्याकलय्य सततं शास्त्रार्थः सर्वनिर्णयः. श्रीभागवतरूपञ्च त्रयं वच्मि यथामति".** कितना परिश्रम आपने लिया होगा? आजकल तो बहुत सरल बात है. एक बात समझो आप सब लोग चुपचाप बैठे हो और मैं कुछ अंडबंड बोलूं तो किसे क्या खबर पड़ेगी? लेकिन वो जमाना ऐसा नहीं था. डंकेकी चोटपर शास्त्रार्थ करते





थे लोग. उस वक्त अपना मत कहा. आज तो शास्त्रार्थकी पद्धति ही कहां रही? किसीको खबर ही नहीं कि शास्त्रार्थ किस रीतिसे होता है? वो जमाना ऐसा नहीं था कि किसीने कुछ कह दिया और सबने सुन लिया और मान लिया. जिसकी आवाज सबसे ऊंची वो सच्चा. ऐसा नहीं था. निरन्तर शास्त्रार्थ करते रहते थे. एक गांवसे दूसरे गांवमें जाओ तो झगड़ा हो जाये. झगड़ा मारपीटका नहीं, पर शास्त्रार्थमें झगड़ा होता था. उस स्थितिमें अपना मत अलग बनाना और सिद्ध करना कितने परिश्रमकी बात है. आज तो जो मनमें आये वो भाषण करो बड़बड़ाध्याय करो किसीको पता चलता है कि क्या कह रहे हैं. दोचार बात ऐसी वैसी कहूं तो सबको लगे कि प्रवचन बहुत अच्छा करते हैं. दो चार बात हंसी मजाककी नहीं कहूं तो उदास हो जाते हैं कि आज मजा नहीं आया. प्राचीनकालमें अच्छा या अच्छा नहीं इस प्रकार चलता था कि आप क्या बोल रहे हो? इसका प्रमाण क्या है? वेदमेंसे बताओ, स्मृतिमेंसे बताओ, सूत्रमें दिखाओ, पुराणमें दिखाओ, और महाराज अगर भुलक्कड़ हुवे तो कहां से लायेंगे? कितना अधिक शास्त्रका आकलन करना पड़ता होगा, इसकी छटनी करनी पड़ती होगी कि इस विषयका यह वचन है, इस विषयका यह वचन है. और उन विषयोंके वचनोंकी सारी सोर्टिंग करके निरूपण करते समय, इन वचनोंको कहना, अरे आज तो सारी किताबें मौजूद हैं, एक एक बांचो तो तुरत पढ़ी जा सकती हैं, पुराने जमानेकी किताब पढ़ो तो न तो पूर्ण विराम और न ही अल्प विराम. यहां से शुरु करें तो वहां तक एक ही पेराग्राफ, पढ़ें तो पढ़ें किस तरह? पढ़ा ही नहीं जाये. उन किताबोंको पढ़ पढ़ कर सब पढ़ना और आज तो आपके यहां बिजली है, रात भर भी पढ़ो तो कौन न करता है? उस वक्त रातको दिया जोड़ो तो तेलही खत्म हो जाता था, कैसे वो लोग पढ़ते होंगे? और महाराज मुफतिया नहीं होते थे कि सेवा नहीं करे और बांचते ही रहें, सेवा भी करते थे और बांचते भी थें, झगड़ा भी करते थे,

शास्त्रार्थ भी करते थे. एक ही गांवमें नहीं बिराजते थे, एक गांवसे दूसरे गांव, दूसरे गांवसे तीसरे गांव चलते ही रहते थे. किस प्रकारसे मैनेज करते थे, खोपड़ी कामही नहीं करती. शान्त चित्तसे विचार करोगे न तो पता चलेगा कि हमारे बड़ोंने क्या किया है और हम कितने बेदरकार हैं.

मोटे तौर पर यह तो एक अप्रासंगिक बात है पर च्यूंकि यह ग्रंथका शिविर है इसलिये मुझको यह कहना पड़ रहा है. मैं सिद्धपुर पाटण गया, वहां जैन लोगोंका बहुत बड़ा विशाल ग्रंथागार है. इतनी बड़ी बड़ी दीवारें और इतने बड़े बड़े लोहेके रैक्स् और उसमें एक एक ग्रंथ बड़ी सावधानीसे रखा गया था. अपने सम्प्रदायके ग्रंथ भी वहां रखे हुये हैं. हमारे यहांके ग्रंथोको वो इस प्रकार सुरक्षित रखते हैं. चार पांच बरस पहलेकी बात कहता हूं कि किसीके यहां मेरा जाना हुआ, पुस्तकालयकी सूची बनानेकेलिये, इतने हस्ताक्षर बिखरे पड़े थे बेतरतीब यहां वहां ऊपर नीचे, सूची बनाते बनाते एक हस्ताक्षर ऊपर मेरी दृष्टि पड़ी तो पता चला कि ये तो महाप्रभुजीके हस्ताक्षर हैं. पैरमें पड़े हुये थे. अब एक बात कहता हूं आप गुण अवगुणकी बात करते थे न उस दिन मैंने चोरी नहीं की. उसको मैं अपना अवगुण मानता हूं गुण नहीं, मुझे बस एकही बात आड़े आ गई कि जिस व्यक्तिने मेरे ऊपर विश्वास करके सूची बनानेकेलिये बुलाया उसके यहां ही मैं चोरी करूं? नमकहरामी कहलाती है. नहीं करी चोरी, बाकी तो हस्ताक्षर रजमें पड़े हुये थे, ये प्रबल इच्छा हुई कि किसी प्रकार अपने थैलेमें रख लूं, पर मैंने कही न, हिम्मत नहीं पड़ी. ये विचार आया कि उसने विश्वास करके बुलाया और अपनेको दगाबाजी नहीं करनी चाहिये. बाकी तो उसे खबर ही नहीं कि महाप्रभुजी या किसके हस्ताक्षर हैं? अगर कहता कि कागज है सस्ता आप कहो तो ले लूं तो वो कह भी देता कि ले लो, उसे तो पता ही नहीं चलता कि क्या है? ऐसा अपना हाल है. यहां तो ओपनिंग बैट्समैनही क्लीन बोल्ड है. पहली सर्विसमें





तीनों विकिट डाउन. पैरोंमें रखड़ते हुये हस्ताक्षर, ओपनिंग बैट्समैनके, तो हमारे जैसे दसवें ग्यारहवें नम्बरपे बैट पकड़ने वालोंका क्या होगा? मैदानमें भी आयें कि नहीं आयें ये चिन्ताकी बात है. दुगर्ति देखो अपने सम्प्रदायकी! श्रीपुरुषोत्तमजीके, श्रीहरिरायजीके, सारे बालकोंके हस्ताक्षर इस प्रकार जमीनपे पड़े हुये थे, कहीं दीमक खा गई है, कहीं पानीमें इस प्रकार चिपक गये थे कि उन पत्रोंको अलग करो तो पहलेके अक्षर दूसरेके ऊपर आ जायें और दूसरेके पहलेके ऊपर. और कुछ भी पढ़ा ही नहीं जाये. ये सावधानी रख रहे हैं हम अपने ग्रंथोंकी!! और जैनोंके संग्रहालयमें आप जाके देखो अहमदाबादमें है एल. डी. इन्स्टीट्यूट तो जैसे कोई हीरे, मोती, माणिक रखे हों. ऐसे पुस्तकों को रखा है. इन लोगोंने कितनी सावधीनीसे पुस्तकें रखी है. साठ हजार पाण्डुलिपि हैं इन लोगोंके पास. मजा आ जाये, तबियत प्रसन्न हो जाये, देख कर. इसका नाम सावधानी पुस्तकोंकी. हम कितने फूहड़ लोग हैं कि हमें मठड़ी और मोहनथालके अतिरिक्त कुछ दूसरा धंधा ही नहीं रह गया. इनमें सारा पैसा बेकार चला जाता है. श्रीमहाप्रभुजीके हस्ताक्षरोंके ग्रंथोकी सावधानी हम नहीं ले सकते तो दूसरा क्या करेंगे? कृतघ्नी, कितने कृतघ्नी हैं हम लोग ये तो विचारो!! ग्रंथकी बात चली तो कहना पड़ा हालांकि ये सेवाकौमुदीका विषय नहीं है, कुसेवाकौमुदीका विषय है ये.

स्मृतियोंके भेद अपार हैं, जैसे तन्त्रोंका विस्तार सवा दोसौ तन्त्र हैं, इनका तो अन्त ही नहीं आता. ये फिर डेढ़ दो लाख श्लोकोंका साहित्य है. मनु स्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति वगैरह. दक्षिण तन्त्रके दो भेद, शैव, वैष्णव और शाक्त, वैष्णवके फिर दो भेद वैखानस और पाञ्चरात्र. उसमें भी पाञ्चरात्र तन्त्र अपने यहां मान्य है और वैखानस तन्त्र अपने यहां बहुमान्य नहीं है. साधारण हो तो चलता है पर बहुमान्य नहीं है. इस प्रकार इसकी व्यवस्था है. बहुत विपुल साहित्य है. और जो वेद हैं ना, इनके फिर छः

अंग, **शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरूक्तो छंद ज्योतिषम्.** ये इनके अंगभूत साहित्य है. कल्पसूत्रमेंसे सब भेद निकले हैं **श्रौत्र, गृह्य, धर्म**. छः अंगोके साथ वेद पढ़े तो वेद पूरा होता है. फिर स्मृति, सूत्र, इतिहास, पुराण, पागल होना हो तो ये पूरा साहित्य होता है. और बुद्धिमान हो तो ये पूरा साहित्य है. पागल ही हो जाये आदमी. यह सब मैंने इस कारण कहा कि "**सर्ववेदे इतिहासानाम् सारम् सारम् उद्धृतम्.**"

तो महाप्रभुजीने क्यों भागवत मान्य रखी? क्योंकि सर्ववेद इतिहासका सार भागवतमें श्रीव्यासजीने वर्णित किया है. "**निगम कल्पतरोर्गलितं फलम्.**" अब आप समझ सकते हो कि श्रुति अर्थात् निगम. निगम कल्पतरू है. इस कल्पतरू रूपी वृक्ष पर पक्व फल भागवत है पका हुआ फल. भागवत सर्वश्रुतियोंका सार है. अब तुम्हें पता चला कि श्रुति अर्थात् निगम. अब इसे श्रुति क्यों कहा जाता है?

अब ये समझो. आज तो स्कूलवाले हमें उलटा पढ़ाते हैं, ये पढ़ लेना चाहिये इसमें कोई दिक्कत नहीं पर अपनी बात भी समझनी चाहिये अच्छी तरहसे. जिसे हम वेद कहते हैं अथवा जिसे हम श्रुति कहते हैं, वो ग्रंथ ऐसे ग्रंथ हैं कि जिनको लिखनेवाला कोई व्यक्ति नहीं था. ऋषियोंने समाधिमें इन वाक्योंको सुना. इन वाक्योंको इनने विचारा नहीं था. स्वयं बनाये नहीं थे. पर समाधिमें इनने ये वचन सुने. सुना इसलिये इनका नाम 'श्रुति'. और इन श्रुतिका जो अर्थ था, उनका उन उन प्रसंगोमें, उस उस कालमें अर्थ विचार करके, स्मरण करनेमें जो वस्तु आयी, उसका नाम 'स्मृति'. अब श्रुति और स्मृति वनके जैसे हैं, जिसमें कुछ भी कहीं भी हो सकता है पर सूत्र बगीचा के जैसे हैं. ऋषियोंने बादमें इन वचनोंके आधार पर कुछ कुछ गूंथा, सजाया है. वह सब सूत्र कहलाये. इन श्रुतिमें, स्मृतिमें, जो वचन आये हैं, उन्हें विषयक्रमसे गूंथा. अधिकारक्रमसे गूंथा. बहुत सारे सिद्धान्तोंके आधारपर अलग अलग गूंथन किया. वो सूत्र कहलाये.





विभिन्न सिद्धान्तोंको सूत्रोंके रूपमें गूंथकर हमें समझा दिया. इन सूत्रोंको ऋषियोंने लिखा है. यह सुनाया नहीं. स्मृति ऋषियोंने लिखी है. सुनी हुई बात नहीं है. याद करके स्वयं लिखा है. तो स्मृति, सूत्र, पुराणके बारेमें एक बात फिरसे समझनेकी है. आजके स्कूलके सारे पाठ्यक्रमोंमें ऐसे समझानेमें आता है, कि पुराण सब लिखे हुये हैं. पर एक बात समझो कि पुराणका मूल संदेश, मूल उपदेश लिखा हुआ नहीं है पर वेदकी अपेक्षा भी प्राचीन है. "**पुरा भवं पुराणं**". वेद बादके हैं. पुराण इनसे पहलेके हैं. पुराण उस प्रकार प्रकट नहीं हुये जैसे श्रुति हुई, पर जो मूल पुराण थे, उन्हें ऋषियोंने समाधिसे अथवा अपनी सर्वज्ञतासे या अपनी तप साधनासे या किसी ऋषिने किसी ऋषिसे सुना या कर्णोपकर्ण सुनी हुई बात पुराण रूपमें योजित करी. योजन ऋषियोंने किया अतएव इसका श्रेय कहो या आरोप कहो ऋषियोंपर अथवा व्यासजीपर, बाकी वास्तवमें तो पुराण स्वयं ही इस बातका द्योतक है कि ये वेदकी तुलनामें पुराने हैं. पुराण अर्थात् पुराना. नया नहीं है. और वेदमें भी पुराणका वर्णन आता है. स्वयं वेद ऐसा कहते हैं कि "**इतिहासपुराणं पंचमो वेदः.**" पुराण पांचवा वेद हैं.

हमने शास्त्रका सामान्यतया स्वरूप समझनेका प्रयास किया इसमें भागवत कैसी है? सर्वश्रुतिकी सार भूत है. अतएव भागवतकी निखिल प्रमाणमें, जितने प्रमाण, प्रमाण अर्थात् ये शास्त्र, शास्त्रोंको अपने यहां प्रमाण कहते हैं. ये जितने प्रमाण हैं, इन सब प्रमाणोंमें भागवत मूर्धन्य प्रमाण है. किस कारण? क्योंकि समस्त शास्त्रोंका इसमें निचोड़ है. सब प्रमाणोंमें श्रेष्ठ प्रमाण है भागवत. भागवतमें तीन प्रकारकी भाषा है. अमुक भाषा जिसे व्यासजीने समाधिमें सुना, जिस प्रकारसे ऋषि श्रुतिको सुनते थे, उसी प्रकार समाधिमें जो बात व्यासजीने सुनी, उसे समाधि भाषा कहते हैं. जो बात व्यासजीने किसीसे सुनी कि फलाने ऋषि इस प्रकार कह रहे थे, भागवतमें ऐसी बात जो आती है, वो समाधि

भाषा नहीं है, परमत भाषा है. और कितनी कुछ लौकिक भाषा है. अर्थात् इसमें मूल बात समझनेकी हो तो उसे समझानेकेलिये लौकिक भाषाका प्रयोग करना पड़ता है. इस तरह भागवतमें तीन प्रकारकी भाषा हैं. इसमें जो समाधिभाषाका जो पोर्शन है, वह एक अध्याय अथवा एक पाद इस प्रकार नहीं है. सारी भागवतमें बिखरा हुवा है. समाधिभाषामें वर्णित सारे भागवतके वचन, प्रमाणरूपमें उच्चकोटिके प्रमाण हैं. ऐसा श्रीभागवतके आधारपर श्रीमहाप्रभुजीका अभिप्राय है. आप ग्रंथका अध्ययन करने बैठे हो तो आपको बहुत भारपूर्वक यह बात समझनेकी है.

हमारे यहां नब्बे प्रतिशत जो पुष्टिमार्गीय हैं और जो पुष्टिमार्गीय नहीं हैं उन सबके दिमागमें एक ऐसी भ्रमणा घुस गई है कि महाप्रभुजी चार प्रस्थानको मानते हैं. और दूसरा कुछ मानते ही नहीं. महाप्रभुजी कहते हैं किस लफड़ेमें फंस गया मैं!! मैंने दिनकर जोशीका एक बहुत अच्छा लेख पढ़ा. मुझे फिर फिर कर याद आ जाता है. किसीकी लड़की कुछ कुलक्षणी थी. उसका सम्बन्ध नहीं हो रहा था. सम्बन्धियोंने खोज खाजकर एक अच्छा योग्य लड़का इसकेलिये ढूंढ लिया. उस लड़कीके मां बाप तो प्रसन्न प्रसन्न हो गये. कि भगवान कैसा कृपालु है कि ऐसी कुलक्षणी लड़कीके साथ इतने योग्य लड़केका सम्बन्ध हो गया. तो दिनकर जोशी लिखता है कि भगवान लड़कीके ऊपर कृपालु है पर लड़केके ऊपर क्या? लड़केके ऊपर भगवानने क्या कृपा करी कि कुलक्षणी लड़की दिलवा दी?

मुझे बहुत बार ऐसी ही चिन्ता होती है कि भगवान कृपालु हैं अपने ऊपर कि हमें महाप्रभुजी जैसा आचार्य दिया पर महाप्रभुजीका क्या? हमारे जैसे हरामखोर अनुयायी सौंप दिये. दिनकर जोशीकी माफिक इस गंगारामको ये चिंता बहुत सताती है कि कृपा हुई है ठाकुरजीकी इसमें तो दो मत हो ही नहीं सकते कि हमें महाप्रभुजी जैसे आचार्य दिये. पर महाप्रभुजीने क्या गुनाह किया कि हमारे जैसे दुष्टमें दुष्टजीव महाप्रभुजीको सप्लाई





कर दिये. कोई बात सुनते ही नहीं. सुनें तो समझते नहीं हैं. समझें तो उसे अनुसरते नहीं हैं. ये महाप्रभुजीके साथ श्रीठाकुरजीका क्या झगड़ा था, ये तो हम पूछ भी नहीं सकते. क्योंकि पूछने जायें तो फिर महाप्रभुजी गुस्से हों कि ये नहीं पूछा जाता "कौन ये खेलवेकी बानि?" फिर तो हमें यह ही कहना पड़ेगा कि "भली ये खेलवेकी बानि". तो ऐसी स्थितिको चलने दो. बाकी दिनकर जोशीका लेख पढ़ा तो उस वक्त मुझे ये ही बात याद आई कि हमारे यहां भी तो ऐसा ही है. कुलक्षणी लड़कीको योग्य लड़का मिल गया. ये तो वास्तवमें परमात्मा कृपालु है. पर लड़केकी तरफसे देखो ना? इस मैटरको इस तरफसे देखो ना? इस तरफसे क्यों नहीं देखते? कभी महाप्रभुजीकी साइडसे भी तो देखना चाहिये कि नहीं? कैसे कैसे गिलिन्डर इक्ट्ठे हो गये हैं श्रीमहाप्रभुजीके साथ. ये वास्तवमें बहुत विचारने जैसा है. हमें तो महाप्रभुजी मिले इसमें तो दो मत हो ही नहीं सकते. ठाकुरजी बहुत कृपालु हैं. अब जो है सो है. समझानेकेलिये कहा है ये सब.

**मूर्धा** अर्थात् माथा. माथेके स्थान पर जो हो वो **मूर्धन्य.** अर्थात् ऊंचेमें ऊंचा. तो मोटे तौरपर पुष्टिमार्गीयोंमें हमने खुद ही भ्रमणा फैला दी तो बाहर वाला बिचारा क्या करेगा. जब सब ही मान रहे हैं कि महाप्रभुजीके मतमें चारही प्रमाण हैं. **"वेदा श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि चैव हि समाधिभाषा." अच्युतं केशवम्!!** अरे भई देखो महाप्रभुजी क्या कह रहे हैं. महाप्रभुजी ऐसे नहीं कह रहे हैं कि हैं और दूसरा कोई प्रमाण ही नहीं है, **"अर्थोऽयमेव निखिलैरपि वेदवाक्यैः रामायणैः सहित भारतपञ्चरात्रैः. अन्यैश्च शास्त्रवचनैः सह तत्त्वसूत्रैः निर्णीयते सहृदयं हरिणा सदैव.** (शा.प्र.१०४) महाप्रभुजी यह आज्ञा क्यों कर रहे हैं अगर चार ही प्रमाण हों तो? महाप्रभुजी तो उस सीमा तक हिम्मती आचार्य हैं कि कोई भी शास्त्रका वचन मिथ्या हो ही नहीं सकता. महाप्रभुजीने इतनी टफ फाईट दी है हरेक आचार्यके

सामने. एक बात समझो, एक अपने महाप्रभुजी ही हैं जो ऐसे कहते हैं कि किसी भी शास्त्रका वचन मिथ्या प्रतिपादक हो ही नहीं सकता पर आपको हरेक वचन समझना पड़ेगा. किस स्तरपर, किस शास्त्रका अर्थ, किस प्रकार समझना. इसकी भूमिका तुम्हें निश्चित करनी पड़ेगी. अतएव प्राथमिक भूमिकामें महाप्रभुजी कहते हैं विशेष करके शास्त्रार्थ प्रकरणको समझाते हुये कि इस ग्रंथमें जो बात मैं कह रहा हूं वो समस्त शास्त्रोंकी परवाह किये बिना नहीं कह रहा, इस ग्रंथमें जो बात मैं कह रहा हूं, वह बात **वेदाः श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि चैवहि. समाधिभाषा व्यासस्य प्रमाणं तत् चतुष्टयम्.** (शा.प्र.७) अब इसके बाद इसमें ये लफड़ा है महाप्रभुजी स्पष्ट आज्ञा कर रहे हैं, कि **एतत् चतुष्टयम् एकवाक्यतापन्नं सत् प्रमाजनकं** (शा.प्र.७ प्रकाश), चार प्रमाण नहीं भई इन चारोंकी एकवाक्यता प्रमाण है. और इसके बाद अपन अगर पढ़ें, पर समझें नहीं और गांवमें कह दें कि महाप्रभुजीके मतानुसार चार प्रमाण हैं तो कौन गुनहगार! किसने कहा चार प्रमाण हैं? चार प्रमाण नहीं पर एक ही प्रमाण है इस श्लोकमें तो. महाप्रभुजी इस श्लोकमें क्या कह रहे हैं? ये चार ग्रंथ वेद, गीता, ब्रह्मसूत्र और भागवत, ये चारों अलग अलग प्रमाण नहीं हैं, पर इन चारोंको एक दूसरेके साथ जोड़ो, और तब जोड़नेसे जो अर्थ निकलता हो, वो अर्थ प्रमाण है. चारोंको अलग अलग करो, तो फिर प्रमाण नहीं है. अप्रमाण है. ऐसे कह रहे हैं. इन चारोंके चारोंको एक दूसरेके साथ जोड़ो, समन्वय करो, और इनका समन्वित अर्थ प्रमाण है. ऐसे कह रहे हैं. और यह बात समग्रताकेलिये नहीं कह रहे. ये जो ग्रंथ लिखा है शास्त्रार्थ प्रकरण, उसकेलिये कह रहे हैं. आपको मुद्दा समझमें आया?

उदाहरणकेलिये एक बात कहता हूं. कि जो कुछ मैं आपको कह रहा हूं, ये सेवाकौमुदीके आधार पर कह रहा हूं. यह जो शिविर चल रहा है, ये किस ग्रंथके आधारपर चल रहा है?





सेवाकौमुदीके आधार पर, अब सेवाकौमुदीके आधारपर जो शिविर चल रहा हो, इसमें आप कहो निर्णयार्णव इसमें प्रमाण है कि नहीं? तो मैं कहूंगा कि निर्णयार्णव इसमें प्रमाण नहीं है. क्योंकि यहां विषय चल रहा है सेवाकौमुदीका, यह शिविर चलानेमें सेवाकौमुदी प्रमाण है, निर्णयार्णव प्रमाण नहीं है. पर जब निर्णयार्णवकी चर्चा चलेगी तब निर्णयार्णव प्रमाण होगा, तब सेवाकौमुदीको एक तरफ पधरा देंगे. महाप्रभुजी यहां क्या कह रहे हैं कि जो मत मैं उपस्थित कर रहा हूं, उसमें वेद, श्रीकृष्णवाक्य, व्याससूत्र और भागवतकी समाधि भाषा अलग अलग चार प्रमाण नहीं हैं, पर इन सबकी एकवाक्यता प्रमाण है.

बातका तात्पर्य समझमें आया न. रस्सी अगर बटी हुई नहीं हो, तो कच्ची पड़ जायेगी, टूट जायेगी. एक दूसरेके साथ बट कर मोटी रस्सी बनायें तो उसमें मजबूती आयेगी. तो महाप्रभुजी शास्त्रार्थ प्रकरणके प्रमेयको, चारों प्रमाणोंकी सुतलियोंको एक दूसरेके साथ बट कर एक मोटा रस्सा बनाकर बांधना चाहते हैं. वो खाली इस ग्रंथकेलिये, सब स्थानोंकेलिये नहीं. अब इसकेलिये हमने ये गलतफहमी फैलादी. अपन खुद ही नहीं पढ़ें और गांवमें फैलादें और तो फिर गांववालेभी कहेंगे कि हमारे यहां चार प्रमाण! अरे किसने कहा कि चार प्रमाण हैं? एक ही प्रमाण है. पुस्तक उठाके देखो जहां उठाओ वहां यही मिलेगा.

एक ही प्रमाण है और महाप्रभुजीसे ये बात अगर आप पूछो, जो बात मैं आपको कहने जा रहा हूं वो इतने गजबकी बात महाप्रभुजीने कही है कि जितने भी वचन हैं ये तो सरस्वती हैं. सरस्वती झूठी हो ही नहीं सकती. अतएव जो वचन हैं वो सब प्रमाण हैं. दुखकी बात है ये कि जो महाप्रभुजी कह रहे हैं हम उसका अर्थ ही नहीं समझते. जब ज्ञानकी, ब्रह्मज्ञानकी दशा आये, आपको ब्रह्मका अनुभव हो, तो आपको समझमें आयेगा कि किसी भी शास्त्रका कोई भी वचन मिथ्या हो ही नहीं सकता. पर अगर ब्रह्मज्ञानकी दशा पर आप नहीं पहुंचे हो, तो उसके पहले

बातकी शुरुआत करनी हो तो समझो कि हम इस सेवाकौमुदीके शिविरको शुरु कर सकते हैं. तो इस ग्रंथको पढ़कर पूरा करनेका प्रयास तो करोगे ही न? अब सोचो कि इन सारे ग्रंथोंका फैलाव करके आपको कहूं कि इनपर शिविर करना है? तो हो सकता है क्या? बात ही शुरु नहीं होगी क्योंकि इसे पढ़ना कि उसे पढ़ना, पुस्तक निकालनेमें सारा समय निकल जायेगा. इसीलिये महाप्रभुजी कहते हैं कि अभी सारे प्रमाणोंको भूल जाओ और इन चार प्रमाणोंको पकड़ो. इन चारों प्रमाणोंको एक दूसरेके साथ समन्वित करो. उसके बाद जो अर्थ निकले उसको समझनेका प्रयास करो. सिद्धान्तवचनावलीकी तरह, बादमें महाप्रभुजीके ऊपर भी यह आक्षेप आ सकता है कि अपने शास्त्रमें गौण प्रमाण है, यहां आपने मुख्य बना दिया तो बिचारे महाप्रभुजी भी क्या करेंगे? त्राहि त्राहि करेंगे कि भगवान मुझे बचाओ. मैं यहां पुष्टिजीवोंको बचाने आया, पर आप मुझे बचाओ. ऐसा हो जाता है. बड़ी अजीब स्थिति आ जाती है क्योंकि ये तो विचार करनेकेलिये प्रस्तावित प्रमाण हैं.

**"वेदाः श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि चैव हि."** वेद श्रीकृष्णके वाक्य अर्थात् गीता और व्यासजीके सूत्र और समाधि भाषा. आपको हंसी आयेगी, ये जो वचन हैं, वहां महाप्रभुजी आज्ञा करते हैं कि **"चकारत् जैमिनी सूत्राणि च."** (शा.प्र. ७ प्रकाश) अब चार कहां रहे? पढ़ कर देखलो कहीं दूसरी जगह नहीं. **"च"**का अर्थ महाप्रभुजी करते हैं वगैरह. वगैरह अर्थात् क्या? **जैमिनीसूत्र.** इसका स्पष्टीकरण भी स्वयं करते हैं. और फिर हम कैसे गिलिन्डर किं सारी पुस्तकोंमें छाप दिया कि महाप्रभुजीके मतानुसार चार प्रस्थान. किसने कहा कि चार प्रस्थान? एक भी प्रस्थान नहीं है. महाप्रभुजीके मार्गपर प्रस्थान करनेकी तुम्हारी योग्यता ही नहीं है. अरे चार प्रस्थान किस प्रकार हुये? हो ही नहीं सकते. इस एक ही जगह नहीं, तुम्हें अगर इसकी लिस्ट दूं तो त्राहि त्राहि हो जायेगी कि क्या हो रहा है महाप्रभुजीके नाम





पर!! और ये दुर्गति हमारे वैष्णव पढ़ते नहीं इसलिये होती है पर यूनिवर्सिटीके प्रोफेसर इसके ऊपर पी.एच. डी. करते हैं थीसिस लिखते हैं, तो वो भी ऐसा घोटाला कर देते हैं तो क्या करना? सब जगह ऐसा कौभाण्ड होता है. ऐसा है ही नहीं निश्चित समझो. महाप्रभुजीके मतानुसार शास्त्रमात्र प्रमाण है. अगर आपमें समन्वय करनेकी सामर्थ्य हो. और अगर सामर्थ्य नहीं है तो महाप्रभुजी कह रहे हैं कि तत्काल चार प्रमाणोंको पकड़कर चलो. क्योंकि इससे तुम्हें बात समझमें आ जायेगी. जैसे अपन बारहखड़ी सीखते हैं. तो **'क'** कमल कह कर सिखाते हैं, उस समय कोई बुद्धिमान आ जाये और कहे **'क'** कमल क्यों? कौएका क्यों नहीं? अब इसका क्या जबाव देना? चलो कौएका मान लिया. तो फिर कहेगा कलमका क्यों नहीं? तो कितनी मानेंगे उसकी बात? अंत ही नहीं आयेगा और **क** से आगे बात ही नहीं बढ़ेगी. अब **क** कमलका, **क** कलमका, **क** कुत्तेका कहां होगा इसका अंत? और फिर कहे भी यह कि पहले **क** का पाठ होने दो फिर **ख** पे जायेंगे. **ख** पे पाठ जायेगा ही नहीं. जायेगा कैसे **ख** पे पाठ? नहीं पढ़ना हो तो ऐसे बहुतसे ऊधम हो सकते हैं. पढ़ना हो तो इसमें ऐसे ऊधमकी जरूरत ही नहीं है. **क** कमलका समझ जाओ खाली बोलनेकी बात है. **ग** गणपतिका हो कि गधेका हो, क्या फर्क पड़ता है अगर **ग** समझना है तो? नहीं समझना हो तो बात समझमें कभी नहीं आयेगी. इसी प्रकार महाप्रभुजीने कमलका **क** ऐसे करके चार प्रमाण गिना दिये. जहां चार गिनाये उसमें भी एक और जोड़ दिया. **चकारत् जैमिनी.** ऐसे तो इसमें बहुत विस्तार है. एक बात समझो कि इस सन्दर्भमें **उत्तरं पूर्वसन्देहवारकं परिकीर्तितम्. इत्यनेन सर्वसन्देहवारकत्वं इति भागवतेन निर्णयः.** इसमें महाप्रभुजीने एक बात बताई कि वेदमें जो सन्देह आये उसे गीतासे दूर करो, गीतामें जो सन्देह आये उसे ब्रह्मसूत्रसे दूर करो, और ब्रह्मसूत्रमें जो सन्देह आये उसे भागवतसे दूर करो. पहले इस पद्धतिको विचारनेकेलिये

स्वीकारो. अगर महाप्रभुजीके वचनमें सन्देह आये तो श्रीगुसांईजीके वचनसे दूर करना, गुसांईजीके वचनमें जो सन्देह आये तो गुसांईजीके बादमें जो विद्वान बालक हुवे, उनसे दूर करना, यह एक पद्धति है विचार करनेकी. पर इस सीमाके बाहरसे कोई इसका कुछ और अर्थ निकाले तो उसका तो अन्त ही नहीं है फिर. इस पद्धति अनुसार श्रीमहाप्रभुजीने एक पद्धति यहां प्रस्तुत की, शास्त्रोंमें, वेद वचनमें सन्देह आये तो अगर आपको याद हो तो गीताके प्रवचनके प्रारम्भमें मैंने कहा था कि वेदमें कृष्ण परतत्व तुम्हें कहीं मिलेगा ही नहीं. ये तो गीता है इसलिये हमें पता चल रहा है कि कृष्ण परतत्व है वरना तो कैसे पता चलेगा कि कृष्ण परतत्व है कि नहीं? छान्दोग्यउपनिषदमें आता है एक जगह कि वेदमें कृष्ण है और **देवकी पुत्र कृष्णको घोरआंगीरसने** समझाया था. अब फिर लोगोंने विचारना शुरु किया कि घोरआंगीरस ये जो देवकीपुत्र कृष्ण जिन्हें हम मानते हैं ये तो सांदीपनी ऋषिके शिष्य थे. वो घोरआंगीरस कैसे हो गये? तो सोचा गया कि सांदीपनी ऋषि जो थे हो सकता है इनका दूसरा नाम घोरआंगीरस था. तो फिर इनका नाम घोरआंगीरस किसलिये था ये भी पता नहीं चलता. ये घोरआंगीरस सांदीपनी ऋषिका नाम था कि घोरआंगीरसके किसी अन्य शिष्यका नाम कृष्ण था? इसका भी पता नहीं चलता. फिर और कोई कहता है चलो छोड़ो इन नामोंको. पर इसमें जो बात कही गई है वो गीतामें भी कही गई है कि नहीं? तो गीता तो सर्व उपनिषदोंका सार है "दोग्धा गोपाल". इसमें तो सारे उपनिषद आ गये, कैसे पता चलेगा तारतम्य? कैसे पता चलेगा कि घोरआंगीरसके शिष्य जो कृष्ण थे वो **एकं शास्त्रं देवकी पुत्र गीतम्** वाले कृष्ण हैं कि कोई दूसरे कृष्ण हैं? कोई न कोई कुछ कहता ही रहता है "तू तारा तीर दीधे राख तेमां तेरा बापनुं शूं जाय?" कुछ भी कहते रहो पर निर्णय तो आयेगा ही नहीं. ये तो गीता है इसलिये हमको पता चल रहा है कि कृष्ण परब्रह्म





परमात्मा है. बाकी बहुत कठिन काम है. तो **उत्तरम् पूर्वसन्देहवारकम् परिकीर्तितम्.** इसमें वेदोंका सन्देह गीतासे दूर करना, गीताका सन्देह ब्रह्मसूत्रसे दूर करना और ब्रह्मसूत्रका सन्देह भागवतसे दूर करना. ऐसी एक व्यवस्था श्रीमहाप्रभुजीने हमको समझाई है. इस कारणसे पुष्टिमार्गका कोई भी प्राचीन ग्रंथ उठाकर देखो खासकर लालूभट्टजी, हरिरायजी, पुरुषोत्तमजी वगैरहके, कोईसा भी ग्रंथ उठाकर देखोगे, तो इन लोगोंकी एक ऐसी डिसिप्लिन आपको दिखाई देगी कि कोई बात महाप्रभुजीने कही तो वेदमें इस प्रकार कहा है, गीतामें इस प्रकार कहा है, ब्रह्मसूत्रमें इस प्रकार कहा है, भागवतमें इस प्रकार कहा है, उसकेलिये तीन चार पांच कोटेशन दे देंगे. क्योंकि ये लोग इस डिसिप्लिनसे बंधे हुये हैं, कि "**वेदा श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि चैव हि. समाधि भाषा व्यासस्य प्रमाणम् तत्चतुष्टयम्.**" कहीं किसी वचनका प्रमाण और जगह न मिले तो भागवतका एक वचन कोट कर देंगे कि इन्हें विश्वास है कि "**उत्तरम् पूर्वसन्देहवारकम् परिकीर्तितम्**". भागवतमें जो आया है तो भागवत जिम्मेदार है कि कहीं न कहीं होगा सूत्रमें, कहीं सूत्रमें है तो जरूर होगा गीतामें, गीतामें है तो कहीं न कहीं वेदमें होगा ही. क्योंकि "**सर्वोपनिषद गावोः दुग्धाः गोपालनंदनः**". इस आशयसे बहुत सारे स्थलोंपर भागवतके वचन कोट किये जाते हैं. ये अपनी विचारपद्धति थी. मनघड़ंत कुछ भी कह देना वो अपनी विचार पद्धति नहीं थी. तो ये वचन समझमें आये न आपको? आज हमारे ऊपर महाप्रभुजीकी कृपा हुई है कि एक पैराग्राफ हम लोगोंने किया. शरदबाबाको बहुत डर लग रहा था कि ग्रंथ शुरु होगा कि नहीं? संस्कृतमें एक बहुत मजेदार श्लोक है. चींटी भी जब चलना शुरु करती है तो तीनसौ मील तक जा सकती है. पर गरुड़जी अगर नहीं चलें, बिराजे ही रहें, तो वहींके वहीं बिराजे रहें. तो हमने चलना शुरु किया तो कमसे कम कहीं पहुंचे तो सही. चलते ही रहेंगे तो कहीं न कहीं तो पहुंचेगे ही.

प्रश्नः 'कृष्णसेवा प्रवर्तक' तो 'कृष्ण' श्रीगोवर्धनधरकेलिये कि हरेक स्वरूपकेलिये कृष्ण नाम है, नवनीतलाल, बालकृष्णजी, मथुरेशजी..

उत्तरः श्रीमहाप्रभुजीकेलिये हमारे यहां जो मंगलाचरण चल रहा है तदनुसार, **"यत्सम्पार्कात् व्रजाधीशप्रेमसेवाम् जनः अश्नुते".** तो व्रजाधीशकी प्रेमसेवाका लाभ जनको मिलता है. यह बात लालूभट्टजी श्रीमहाप्रभुजीके सन्दर्भमें कह रहे हैं. और श्रीगुसांईजी के सन्दर्भमें **कृष्णसेवा प्रवर्तकम्.** तो एक अर्थमें तो कृष्णसेवा कहो कि व्रजाधीशसेवा कहो, फरक नहीं पड़ता है. फरक पड़ता हो तो इतना कि व्रजसे लेकर मथुरा द्वारिका, सब जगह कृष्ण तो कृष्ण ही है. पर द्वारिकामें व्रजाधीश हैं कि नहीं ये प्रश्न थोड़ा डाउटफुल है. और मथुरामें भी व्रजाधीश हैं कि नहीं? ये प्रश्न भी थोड़ा डाउटफुल है. अतएव **"कृष्णसेवा प्रवर्तकम्"** लालूभट्टजी गुसांईजीको कहना चाह रहे हैं और **"व्रजाधीशसेवाप्रवर्तकम्"** महाप्रभुजीको कहना चाह रहे हैं, तो किसी प्रकारका पृथककरण प्रकट हो रहा हो तो भगवान जाने, लालूभट्टजी जानें, मुझे यह पंक्ति बहुत दुरूह लग रही है व्याख्यान करनेकेलिये. पर अर्थ सामने है ही. इसके अतिरिक्त लालूभट्टजीका क्या अभिप्राय है, वो तो कह नहीं सकते पर एक बात जरूर है कृष्णसेवा प्रवर्तन **"कृष्णसेवा सदाकार्या मानसी सा परामताः"** कह कर तो महाप्रभुजीने करा, तो प्रवर्तितका प्रवर्तक किस प्रकार हो सकता है? प्रवर्तितका प्रवर्तन तो नहीं हो सकता? प्रवर्तितका प्रवर्धक हो सकता है, पर जो प्रवर्तित है उसका कोई प्रवर्तक नहीं हो सकता. अतएव रघुनाथलालजी नामरत्नाख्य स्तोत्रमें गुसांईजीका वर्णन करते कहते हैं कि महाप्रभुजीने जो पथ प्रवर्तित किया उसके **"पितृप्रवर्तितपथप्रचार-सुविचारकः"** तो पितृप्रवर्तित पथके प्रचारका सुविचार आपने किया. पर पितृप्रवर्तित पथके प्रवर्तक श्रीगुसांईजी किस प्रकार हो सकते हैं? नहीं हो सकते तो बादमें कोई अंश इस पितृप्रवर्तित





पथमें कुछ छूटता हो उस अंशका आपने प्रवर्तन किया. उदाहरणके तौर पर अणुभाष्य महाप्रभुजीने पूरा लिखा था पर किसी कारणसे सम्पूर्ण भाष्य श्रीगुसांईजीको लिखा हुआ नहीं मिला, तो गुसांईजीने सम्पूर्ण भाष्य पूरा किया. तो हम आपको प्रवर्तक मान सकते हैं. पितृप्रवर्तित पथके प्रवर्तकके रूपमें मान सकते हैं. जो अंश छूट गया उसका प्रवर्तन आपने किया. मुझे लगता है कि श्रीनाथजीमें श्रीनाथजीके स्वरूपकी पुष्टिसेवाका प्रवर्तन श्रीमहाप्रभुजीने नहीं किया था. उसे श्रीगुसांईजीने कर दिया, इस अर्थमें आप प्रवर्तक हो सकते हैं. अन्यथा प्रवर्तक किस प्रकार हो सकते हैं? तो फिर या तो लालूभट्टजी गलत या फिर श्रीगुसांईजी प्रवर्तक हो नहीं सकते, और हो सकते हैं तो इस अर्थमें कि जो अंश कुछ छूट गया था.

कल यहां चर्चा होनेके बाद मैंने एक बात बालकोंको कही थी कि संतति तो मांबाप दोनोंकी होती है, पर न जाने क्या लफड़ा हो जाता है कि कोई बालक बापकी बात मानता होता है, बाप आंख दिखावे तो चुपचाप मान जाता है, कोई बालक ऐसा होता है कि बाप कहे तो बिल्कुल नहीं मानता, मां कहे तो मान जाये. ऐसे ही श्रीनाथजी हैं. महाप्रभुजीने कहा कि इस प्रकार आप नहीं बिराजो, घरमें बिराजो. तो कहा नहीं, जगतमें पुजवाना है. गुसांईजीने कहा तो मान गये. इस अर्थमें ये प्रवर्तक हो सकते हैं. अब क्या कर सकते हैं. ये तो परिवारकी कथा है. इसमें कोईकी बात कोई मान लेता है और कोई किसीकी बात नहीं मानता. मुझे लगता है कि हरेक घरमें ऐसी रामायण तो होती ही रहती है. तो अपने पुष्टिके परिवारमें ऐसी कुछ रामायण हो गई. इसमें वार्ता साक्षी है.

प्रश्नः "माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह"= भक्ति. माहात्म्य जानकर तो दास्य प्रकट होगा, स्नेह कैसे प्रकट होगा?

उत्तरः एक बात समझ, स्नेहका अर्थ चिकनाहट है. कोई वस्तु चोंटे तो उसे हम स्नेह कहते हैं. जिसके साथ अपना मन

चोंट जाता हो तो उसके साथ अपना स्नेह है ऐसा कहते हैं. स्नेहका कोई इस प्रकारका विभाजन नहीं होता कि किसके साथ और किसके साथ नहीं चोंटना. स्वामीका दासके साथ स्नेह हो जाये, दासका स्वामीके साथ स्नेह हो जाये. आपको कदाचित विचार हो कि नहीं पर इजिप्टके और अपने हिन्दुस्तानके भी इतिहास पढ़ो तो बहुत बार ऐसा होता था कि कोई राजा हारे तो उसकी रानी ही नहीं पर दासी भी सती हो जाती थीं. भई आप क्यों मर रहे हो. पर हो जाती थीं सती. जब राजा चला जाता था तो दासी बहुतसी सती हो जाती थीं. ऐसी एक नहीं अनेक कथा आती हैं. अपने यहां तो जलानेकी प्रथा है इसलिये सती हो जाती थीं. पर इजिप्टमें तो एक एक पिरामिडमें फेरोके साथ पचास पचास सौ–सौ दासियां दफनाई हुई मिलती हैं. यह मरती नहीं थी, सो जाती थीं जाकर. स्वामी चले गये तो अपन भी चलें. **चलन चहत अब कृपानिधाना.** भई आप क्यों जा रही हो? स्नेह है. तो ऐसा नहीं था कि स्नेह ऐसे बंधनोंको मानता हो. जानवरोंको आदमीके साथ कितना स्नेह होता है. आदमीको जानवरके साथ कितना स्नेह होता है. स्नेह इस बातको विचारता नहीं है.

मैं जिनके पास पढ़ा वो बहुत महान जबरदस्त विद्वान थे. कल्पना भी नहीं कर सकते इतने. उन्होंने एक कुत्ता पाला था. जब कुत्ता मरा तो वो बहुत रोये. और रोते रोते कहते जायें कि मैं समझता हूं कि रोने जैसा कुछ भी नहीं है पर रोना आता है तो क्या करूं? अब उनके परिवारवाले हंसे कि इतना बड़ा पंडित, एक कुत्ता मर गया तो उसमें इतना रोनेकी क्या बात है? पर वो मुझसे कहने लगे कि स्वामीजी यहां बैठो. मैंने पूछा कि क्या हुआ? वो बोले "जब वो मर रहा था तो मुझे ही देख रहा था. और उसकी आंखके भाव मैंने पढ़े थे. वो कह रहा था कि मुझे बचा लो, पर मैं बचा नहीं सका" और फिर रोना शुरु करदें. मजा ये कि ८२ सालकी उम्र मेरे गुरुजीकी थी. इतना स्नेह.





उन्होंने उसकी आंखोंमें भाव पढ़े तो मैं नहीं मानता कि उन्होंने कुछ गलत भाव पढ़ें होंगे. वास्तवमें होंगे ऐसे भाव उसकी आंखोंमें, अतिशय स्नेहके कारण कुत्ता अपनी बात आंखोंसे कह रहा होगा कि मुझे बचा लो अपनी वेदनाके कारण. पर जिन्हें वेदान्तका अच्छा ज्ञान, सांख्य योगका अच्छा ज्ञान, दस बारह भाषाके विद्वान, तीस हजार पुस्तक उन्होंने पढ़ी थीं, और वो एक कुत्तेकेलिये रोयें तो अपनेको कैसा लगेगा? स्नेहका कुछ स्वभाव अलग है कि जिसे ज्ञान या अज्ञानमें हम बांध नहीं सकते. घरवाले सारे मजाक उड़ाते थे कि इस वृद्धावस्थामें इतने ज्ञानी होकर एक कुत्तेकेलिये इतना रो रहे हैं. पर स्नेह न तो ज्ञानसे पैदा होता है और न ही अज्ञानसे पैदा होता है. ये होता है स्नेहवाले हृदयसे. इसमें ज्ञान हो तो भी उत्पन्न होता है और अज्ञान हो तो भी उत्पन्न होता है. ये ऐसे विभाग हैं जिनके ऊपर अन्डरलाईन नहीं करनी चाहिये.

प्रश्नः आलम्बन विभाव और अनुभाव समझनेके बाद, एक प्रश्न है भाव और भावाद्वैत. भावाद्वैत क्या है और भावाद्वैतका भक्तिके साथ संबंध क्या है?

उत्तरः यहां इसकी चर्चा नहीं करेंगे क्योंकि ये ग्रंथके बाहरका विषय है. केशोदमें एक दिन मैंने भावाद्वैत क्रियाद्वैतकी चर्चा की थी, इसको कभी फिर बादमें देखेंगे.

प्रश्नः माखन चोरी, पूतनावध वगैरह ठाकुरजीके गुण हों तो सर्वगुणसम्पन्नमें क्या अन्तर?

उत्तरः ये तो कल की थी न चर्चा?

प्रश्नः स्पष्ट नहीं हुआ.

उत्तरः सुई अटक गई वहां ही? ऐसा है कि शान्ति वैराग्य, अहिंसा, किसी साधुके गुण हैं, पर किसी मिलिटरी कमान्डरके अवगुण. युद्ध चल रहा हो और कमान्डर कहे अरे शान्ति रखो, शान्ति रखो, झगड़ा मत करो, गोलियां मत चलाओ, बैठ जाओ, भाईयों और बहिनों, प्रार्थना है कि गोलीबारी मत करो. हिंसासे

देशका सत्यानाश हो जायेगा. कमान्डर ऐसे कहे तो ये उसके अवगुण कहलायेंगे कि गुण कहलायेंगे? ये गुण कहां हैं? किसमें हैं? किस प्रसंगमें प्रकट हो रहे हैं? किस प्रसंगमें यह गुण हैं, किस व्यक्तिमें यह गुण हैं. ये ही बात किसी दूसरे प्रसंगमें, किसी व्यक्तिमें अवगुण भी हो सकते हैं. अतएव गुण और अवगुणका इस प्रकार विभाग नहीं करना चाहिये. इसका अविभक्त जो तत्त्व है, गुण और अवगुणमें रहा हुआ अविभक्त तत्त्व, ये अविभक्त तत्त्व लीलाका तत्त्व है. इस लीलाके तत्त्वके ऊपर ध्यान दोगे तो तुम्हें पता चलेगा कि गुण और अवगुण दोनों लीलामें समाहित हो जाते हैं. और व्यवहारमें ये गुण–दोष गुण–दोषरूप हो जाते हैं.

एक सामान्य उदाहरण दूं तो समझमें आयेगा. मानलो घरमें किसीकी मृत्यु हो गई, अब जो मैंने अभी एक उदाहरण दिया अपने गुरुजीका, ऐसे ही एक संतका मैंने कल्याणमें पढ़ा था, उनको लगा कि परिवारमे जिस सदस्यकी मृत्यु हुई, वो वास्तवमें बहुत कारुणिक घटना थी. कोई युवाकी मृत्यु हुई थी कि जिसके कारण सारा परिवार विक्षिप्त हो गया था. ये सबको ढांढस बंधाने लगे तो भी रोना बंद नहीं किया. तब फिर इन्होंने ही जोर जोरसे रोना शुरु किया. इतना रोये इतना रोये कि चुप ही न हों. तो सब परिवार वालोंने इन्हें समझाना शुरु किया कि आप मत रोओ. बादमें वो चुप हो गये. ये यदि नहीं रोते तो परिवारवाले इतना रो रहे थे कि सबको समझाते समझाते ये पागल हो जाते. उनकी तो ये लीला थी. वो कोई रो थोड़े ही रहे थे. शोकसे नहीं रो रहे थे, लीलासे रो रहे थे. इसलिये समझमें आ भी जाये. पर शोकका रोना हो तो जल्दीसे समझमें नहीं आता है. अब वो रोना गुण है कि अवगुण? एक व्यक्तिके रोनेके कारण कितने रोते व्यक्तियोंका रोनेका बंद कर दिया. अगर वो एक व्यक्ति न रोया होता तो न जाने कितने व्यक्ति और रोते ही रहते?

हमने एक अपने परिचितसे कथानक सुना, भागवत बांचनेवाले व्यासजीको कथामें रोनेकी बहुत आदत होती है. तो





जानबूझकर आंखें मसल मसलकर रोनेका ढोंग करें. "और फिर अक्रूरजी आये, और भगवानको गोकुलसे मथुरा ले गये". और रोनेकी एक्टिंग करे. तो ऐसे जब रोना शुरु किया तो एक श्रोता परेशान हो गया. उस श्रोतामें कथाका अनुभाव प्रकट हुआ. वो भी रोने लगा और ऐसा कि चुप ही न हो. अब तो व्यासीजीका इन्द्रासन डांवाडोल हुआ. व्यासजीने कहा भई धीरज रखो शान्ति रखो. पर ये कैसे शान्ति रखे? ये तो पागल आदमीकी तरह रोता ही रहे. चिल्ला चिल्लाके रोए "ओ हो व्रजसे मथुरा पधार गये हू हू हू करके रोये". बादमें तो इसे व्यासासन छोड़के पास जाना पड़ा, पासमें गये तो बेहोश हो गया. कथा ही बन्द हो गई. सबका ध्यान इसके ऊपर लग गया. कथाकार अपनी रोनेकी आदत भूल गये. अब रोना नहीं. किसी समय करनी पड़ती है ऐसी बात चमत्कारकी, नहीं तो आदत न भूले. एक आध बखत रोओ, ठीक है पर हर समय पेट मसल मसलकर रोना होता है क्या? होता है तो किसी समय ऐसा चमत्कार करना पड़ता है ये गुण था रोनेका. और इसे बेहोशी और आ गई रोते–रोते. और फिर होश ही नहीं आये बादमें. अरे भई होशमें आओ, होशमें आओ न, पर बेहोश हो तो होशमें आये न? होशमें जो रोता हो वो किस प्रकार होशमें आयेगा?

तो ऐसा भी बहुत कुछ होता है. जहां अवगुण भी गुण हो जाता है अर्थात् किसी भी क्रियाका, किसी भी स्वभावके गुण या अवगुणका विचार तत्काल नहीं कर लेना चाहिये. प्रसंग, व्यक्ति, प्रयोजन, परिमाण, इन सबका विचार करके हमें गुण और अवगुणका विचार करना चाहिये. सहसा हम कृष्णके ऊपर आरोप लगा दें कि इन्होंने माखनकी चोरी की इसलिये अवगुण है पर इसका प्रयोजन क्या था? इसके पीछेका सन्दर्भ क्या था. लीलामें किस कारणसे माखन चोरीकी थी? इन सब बातोंका स्पष्टीकरण मिले तो यह गुण है कि अवगुण है तब पता चलेगा. बाकी बेकारमें हम ये विचार कर लें कि माखन चोरा, चोरी ये अवगुण.

आपको कदाचित यह बात ख्यालमें है कि नहीं पर मुझे लगता है कि छः सात साल पहले या तीन पांच साल पहले, लाईसेन्स बिना अगर हम रेडियो सुनें तो हवा चोरी कहलाती थी कि आप हवाको चोर रहे हो. रेडियोको सुननेकेलिये लाईसेन्स लेना जरूरी था. अब तो सरकारने लाईसेन्स प्रणाली रेडियोकेलिये रद्द कर दी है. तो अब आप चोर नहीं रहे. मुफतमें सुनो. और सोचो कि रेडियो सुनते हों और सरकारकी हवा जो थी उसमें कि कोई किलोग्राम या दस किलोग्राम कितनी हवा कम होती थी, कुछ भी चोरी नहीं होता था पर अपनी हवा चोरीमें गिनती होती थी, दण्डनीय अपराध था बिना लाईसेन्सके रेडियो सुनना. अब लाईसेन्सकी प्रणाली कैन्सिल हो गई तो अब रेडियो सुनना लाईसेन्सके बिना हवाचोरी नहीं है. अब सोचो कि कलसे सरकार फिरसे लाईसेन्स प्रणाली लगा दे, तो फिरसे हवा चोरी हो जायेगी. तो लाईसेन्स बिना रेडियो सुनना गुण है कि अवगुण कैसे डिसाईड करना? जैसा कानून हो जैसी परिस्थिति हो, ये सब बातोंके ऊपर निर्भर करता है ना?

**तत्र च 'श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणम् पादसेवनम् अर्चनम् वंदनम् दास्यम् सख्यं आत्मनिवेदनम्. इति पुंसार्पिता विष्णौ भक्तिश्चेत् नवलक्षणा, क्रियते भगवत्यद्धा तन्मन्येऽधीतमुत्तमम्'** (भाग.पुरा.७।५।२३–२४) **इत्यनेन नवविधभक्तिरेव मुख्यतया कर्तव्यता उपदिश्यते.**

अब देखो **कर्तव्यता उपदिश्यते.** कर्तव्य होनेका उपदेश दिया जा रहा है. कर्तव्यका मतलब अपना कर्तव्य है वैसा उपदेश दिया जा रहा है. अपना कर्तव्य क्या है? **भक्तेरेव कर्तव्यता उपदिश्यते.** भक्ति हमारा मुख्य कर्तव्य है वैसा उपदेश भागवतमें किया गया है. ये उपदेश किस प्रकार किया गया? **मुख्यतया.** कर्तव्य कौनसा? कर्तव्य तो बहुत सारे होते हैं. कोई गौण कर्तव्य हो सकता है और कोई मुख्य कर्तव्य हो सकता है. तो नवविध भक्ति गौण कर्तव्य नहीं है लेकिन मुख्य कर्तव्य है. ऐसा उपदेश देनेमें





आया है. कहां देनेमें आया है? **तत्र च.** वहां. अर्थात् कहां? भागवतमें. ये वचन क्या हैं ये हम देखते हैं. "**श्रवणं कीर्तनं विष्णो स्मरणम्, पादसेवनम् अर्चनम् वंदनम् दास्यम् सख्यं आत्मनिवेदनम्**". (भाग. ७/५/२३) श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्थात् चरणारविन्दका सेवन, अर्चन अर्थात् पूजा, वंदन अर्थात् नमस्कार, दास्यम् अर्थात् दास्य, दासकी तरह रहना किसीके आगे, सख्यम् अर्थात् दोस्तकी तरह रहना किसीके साथ, आत्मनिवेदनम्. किसे सुनना, किसका कीर्तन करना, किसका स्मरण करना, किसके चरणका सेवन करना, किसका पूजन करना, किसका वंदन करना, किसका दास्य करना, तो कहते हैं **विष्णोः, इति पुंसार्पिता विष्णौ भक्तिश्चेत् नवलक्षणा, विष्णौ नवलक्षणा भक्तिः पुंसा अर्पिता चेत्.** (भाग. ७/५/२४) विष्णुको नौ प्रकारकी भक्तिका अर्पण जो कोई पुरुष करे तो क्या होगा? तो भागवत कहती है **अर्पिता क्रियते भगवति अद्धा तन्मन्येऽधीतमुत्तमम्** (भाग. ७/५/२४) तो समझूं कि आपने ठीक प्रकारसे पढ़ा अन्यथा आपने पढ़ा ही नहीं. बहुतसे शास्त्र पढ़े आपने, पर ये नौ प्रकारकी भक्ति आपने विष्णुकेलिये नहीं की, ये नौप्रकारकी भक्ति विष्णुको अर्पित नहीं की, तो आपने शास्त्र अच्छी तरहसे पढ़ा ही नहीं. और पढ़ा तो समझा नहीं. अर्थात् टौप फ्लोर आपका वेकेन्ट है. दिमाग खाली है. ऊपरवाला माला खाली हो, तो इतना पढ़ा हुआ भी कोई काम नहीं आता, ऐसा कह रहे हैं. इन वचनोंसे नौ प्रकारकी भक्तिका ही मुख्यतया कर्तव्य है. ऐसा उपदेश हमको भागवतसे मिल रहा है. अब ये बात स्पष्ट हुई? **अद्धा** अर्थात् अच्छी तरहसे. **भगवति** अर्थात् भगवानकेलिये.

अब देखो टैक्स्ट् हमारे सामने है. किसीको कुछ पूछना हो, कुछ मुश्किल हो तो मुझसे पूछ सकता है. किसी लाइनमें किसी शब्दमें कोई प्रोब्लम है? **'तत्र'** अर्थात् वहां. सरलतासे बात समझ लो कि संस्कृतमें **'त्र'** लगायें तो यह स्थलवाची हो जाता है.

**'तत्र'** अर्थात् वहां. **'कुत्र'** अर्थात् कहां. **'अत्र'** अर्थात् यहां. **'यत्र'** अर्थात् जहां. **'सर्वत्र'** अर्थात् सब जगह.

**'दा'** अर्थात् कालवाची. **'यदा'** अर्थात् जब. **'कदा'** अर्थात् कहां. **'सर्वदा'** अर्थात् हमेशा. **'धा'** अर्थात् प्रकार एकधा एक प्रकार. **'बहुधा'** अर्थात् बहुत प्रकारसे. **'द्विधा'** अर्थात् दो प्रकारसे **'त्रिधा'** अर्थात् तीन प्रकारसे. **'चतुर्धा'** अर्थात् चारप्रकारसे. **धा** प्रकार वाची होता है.

इसी प्रकार **'था'** प्रकार वाची है. **'था'** अर्थात् प्रकार. **'यथा'** अर्थात् जिस प्रकार. **'तथा'** अर्थात् उस प्रकार और भाषामें लचकीलापन भी होता है. जैसे 'कथा' नहीं होता परन्तु 'कथम्' होता है. इसी प्रकार 'अथा' नहीं होता परन्तु 'इत्थम्' होता है. इस प्रकारकी छूटछाट होती है. जैसे अंग्रेजीमें पीयूटी, पुट परन्तु बीयूटी बट हो जाता है. बोलचालमें कुछ इसी प्रकारका होता है. परन्तु समझनेकेलिये **था** और **धा प्रकारवाची हैं. दा कालवाची है** और **त्र स्थानवाची** होता है.

प्रश्नः यहां नवधा भक्तिको विष्णुको अर्पित करनेकी बात कही गई है. तो विष्णुको या कृष्णको?

उत्तरः प्रश्न बहुत समझने जैसा है. अब एक अतिशय मौलिक बात इस प्रसंगमें समझ लेनी चाहिये हमको. 'विष्णु' शब्द **विश् (यस्माद्विश्वमिदं सर्वं तस्य शक्त्या महात्मनः, तस्मादेवोच्यते विष्णुर्विश्धातोः प्रवेशनात्)** क्रिया पदसे बना हुआ है. और **ष्नु** प्रत्ययका अर्थ स्वभाव होता है, तो **'विष्णु'** अर्थात् व्याप्त होना जिसका स्वभाव है. **'जिष्णु'** अर्थात् सबको जीत लेनेका जिसका स्वभाव हो. **'करिष्णु'** अर्थात् कुछ करनेका जिसका स्वभाव हो. **'स्थाष्णु'** अर्थात् स्थिर रहनेका जिसका स्वभाव है. तो 'विष्णु'का मूल अर्थ है जो सर्वत्र व्याप्त है. जो अर्थ विष्णुका वही अर्थ **'ब्रह्म'**का. क्योंकि ब्रह्मका भी अर्थ ये ही होता है, **बृहत्वात् ब्रह्मणत्वात् ब्रह्म.** जो चारों ओर व्याप्त हो, उसका नाम ब्रह्म. चारों ओर अर्थात् क्या? ये बात भी समझने जैसी है.





यहां मेरा गीताका प्रवचन याद करो. क्षर–अक्षर, आकार–निराकार, नश्वर–अनश्वर सबमें जो व्याप्त होकर रहता हो, वो विष्णु, सबमें जो व्याप्त होकर रहता हो, इतना बड़ा जो हो, उसे हम ब्रह्म कहते हैं. ब्रह्म कहो कि विष्णु कहो, एक ही अर्थ है मूलमें. लेकिन ब्रह्मके जितने नाम हैं वो एक एक नाम एक एक देवताने ग्रहण किये. अब एक एक नाम एक एक देवताने लिये, तो विष्णु नाम विष्णुदेवने लिया, शिव नाम शिवदेवताने लिया, गणपति नाम शिवजीके पुत्र गणेशजीने लिया, अन्ततः एक बात समझनी चाहिये कि ये जितने नाम हैं ये सारे नाम और किसीके नहीं हैं पर ब्रह्मके ही नाम हैं. और महाप्रभुजीने इसका निर्णय दिया है कि शास्त्रमें जहां भी जो नाम प्रयोगमें आता है और उसका स्पष्टीकरण न होता हो कि अन्य किसी अर्थमें ये नाम है तो इसे मूल अर्थमें ही लेना चाहिये.

एक उदाहरण आपको दूं कि बैंकमें जो रुपया हम जमा कराते हैं, वो बैंकके खातेमें जमा होता है, किसी क्लर्कके खातेमें जमा नहीं होते. क्या क्लर्क कभी कह सकता है कि आपने मुझे इतने रुपये दिये थे कि नहीं; और अपनी जेबमें रखले? हमारे प्रथमेश काकाजीके साथ एक बार ऐसी दुर्घटना हो गयी. प्रथमेश काकाजीने तीसहजार रुपये अपने एक कार्यकर्ताको दिये कि इसे बैंकमें जमा करवा देना. उसने कहा जो आज्ञा. बैंकमें जाकर अपने खातेमें जमा करवा दिये. बादमें काकाजीने चैक काटा. वो चैक बाउन्स हो गया. काकाजीने विचारा कि तीस हजार रुपये जमा करवानेको दिये थे और चैक बाउन्स कैसे हो गया? काकाजीने उसे बुलाकर पूछा कि भई रुपया जमा करवाये थे तो क्या हुआ? आपने जमा नहीं करवाये? तो बोला कृपानाथ जमा करवाये ना? तो बोले कि चैक क्यों बाउन्स हो गया? ये तो आपके खातेमें बाउन्स हुआ मेरे खातेमें थोड़े ही बाउन्स हुआ. तो आप बोले कि तुम्हारे खातेमें तुमने जमा क्यों करवाये? तो बोला आपने कहा था बैंकमें जमा करवा दो अब किसके खातेमें ये तो

बताया नहीं था. तो आप बोले कि भई जब मैं रुपया दे रहा हूं जमा करवानेकेलिये तो मेरेही खातेमें जमा करवाने थे? ऐसे गिलिन्डर होते हैं. क्लीयर नहीं बताया था तो अपने खातेमें जमा करवा दिये. अतएव क्लीयरकट बात करो तो आपके खातेमें जमा करे. लेकिन शास्त्र इस बारेमें कुछ दूसरी व्यवस्था बताता है. जब क्लीयर करनेमें आये तब आप इसे अपने खातेमें जमा करो इसे अपने नाममें वरना तो यह सब ब्रह्मके नाममें जमा होंगे. पुरुषोत्तमसहस्रनाम पढ़ो, तो उसमें पुरुषोत्तमका शिव नाम भी आता है, पाठ करके देख लेना, उसमें शिवनाम आता है, क्योंकि जो नाम है, अरे ये तो बहुत साधारण बात है, शिव इसका नाम क्यों? ऋगवेद पढ़ो न तो असुर नाम भी हैं ब्रह्मके. महाअसुर इसे कहनेमें आता है. और गीतामें भगवान कहते हैं **दैत्यानां प्रहलादः अस्मि.** दैत्योंमें मैं प्रहलाद हूं. ऐसा कोई नाम नहीं है, ऐसा कोई रूप नहीं है, ऐसा कोई कर्म नहीं है, जिसे ब्रह्म अपनेमें न ले सकता हो.

अब क्या स्पष्टीकरण करनेमें आता है कि ये मूल ब्रह्मके नाम नहीं हैं पर इसका नाम है, इस स्पष्टीकरणके बाद इसको किसी दूसरे अर्थमें लेना चाहिये. नहीं तो शास्त्रकी एक ऐसी समझ है कि जो नाम हो शास्त्रमें ब्रह्मकेलिये, और वहां क्लीयर कर दिया गया हो कि ये मूल अर्थमें नाम नहीं है, तो–तो पुरुषोत्तम नामका अर्थ अपन हो सकते हैं. कृष्णनामका अर्थ भी मैं हो सकता हूं. फिर तो कोई भी नाम कुछ भी हो सकता है न! हम भगवान कहते हैं तो भगवानजी भाई नहीं होता क्या? भगवानजी भाई भी होता है. राम कहें तो रामजीभाई भी होता है. सब भाई होते ही हैं न. क्लीयर करना पड़ेगा कि वो राम नहीं, रामजी भाई ऐसे, तो फिर उस अर्थमें समझ जाना. अब एक बात समझो कि लोकमें, व्यवहारमें, जब हम राम कहते हैं, कृष्ण कहते हैं, पुरुषोत्तम कहते हैं, भगवान कहते हैं, तो लोकमें किसी मनुष्यका नाम कहता हूं, ऐसे समझ लेना चाहिये. और अगर





भगवानके नामको कहना है तो क्लीयर करना पड़ेगा कि अब मैं दुनियांकी बात नहीं कर रहा, पर कोई अलौकिक बात कर रहा हूं. अलौकिक बात करोगे तो उसमें फिर भगवानजीभाई भी कहोगे तो उसका भी अर्थ भगवान हो जायेगा. तो फिर रवजीभाई भी कहोगे तो उसका ऐसा ही अर्थ होगा. क्यों? क्योंकि ये महारव है, सबसे बड़ा तो यही रव है. नहीं तो लोकमें प्रभुजीभाईका अर्थ कोई लौकिक पुरुष होगा. अब समझे बात पूरी पूरी? जब लोकमें हम कोई नाम प्रयोगमें ला रहे हैं, उसका अर्थ लौकिक व्यक्ति होता है, इसका अर्थ भगवान करना हो तो क्लीयर करना पड़ेगा कि भई लौकिक अर्थमें नहीं कह रहे हैं, पर किसी दूसरे सन्दर्भमें कह रहे हैं.

और शास्त्रमें जो नाम प्रयोगमें आता है, वो ब्रह्मके अर्थमें प्रयोगमें आता है. पर इसमें आगे–पीछेके सन्दर्भमें कुछ क्लीयर कर दिया गया हो कि यह मूल अर्थमें नहीं आ रहा तो फिर जिस अर्थमें इसे कहा गया है उस अर्थमें लेना चाहिये. ये महाप्रभुजीने तो नहीं कहा पर मध्वाचार्यजी एक कदम आगे जाकर कहते हैं कि सागर जो गर्जना कर रहा है न, उसका अर्थ भी विष्णु है. ऐसा कौनसा नाम है जिसका अर्थ विष्णु नहीं है? **सर्वेषां अपि नामानाम् विष्णुः एव अर्थः.** ऐसा घण्टानाद मध्वाचार्यजीने किया है. हमको भी मान्य है पर मध्वाचार्यजीने यह बात कह दी है अपने मुखारविन्दसे कितनी सुन्दर बात है.

एक बात समझो कि विष्णु है तो कृष्ण है, कृष्ण है तो विष्णु है. मूलमें प्रहलादजीने यह बात कही है और उस समय कृष्णावतार हुआ नहीं था. अतएव परमात्माको, पुरुषोत्तमको उस समय विष्णुरूपमें वर्णन कर रहे हैं. कृष्णावतार हो गया तो उसके बाद आप विष्णुको कृष्णरूपमें वर्णन करो, कृष्णको विष्णुरूपमें वर्णन करो. इसमें कुछ बहुत अन्तर नहीं पड़ता.

ये दो पैराग्राफ हमने देखे. ग्रंथका थोड़ा स्वाद हमने चखा. थोड़ा इसके विषयके स्वादके बारेमें श्रवण, कीर्तन, स्मरण,

पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, आत्मनिवेदन ये नवधा भक्ति. अब आप याद रखना. ये नवधा भक्तिके नव भाव हैं. हम इस बातको विस्तारसे विचार चुके हैं. भक्ति ये एक स्थायी भाव है पुरुषोत्तमके प्रति. स्थायीभावका अपने भीतर अनुभाव, कैसा प्रकट होना चाहिये, तो जिसकी हमें भक्ति है, उसकी वार्ता **सुनना** हमको अच्छा लगता हो, जिसके हम भक्त हैं, उसके **कीर्तन** करने हमको अच्छे लगते हों, जिसके हम भक्त हैं उसका **स्मरण** करना अच्छा लगता हो, जिसके हम भक्त हैं उसकी **चरणसेवा** हमको अच्छी लगती हो, चरणसेवा ये चरण सेवा नहीं (अपने चरणोंकी ओर इशारा करके) पर प्रभुकी सेवा, जिसके हम भक्त हैं उसका **वंदन** करना हमको अच्छा लगता हो, **पूजन** करना हमको अच्छा लगता हो, **दासकी तरह**का व्यवहार हमको अच्छा लगता हो, जिसके हम भक्त हैं उसके साथ हमको **दोस्ती** अच्छी लगती हो, जिसके हम भक्त हैं उसे हमने अपनी आत्माका निवेदन करा हो, तो हम वास्तविक भक्त. नहीं तो भक्तिका भाव आपके हृदयमें है पर उसका अनुभाव प्रकट नहीं हो रहा, अतएव कुछ न कुछ लफड़ा तो होना ही चाहिये न! लफड़ेके बिना ऐसा कैसे हो सकता है? हृदयमें भक्ति है पर उसका अनुभाव प्रकट नहीं हो रहा? अर्थात् बिजली तारमें बह रही है और स्वीच औन करके बत्ती न जले तो कुछ न कुछ लफड़ा हो गया. बिजली चालू है और स्वीच औन करनेके बाद पंखा चले नहीं तो कुछ न कुछ लफड़ा है. अन्यथा ऐसा हो ही नहीं सकता! उस लफड़ेको रिपेयर कर लेना चाहिये. ये रिपेयर करोगे तो फिर प्रकट हो जायेगा. मूल समझनेकी वस्तु इतनी कि ये जो अनुभाव है वो प्रकट होना चाहिये. ये मूल मुद्देकी बात है. और इस नवधाभक्तिके अनुभावके तौरपर नवलक्षण व्यवहारको, नवप्रकारके व्यवहारको, परमात्माकी भक्तिके अनुभाव तरीके प्रकट करना, ये शास्त्रकी स्थापित एक मर्यादा है. बात समझमें आई? शास्त्रने एक मर्यादा स्थापित करी कि दो जन अगर विवाहित हो रहे हैं





तो इनका हस्तमिलाप होना चाहिये. अब आप कहो कि किसीके कान पकड़कर मैं विवाह करूंगा, तो कान पकड़के विवाह नहीं होता. आप कान पकड़के विवाह करोगे तो मुसीबत खड़ी हो जायेगी. क्योंकि वधू जब कान पकड़ेगी तो क्या होगा? माथा पकड़कर विवाह करूंगा. मस्तक मिलाप करोगे तो फिर क्या होगा? सिर फुट्टव्वल! कमसे कम विवाह करते समय तो हस्त मिलाप करलो, मस्तकमिलाप नहीं करो. तो ये सारी प्रक्रियायें हैं वो सब अनुभाव हैं. विवाह करनेका जो भाव, उसका एक अनुभाव है हस्तमिलाप. हमारे यहां मुंबईमें मुझे पता है कि सास वर राजाकी नाक पकड़ लेती है. नाक पकड़ ले तो लप्पड़ मारनेकी इच्छा थोड़े ही होती है? ये तो सासकी और वरकी विवाहके अन्तर्गत आती भावना है कि मैं आया पकड़ नाक! इसमें कुछ गलत बात नहीं है. पर ये सास पकड़े तो अच्छा लगे पर जब कन्या पकड़े तो फिर पंचायत हो जायेगी न! हस्तमिलाप करने जाये और फटसे नाक पकड़ले तो एक सीन क्रियेट हो जायेगा और वीडियोवालेको बुलाना पड़ेगा कि करो इसकी शूटिंग. ये नहीं चलेगा, क्यों? क्योंकि व्यवहारमें जो मिलाप होता हो उसीके अनुरूप उसका अनुभाव प्रकट होता है, दूसरे प्रकारसे प्रकट नहीं होता है. इसकी शास्त्रने एक मर्यादा बांधी है. शास्त्र इससे *सैटिस्फाइड* है. मूल मुद्देकी बात समझो. शास्त्रको ऐसा लगता है कि आप किसी देवके भक्त हो. विष्णुके हो या शिवके हो तो उसकी नवधा भक्ति करो. भागवत शास्त्र है अतएव नवधा विष्णुके सन्दर्भमें आई है क्योंकि भागवत वैष्णव पुराण है. पर शैव पुराण देखोगे तो वहां नवधा भक्तिकेलिये शिवका वर्णन आता है. और गाणपत्यपुराण देखोगे तो वहां गणपतिका भी नवधा पूजन मिल जायेगा. इसमें कोई अचम्भेकी बात नहीं है. अभी तत्काल मुझे कोई ऐसा वचन स्फुरित नहीं हो रहा पर निश्चित समझो कि इसमें कोई विचारने जैसी बात नहीं है. शास्त्रकी समझ ऐसी है कि जिसके आप भक्त हो, उस देवके प्रति आप ऐसे भाव

प्रकट करो. अर्थात् शास्त्र द्वारा समझाई गई एक भाषा है. जैसे कोर्टमें हमें एप्लीकेशन देनी है तो कौनसी भाषामें देनी चाहिये? "ऐ जज साहब! सुनते हो कि नहीं सुनते हो?" ऐसी भाषामें एप्लीकेशन नहीं दी जाती. इसकी भी कोई भाषा है. "योर लोर्डशिप" "माईलोर्डशिप" पचास नाटक इसमें करने पड़ते हैं. इस प्रकार एप्लीकेश आये तो जज सुनेगा, नहीं तो सुनेगा ही नहीं. क्योंकि कोर्टकी और प्रार्थीकी भाषा कोर्टने निर्धारित करी है. स्कूलमें जैसे अपनेको एप्लीकेशन देनी हो, तो इसकी एक भाषा निर्धारितकी गई है. इस प्रकार शास्त्रने भक्तिके भावकी, यह भाषा आपको समझाई कि आपका इष्टदेवके प्रति भाव है, भक्ति है, तो कैसी भाषामें तुम्हें इससे बात करनी है. "**श्रवणं कीर्तनं स्मरणं विष्णोः पादसेवनम्. अर्चनं वंदनं दास्यं सख्यम् आत्मनिवेनम्**". यह शास्त्रकी भाषा है. इससे आगे जाके श्रीमहाप्रभुजीने एक भाषा और बताई. क्योंकि महाप्रभुजीको ऐसा लगता है कि यह श्रवण कीर्तन स्मरण अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन बात तो हो गई नवधा प्रकारकी, पर महाप्रभुजीको यह *सफीशियेन्ट* नहीं लगती. महाप्रभुजीको लगता है कि ये तो कर्मकांड जैसा हो गया. कोई यज्ञका कर्मकाण्ड होता है न कि एक मैदान लो किराये पर, इसमें यज्ञस्थली बनाओ, पांचदस ब्राह्मणोंके जुटाओ, **ओऽम स्वाहाः ओऽम स्वाहाः** शुरु करो. चलो यज्ञ हो गया पूरा. प्राप्ति हो गई फलकी, ऐसे ही श्रवण करलो, कीर्तन करलो, स्मरण करलो, पादसेवन करलो, अर्चन करो, वंदन करो, थोड़ा कुछ दास्यका जो कुछ करना हो सो करलो, सख्य करो आत्मनिवेदन करो चलो कथा पूरी हो गई. गढ़ जीतला. मराठीमें कहा जाता है. गढ़ जीत लिया आपने. नवधा भक्ति हो गई अब क्या रहा बाकी? महाप्रभुजीको लगता है कि इससे कोई एक कर्मकाण्ड उत्पन्न हो जायेगा. क्योंकि मोटे तौर पर ऐसा होता है कि जब भाषा निर्धारित करनेमे आती है, तब कर्मकाण्ड खड़ा हो जाता है, इस कर्मकाण्डसे भी आगे किसी प्रकारके





अनुभाव होने चाहियें इसलिये शास्त्र ये कर्मकाण्ड बताता है, इसको महाप्रभुजी इन्कार नहीं करते, पर इनके सिवा भी कुछ अनुभावोंकी, महाप्रभुजी आपसे अपेक्षा रखते हैं. और वो अपेक्षा महाप्रभुजीने सेवारूपमें स्थापित करी. और सेवाका अच्छी तरहसे स्पष्टीकरण महाप्रभुजीने किया "**कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परामता. चेतस्तत् प्रवणं सेवा तत्सिद्धै तनुवित्तजा**".

केशोदका शिविर अगर आपको याद हो तो आपको एक बात याद होगी कि तनुवित्तजा अर्थात् तनु आपका तन अर्थात् आपका अहं, और वित्त अर्थात् आपकी ममता. अपनी अहंता और ममताको आप परमात्माके साथ जोड़ो. केवल भावको परमात्माके साथ जोड़नेमें, यह नवलक्षणके जो प्रयोग हैं, इनको केवल प्रयोगों तक सीमित मत रखो. अपनी अहंता और ममताको भी किसी प्रकारसे प्रभुके सामने व्यक्त करो. हमारी अहंता जिसका प्रतीक हमारा यह तन है, उसे मैं आपकी सेवामें लगा रहा हूं. हमारी ममताका प्रतीक जो यह वित्त है वह भी हे प्रभु आपकी सेवामें लगनेकेलिये उपस्थित है. अब ये अपनी अहंता और ममताके प्रतीक जब आप प्रभुसेवामें लगाओगे तो एक तरफ आपके हृदयमें रहा हुआ स्नेहका भाव, दूसरी तरफ आपके हृदयमें रही हुई ममता, इस तरफ आपके हृदयमें रही हुई अहंता, तो अहंता और ममताकी संडासीसे स्नेहको पकड़ो, फिर इसको ले जाओ. तो महाप्रभुजीको जो भक्तिका प्रकार अभिलषित है, वो भक्तिके रूपमें खिल सकता है. खाली स्नेहको आपने प्रभुमें लगाया, या स्नेहके अनुभावात्मक उपचारोंको खाली अभिव्यक्त किया प्रभुके प्रति तो स्नेह तो अभिव्यक्त हो जायेगा परन्तु अहंता और ममता इसके साथ नहीं जोड़ी तो महाप्रभुजीको भी डर लगता है कि घोड़ा छूटा फिर रहा है. अहंता और ममता अगर दोनों साथ जोड़ दी जायें, फिर तो भागनेका कोई उपाय नहीं है न? कहीं तो अंहकारके कारण भाग जाता है अपना स्नेह और कहीं ममताके कारण अपना स्नेह गायब हो जाता है.

इस बातको अच्छी तरहसे समझो. मुझे किसी वस्तुके प्रति स्नेह है, पर मेरा अहं प्रबल बने तो स्नेह गायब हो जायेगा. मुझे किसी वस्तुके प्रति स्नेह है पर मेरी ममता अगर इसमें नहीं है, तो स्नेह दयाका रूप ले लेगा, किसी कृपाका रूप ले लेगा, किसी परोपकारका रूप ले लेगा पर भक्तिका रूप नहीं लेगा. क्योंकि मेरी ममता तो है ही नहीं! अपने बच्चे बच्चियोंको जो हम देते हैं वो ममताके कारण देते हैं. इसमें कहीं दानका भाव होता है? नहीं. क्यों? ममतासे दे रहे हैं. और चौबेजी आयें और कुछ देनेको हो, तो चौबेजीमें हमको ममता तो होती नहीं, उनको देते हैं तो ऐसा लगता है कि आज कुछ दान किया है हमने. तुरत अहं आ जाता है हमको. अगर ममता हो चौबेजीमें तो वहां भी नहीं जागेगी. अब समझो किसीको कहींसे लानेकेलिये हमको जाना है और सौ रुपयेका पेट्रोल लग गया, तो हमको गिनती करनेकी इच्छा हो जाती है कि आज सौ रुपयेका पेट्रोल लग गया. पर समझो कि अपनी पत्नी या अपने पति या अपने लड़केको आना हो और हम उसे लेने जायें और सौ रुपया खर्च हो जाये तो गिनती करेंगे? नहीं करेंगे. करेंगे ही नहीं. ममताका ऐसा सम्बन्ध है. जिसे आप अपना मानते हो, उसके साथका स्नेह और जिसे आप अपना नहीं मानते उसके साथका स्नेह, उसमें अन्तर कितना? जितना धर्मशाला और अपने घरमें. धर्मशालामें हम जायें तो हमको स्नेह होता है, बहुत अच्छा इन्तजाम है, बहुत अच्छी धर्मशाला है, बहुत स्नेह, हम जब भी आते हैं यहीं उतरते हैं. पर जब जाते हो तो कचरा साफ करके जाते हो? बाहरका दरवाजा बन्दकरके जाते हो? आपके जानेके बाद कितना कचरा धर्मशालामें रह गया इसकी सावधानी कोई लेता है? कोई खिड़की दरवाजे बन्द करते हैं क्या? क्यों बन्द नहीं करते? क्योंकि धर्मशाला है. ये कोई घरमशाला थोड़े ही है. चालू खातेका काम धर्मादेका. स्नेह है पर ममता नहीं है. और अपने घरमें तो अपनी ममता है, ममता अर्थात् बाहर गाम जाना हो तो





खिड़की दरवाजे बन्द करेंगे, चटकनी लग रही हैं कि नहीं लग रही हैं? इसकी सावधानी लेंगे. चटकनी नहीं लगती होंगी तो रस्सी बांधेंगे. पचास लफड़े करेंगे. यह सब काम क्यों करते हैं? स्नेहके कारण नहीं, खिड़की दरवाजेके साथ क्या स्नेह? टूट जाये तो तोड़ कर फैंक देंगे और नई लगवायेंगे. स्नेह कहीं कुछ भी नहीं है. ममता है. हमें गरदनसे पकड़ती है ममता. हमारा है तो सुव्यवस्थित रहना ही चाहिये. इसमें कुछ हेर फेर नहीं चलेगी. स्नेह हो या न हो. पर हमारा सुव्यवस्थित रहना चाहिये. ये व्यवस्था है ममता और अहंताकी. इस अहंता और ममताकी संडासीसे स्नेहको पकड़ो. तो भरपूर स्नेह होगा. अन्यथा आधा अधूरा स्नेह ही होगा. हम पिकनिकमें जाते हैं तो दृश्यके साथ कितना स्नेह हो जाता है. पर कोई घर बनाकर रहता है वहां? इतना सुन्दर अपना घर नहीं होता.

अल्मोड़ाके ऊपर एक खाली स्टेट है, वहांसे सात आठ पहाड़ हिमालयके दिखाई देते हैं. ऐसा सुन्दर दृश्य, ऐसा भव्य आनन्द, हम लोग गये तो आनन्द–आनन्द हो गया. हमारे वैष्णव वहां पहाड़ पर ही रहते हैं. उन्होंने 'गोवर्धन' नाम रखा है. मुझे अच्छा लगा तो मुंह से निकल गया भूलचूकसे कि आप तो स्वर्गमें रह रहे हो. तो गुस्सा हो गये कि जो भी यहां आता है वो ये ही कहता है कि मैं स्वर्गमें रह रहा हूं, तो सबको मैं कहता हूं कि आप भी आके रहो ना यहां? तो सब कहते हैं कि हां हां रहेंगे रहेंगे. एक दिन रहें तो बहुत प्रसन्न रहते हैं कि बहुत मजा आ गया. दूसरे दिन कहते हैं कि कोई दूसरी जगह है कि नहीं यहां घूमनेकेलिये? फिर मैं बताता हूं कि घूमने फिरनेकी जगह कहां कहां हैं? तीसरे दिन कहते हैं कि मन नहीं लगता कुछ खेलने खानेकी जगह है ताश पत्ते? चौथे दिन कहते हैं कि अब हमें बम्बई जाना है. अरे भई स्वर्ग कह रहे थे तो बम्बई क्यों जा रहे हो? यहां स्नेह है पर ममता नहीं है. ममता प्रकट न होनेके कारण तीसरे चौथे दिन तो सबको मुसीबत लगने लगती है कि

करना क्या यहां बैठके पहाड़पर? मैंने उनसे पूछा कि आप क्या करते हो? तो बोले बैठता हूं, पहाड़ देखता हूं, फूल देखता हूं, झाड़ देखता हूं. और क्या करना? हमने एक दिन देखा पहाड़, तो दूसरे दिनभी पहाड़ ही देखना? आधा अधूरा स्नेह, एक दिन देखें तो बहुत अच्छा लगे पर दूसरे तीसरे दिन मुसीबत लगती है कि अब पहाड़ नहीं देखना, ताश खेलना है. देख लिया एक बार. लेकिन अपने लड़केको एक बार देखनेके बाद क्या आप ऐसा कहते हो कि देख लिया एक बार, ताश दो ना भाई? आप अपने घरकेलिये क्या ऐसा कहते हो कि देख लिया घर, अब ताश दो ना भाई. घरमें आदमी सत्तर, अस्सी, सौ वर्ष रहता है पर निकलना ही नहीं चाहता. जब निकलता है तो भी रोते रोते ही जाता है. क्यों? स्नेह भी है और ममता भी है. दोनोंका बंधन है. उसमें किसी प्रकारका अहंकार भी है कि मेरा घर है, मैं इस घरका मालिक हूं. तो मैं मेरा और स्नेह ये तीनों जब जुड़ते हैं, तो सांगोपांग भक्ति होती है. केवल अहंता ममता जुड़े, जैसे सीट हम रिजर्व कराते हैं ट्रेनमें, तो ममता जुड़ जाती है सीटके साथ कि दूसरा कोई क्यों बैठ रहा है हमारी सीटपर? हमने रिजर्व करायी है. पर सीटमें कोई स्नेह है अपनको? स्नेह हो तो स्टेशन आनेके बाद सीटको भी उखाड़ कर चलते? स्नेह हो गया सीटके साथ.

कई बार अखबारमें खबर पढ़ी है मैंने कि विधान सभाके सदस्योंको रहनेकेलिये सरकार घर देती है, रेफ्रिजरेटर देती है, फर्नीचर देती हैं, चादर वगैरह वगैरह देती है पर चुनावमें सदस्य हार जाता है तब घर खाली करना होता है, तो सदस्य सब चीजें उठाकर ले जाता है क्योंकि उनके साथ उसका स्नेह हो गया है. सारा घर उठाकर ले जाते हैं क्योंकि उसके साथ स्नेह हो जाता है. सारा घर खाली करके ही जाता है. ये ऊंची कोटिकी भक्ति, ये जघन्य कोटिकी भक्ति नहीं है!! क्योंकि अहंता बंध गई, ममता बंध गई और स्नेह बंध गया. तो ये पद्धति समझो.





ममता भी होनी चाहिये "श्रीकृष्णःशरणंमम" और स्नेह भी होना चाहिये. उस प्रकार जो अपनी एप्रोच हो अपने प्रभुके प्रति तो सांगोपांग भक्ति होगी, नहीं तो कुछ कर्मकाण्ड हो जायेगा. मैं एक प्रश्नोत्तरी कर रहा था तो एक भाईने मुझसे कहा कि आप छोटे छोटे प्रश्नोंके इतने बड़े बड़े उत्तर क्यों देते हो? मैंने कहा कि प्रश्न करनेवाला और सुननेवाले समझ जायें इसलिये. तो उसने कहा कि फोकटमें इतना समय बरबाद करते हो. छोटे छोटे उत्तर दिया करो, झंटपट काम पटा दिया करो. मैं आपसे प्रश्न करता हूं उसका बड़ा उत्तर देना. मैंने कहा महान गिलिन्डर आदमी है. खुद प्रश्न करे तो उसका बड़ा उत्तर देना और दूसरा कोई पूछे तो उसका थोड़ेमें जबाब दो!! उसे दूसरेके प्रश्नमें स्नेह और ममता नहीं है. अपने प्रश्नके उत्तरमें स्नेह और ममता है.

तो ये अनुभाव महाप्रभुजीने स्वीकारा है शास्त्रसे अतिरिक्त. ये बात समझो. और जो नवधा भक्तिका सारा शास्त्रीय प्रकार है वो सेवाकौमुदीका विषय नहीं है. तो जो मूल भाव एडीशनल महाप्रभुजीने स्वीकारे हैं, उनमें एक स्पष्टीकरण अच्छी तरहसे समझ लो. महाप्रभुजी अब ये आज्ञा करते हैं कि शास्त्रीय जो अनुभाव हैं नवविध अनुभाव भक्तिके इनको सेवाके अनुभावोंके अंगरूपमें आप प्रकट करो.

सेवाके अंगरूपमें नवविध अनुभावोंका समावेश करना, सेवा अंगी है और ये नवधाविध अनुभाव उसके अंग होने चाहियें.

हमारा शरीर अंगी कहलाता है और हाथ अंग कहलाता है. अंगीमें अंगका समावेश होता है. अंगमें अंगीका समावेश नहीं होता. अतएव किसी समय कोई अंग बिगड़ जाये तो हमें उस अंगका औपरेशन करवानेकी तैयारी करके उस अंगको कटवा देते हैं. पर अंगीको बचाते हैं. लेकिन अंगकेलिये अंगीको खतम कर देना ये तो संभव ही नहीं है. उदाहरणकेलिये हाथमे फोड़ा हो जाये और हाथ सड़ जाये. डॉक्टर कहे कि हाथ कटाओगे तो बचोगे. तो हम हाथ कटा देंगे. पर शायद ही कोई ऐसा गिलिन्डर

होगा जो कहेगा कि हाथ तो नहीं कटाऊंगा भले ही मर जाऊं. फिर तो ये महापुरुष है. ये साधारण व्यक्ति नहीं हो सकता. ये सब हमने गीतामें सुना **"यत्तु कृत्स्नवदेकस्मिन कार्ये सक्तमहैतुकम्. अतत्वार्थ वदल्पम् च तत्तामसमुदाहृतम्"..** (गीता अ. १८/२२) इसे कुछ इसी प्रकारकी एकाग्रता हो गई है. तो ये बात समझो कि अंगीकेलिये अंग होता है, अंगकेलिये अंगी नहीं होता. एक सामान्य बात समझो, माथेके ऊपर डण्डा पड़ता हो तो हम अपने हाथ आड़े करते हैं. पर हाथके ऊपर डण्डा पड़ता हो तो माथेको कोई बीचमें लाता है क्या? क्यों नहीं लाता? क्योंकि माथेके ऊपर डण्डा पड़े तो हाथ पर चोट झेल ली, तो ठीक भी हो जायगी और ठीक न भी हो तो कोई बात नहीं, पर माथा तो फूटनेसे बचा न! और हाथपरकी चोट बचानेकेलिये माथेको बीचमें लाये और माथा फूट गया तो फिर **"चलन चहत अब कृपानिधाना."** सब कुछ खतम ही हो जायेगा. अतएव कोई भी माथेको आड़े नहीं करता. क्योंकि माथेका सम्बन्ध अंगीके साथ है. और हाथका अंगके साथ. यद्यपि माथा भी अंग है पर ऐसा अंग है कि मूर्धन्य अंग और इस अंगके साथ जरा भी छेड़छाड़ करी, तो **"चलन चहत अब कृपानिधाना"**.

इसी प्रकार **"तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा"** द्वारा महाप्रभुजीने जो अनुभाव प्रकट किया, उसके विरोधमें श्रवण कीर्तन स्मरण अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन नहीं हो सकते. अतएव **"तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा"**को बचानेकेलिये इसमेंसे कुछ ड्रौप करना पड़ता हो, तो छोड़ सकते हैं. ये बात महाप्रभुजीने एक अनुभावकी कही कि **सेवाके अन्तर्गत नवविधि भक्ति करनी है, नवधाभक्तिके अन्तर्गत सेवा नहीं करनी है.** ये बात खास सावधानीसे समझनी चाहिये. इसकेलिये महाप्रभुजीने स्पष्ट कर दिया कि **"कृष्णसेवा सदा कार्या"** **"सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः"** और नवधा भक्तिका किस प्रकार उल्लेख किया महाप्रभुजीने इसे समझो. **"बीजदार्ढ्यप्रकारस्तु गृहे स्थित्वा**





**स्वधर्मतः अव्यावृतो भजेत् कृष्णम् पूजया श्रवणादिभिः".** भई ये शास्त्रकी भाषा है भक्तिको प्रकट करनेकी. इस भाषामें बोलो, क्यों उलटी–सुलटी भाषामें बोलते हो? पर एक बात समझो कि भाषामें बोलते किसीको तुतलाहट हो, कि किसीको लड़खड़ाहट आती हो, पर भाव अगर शुद्ध है, तो कोई कठिनाई नहीं आती.

एक धीरू भाई है. बहुत ही भुलक्कड़ स्वभावके हैं. वो बोलते हैं कि "जै–जै आप आ जाना मैं पधारूंगा". भूल जाता है बोलते बोलते. पर इसमें इसका भाव ऐसा नहीं होता. कहता है कि आप बैठो मैं बिराजता हूं. आप भी बिराजो. बादमें इन्हें ख्याल आता है कि मैं क्या कह गया? तो मैं कहता हूं कि ठीक कहा है. इतनी तत्परता होती है बिराजो कहनेकी तो उसमें उलटा सुलटा हो जाता है. पर इसका बुरा नहीं लगता क्योंकि इसका मूल कारण है, कि आदमी बहुत ही भोला है. भाषाका प्राधान्य यहां नहीं है. भावका प्राधान्य है.

तो हमें भाषामें भी सावधानी रखनी चाहिये. पर ये सावधानी भावकी कीमत पर नहीं. भावकी हानि न होती हो तो भाषा दूसरी भी चल सकती है. जैसे कोई आदमी गूंगा हो जाये तो क्या इशारेसे नहीं बोल सकता? आदमी मौनव्रत ले लेता है तो क्या वो पाटी पर लिखकर नहीं बोल सकता? पाटीके ऊपर लिखकर भी बोल सकता है, इशारेसे भी बोल सकता है. जिस देशमें आप जाते हो वहां की भाषा अगर आपको नहीं आती हो, तो वहां आप कोई दुभाषिया रख कर भी बोल सकते हो. पर अगर उससे भाव रौंद दिया जाता हो, तो वहां जानेमें तो बहुत सत्यानाशकी बात है. भक्तिके भावकी सावधानी रखनेकी बात है, इसकेलिये भाषायें हैं, और जिस भाषाकी प्रधानता है उसको हमें समझना चाहिये. इसमें भी फिरसे एक बात समझनी चाहिये, कि कुछ अन्तरंग विभाग हैं जो मुख्य है. श्रवण कीर्तन वगैरह गौण हैं, और **"तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा"** इसे महाप्रभुजी मुख्य कहते हैं क्योंकि

इनकेलिये **सदा** कहा है, पर उनकेलिये (नवधाभक्ति) सदा नहीं कहा. इस बातसे हमें स्पष्टता होगी.

oooooooooo

## तीसरे दिनका प्रवचन

भक्तिका *स्ट्रक्चर* इस प्रकार का होता है जैसे कि चित्रमें दिखाया गया है. भीतरका इसका भाव निरुपाधिक भाव है. उसके ऊपरका भाव माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह, उसके ऊपरका भाव ब्रजभक्तोंके भावकी भावनासे चित्तको भगवानमें पिरो देना, उसके ऊपरका भाव अपने समर्पणका भाव, फिर शास्त्रोक्त नवधा भक्ति, शास्त्रोक्त शौचाचार धर्म एवं वर्णाश्रम धर्म, लौकिक वैदिक इष्टतम राग – भोग – शृंगार उपचार, यह बात महाप्रभुजीने संन्यासनिर्णयमें कही है.


निरुपाधिक भावका निरूपण महाप्रभुजीने सुबोधिनीमें किया है.

एक बात समझो कि जो नारियल होता है उस नारियलकी भावना करो चित्तमें. नारियलके भीतर पानी भरा होता है, उसके पीछे खोपरा होता है, उसके बाद उसके ऊपर एक छिलका होता है, उसके बाद कुछ खाली होता है, उसके बाद इसकी जटायें होती हैं, अगर यह कच्चा होता है तो एक चमड़ी और होती है जो सूखनेके बाद निकल जाती है. नारियलकी भावना करोगे ना तो यह बराबर समझमें आ जायेगा.यह श्रीफल है भक्तिका. भक्तिके श्रीफलका यह स्वरूप मैंने आपको समझाया है. भक्तिका श्रीफल हमको अपने ठाकुरजीको भेंट धरना हो तो इसमें कितनी वस्तुयें जरूरी हैं. भीतरका रस इस नारियलका जो प्यास बुझाता है, हमारी नहीं अपने ठाकुरकी, वो निरुपाधिकभाव है. इसको एक नम्बर दो. इसका निरूपण श्रीमहाप्रभुजीने तृतीय स्कन्ध सुबोधिनीमें किया है. जहां महाप्रभुजी इस प्रकार आज्ञा करते हैं,





## भक्ति एवं सेवा



कि प्रेम प्रभुका धर्म है. यह हमारा धर्म नहीं है. और वो प्रेम प्रभुने सबको दिया है. जो व्यक्ति जिसकेलिये प्रयोग कर देता है, उसके बारेमें उसको प्रेम हो जाता है. परमात्मासे लेके मदिरा तक हो सकता है. ऊंचेसे ऊंचा और हल्केसे हल्का. अतएव प्रेम तो शुद्ध है पर इसका प्रयोग किसकेलिये कर रहे हो, उससे उसकी शुद्धि अथवा अशुद्धिका निर्धारण होता है. बात समझमें आई? एक ही शुद्ध वस्तु अशुद्धकेलिये प्रयोगमें लायें तो वो शुद्ध वस्तु अशुद्ध हो जाती है. प्रेम स्वयंमें तो शुद्ध ही है. पर इसे परमात्माके सिवाय किसी दूसरी वस्तुमें प्रयोगमें लायें तो इस कारण इसकी शक्ति, अपनी भाषामें कहें तो छु गई अपरस. बाकी प्रेमतो शुद्ध वस्तु है इसमें कुछ छूने जैसा है नहीं पर गलत जगह प्रयोगमें लाये तो छुई जाये अपरस, मूल मुद्देकी बात समझमें आई न? इसे प्रभुमें वापरो तो शुद्ध है. यह बात महाप्रभुजीने तृतीय स्कन्धकी सुबोधिनीजीमें बताई है कि प्रेम परमात्माका धर्म है, ये अपना धर्म नहीं है. परमात्माने प्रत्येक व्यक्तिको अपनी इस शक्तिका अंश दिया है. जैसे जीव परमात्माका अंश, वैसे ही परमात्माने अपनी प्रेमशक्तिका अंश प्रत्येक जीवात्माको दिया है. और ये प्रेमकी शक्तिका विषय भी परमात्मा ही है मूलतः.

बातको थोड़ा समझना पड़ेगा, थोड़ी जटिल बात है, इसे ऐसे समझो कि आपको भूख लगी है, तो एक नहीं चार गिलास पानी आपको पिलायें तो भी उससे भूख नहीं मिटेगी. और सोचो कि प्यास लगी हो, तो दस लड्डू भी खिलाये न, तो उससे भी प्यास नहीं बुझेगी, प्यास तो वहींकी वहीं रहेगी. सबकी तो नहीं कह सकता पर अपनी बात कहता हूं, कि जब पानीकी प्यास लगती हो उस समय कोई शर्बत भी पिलाये तो प्यास मिटती नहीं है. पानी पीने पर ही प्यास मिटती है. सोचो कि प्यास लगी और कोई ठण्डा दूध पिला दे, तो किसीकी बुझ जाती हो प्यास तो मालूम नहीं. पानीकी प्यास लगी हो तो पानी पीने पर ही





बुझती है. बाकी तो बुझे ही नहीं. कोई शरबत भी पिलाये तो भी इतना आनन्द नहीं आता, जितना कि पानी पीने पर आनन्द आता है.

तो प्रेमकी प्यास अथवा प्रेमकी भूख मूलतः परमात्माके बारेमें ही है. ये बात मुद्देकी समझ लेनी चाहिये. ये अपनी भूख किसी लौकिक विषयके बारेमें है ही नहीं. फिरसे एक बात समझो, कि जब छोटे बच्चेको अपनी माताके दूधकी भूख होती है और दूध समयानुसार मिले नहीं तो वो अपना अंगूठा चूसने लग जाता है. बादमे थोड़े दिन बाद उसे मोह हो जाता है, अंगूठा चूसते चूसते, कि जब भूख लगे और रोना आये तो अंगूठा चूसना शुरु कर देता है और फिर चुप हो जाता है. अंगूठेमें दूध तो नहीं मिलता पर इसमेंसे दूध मिलेगा इसका मोह हो जाता है. और इस मोहके कारण कई बच्चे रबड़की टोंटी चूसने लग जाते हैं. और इसमें उन्हें आनन्द आता है. दूध मिले कि न मिले पर रबड़की टोंटी मुंहमें डालकर बच्चा मस्त हो जाता है. उसका मुंह उस समय देखो कि कितना मस्त हो जाता है. **भिद्यते हृदय ग्रंथि छिद्यते सर्वसंशय**, और बच्चा सो जाता है.

हमारे बड़े जमाईने एक बात बताई. इनके यहां उदयपुरमें कोई वोहराजी हैं. ये कोई साठ सत्तर सालके बुजुर्ग हैं. पर अभी भी उनको बोतलमें दूध पीनेकी आदत है. एक दिन ट्रेनमें ये लोग इकट्ठे हुये. तो उन्होंने अपने पोतेकी दूधकी बोतल लेकर ऊपरकी बर्थमें जाकर मुंहमें लगाकर पी ली. हमारे जमाईको हंसी आ गई कि ये कैसा सीन है भाई!! तो वो गुस्सा हो गये कि तुम्हें कोई आदत नहीं है क्या? तुम्हें अगर कोई आदत हो सकती है तो मुझे भी आदत हो सकती है. इनकी अपने बचपनकी आदत अभी तक बरकरार रह गई. दूधकी बोतल पीये बगैर नींद नहीं आती है. छोटे छोटे बच्चोंको आप देखोगे तो बड़ा मजा आयेगा जब वो रबड़की टोंटी मुंहमें लगाकर चूसकर प्रसन्नताके भाव लाते हैं, जो आनन्द, तन्मयता, हम भक्ति करते

हैं तो इतनी तन्मयता नहीं आती ठाकुरजीमें, ऐसी प्रसन्नताके भाव सेवा करते समय आपके चेहरेके ऊपर नहीं आते होंगे ज़ितने बच्चेके मुंह पर रबड़की टोंटी चूसनेमें आते हैं. न जाने क्या नशा आ जाता है? कहीं कहीं तो मैंने देखा है कि पांच पांच दस दस सालके भी हो जाते हैं पर उनकी यह आदत छूटती नहीं है. हमारी मझली बेटीजीकी यह आदत दस बरस होनेके बाद छूटी. मैं उसे खूब पीटता था कि अंगूठा नहीं चूसना. तो माथा ढकके सो जाये. इसका नाम मोह. मूलमें तो भूख है दूधकी, दूध मिल नहीं रहा, तो कुछ न कुछ तो चाहिये न फिर अगर दूध नहीं मिल रहा तो, किसीको अंगूठा मिल जाता है, किसीको अंगुली मिल जाती है, किसीको टोंटी मिल जाती है, किसीको कुछ मिल जाता है, जिसे जो मिल जाये हाथमें, तो उसके बाद उसे उसका मोह हो जाता है कि अब नींद इसके बगैर नहीं आयेगी. उन वोहराजीको दूधकी बोतलका मोह हो गया. इतने बुजुर्ग आदमीको दूध बोतलसे नहीं पीना चाहिये पर एक बार आदत पड़ गई तो फिर कुछ दूसरा उपाय नहीं है.

महाप्रभुजी ये बात समझाते हैं कि मूल जो प्यास है निरुपाधिक भावकी, ये प्यास है तो परमात्माके बारेमें ही, किसी दूसरेके बारेमें नहीं है पर ये परमात्मा, अब आजके ही गीताके प्रवचनको देखो तो तुम्हें समझमें आयेगा कि "**अविभक्तम् विभक्तेषु**", और जहां तक अव्यभिचारिणी दृष्टि नहीं हो वहां तक सामने आता नहीं, तो रबरकी टोंटी हो तो रबरकी टोंटी या अंगूठा हो तो अंगूठा जो सामने आये उसे किसी तरहसे मुंहमें डालकर इसे पूरा करना पड़ेगा. फिर कोई दूसरा उपाय रहता ही नहीं. उसी प्रकार महाप्रभुजी आज्ञा करते हैं कि ये जो प्रेम है वो भगवद्विषयक भगवद्धर्म है. अतएव भगवानकी भक्तिका हमारे हृदयमें जो प्रेम है ये मूलतः इसकी परमात्माकी प्यास ही है. अब परमात्मा च्यूंकि नहीं मिल रहा, तो इन लड़का, लड़की, घरबार, कुर्सी, राजनीति वगैरह वगैरह जितने भी विषय मिलते हैं, उसमें





आदमी फिर टोंटी चूस चूसकर संतोष मान लेता है. मूल मुद्देकी बात ये है. उस भावको महाप्रभुजी निरुपाधिक भाव कहते हैं. टोंटी चूसनेके भावको नहीं, पर टोंटी हम किस कारणसे चूस रहे हैं, क्योंकि मांका दूध चाहिये. ये दूध जब नहीं मिलता उस कारण फिर जो टोंटी चूसना चालू करते हैं वो सारे सोपाधिक भाव हैं. क्योंकि "न मामा करते काना मामा अच्छा". ऐसी कोई नीति अनुसरके हम ऐसे चल रहे हैं. च्यूंकि मां दूध नहीं पिला रही तो टोंटी तो टोंटी, अंगूठा तो अंगूठा, जो आये उसे किसी न किसी तरह मुंहमें डालकर संतोष मान लेते हैं. ये भाव सोपाधिक भाव हैं. इन सोपाधिक भावोंको महाप्रभुजी भक्तिके तौर पर स्वीकारनेको तैयार नहीं हैं. ऐसे सोपाधिक भावोंको लेकर मैं जब झगड़ा करता हूं, तो लोगोंको गुस्सा आता है पर मूल बातको समझो. अपना घरखर्चा चलानेकेलिये सेवा नहीं करनी, अथवा दूसरेको दिखानेकेलिये सेवा नहीं करनी, इसके पीछेका मूल मुद्दा ये है कि अगर दूसरेको दिखानेकेलिये अपन सेवा करते हैं तो शायद स्नेह तो होगा, भक्तिभी होगी, पर टोंटी आ गई है कोई मुंहमें, ये शुद्ध भाव नहीं रहा. तो जान बूझ कर ऐसा उपद्रव क्यों करना? अगर गल्तीसे हो गया तो भगवल्लीला, पर जानबूझ कर ऊधम करना और उसे सिद्धान्ततया प्रस्तुत करना! उसके साथ मतभेद है. अब अगर दूध नहीं मिलता तो हम कैसे ना पाड़ सकते हैं कि ना चूसो. मुझे तो याद नहीं आता कि बचपनेमें मैंने ऐसा कुछ किया हो, मोटे तौर पर हर बच्चा करता है, हो सकता है मैंने भी किया हो!! पर ये एक अलग कथा है पर वोहराजीकी तरह अब भी दूधकी बोतल पिऊं तो यह कैसी लीला प्रकट हो रही है? अब तो समझ जाना चाहिये कि सोपाधिक भावोंको नहीं रखना चाहिये. कमसे कम इनको सिद्धान्तके तौरपर तो स्थापित या प्रस्तुत नहीं करना चाहिये. किसीको टोंटीकी आदत पड़ गई हो तो वो व्यक्तिगत विषय है पर उसे सिद्धान्तके तौरपर नहीं कह सकते. सिद्धान्त वो जो श्रीमहाप्रभुजीने कहा है कि प्रेमका

निरुपाधिकभाववाला जो स्नेह है वो स्नेह इस जीवात्माकी अपने भीतर रही हुई परमात्माकी प्यास है. ये प्यास बुझती नहीं है तो जिससे संतोष आता है, किसीको आजीविकासे संतोष आता हो और अकेलेमें ठाकुरजीकी भक्ति करनेमें मजा नहीं आता हो, और मुझे ऐसा लगे कि मुझे पांच सात जन देखें कि मैं किस प्रकार कर रहा हूं? कैसे आरती कर रहा हूं? कैसे फूलमंडली कर रहा हूं? कोई देखे तो भक्ति करनेमें मजा आये. कोई देखही नहीं रहा तो मुझे लगे कि बंद दरवाजेमें करनेमें क्या फायदा? ऐसा भाव आ जाये तो ये टोंटीवाला भाव है रबड़की. समझ गये न आप?

एक बात समझो कि कोई अपनी पत्नीके साथ प्रेमालाप करता हो और कोई देखे तो उसको अच्छा लगेगा? मारनेकी इच्छा होगी कि क्यों देख सुन रहा है? अगर अपनी पत्नीके साथ प्रेमालापको कोई सुने तो हमें अच्छा नहीं लगता तो ठाकुरजीको हम रिझा रहे हों तो इसमें कोई आ घुसे, ये हमें क्यों अच्छा लगना चाहिये? अच्छा लगना ही नहीं चाहिये अगर निरुपाधिक भाव है तो? अगर सोपाधिक भाव हो गया है तो कोई देखे तो मजा आये, नहीं देखे तो मजा नहीं आता सेवा करनेमें. सोपाधिक भाव ऐसा ही होता है. मगर ये सिद्धान्त नहीं हो सकता. ये मूल मुद्देकी बात समझ जाओ. ये अपनी मनुष्यकी कोई भूल है. निरुपाधिकभाव वो भक्तिका भीतरमें भीतर रहा हुवा भाव है. और ये भीतरमें भीतर रहे हुवे भावको प्रकट किस प्रकार करना? ये भीतर है तो भरा हुआ आत्मामें, उसे प्रकट करनेकेलिये महाप्रभुजी कहते हैं कि इसका माहात्म्य समझो. आप ये समझो और बच्चेको ये बात समझाओ कि इस अंगूठेको पीनेसे तुझे कुछ लाभ होनेवाला नहीं है. ये तुझे मोह पैदा हो गया है. अंगूठेको कितना ही चूस पर उसमेंसे एक बूंद भी दूध आने वाला नहीं है. दांत मुड़ जायेंगे. जो बच्चे बहुत अंगूठा चूसते हैं उनके दांत बिगड़ जाते हैं क्योंकि कच्चे दांतके ऊपर प्रेशर आ जाता है





मसूढ़ेके ऊपर. इस रबड़की टोंटीके कारण भी ऐसा नुकसान होता है. हमें इन सब तकलीफोंको समझाना चाहिये. बच्चेको कभी डराना भी पड़ता है, पक्ष ग्रहण करानेकेलिये, पर क्या करें? इस बाललीलामें कुछ दूसरा सुख होता है तो ये सब उपाय करने चाहियें हमको कि किसी प्रकार ये आदत छूटे तो बात ठिकाने पर आये.

निरुपाधिक भावका माहात्म्य हमें बच्चेको समझाना चाहिये, तो उसे पता चलेगा कि जिस रबड़की टोंटीको वो मोहसे पकड़कर बैठा है, उसमेंसे एक बूंद भी दूधकी मिलनेवाली नहीं है. मूलबातको समझो तो समझ आये बात.

अब दूसरा भाव है: माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेहका. अब ध्यानसे देखो, कि ये जो दूसरा वृत्त है, इसमें सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह वो ही वस्तु है जो भीतरके वृत्तमें रही हुई है. पर अब ये सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह बाहर आया. ये कोई नया ऐलीमेंट नहीं है. सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह तो वो ही है जो कि भीतरमें था. निरुपाधिक भाव, वो ही है, ये कोई नई बात नहीं है, माहात्म्यज्ञानसे यह प्रकट हो गया जैसे पानीका रिजर्व जमीनके भीतर होता है और खड्डा खोदें तो एक आध धारा फूटे इसमें. इसी प्रकार माहात्म्यज्ञानकी खुदाई करके, अपने भीतर भरा हुवा जो निरुपाधिक भाव है उसकी कोई एकआध धारा फूटी तो बस माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह, ये भक्तिकी दूसरी परत तक हम पहुंच गये.

अब और ऊपर आ रहा हूं भीतर नहीं जा रहा. बात समझना. हकीकतमें तो भीतर जाना है. यह जो बता रहा हूं भीतरका स्वरूप बता रहा हूं, कि साधनामें इस प्रकारकी खुदाई करनी चाहिये. इस हृदयकी इस प्रकार खुदाई करनी चाहिये, अब इसमें उलटा क्रम चलेगा पांच, चार, तीन, दो और एक. एक पे पहुंचे और झरना फूट गया. एक तक पहुंचे खुदाई कर करके तो झरना फूट गया. अतएव साधनाका क्रम ये है. और इसके

स्वरूपका क्रम इस प्रकार समझना चाहिये कि भीतरके भीतर निरुपाधिक भाव भरा हुआ है, उसके ऊपर माहात्म्यज्ञान, फिर उसके ऊपर चित्तका एकाग्र होना. क्योंकि ये माहात्म्यज्ञान सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह प्राप्त किस प्रकार होगा, तो ब्रजभक्तोंका जिस प्रकारका भाव था, उन भावोंकी भावनासे अपना चित्त भगवानमें प्रवण करो. स्पष्ट शान्तिसे विचारोगे तो समझमें आयेगा कि ब्रजभक्त अपने लालकी सेवा किसीको दिखानेकेलिये नहीं करते थे. अपनी रोजी–रोटी कमानेकेलिये सेवा नहीं करते थे. कोई ऐसा पद आता हो तो दिखाओ कि ये रोजी रोटी कमानेकेलिये या दिखानेकेलिये सेवा करते थे. आज गोस्वामी बालक ऐसा कहते हैं कि इसमें कोई दोष नहीं है. हम भेंट कमानेकेलिये भी भगवत्सेवा कर सकते हैं क्योंकि शास्त्रमें कहा हुआ है. चलो शास्त्रमें भी कहा हो समझो, कहा है कि नहीं कहा है ये तो कभी फुरसतसे विचारूंगा पर सोचो कि कहा भी हो पर क्या ब्रजभक्तोंने रोजी–रोटी कमानेकेलिये अपने लालनकी सेवाकी थी? ऐसा सम्भव हो ही नहीं सकता, ब्रजभक्तोंने ऐसी सेवा करी होती तो महाप्रभुजी **"कौण्डिण्यो गोपिका प्रोक्ताः गुरुवः साधनं च तत्"** ऐसा कभी नहीं कहते. भूल जाओ इस बातको. सम्भवही नहीं हो सकती. **"कौण्डिण्यो गोपिका प्रोक्ताः गुरुवः साधनम्"** यह बात श्रीमहाप्रभुजीने संन्यासनिर्णयमें बतायी कि ऐसे भावोंका भावन करो.

अब ध्यानसे देखो कि हमें ऐसे भावोंका भावन नहीं करना और फलाने प्रसिद्ध मंदिरमें फलाने प्रसिद्ध भक्त पुजारी पूजा करवानेके पैसा लेते थे, इसलिये हम भी ले सकते हैं. लेते थे तो लेते थे. कोई मस्जिदमें नमाज भी बांचते थे, तो क्या अपनेको भी नमाज पढ़नेकी है? महाप्रभुजीने क्या कहा है? इसे समझना चाहिये. फलाना क्या करता था, ढीकड़ा क्या करता था, अरे जाने दो उन बातोंको. क्यों गलत बात पकड़ते हो? पुष्टिमार्ग है कि क्या है? **"कौण्डिण्यो गोपिका प्रोक्ताः गुरुवः साधनं च तत्"**





इनके जैसे भाव थे, वैसे भाव आपके होने चाहियें. इस कारण एक बात समझो स्पष्टतासे, सुबहसे लेकर ठाकुरजीके जागनेके पहलेसे जो पद हैं, इन्हें एक ओर रखो, पौढ़नेके बादके जो पद हैं इन्हें भी अलग रखो, दीनता आश्रयके पदोंमें हमारी सबकी रामायण है. जागनेके पहलेके पद हमारा श्रीमहाप्रभुजीके प्रति गुरुके तौरका श्रद्धा भाव है. बाकी ठाकुरजी जब जागते हैं तो किस भावसे जागते हैं? ब्रजभक्तोंके भावसे जागते हैं. मंगलभोग किस भावसे आरोगते हैं? ब्रजभक्तोंके भावसे. शृंगार किस भावसे धराते हैं? ब्रजभक्तोंके भावसे. घैया किस भावसे आरोगते हैं? ब्रजभक्तोंके भावसे. हरेक हवेलीमें ग्वाल होते हैं पर ग्वाल हैं कहां यहां? और जो ग्वाल होता है गौशालाका क्या वो मंदिरमें घुस सकता है? लेकिन हम भाव करते हैं. ये भावना करते हैं. शयनके पहले भी ग्वाल होता है. ग्वाल हैं कहां? पर हम भाव करते हैं कि जिससे हमें चित्तको भगवानमें एकाग्र करना है. महाप्रभुजीने यह गाइडलाइन दी है कि **"भावो भावनया सिद्धः साधनं नान्यदिष्यते"** और **"कौण्डिण्यो गोपिका प्रोक्ताः गुरुवः साधनं च तत्"** तो जैसे ब्रजभक्तोंने भगवानको लाड़ लड़ाये वो भाव हमारे भीतर कहां हैं? महाप्रभुजी कह रहे हैं कि नहीं हैं तो नहीं हैं, कोई चिन्ताकी बात नहीं है. भावना तो कर सकते हो कि नहीं? भावना करनेमें आपका क्या जाता है? अतएव एक बात समझो, ठाकुरजीके साथ हमारी एक गेम स्टार्ट करवा दी है. जैसे बालक खेल सीखता है. ऐसा कौनसा बच्चा है कि जिसे जन्मते ही खेल खेलना आता है? कुछ बच्चोंके साथ उस बच्चेकी दोस्ती होती है. ये कहते हैं कि चल आ तू भी खड़ा हो जा. ले फेंक बॉल. मार फटका. दो चार गलत जाती हैं और दो चार ठीक पड़ती हैं और क्रिकेटका खेल आ जाता है. इसी तरह अपने ठाकुरजीके साथ हमको गेम स्टार्ट करना है लीलाका. जिस तरहसे आप ब्रजभक्तोंके साथ खेलते थे, कदाचित हमको वो खेल नहीं आता हो तो नहीं आता, तो भी गेम चालू करनेके

बाद कुछ समय बाद खेल तो सीख ही जायेंगे. गेम कैसे स्टार्ट हो? भोग आप धर रहे हो. गोपिकायें आती हैं क्या धरने? यशोदाजी आती हैं क्या? नहीं आतीं तो नहीं आती पर हम भावना कर रहे हैं कि यशोदाजी जगाने आ रही हैं, भोग धर रही हैं. ठाकुरजी जिद कर रहे हैं **"मैया मोहि माखन मिश्री भावे"** ये ठाकुरजी जिद करते हैं आपके साथ? नहीं करते तो भी ऐसे डायलॉग हम बोलते हैं. ये नहीं बोलते तो क्या करें? हम तो बोलें. जब बच्चे खेलने बैठते हैं तो प्रैक्टिकली ऐसे ही करते हैं. एक बच्चा खेलता होता है तो अपना डायलौग तो बोलता है पर इसके साथ खेलनेवाला जो बच्चा होता है उसका भी डायलौग बोलता जाता है. कभी खेलते बच्चेको औबसर्व करो तो यह सब बांत बातें समझमें आयेंगी. कि कैसी शुद्ध दोषरहित लीला है ये. ये ठाकुरजी जगतकी लीला कर रहे हैं और हम ठाकुरजीके साथ लीला कर रहे हैं. हम लीला कर रहे हैं ये लीलाविहार है सेवाका श्रीठाकुरजीके साथ. एक गेम स्टार्ट करो श्रीठाकुरजीके साथ कि चलो आप नहीं बोलते तो कोई बात नहीं. चुप बैठो. हम आपके डायलौग बोलते हैं. आप दूध माखन रोटी नहीं मांग रहे कोई बात नहीं आप चुप बैठो, मैं बोलूंगा कि **"मैया मोहि माखन मिश्री भावे"**. इनके डायलौग भी हम बोलेंगे और अपने डायलौग भी हम बोलेंगे. एक बात समझो सेवामें ही ऐसा नहीं है, हम शादी करते हैं ना तो उसमें भी ऐसा ही होता है. जो मंत्र होते हैं बोलनेके वो पुरोहित बोलते हैं, "ये लक्ष्मीरूपी कन्या मैं आपको दे रहा हूं" और वरके मंत्र भी पुरोहित बोलते हैं. अपना मंत्र बोले तो बोले वरका मंत्र भी बोलते हैं कि "यह कन्या मैं लेता हूं." अरे तू कैसे ले जायेगा भाई! ये तो हमारे लिये है. पर आप अगर बोलो नहीं तो पुरोहित क्या करे? दोनोंके मंत्र बोलते हैं. ये कन्या लक्ष्मी रूपी तुझे दे रहा हूं. ये पिताका बोलनेका मंत्र है. ये पुरोहित बोले पीछे वरके बोलनेका मंत्र भी गौर महाराज बोलते





हैं कि वधूके बोलनेके मंत्र भी गौर महाराज बोलते हैं. नहीं बोले तो क्या करे? ये तो विवाहकी बात है.

मैं एक वकीलके पास जूनागढ़केसके बारेमें गया. आपको एक बहुत मजेदार बात बताऊं. बहुत बड़ा वकील. मेरे किसी मित्रने कहा कि जाके मिलो. मैं उसके यहां पहुंच गया. उसने पूछा कि क्या है? मैंने कहा कि फलाने भाईने आपके पास भेजा है. तो बोला हां हां जानता हूं. उसने पूछा कि क्या मसला है? आपका वकील कहां है? मैंने कहा कि वकील तो नहीं है हमारा. तो उसने कहा कि आपको पता है कि मैं बड़ा वकील हूं. मैंने कहा कि ये तो मुझे पता है कि आप बड़े वकील हो इसीलिये तो आपके पास आया हूं. वो बोला कि आप मेरे साथ कैसे बोल सकते हो? मैंने कहा कि भाई हमारी बात तो सुनले. तो कहे वकीलको लाओ बादमें बोलो. आपके साथ नहीं बोलूंगा. मैं फिर वापिस आ गया. सुने ही नहीं तो क्या करूं? बड़े वकीलकी ऐसी आदत होती है कि प्रार्थीकी बात सुने ही नहीं. बड़े डाक्टरकी भी ऐसी आदत होती है, कि हम कहें कि पेट दर्द करता है तो कहे कि चुप रह. आपको नहीं बोलना. छोटा डाक्टर कहां है? वो छोटे डाक्टरसे पूछता है कि इसे क्या बीमारी है. हम कहें कि हमारा पेट दुखता है तो कहे कि आप चुप बैठो. छोटे डाक्टरको पूछ कर बताता है. हमसे बात करना ही अच्छा नहीं लगता उसको. ये ठाकुरजी भी बड़े डाक्टर जैसे हैं महेश्वर हैं न तो नहीं बोलते. नहीं बोलते तो न बोले पर ब्रजभक्तोंके साथ तो बोलते थे न, बस इसकी ऐप्लीकेशन दे देनी. अब नहीं अपने साथ बोलते तो क्या करना? ब्रजभक्तोंके साथ तो बोलते थे. यशोदाजीसे तो मंगल भोग मांगेगे कि नहीं? हमसे नहीं मांगते तो नहीं मांगते पर यशोदाजीसे तो मांगेगे. ये एक लीला है अपनी. इस प्रकार लीला शुरु करना चाहिये. इस लीलाके खेलको शुरु करो. इस लीलाके खेलको शुरु करोगे तो धीरे धीरे तुम्हारी तन्मयता इसमें आयेगी, तो इसे लगेगा कि अब ये बड़ा वकील

हो गया, ऐसे बात समझनेकी है. पर आप समझते ही न हो, तो ये किस तरह आपके साथ बोलेगा? उस दिन वकीलकी बातसे मुझे बहुत *इन्सल्ट* महसूस हुई कि बात करने जायें तो बात ही न करे, मैंने कहा कि भाई मेरी बात तो सुनलो कि मूल हमारा मुद्दा जूनागढ़केसका कानूनका नहीं है पर सिद्धान्तोंका है कि वल्लभसम्प्रदायके सिद्धान्त कुचले जा रहे हैं. तो बोले कि सिद्धान्त कुचले जा रहे हैं ये तो बादकी बात है पर अपना वकील लाओ कहां है?

एक बार ऐसा हुआ कि हमारे यहां एक अमेरिकन आया. इसे हो गया पीलिया. अब ये एक और महान लीलाविहारी प्राणी. यहां किसीने व्रजमें इसे कह दिया कि तुम्हारी नाभि खिसक गई है. तो रोटी बनाये, दिया जलाये, पेटके ऊपर रखे फिर उसके ऊपर गिलास रखे. अब फिर भावना करे कि अब नाभि ठीक हो रही है अपनी जगह आ रही है. रोज ऐसे नये प्रयोग करे. मुझे देख देखके आश्चर्य हो कि भई क्या कर रहा है? हमारी बहूजीने कहा मुझे लगता है इसे पीलिया हो गया है. मैंने भी कहा कि भई हमको लगता है कि तुझे पीलिया हो गया है. अब ये कहे कि हमारे देशमें पीलिया होता ही नहीं है. बात सच्ची है कि आपके देशमें पीलिया नहीं होता पर हमारे देशमें तो पीलिया होता है! तो बोले कि मुझे पीलिया हो ही नहीं सकता. हमारे देशमें पीलिया होता ही नहीं है. कैसे समझाना? इसके साथ मरजाद और सिखादी इस भाई को. अब रातको निबटनेकेलिये छः बार जाये तो छः बार नहाये दिसम्बर महीनेमें. हमारी बहूजीने कहा कि ये अगर मर गया तो हमारे माथे पड़ेगा. आप इसे भगाओ यहांसे. अब भगाऊं तो कैसे भगाऊं. मैंने अपने डाक्टरको बुलाया कि भई देखो तो इसे क्या तकलीफ है? डाक्टरने आके सारा चैक अप किया. डाक्टरको भी लगा कि पीलिया है. तो डाक्टरको यह समझाये कि मैं यहां गया था तो मेरी नाभि सरक गई. तो डाक्टरने पूछा कि कफ आता है? तो बोला कि गलेमें





आता है यहां आता है वहां आता है. तो डाक्टर बोला कि आप चुप बैठो मैं अपने आप देख लूंगा. फिर गुस्सा हो गया कि ये हिन्दुस्तानी अमेरिकनसे द्वेष करते हैं इसलिये हमारी बात सुनते नहीं है. डाक्टर बिचारा किस प्रकार बातको सुने कफ गलेमें होता है कहीं मलमें होता है? इसे किसी हिन्दुस्तानीने ब्रजमें समझा दिया कि मलमें भी कफ जाता है. डाक्टरने इसकी बात सुनी नहीं. फिर इसने कहा कि मुझे इस डाक्टरका इलाज नहीं करना. बड़ी मुश्किलसे इसे हौस्पिटलमें दाखिल करवाया. जब हजारोंका बिल आ गया तो ठीक होके गया. इसे *कौम्युनिकेशन गैप* कहते हैं.

अतएव जो आप बात कह रहे हो मुझे समझ नहीं आ रही और जो मैं बात कह रहा हूं वो आपको समझमें नहीं आ रही. हमको एक भाषा समझमें आनी चाहिये कि सेवा करनी है. कोई सोचे कि अगर इस सेवा करनेमें कोई कमाई नहीं हो रही है तो क्यों ये सेवा करनी? फिर अपेक्षा रखें कि बोलो तो जरा. प्रभु क्यों बोले आपके साथ? तू भक्ति नहीं कर रहा. मुझे दिखानेकेलिये तू मनोरथ करता नहीं, फूल जो हैं उन्हें तो तू जनताके सामने रखता है, फूलके डंठल मुझे दिखाता है कि बिराजो फूलमंडलीमें. अरे फूलमंडलीमें बिराजकर मुझे क्या लाभ? फूल किसे दिखा रहा है? दर्शनार्थियोंको. और ठाकुरजीको क्या दिखा रहा है उन फूलोंके डंठल. एक दिन पीछे बैठकर देखो कि डंठल देखनेमें कोई खूबसूरती आती है? नहीं आती. ठाकुरजी भी समझ जाते हैं कि इसमें बोलने जैसा कुछ है नहीं. जाने दो जो करता है करने दो. इसमें हमें बुरा लग जाता है कि भगवान बोलते नहीं. अरे बोलें कैसे? तुम्हारी भाषा एक नहीं है अलग अलग भाषामें बोल रहे हो. निरुपाधिक भावकी भाषामें बोलो तो समझें पर आप सोपाधिक भाषामें बोलते हो तो कैसे समझें? एक अंग्रेजी बोलता हो और एक हिन्दी बोलता हो तो एक दूसरेकी बात समझ आयेगी ही नहीं. इसके बाद इसका अनुवाद करें, तो

क्या होता है कि मेरा सिर चक्कर खा रहा है. इसका अंग्रेजीमें अनुवाद क्या होगा? *माई हैड इस ईटिंग सर्कल* ऐसा विचित्र अनुवाद करे तो अंग्रेज भी घबरा जाये कि इसका मतलब क्या? ऐसी कुछ गड़बड़ हो जाती है जब एक दूसरेकी भाषा नहीं समझते. अतएव मूलभाषा समझनेकी बहुत बड़ी पंचायत होती है. इसलिये हमारे यहां बहुत सेफ रह कर प्राचीन भगवदीयोंने श्रीगुसांईजीने सेवामें चुप रह कर कीर्तन गाकर सेवा करनेको कहा. जिससे कि आप ठाकुरजीके साथ कुछ ऐसी वैसी बात न करो. ब्रजभक्तोंके भावकी भावना करनेकेलिये इस प्रकारके पदोंको रचा गया है मंगलासे लेकर शयन तक. अगर इन पदोंको न रचा गया होता, तो हम कई कई बातोंकी मांग भगवानके सामने करते रहते.

हमारे बड़े मन्दिरमें एक रायसाहब थे. ये मुंबईमें आये. मुंबईमें आनेके बाद इन्होंने सोचा कि फिल्म इंडस्ट्रीमें कुछ काम मिल जाये तो अच्छा. जितनी फिल्मवालोंके पास गये तो कोई भी इन्हें ठीक काम न दे. उसके बाद इन्होंने विचार किया कि मैं खुद ही एक फिल्म बनाऊं. फिल्म कोई मुफतमें तो बनती नहीं. कोई पैसा दे तो फिल्म बने. और पैसा कोई दे नहीं. तो हर रोज बड़े मन्दिरमें ठाकुरजीके पास जायें और जाकर नमस्कार करें. और हाथको ऊपर उठाकर खोपड़ीको दायें बायें घुमायें. तो एक दिन मैंने पूछा कि रायसाहब नमस्कार करते हो ये तो बहुत अच्छी बात है पर ऐसे क्यों करते हो? तो बोले कि मैं भगवानसे कहता हूं कि तू भगवान तो है पर मेरे किस कामका? मुझे कोई फिल्म बनानेकेलिये फाइनेन्सर तक तो मिलता नहीं. पर ऐसा होते हुये भी नमस्कार करता हूं क्योंकि तू भगवान है. फाइनैन्सर पैसा देनेवाला तो कोई मिलता नहीं है. ऐसी भाषा यदि हम भगवानके साथ बोलने लग जायें तो भगवान कैसे बोले? ये कोई अलग भाषा है. जिस भाषाको बोलनेकेलिये 'पुष्टिप्रभु कदाचित समझते नहीं' ये कहें तो कोई बड़ी बात नहीं. इस भाषाका ज्ञान





पुष्टिप्रभुको नहीं है. मर्यादाप्रभुको इस भाषाका ज्ञान है कि फाइनेन्सर दिला देना चाहिये. मानता मानो और मानता पूरी हो जाये तो फाइनेन्सर मिल जाये आपको. पर पुष्टिप्रभुको इस भाषाका ज्ञान नहीं है क्यों? क्योंकि ब्रजभक्तोंने पुष्टिप्रभुका इस प्रकार लालन पोषण नहीं किया था. उन्होंने जिस प्रकार इसका लालनपोषन किया, जो भाषा इसको सिखाई, उसमें ऐसी कोई बातही नहीं थी. अब ये भाषा पुष्टिप्रभु समझते नहीं और जो भाषा पुष्टिप्रभु समझते हैं वो भाषा आपको समझमें नहीं आती. आपको पुष्टिप्रभुकी जरूरत नहीं है आपको फाईनेन्सरकी जरूरत है. अब इन दोनों अंधे बहरेमें सिर फुटव्वल न हो तो क्या हो?

अतएव महाप्रभुजी कह रहे हैं **"भावो भावनया सिद्धः साधनम् नान्यद् इष्यते"**. मुद्दा ख्यालमें आया न? अतएव उस प्रकारसे चित्तको एकाग्र करो. बहुतसे लोग समझते हैं कि चित्तको एकाग्र कर लो भगवानमें! कंसका चित्त हमारी आपकी तुलनामें बहुत एकाग्र था भगवानमें, पर इससे भक्ति हुई कहलायेगी? कंसकेलिये तो ये कहा जाता है कि सोते बैठते उठते जागते भगवद्स्मरणके अतिरिक्त उसके मनमें कुछ और था ही नहीं. ऐसा संभव है क्या आपको? हृदय पर हाथ रखके कहो, आधा पौना घण्टा स्मरण करते हैं तो संतोष हो जाता है कि चलो आज तो आधा पौना घण्टा प्रभुका स्मरण हो गया. जाने कोई हिमालय चढ़ गये हम. अब ये आधा पौने घण्टेमें भी मन मुसाफिरकी तरह कितने देशोंका भ्रमण कर आता है, ये अलग *एक्स्ट्राकरिक्युलम् एक्टिविटी* है इस आधे पौने घण्टेके भगवतस्मरणमें. इस प्रकारकी स्थितिमें हम अपेक्षा रखें कि निरुपाधिक प्रेम प्रकटे तो वो सहजतासे नहीं प्रकटता. इसकेलिये अपने यहां यह क्रम घढ़नेमें आया कि ब्रजभक्तोंके जो भाव हैं उनकी भावना करके चित्तको एकाग्र करना चाहिये. इस कारण ये सारे कीर्तन योजन करनेमें आये हैं. किस प्रकारकी सेवा कैसे होती है उसका विवरण आपको प्राप्त करना हो तो जिस वक्त

जिस सेवामें जो कीर्तन गाया जाता है उस वक्तकी उस सेवाका वो भाव है. बाकी सारे भाव तुम्हारी *एक्स्ट्रा करिक्युलम एक्टिविटीके* भाव हैं. जैसे कॉलेजमें पढ़नेकेलिये जाते हैं, तो खाली *पीरियडमें* जो *एक्टिविटी* होती हैं वो *एक्स्ट्रा करिक्युलम एक्टिविटी.* कॉलेजका जो टाईम टेबल है उसमें लिखा नहीं होता है कि इसमें ये सब करना. पर आदमी करता है. पढ़ने गया है बच्चा तो कुछ तो *एक्स्ट्रा करिक्युलम एक्टिविटी* करेगा ही. जो नहीं है वो भी करेगा जैसे घरखर्च चलानेको सेवा करनी, गांवको दिखानेकेलिये सेवा करनी, मनोरथीको बीड़ा दे देना, ये सेवामें कहां लिखा है? ठाकुरजीको भोग धरना कि मनोरथीको देना? ये सब *एक्स्ट्रा करिक्युलम एक्टिविटी* हैं क्योंकि गये हैं तो हम अपने हिसाबसे गये हैं, वहां दूसरा *टाईम टेबल* चल रहा है, अपना भी काम चालू रखना. अलग अलग गतियां हैं. तो चित्त एकाग्र ब्रजभक्तोंके भावोंकी भावनासे होना चाहिये. और इस प्रकार ब्रजभक्तोंके भावकी खाली भावना करते रहें तो बाहर का सारा हिस्सा पकड़में आयेगा नहीं, ब्रजभक्तोंके भावोंकी भावनाको पकड़नेकेलिये महाप्रभुजीने, ये बाहरका वृत्त जो है, वो समर्पणका कहा है. समर्पणका मतलब क्या कि जो आपका है उसे आपको प्रभुकी सेवामें लगाना है. गामका नहीं. गामका हम लगायेंगे तो समर्पण नहीं कहलायेगा.

एक बात समझो कि आपके घर तुम्हारी ब्याही हुई लड़की आये. और आप पड़ोसीके यहां जाओ कि जमाईराजा आ रहे हैं और बेटी भी आ रही है, ससुरालसे, तो जमाईराजाकी और बेटीकी खातिरदारी तो करनी पड़ेगी तो लाओ दस रुपया. पड़ोसी कहेगा कि आपके पड़ोसमें रहा हूं ये गलती कि कुछ और दूसरी गलती? आपकी बेटी, आपका जमाई आपके घर आ रहा है, तो क्या पड़ोसीसे पैसा मांगना होता है? बेटी आ रही है, जमाई आ रहा है और खातिरदारी नहीं करूं तो बुरा लग जायेगा, परिश्रम होगा इनको, परिश्रम होगा जमाई राजाको.





इनका परिश्रम निवृत्त करनेकेलिये पड़ोसीसे लाओ दस रुपया. नाटक हो गया न! बेटी आ रही है कि कोई टैक्सवाला आ रहा है? फिर आपका बेटीका भाव नहीं रहा. आपका समर्पणका भाव नहीं रहा. इनको अच्छा लगे तो आयें, नहीं तो नहीं आयें. ये शुद्धता होनी चाहिये, जिसे महाप्रभुजी सिद्धान्तरहस्यमें समर्पणकी बात कहते हैं कि जो आपका है उसे प्रभुको समर्पित करो, अर्थात् अपना तन और अपना वित्त समर्पण करो. और अपने तन और अपने वित्तसे आप सेवा करो. क्योंकि आप दूसरेका समर्पण तो नहीं कर सकते न? क्या मैं राष्ट्रपतिभवनका समर्पण कर सकता हूं? आज मुझे कन्नूकाकाजीके प्रति बहुत आदर जाग गया कि जूनागढ़में इन्होंने कितना सुन्दर काम किया है, तो बम्बई जानेसे पहले कन्नूकाकाजीको कुछ भेंट धरता जाऊं कि राष्ट्रपतिभवन आपको भेंट है कन्नूकाकाजी. अरे किसने कहा!! राष्ट्रपति भवन मेरे पास है कहां? कैसे मैं कन्नूकाकाजीको भेंट धरूं? नहीं नहीं आप गुरुकुल खोल रहे हो ना तो उसमें राष्ट्रपतिभवन काममें आयेगा. अरे ये क्या नाटक? राष्ट्रपतिभवनकी मिल्कियत मेरी नहीं और कन्नूकाकाजीको समर्पित करूं और बादमें कन्नूकाकाजी राष्ट्रपतिभवनका कब्जा लेने जायें कि श्यामबाबाने मुझको ये समर्पित कर दिया है-लाओ कब्जा, खाली करो. ये क्या नाटक है यार? क्यों किसीको ठग रहे हो? जब आपका है ही नहीं तो समर्पण किया कैसे? जो आपका है उसका समर्पण होता है कि सीधा रिजर्वबैंक, राष्ट्रपतिभवन समर्पण कर दूं! क्योंकि आपको गुरुकुल खोलना है कोई साधारण खर्चा आयेगा क्या? लो चिट्ठी लिख देता हूं कन्नूकाकाजीको कि आपकी गुरुकुलकी *एक्टिविटीकी* गतिविधिसे हमारा हृदय अतिशय प्रसन्न हुआ. महाप्रभुजी आपको गुरुकुलकी पूर्णसफलता प्रदान करें, जिसकेलिये रिजर्व बैंकमें जितना भी पैसा है वो आपको भेंट धर रहा हूं. अरे कैसे धोखा है? किसे बेवकूफ बना रहे हैं? एक बार शान्तिसे तो विचार करो. अब

इसके बाद कन्नूकाकाजी रिजर्वबैंकमें कब्जा लेने पहुंचें तो तो बस आनन्द आनन्द हो जायेगा. फिर तो पूछने जैसी कोई बात ही नहीं रहेगी. अन्तिम छोर आ गया लीलाका. इस प्रकार नहीं होता है, यह भाषा किस प्रकारकी भाषा है फुरसतसे शान्तिसे विचारो.

अतएव असमर्पित त्यागको महाप्रभुजीने सिद्धान्तरहस्यमें समझाया है. अब इसके बाद नवधा भक्ति. एक बात समझो कि जब हम नवधा भक्तिको इस सेवाके अन्तर्गत कर रहे हैं, नवधा भक्तिके अन्तर्गत सेवा नहीं करनी. नवधा भक्ति करके हमको क्या मिलेगा? नवधा भक्तिको हमें किस प्रकार करना? जिसे करके असमर्पित त्यागके नियमको हम पाल सकें. असमर्पितके त्यागको किस प्रकार पालना? जिसे करके तनुवित्तजा होने लगे. तनुवित्तजा किस प्रकार करनी? जिसे करके ब्रजभक्तोंकी भावनासे हमारा चित्त भगवानमें प्रवण हो जाये. यह सारा खोदनेका क्रम है. बेवकूफकी तरह अगर हम कुआ खोदेंगे और पानीकेलिये जायेंगे तो हम खुदही दबकर मर जायेंगे. ये बात समझनेकेलिये कुआ खोदनेकी सिफत भी आनी चाहिये. इसमें भी कुछ सावधानियां रखनी होती हैं.

अब हम अपनी बात पर आते हैं. शास्त्रोक्त नवधाभक्ति करनी है. अतएव शास्त्रने शुद्ध अशुद्धका जो विभाजन किया है, जो जिस प्रकारकी शुद्धि शास्त्रकी हमें लागू पड़ती हो, जैसे ब्राह्मणको किसी प्रकारकी पड़ती है, क्षत्रियको किसी दूसरे प्रकारकी पड़ती है, वैश्यको तीसरे प्रकारकी लागू पड़ती है, शूद्रको चौथे प्रकारकी लागू पड़ती है, शूद्रेतरको पांचवे प्रकारकी लागू पड़ती है. तो जिस प्रकारकी शुद्धि शास्त्रने आप पर लागू करी है, उन शुद्धियोंको हमें व्यवहारमें लाना होता है. नहीं तो नवधाभक्तिके लायक हम रह नहीं जाते. अतएव इसके बाहर जिसे हम मरजाद, मेंड कहते हैं शुद्धि कहते हैं वो है. और इसके बाहर है: भोग राग और शृंगार. जो तुम्हें दुनियांसे कमाना





है, ये तुम्हें भगवानसे नहीं मिलेगा. आपका धन्धा, आपकी इन्कम, आपकी सम्पत्ति, जिस प्रकारसे जो चीज आपको उपलब्ध है, तदनुसार भोग, राग और शृंगारका आपने विनियोग करना है.

मैंने सूरतके घरकी कीर्तनकी पुस्तकमें नरसी मेहताके पदका उल्लेख पढ़ा है. उसका स्पष्टीकरण मैंने पढ़ा कि जब श्रीव्रजरायजी श्रीबालकृष्णलालको पधरा कर सूरत लाये, उस समय एक डोकरी वहां रहती थी. वो डोकरी पुष्टिमार्गीय नहीं थी. पर श्रीबालकृष्णलालको पधराकर श्रीव्रजरायजी आये, तो स्वागतमें इसने नरसी मेहताका पद गाया. किसी भी हवेलीमें नरसीमेहताके पद गाये नहीं जाते क्योंकि नरसीमेहता पुष्टिमार्गीय नहीं थे पर परम काष्ठापन्न भक्त थे. पुष्टिमार्गके बहुत सारे भाव इनके पदोंमें ठूंस ठूंसकर भरे हुये हैं. पर पुष्टिमार्गीय नहीं थे क्योंकि महाप्रभुजीके प्राकट्यसे पचास साल पहले ये हुये थे. तो कोई प्रश्नही उपस्थित नहीं होता उनके पुष्टिमार्गीय होनेका. यह सब होते हुये भी वहां नरसीमेहताका पद गाया जाता है. क्योंकि जिस दिन श्रीबालकृष्णलाल पधारे, तो उनका स्वागत करनेकेलिये इस डोकरीने जो पद गाया न, उसका श्रीव्रजरायजीको बहुत उल्लास आया और उन्होंने कहा कि जिस दिन श्रीबालकृष्णलाल सूरत पधारे उस दिन यह पद जरूर गाया जायेगा. यह भाषा प्रभु समझते हैं. ये किसी पुष्टिमार्गकी पदोंकी पुस्तकोंमें नहीं लिखा है. है हमारे यहां कोई नरसीमेहताका पद? यहां जूनागढ़में तो नरसीमेहता हुये, वहां नरसीमेहताका पद नहीं गाया जाता पर सूरतमें गाया जाता है. क्यों? क्योंकि स्वागत करनेकेलिये ये पद गवाया, तो उसका आनन्द श्रीबालकृष्णलालने भी माना और ब्रजरायजीने भी माना और डोकरीने भी माना. ठाकुर आ रहे हैं तो कोई पद तो गाना ही चाहिये न. अब जो पद उसे आयेगा वो ही पद तो गायेगी या कुछ दूसरा गायेगी?

जब शबरीके घर रामचन्द्रजी पधारे, तो क्या उसने रसगुल्ले भोग धरे थे? कि गुलाबजामन भोग धरे थे? कि मठड़ी भोग धरी

थी? क्या भोग धरा था? बेर धरे थे, और वो भी खा खाके धरे थे. शबरी तो अब ऐसा ही आचार जानती है. अब हम कहें कि छू गया, चल हाथ खासा कर. तो उसे पता ही नहीं चलेगा कि क्यों छू गया? बेर खाये इसमें क्या छू गया? इसको उल्टी पंचायत हो जायेगी क्योंकि ये भाषा शबरीको समझही नहीं आयेगी. हाथ कैसे छू जाता है? इसने बेर खाये क्यों? उसे कोई बेर खानेका शौक नहीं था. कोई कड़वा बेर, कोई कच्चा बेर, रामको मैं भोग न धर दूं, जो बेर मैं रामको धरूं वो स्वादिष्ट होना चाहिये. और खाये बिना कैसे पता चले? इसलिये चख कर रखे. और रामको ये बेर अच्छे लगे. ये भाषा पुष्टिप्रभुकी है. रामको पुष्टिरूप मानते हैं, प्राचीन पुस्तकें बांच कर देखो. इसका हेतु शबरीके झूठे बेर खाये रामने यह दिया जाता है. पुस्तक बांचो प्राचीन, अब राम मरजादी थे, मनमरजादी थे, पक्के मरजादी थे, कैसे मरजादी थे? मर्यादा पुरुषोत्तमने शबरीके झूठे बेर खाये तो सारी लोक मरजादका सत्यानाश! क्योंकि एक बात समझो सावधानीसे, कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वहां तक तो चार वर्ण हैं, और भील इसके बाहर पंचम वर्ण कहलाते हैं. जितना चाण्डाल अपवित्र, उतनी अपवित्र शबरी थी. जिसका स्पर्श नहीं किया जा सकता, उसके झूठे बेर खाना अर्थात् मर्यादाका सत्यानाश. ऐसा काम कृष्ण करे तो तो वो तूफानी है, करते हैं बहुत सारे तूफान, पर राम करे? ये तो कल्पनामें भी नहीं आये ऐसी बात है. मर्यादाका रक्षक, मर्यादापुरुषोत्तम ऐसी मर्यादाका लोप करे? पर ये पुरुषोत्तम हैं खाली मर्यादा ही नहीं है. ये पुरुषोत्तम भी है अतएव ये अगर लोप करते हैं मर्यादाका, शबरीके झूठे बेर खाकर तो अपने यहां ऐसा कहा जाता है कि राम पुष्टिस्वरूप हैं. एक बात समझो कि प्रभुकी मर्यादा हमको पालनेकी है. प्रभु मर्याद नहीं पालते. हम मर्याद पालते हैं, ये बहुत अच्छी बात है. लेकिन प्रभु मर्याद नहीं पालते. प्रभुतो मर्याद पालते भी हैं और तोड़ते भी हैं दोनों काम करते हैं. ये तो





पुरुषोत्तम हैं. एक बात समझ लेनी चाहिये, अब इसका कोई उल्टा अर्थ मत करना कि अब हम सब जगह खा सकते हैं. नहीं तो इस कथाका कुछ दूसरा ही अर्थ निकल जायेगा. मैं ये बात नहीं कर रहा. ये बात जो मैं समझा रहा हूं, मरजादकी निन्दा करनेकेलिये नहीं पर मरजादका सेवामें स्थान क्या है यह समझानेकेलिये कि शबरीने झूठे बेर भोग धरे भावसे तो रामको ग्राह्य हैं. और ब्राह्मण शुद्ध खासा करके भोग धरता हो, भाव बिना, तो राम तो छोड़ कृष्णको भी ग्राह्य नहीं हैं. जो सारे तूफान कर सकता है. उसे भी ग्राह्य नहीं है. सेवामें इसका जो स्थान है भोग राग शृंगारका, वो एक दम बाहरके वृत्तमें है.

अब आप स्पष्ट समझ गये कि सेवा और भक्तिका सम्बन्ध क्या है? इनमें *कौमन आइटम* क्या हैं और दोनों एक दूसरेमें क्रममें हैं. क्रम अर्थात् कौन वृत्तमें भीतरके भीतरकी वस्तु है. और कौनसी वस्तु सेवाके वृत्तमें सेवाके श्रीफलके भीतरमें भीतरकी वस्तु क्या है? ये आप अच्छी तरहसे समझ जाओ. तो फिर आगेकी बात इस नवधाभक्तिकी आपको समझमें आयेगी कि नवधा भक्तिका सेवामें वहां प्रयोग है.

सर्व समर्पणका मतलब ये है कि अपनी अंहता और अपनी ममतासे जुड़ी हर वस्तुका समर्पण. और भोग राग शृंगार, आपके पास जो उत्तम भोग है, आपके पास जो श्रेष्ठ है, **"यद यद इष्टतमम् लोके यच्चाति प्रियमात्मनः. येन स्यान्निर्वृत्तिश्चित्ते तत् कृष्णे साधयेत् ध्रवम्."** (स.नि.२३६) और वहां अहंता और ममताको ही पकड़ा गया है. ब्रह्मसम्बन्धके निवेदन गद्यपे आप ध्यान दो, तो शुरुआतमें अहं कहा और फिर ममकी सारी लिस्ट सप्लाई करी है कि मम क्या क्या है? वो अहम्, याद आया न, जहांसे मंत्र शुरु होता है, वहांसे शुरु करके अहम् आता है, उस अहम् और उसके बाद मम बीचमें ठाकुरजीका नाम आता है कि भई ये अहम् किसे समर्पित करते हैं? ठाकुरजीको और उसके बाद ममकी लिस्ट आती है. वो ममकी लिस्ट उतनी ही है ऐसा

मत समझना, उसमें वगैरह वगैरह और समझना, वो सब मैं प्रभुको समर्पित कर रहा हूं. इसमें उत्तम और अनुत्तमकी बात नहीं आई है.

अब इसके बाद एक बात आ रही है कि इसमें अहंता ममताकी ही मुख्यता है. उत्तम और अनुत्तमताकी मुख्यता नहीं है यहां. इसमें जो आपको प्रिय लगता हो, अब जैसे समझो कि ब्रह्मसम्बन्ध अपन आत्मनिवेदन कर रहे हैं, उस समय अपन कुछ उत्तम और अनुत्तमका विवेक ही नहीं कर रहे हैं. समझो शरीरमें फोड़ा फूट गये हैं, और घाव झर रहे हों तो ब्रह्मसम्बन्ध नहीं ले सकते क्या? पर अपनेको ये विवेक होना चाहिये कि बहुत बास आ रही है तो क्यों ठाकुरजीके पास जाना. समझो कि घरमें कोई एक ऐसा सदस्य है पत्नी या पति, या जिसके हाथमें फोड़ा नहीं फूटे हों और जो अच्छे हाथसे ठाकुरजीकी सेवा कर सकता हो, तो अपनको कोई ऐसी सेवा पहुंच लेनी चाहिये कि जिस सेवामें प्रभुके सुखका विचार करें. पर ब्रह्मसम्बन्ध लेनेमें ये विचार नहीं है. उत्तम क्या है अनुत्तम क्या है? अरे जो है सो है वो तेरा है. मेरी अहंता ममतासे जुड़ी हर वस्तु तेरी है. अब जोड़ दी उससे, उसके बाद ये पीछेसे प्रश्न हो रहा है कि जोड़ी हुई वस्तुमेंसे सेवामें विनियोग किस किसका कराना? "**यद यद इष्टतमम् लोके यच्चातिप्रियमात्मनः. येन स्यान्निर्वृत्तिश्चित्ते तत् कृष्णे साधयेत् ध्रवम्**. (स.नि.२३६) जो आपको उत्तम लग रहा है. अब घरमें एक औरत आ गई. दिन रात डण्डा बजाती हो, जूता मारती हो और कहो कि हे भगवान इसको तो आप सम्हालो. हमसे तो सम्हलती नहीं. अरे भाई आपसे नहीं सम्हलती तो मैं कैसे सम्हालूं? गड़बड़ हो जाये कि नहीं? ऐसी ऐसी गिलिन्डर वस्तुओंका तो हम सेवामें विनियोग नहीं करेंगे न? ये उसमें विवेक है कि जब हमको समझमें आ रहा है कि इतना विकट रूप उसने धारण कर लिया, तो उसको कह दो कि भई तेरेसे जो होता हो तू कर, घरमें रह क्योंकि तू मेरी पत्नी है, या मेरा





बेटा है या मेरा बाप है, उसमें तो कोई प्रोब्लमही नहीं है क्योंकि समर्पण तो किया ही है, निवेदन तो किया ही है तेरा पर ठाकुरजीकी सेवामें हम जो उत्तम है जिसका अपना भाव है उसको सेवामें जोड़ेंगे. और समझो के जो अपने घरमें मां हो, बाप हो, पत्नी हो, पति हो, भाई हो, बेटा हो, नौकर हो, उन्हें हम सेवामें नहीं जोड़ेंगे. क्यों? समर्पण तो किया है, निवेदन तो किया है पर विनियोग नहीं करेंगे क्योंकि हमें लगता है कि प्रभुके लायक नहीं है, तो उन्हें हम कहेंगे कि बैठ तू, बस जो भी कुछ करना है उसका करना. पर विनियोगकी कोई आवश्यकता ही नहीं है. क्योंकि अपन खुद *कन्विन्स्ड्* हैं कि उत्तम नहीं है तो फिर कैसे विनियोग करना? जैसे अपने पास अच्छा गेहूं है, तो अपन अच्छा गेहूं भोग धरेंगे और समझो कि अच्छा गेहूं नहीं है कोई चालू खातेका गेहूं है तो उसे ही तो भोग धरेंगे! सब घरकी तो मैं नहीं जानता पर हमारे यहांकी मुझको पता है कि जब *कन्ट्रोल्ड राशन* शुरु हुवा तब सस्तेमें सस्ते गेहूं जो होते थे उनकी रोटी बनती थी वो ठाकुरजीको भोग आती थी. क्योंकि वो गेहूं सस्ता होता था. वो चावल सस्ते होते थे. समझें कि श्रीठाकुरजीका नेगका नियम है, इतनी रोटी आती, थालीपे थप्पी जमाते तो ढेर हो जाता था. अब उसमें आनन्द ये कि उसकी काउन्टिंग नौकरोंके हिसाबसे होती थी. फलानेके कितने खवास चार खवास, उसके कितने खवास? दो खवास, उसके कितने खवास! कितने जलघड़िया! कितनी बाई! तो बाई, खवास, जलघड़ियाके हिसाबसे रोटियोंका इतना थप्पा आता था. बाई खवासको वो ही मिलतीं और हमारी उस समय बहूजी नहीं थी तो हमको भी वोही खानी पड़ती थी. बहूजी आनेसे एक महान उपकार हो गया कि अच्छा खाना तो मिलने लगा. ये एक बहुत तात्विक लाभ है बहूजीके आनेका. नहीं तो बड़ी प्रोब्लम होती है. ठाकुरजीकेलिये सस्तेमें सस्ता गेहूं, सस्तेमें सस्ता घी, सस्तेमें सस्ता दूध, सस्तेमें सस्ता शाक, और अपनी तपेलीमें? हमारे एक

शास्त्रीजी थे वो कहते थे कृपानाथ, प्रसाद तो लेना है अनप्रसादी तो लेना ही नहीं पर **तपेलीका प्रसाद चाहिये ठाकुरजीका नहीं.** तपेलीके प्रसादमें सब स्वाद है. वहां (ठाकुरजीके मंदिरमें) कौन जाये? **"असमर्पितवस्तूनाम् तस्माद वर्जनम् आचरेत्"** जो तपेलीमें आपको समर्पित है वो! हमारे तो गुरु ही साक्षात् पुरुषोत्तम हैं! वह कहते कि ठाकुरजीका नहीं चाहिये, तपेलीका दो. माल तो इसमें है सच्चा माल वहां थोड़े ही है. वो चालू खातेका बिल्कुल. क्योंकि नौकरोंकी काउन्टिंग होकर नेग होता है. तो नौकरोंकी काउन्टिंगसे जो हमने नेग बांधा हो, उसमें अच्छा बनेगा कैसे? इतनी रोटियां कौन बनायेगा? कौन करे? और नौकर तो रखनेही पड़ते हैं. नौकर नहीं रखें तो साहिबगिरी नहीं दिखाई दे अपनी! बड़े महाराज नहीं लगते, चालू खातेके महाराज लगते हैं. ऐसे बहुत सारी भाषायें पुष्टिमार्गमें घुस गई हैं. तो इसे जो समझते नहीं हैं वो बस ठाकुरजी. बाकी सबको समझमें आती है. सारे मनोरथियोंको समझमें आती है, महाराज समझते हैं, समाधानी समझते हैं, मुखिया भीतरिया समझते हैं, पर जो इस भाषाको नहीं समझता वो बिचारा ठाकुर. किनके बीचमें फंस गया!! मेरेलिये रोटी कि नौकरोंकेलिये रोटी? नेग किसका मेरा कि नौकरोंका? नौकरोंकी काउन्टिंगसे रोटी बनती हैं. ये सब भाषाओंके भेद हैं. लेकिन आज नहीं तो कल कभी न कभी तो महाप्रभुजी पुष्टिमार्गीयोंके ऊपर कृपा करेंगे कि ये बात हमको समझमें आये! कदाचित नहीं आती हो. "वो सुबह कभी तो आयेगी". मुझे भी ये निष्ठा है. अरे कभी तो ऐसी सुबह आयेगी कि जब हमें यह बात समझमें आयेगी कि ठाकुरकेलिये रोटी सिद्ध होती है न कि नौकरोंकेलिये. ठाकुर और नौकरका प्रभेद तो हमें समझना ही पड़ेगा. भले आज समझमें न आता हो तो न सही. इसमें कोई मुश्किल नहीं है. इतने सहस्त्र परिवत्सर बीते तो इसमें भी कुछ और बीत जायें तो कोई कठिनाई नहीं है. मैं तो निष्ठासे एक बात कहता रहता हूं कि इतने साल बीत गये तो





यहां भी कुछ बीत जायें तो क्या फर्क पड़ेगा? बात कहते रहना चाहिये. मेरी यह निष्ठा वास्तविक है. गुस्सा आता हो किसीको तो गाली दे दो मुझे. मुझे तो उसमें भी कोई तकलीफ नहीं है. आनन्दसे युगल बन्दी करेंगे हम तो. "तू जहां जहां चलेगा मेरा साया साथ होगा."

जो महाप्रभुजीके द्वारा प्रस्थापित अनुभाव है, उसमें शास्त्रीय अनुभावका रोल कहां है? और जो लौकिक अनुभाव हैं, ये देखो भोग, राग और शृंगार जो है, स्पष्ट समझो, के जो कुछ मेरे पास राग है, भोग है, शृंगार है, यह एक सहज वृत्ति है हर सहृदय व्यक्तिकी कि घर आये हुवे अपने कोई प्रिय जनके साथ, अपने पास जो भी राग, भोग, शृंगार है उसके साथ जीवन जीना चाहते हैं. अपना स्नेह हम इसी तरह प्रकट करते हैं. जब आये हुवे व्यक्ति या रहते हुवे व्यक्तिसे अपना, स्नेह खंडित हो जाता है, तभी हम लुकाछिपी शुरु करते हैं. और जिससे अपना स्नेह है, जिसके साथ अपना ज़ीवन जीनेका भाव है, उसमें लुकाछिपी नहीं चलती. इस कारण जो अनुभाव है, वो राग भोग शृंगारकी अपने यहांकी सब प्राचीन पुस्तकोंमें लिखा हुवा है कि प्रभुकी पुष्टिमार्गकी जो सेवा है वो भोग, राग और शृंगारात्मिका है. बड़ोंने जो बात कही थी, वो बड़ी सच्चाईसे कही थी पर आज अपन उस बातको बड़े खोटे अर्थमें समझ गये. कि भोग, राग, शृंगार कौनसे हद तक, कि अपना कुछ भी गांठका खर्च नहीं हो, अपना कुछ बिगड़े नहीं, अपने शौखमौजमें कोई हरकत नहीं आये और *डिपार्टमेंटवाईज़* भोग, राग, शृंगारकी एक व्यवस्था वहां हो जाये. दूसरी हमारी अपनी राग, भोग, शृंगारकी व्यवस्था तपेलीमें हो जाये, आनन्दसे दो *डिपार्टमेंट* चलें. इस तरीकेका व्यवहार अगर अपनी बहूजीके साथ करें तो तलाक देके भाग जायेगीं. नहीं भागेगीं? हम अपने खानेकेलिये एक तरहका गेहूं, बहूजीको खानेकेलिये दूसरे तरहका गेहूं, अपने पहननेकेलिये एक तरहके कपड़े, बहूजीको पहननेकेलिये दूसरे तरहके कपड़े, अपने

घूमनेकेलिये एक तरहकी गाड़ी, उनके घूमनेकेलिये कहें कि बसमें जाओ, पेट्रोल कितना महंगा हो गया है! वो एक दिन बसमें बैठके पीहर ही चली जायेगी. लौटके ही नही आयेगी. भई शादी करी है कि नौकरानी रखी है? नहीं पैदा होगा सवाल? तो हमने जब शादी करी है, हम जीवन साथ जी रहे हैं, तो जो अपना भोग राग श्रृंगार है, उस भोग राग श्रृंगारको हमें अपने जीवन साथीके साथ भोगना है न? जो आपका राग भोग श्रृंगार है वो आपको आपके ठाकुरजीके साथ भोगना है. और हमने क्या गिलिंडरी करी कि हां ठाकुरजी उत्तम वस्तुके, भोग राग श्रृंगारके भोक्ता हैं तो एक भंडार नीचे और एक भंडार ऊपर. वो नौकरोंका खाता और दूसरा ठाकुरोंका खाता. आजकी तारीखमें अपन ठाकुर हो गये और जो ठाकुर था वो नौकर हो गया. ऐसा विरुद्धधर्माश्रय प्रकट हो गया है सारा. ये क्यों हो गया? कहीं न कहीं महाप्रभुजी जो बात हमें समझाना चाह रहे थे, उसे समझनेमें हम विफल हो गये. नहीं तो कोई कारण ऐसा नहीं है कि ऐसा हो सके? बात आई न समझमें?

इसलिये सेवा और भाव, मतलब भाव और अनुभावमें, दोनोंकी दृष्टिसे उनके स्थान अलग अलग मानने पड़ेंगे. और एक बात देखो, कि सेवाकी दौड़ चित्तकी भगवत्प्रवणतासे ज्यादा आगेकी है नहीं. चित्त भगवत्प्रवण हो गया, उसके बाद तो भक्ति स्टार्ट हो रही है. जो भी कुछ अपना सेवाका क्रम है उससे हम कहां तक पहुंचना चाह रहे हैं? भक्ति तक. जब चित्त भगवत्प्रवण हो गया, तो भक्ति सिद्ध हो गई. वहांसे तो फिर भक्तिकी दौड़ है. भक्ति कहां तक जायेगी? सिर्फ चित्तको प्रवण करके नहीं रह जायेगी, क्योंकि चित्त प्रवण तो हम जान रहे हैं कि कंसका भी था. चित्त प्रवण तो शिशुपालका भी था. चित्त प्रवण तो बहुत बहुतोंके हो सकते हैं. चित्त तो बिल्लीका चूहेपे जैसा प्रवण होता है वैसा तो बड़े बड़े योगियोंका नहीं होता. पर उस तरहका चित्त प्रवण नहीं करना है अपनेको. कोई दूसरे तरहकी चित्तकी





प्रवणता चाहिये. वो चित्त प्रवणता कौनसी? **''माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेहः''** स्नेहरूपा चित्तप्रवणता डेवलप करनी है. और उसके बाद वहां ही अटक नहीं जाना है माहात्म्यज्ञानपे, उसके द्वारा और भीतर जाना है, खोदके उस थरको निकालना है, जो थर प्रभुने अपने भीतर भरा है. जिसको महाप्रभुजी कह रहे हैं कि प्रेम भगवद्निष्ठ धर्म है, भगवद्विषयक धर्म है, **''उष्णस्पर्शवत्. यथा यथा भगवन्नैकट्यं तथा तथा स्नेहातिशयः''** (भागवत १/१६/१६ सुबोधिनी). प्रेम भगवद्निष्ठ धर्म है. उसका उदाहरण महाप्रभुजीने दिया है कि जैसे अग्निकी उष्णता अग्निका धर्म है. एक बात ध्यानसों समझो हमें पता नहीं चलता, ये जो बल्ब जल रहे हैं, इनकी भी थोड़ी बहुत गरमी है. अब वो उतनी दूर है तो भी गरमी है थोड़ी उसकी. ये बुझा दोगे सब बल्ब तो कुछ ठंडक होगी. ऐसे ही अग्नि इस रूममें रखी हुई है तो अग्निकी गरमाहट रूममें आयेगी. और जितने जितने हम अग्निके पास जाते जायें उतनी उतनी गरमाहट बढ़ती चली जायेगी. और जैसे–जैसे गरमाहट बढ़ती चली जायेगी, तो एक स्टेज ऐसी आयेगी कि उस पर हम जायें तो जैसे अग्नि जल रही है वैसे हम भी जलने लग जायें. ऐसे ही प्रेम उस तरीकेकी आग है जो भगवद्निष्ठ भगवद्विषयक धर्म है. जैसे जैसे भगवान अपने समीप आते हैं, वैसे–वैसे वो बाहर निकलती जाती है. अल्टीमेटली एक स्टेज ऐसी आ जाती है कि अपना सारा व्यवहार प्रेमात्मक हो जाता है. माने काया वाणी और मन, तीनों प्रेमात्मक हो जाते हैं. ये अलग बात है कि किसीके मन वाणी और काया तीनोंसे प्रेम प्रकट होगा, किसीके मन और वाणीसे प्रेम प्रकट होगा. भगवान कहांसे ऐन्टर हुवा है आपके अन्दर उस पर *डिपेन्ड* करता है. किसीके भीतर भगवान कहांसे पास आ रहा है, कौनसी दिशासे? किसीके मनकी दिशासे पास आ रहा है भगवान. तो मनकी दिशासे पास आके वाणीमें आयेगा. वाणीसे फिर कायामें आ जायेगा. और कायामेंसे किसीके पास आ रहा है जैसे सेवाका जो

समस्त प्रकार है वो कायासे वाणी और वाणीमेंसे मनमें जानेका प्रकार है. और जो कथाका प्रकार है वो मनसे वाणी और वाणीसे कायामें आनेका प्रकार है. ऐसे दो प्रकार हैं. "**सेवायां वा कथायां वा यस्यासक्तिः दृढ़ा भवेत्. यावद् जीवं तस्य नाशो न क्वापीति मतिर्मम.**" अन्तमें वो दोनों प्रकार भगवानके अपने पास आनेके हैं. जिस समय वो इतने पास आ जाये, जैसे अग्निके पास हम इतने जायें, अब ये भी बात समझनेकी है कि कभी अग्नि हमारे पास आये और कभी हम अग्निके पास जायें. जरूरी नहीं है कि हम ही अग्निके पास जायें. कभी अग्नि भी हमारे पास आती है. कभी हम भी अग्निके पास जाते हैं. कुल मिलाके तथ्य इतना है कि अग्नि या हम या दोनों एक दूसरेके तरफ आमने सामने बढ़ रहे हैं, बढ़ते जायगें, बढ़ते जायगें, गरमाहट बढ़ती चली जायेगी. वो स्नेहकी ऊष्मा बढ़ती चली जायेगी. और एक बखत एक ऐसा *पौइन्ट* आ जायेगा कि जिस *पौइन्टपे* प्रभु जैसे प्रेमात्मक हैं, वैसे अपन भी प्रेमात्मक हो जायेंगे. अपनी काया वाणी और मन, अपने तीनों आयाम प्रेमात्मक हो जायेंगे. वो निरुपाधिक स्नेह प्रकट हो जायेगा. तीनोंमें वो निरुपाधिक स्नेह प्रकट हुवा, मतलब जो कुछ महाप्रभुजीको कहना है वो सब सिद्ध हो गया. जब तक इनमें किसी एकमें है और दूसरेमें नहीं है, मनमें बड़ा प्यार आ रहा है पर बोलनेकेलिये सारी दूसरी बातें अच्छी लग रही हैं, अब बोलनेमें भी भगवद्नाम बोल रहे हैं पर शरीर तो साथ नहीं दे रहा है. तो मतलब वहां तक आ गया है भगवान, पर वहांसे आगे नहीं बढ़ रहा है, अटक गया है कहीं बीचमें? तो जो अटक गया है उसकी कोई न कोई तरहसे निवृत्ति करनी पड़ेगी. जैसे कायामें हमने सेवा शुरु करदी, पर वाणीमें शुरु नहीं हुई, वाणीमें शुरु कर दी, कीर्तन गा रहे हैं, सेवा कर रहे हैं, पर मनतो भटक रहा है? तो मनमें भी प्रेम प्रकट नहीं हुवा. जब मनमें प्रकट हो गया तब महाप्रभुजी कह रहे हैं "**मानसी सा परामताः. चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा**" और "**मानसी सा परा





मता**". तो तनुवित्तजाको उसमें लगाओ, धीरे–धीरे धीरे–धीरे उसमें चित्त लगेगा, और चित्त लगते–लगते उसमें मन लग जायेगा, क्योंकि खुराफाती चित्त नहीं है बिचारा, चित्त तो भैंस जैसा होता है, जुगाली करता रहता है जो मिल जाता है उसकी. असल दोस्त और असल गुण्डा इस शरीरमें कोई है, तो वो मन है. भगवानने वैसे तो गीतामें यों कहा है "**आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः**" आत्मासे बढ़के तेरा कोई दोस्त नहीं है. और आत्मासे बढ़के तेरा कोई दुश्मन नहीं है. शायद मैं समझता हूं कि ठाकुरजीका भी अभिप्राय मनके ही अर्थ में है. आत्मा बिचारी क्या करेगी? आत्माका कोई लेना देना नहीं दोस्ती या दुश्मनीसे. ये जो सारी दोस्ती या दुश्मनीका चक्कर है वो परम गुण्डा और परम दोस्त मनका है. ये सब लफड़ा कर देता है. अपन काम करते जायें और ये कुछ कबाड़ा कर देता है अपना. ये सब खुराफात मनकी है. ध्यानसे देखो. इन्द्रियकी ताकत नहीं है, बुद्धिकी ताकत नहीं है, चित्त तो साफ भैंसका अवतार है, जो कुछ देते हो वो ले लेता है. कभी कुछ दूसरा मांगता भी नहीं. बुद्धि सुधारनेमें ज्यादा तकलीफ नहीं है, दो मिनटमें सुधर जाती है. एक सच्ची बात बताऊं. सिगरेट पीनेसे कैन्सर होता है, तुरन्त बुद्धिमें समझ आ जाती है बात. समझमें आनेके बाद भी सिगरेट दीखी नहीं कि एकाध फुक्का मारनेकी इच्छा तो हो ही जाती है. बुद्धिसे समझ गया हो तो भी. इस मनसे ज्यादा कोई दोस्त भी नहीं हैं क्योंकि मानसी सिद्ध होगी तो मनमें होगी. बुद्धिमें थोड़े ही होगी. बुद्धिपूर्वक सब काम करते होते तो मानसी नहीं कहलायेगी. तो मनसे बढ़कर कोई दोस्त नहीं है और मनसे बढ़कर कोई दुश्मन नहीं है.

अब बात यही है कि ये बंदर हाथमें आये तो सब काम सुधर जाये और ये बंदर छटका तो शाखाचंक्रमण करता ही रहेगा उसका कोई उपाय ही नहीं है. उसको पकड़ना कहां और कैसे? शेरको पकड़ा जा सकता है, हाथीको पकड़ा जा सकता है

खड्डा खोदके. एक खड्डा खोद दो जमीनमें और घास बिछादो उसके ऊपर तो हाथी उसमें जाके फंस जाता है, निकल ही नहीं सकता. फिर उसको बांध लो. बंदरका काम काज ऐसा है कि इस शाखापे पकड़ने जाओ तो दूसरी शाखापे कूदके चला जाता है. इतनी जबरदस्त सामर्थ्य, पकड़ ही नहीं सकें बंदरको कोई. ये बेसिक प्रोब्लम है मनकी. करके महाप्रभुजी कह रहे हैं कि मन यदि भगवन्मय हो गया, तो "**परा मता**" और क्या चाहिये? सब उसके पीछे घिसटते रहेंगे. चित्त भगवन्मय हो गया, इन्द्रिय भगवन्मय हो गई, वाणी भगवन्मय हो गई पर मन भगवन्मय नहीं हुवा तो फिर वो बहुत सारी खुराफात कर देगा.

प्रश्नः अंतःकरणके भीतर मन, चित्त, बुद्धि, अंहकार ऐसे चार पार्ट हैं. मन एक वस्तुसे दूसरी वस्तुमें हमको ले जाता है, अर्थात् मनका एक ही काम है कि एक स्थानसे दूसरे स्थानपर, एक चीजसे दूसरी चीजपर ले जाना. और चित्त सारी सूचना अपने अन्दर स्टोर करता रहता है. जैसे कि अपने स्टोररूममें सब चीजें रखते हैं वैसे चित्तमें सारा विवरण एकत्रित होता है. और उस विवरणका हम फिर व्यवहारमें प्रयोग करते हैं. तो चित्त खाली एक स्टोरेजका काम ही करता है. अतएव वस्तु चित्तमें चढ़ जाती है तो फिर व्यवहारमें और फिर मनमें भी आ सकती है धीरे धीरे. पर एक बार तो चित्तमें चढ़नी चाहिये. क्या ये सोच सही है?

उत्तरः आप बैंकमें रुपया जमा कराते हो तो करेन्ट एकाउन्ट मन है, सेविन्ग एकाउन्ट बुद्धि है, उसके बाद मियादी पच्चीस बरसकेलिये जमा, जो रुपया निकले ही नहीं बाहर, सब इकट्ठा होकर निकले. ये चित्त है. समझे?

मन अतिशय चंचल है. स्थिर नहीं है. ऐसे ही करेन्ट खातेमें जब चाहें पैसा डालें जब चाहे निकालें. बुद्धि सेविन्ग खातेके समान है यद्यपि ये भी अस्थिर नहीं है पर मनकी तुलनामें ज्यादा स्थिर है. इसमें जब चाहे पैसा डालें और जब चाहें निकाले वाली व्यवस्था नहीं होती. कुछ मर्यादायें होती हैं. बुद्धि





संकल्प विकल्प करती है. उसके बाद चित्त बैंककी भाषामें फिक्स्ड् डिपोजिट है. जैसे योगेश बाबाने कहा कि यह संग्रहस्थान है, स्टोरेज. संग्रह करके रखते हैं लम्बे समयकेलिये. जब बहुत जरूरत होती है तो इसका उपयोग होता है. पांच हजार रुपया जमा कराओ और पंद्रह वर्षके बाद पच्चीस हजार रुपया हो जाता है. उस दौरान क्या हो रहा है उसकी हमें खबर ही नहीं पड़ती.

महाप्रभुजी ये ही तो बता रहे हैं कि "**तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा**" तुम्हारी अंहता और तुम्हारी ममताको जिसके साथ जोड़ोगे उसके बाद धीरे–धीरे मन उसके साथ जुड़ जायेगा. तुम्हारी अंहता और तुम्हारी ममताको अगर आप नहीं जोड़ो, उसमें आप छल करो कि अहंताको तो मैं मेरे साथ ही रखलूं, ममताको जोड़ देता हूं, ममताको अपने पास रख लेता हूं, अंहताको जोड़ देता हूं. प.भ. हो जाऊं गाममें, पर गांठका पैसा नहीं खरचूं. तो फिर मन नहीं जुड़ता. अथवा पैसा खरचूं गांठका पर सेवा करनेके लिये कहो तो ये तो महाराजका काम है, अपना काम सेवा थोड़े ही है! अपनी अंहता और ममताको प्रभुके साथ जोड़ो, तो फिर धीरे–धीरे मन लगेगा.

पोरबन्दरवाले गोविन्दरायजीने बहुत सुन्दर इसका एक उदाहरण दिया है. रसधारा पुस्तकमें वे कहते हैं कि लड़केको आप पढ़ानेकेलिये भेजते हो, और टीचरको कह देते हो कि पैसा ले और पढ़ा दे. अब आपने तो वित्तजा करी, लड़केको पढ़ानेमें, अब वो पढ़ता है कि नहीं पढ़ता, आप आपके धन्धेमें बिजी, पैसा खर्चके आप तो छूट गये. अथवा तो नौकरको आप दुकानमें रखो, तो नौकरको तो पगारसे मतलब है. तुम्हें मुनाफा हो रहा है कि नुक्सान हो रहा है उसे क्या मतलब? नौकरी करी और छूटा. पर जब आप आपका पैसा लगा कर दुकानके ऊपर बैठते हो तो तनुजा भी हुई दुकानकी और वित्तजा भी हुई. तब दुकानमें आपका मन लगेगा. पर जब नौकरके भरोसे दुकानको छोड़ दोगे

तो नौकरका मन नहीं चौंटेगा. फूफाजीने बहुत सुंदर उदाहरण दिया है. व्यापारिक भाषामें यह बात समझनी हो तो. मुझे नहीं लगता कि इससे अधिक एप्रोप्रियेट उदाहरण और कुछ हो सकता है इस बारेमें.

हमारे गोस्वामियोंमें मोटे तौरपर क्या होता है वो बात बताता हूं. महाप्रभुजीकी चौरासी बैठक. अब महाप्रभुजी बिचारोंको जरा भी पता नहीं होगा कि क्या गड़बड़ होगी इन बैठकोंमें? इनकी बोली लगाते हैं. नौकर रखें तो वो पैसा ही नहीं देता. खुद खा जाता है. तो हम लोगोंने क्या किया कि बैठकको ठेके पर उठा दिया. एक सालका लम्पसम पांच हजार, दस हजार, पंद्रह हजार रुपया ले लेते हैं. फिर बैठकको उनके ऊपर छोड़ देते हैं कि जो अधिक आये वो आपका. अब जिस बैठकमें जिस हिसाबसे प्रोफिट होता है उस हिसाबसे उसका ठेका उठ जाता है. आजसे दो तीन साल पहलेकी बात है, हमारे यहां एक भाई आया. वो मुझसे कह रहा था कि कोई बैठकजी ठेके पर उठी है और जिसने ठेके पर ली है, उस पर चार हत्याओंका केस चल रहा है. तो मुझे ठेका दिला दो. तो मैंने कहा कि तू पांच नहीं करेगा उसकी गारण्टी क्या? मैंने कहा कि यह काम मेरा नहीं है भाई! जिसने ठेके पर उठाई है उससे पूछ. अब कितनी हवेलियां भी ठेके पर चलती हैं. आपको ख्याल होगा. कौन्ट्रैक्ट पर दे देते हैं. एक सालका लाख रुपया हमको दो फिर जो भी नफा–नुक्सान हो वो आपका. कितने झापटियाओंकी पोस्ट भी ऐसी ही होती है. पांच लाख रुपया दे दो. फिर इसे छूट मिल जाती है एक दर्शन करानेके दो रुपये, चार रुपये लेता जाये और घुसाता जाये, दर्शन करा दे. जो पैसा नहीं देता उसे झापट मारकर बाहर निकाल देता है. वैष्णव भी समझ जाते हैं कि दर्शन करने हों तो झापटियाकी जेबमें कुछ डालदो. ये क्यों होता है? क्योंकि झापटियाकी पोस्ट ठेके पर है. तो यह तनुवित्तजाको निभानेकेलिये खड़ी होती कठिनाईके कारण है. अगर





तनुवित्तजाका निर्वाह होता हो तो कोई कठिनाई खड़ी ही नहीं हो. अब तो ख्यालमें आई बात?

प्रश्नः भाव मतलब अपने मनके अन्दरका जो भाव हो वो. अनुभाव मतलब वह भाव जब बाहर प्रकट हो. तो भक्ति भाव है और सेवा उसका अनुभाव है? तो ये जो चार्ट है इसके अन्दर ये नवधा भक्ति अनुभाव है कि भोग राग श्रृंगार अनुभाव है? ये तो सब अनुभाव जैसे ही लग रहा है. ये भाव कैसे है?

उत्तरः मैं कबसे इस प्रश्नकी बाट देख रहा था कि कोई करे. बहुत खुशी हुई मुझको. मूल बात समझो कि भक्ति, वो निरुपाधिकभाव ही भाव है. और **"चेतस्तत्प्रवणं सेवा"** ही सेवा है. ये स्वरूपलक्षण है. बाकी तो उसके कार्यलक्षण हैं, कारणलक्षण हैं, अवान्तर फललक्षण हैं. ऐसे सब आगे पीछेके लक्षण हैं. जैसे नारियल जो है, उसे अगर अपन फल मानें तो या तो पानी या तो खोपरा, वहीं तक फल है उसके बाहर निकले तो मेरी समझमें वो चूहे या उघईकेलिये फल हो सकता है पर अपने लिये तो फल नहीं है. पर वो फलकी सुरक्षा उसी ढंगसे हो रही है क्योंकि नारियलकी यदि कांचली नहीं हो तो खोपरा भी खराब हो जायेगा और पानी भी सड़ जायेगा. और कितनी गरमी हो पर नारियल तोड़के लो तो कैसा ठण्डा जल मिलता है? वो क्यों मिलता है क्योंकि वो छूंछ मूंछ, नारियलकी दाढ़ी वो सब गरमीको एब्सोर्ब कर लेती है और पानी ठण्डेका ठण्डा रहता है. एक तरहका रेफ्रिजरेटर सिस्टम वहां प्रोवाइड कर दिया गया है, जिसके कारण भीतर ठण्डा जल मिलता है.

तो भाव और अनुभाव, वो तो सिर्फ वहीं है, निरुपाधिभाव और चित्तकी प्रवणता. मूल अनुभाव है. मूल जो है भाव और अनुभाव उतने ही अर्थमें है. तो भक्तिको जब अपन भाव कहके कर रहे हैं, तो उस समय उसके उस भक्तिरूपी श्रीफलका स्वरूप कैसा है, भक्तिके *ऐन्गल*से उसे अपन यहां समझ रहे हैं. और जब उसे अनुभावके *ऐन्गल*से अपन समझ रहे हैं तब उसका

स्वरूप कैसा है? वो अपन वहां समझ रहे हैं. इसमें एक बात समझो. जो क्रम है वो कैसे लिया है, लोक, शास्त्र और श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा. तो लोकसिद्ध जो कुछ भी है वो एक दम बाहर है. उसके भीतर शास्त्रसिद्ध छिलका है. और उसके भीतर महाप्रभुजीकी आज्ञासे सिद्ध छिलका है. और उसके भीतर छिपा हुवा फल है, दोनों जगह. तो मूलमें तो भावही भाव है. बाकी तो सब उसकी सुरक्षाकेलिये वहां तक पहुंचनेकेलिये उसके छिलके हैं. जैसे केलेके छिलकेको आप उतार दो, तो केला काला पड़ जायेगा. और छिलका लगा रहेगा तो सफेद रहेगा. ये सफरचन्दका छिलका भी आपने उतार दिया तो फटाकसे काला पड़ जायेगा. छिलकेमें फलकी सुरक्षा है. उन छिलकोंके साथ हमने छेड़खानी शुरु कर दी, इस कारण पुष्टिमार्गका फल सड़ गया है, काला पड़ गया है. छिलके फलकी सुरक्षा हैं. हैं तो वो छिलके ही, शुद्ध छिलके, पर उनका काम बहुत जबरदस्त है. केलेका छिलका मोटा होता है. नारियलको तोड़े ताड़ें तब जाके फल मिलता है. पर सफरचन्दका छिलका कितना झीना होता है? उस झीनेसे छिलकेमें सफरचन्द सफेद रहता है. और वो झीनासा छिलका निकाललो तो वो काला पड़ जाता है. ये जादू देखो. बहुत झीना छिलका है. उतनेसे छिलकेके भीतर सफेद या कालापन आ रहा है फलमें. केलेमें तो मोटा छिलका है, और नारियलकी तो कुछ बात ही नहीं, नारियलको तो भगवानने इतनी सुरक्षा दी है कि जिसका कोई ठिकाना ही नहीं. एकपे दूसरा, दूसरेपे तीसरा, तीसरेपे चौथा, क्योंकि नारियल, रेगिस्तानका फल है. रेगिस्तानमें इतनी सब सुरक्षा नहीं करें तो बिचारे नारियलकी हस्ती क्या जो जिन्दा रहे? तपता सूरज, धूप, गरमी कैसे जिन्दा रहेगा उसमें नारियल? पर इसकी ताकत है कि इतने सबको साधा है प्रकृतिने, करके मैं बताऊं कि हमारे किशनगढ़में, अब तो रेल आ गई, पुराने जमानेमें जब बैलगाड़ीसे नारियल आते थे, तो समुद्र किनारेसे ही आते होंगे? और तब भी





उसमें पानी तो निकलता ही होगा? न जाने कितने महीने तो जानेमें लगते होंगे, कितने महीने दुकानमें रहके बिकने आता होगा और तब भी फोड़ो तो उसमेंसे जल निकलता था, और ऐसे सूखे इलाकेमें? राजस्थान टाइपके? मतलब उसको प्रकृतिने कितनी सुरक्षा प्रदानकी है. उस तरीकेकी सुरक्षा महाप्रभुजीने हमको प्रदानकी है. उस सुरक्षाके कवचसे हमनें खिलवाड़ किया है, इसी लिये सेवाकौमुदी चलानी पड़ती है. नहीं तो जरूरत ही नहीं है सेवाकौमुदीकी. ये सब कवच हैं उसके जिनके भीतर सुरक्षित है. इन कवचोंको खोलदो तो वो कर्णकी तरह मर जायेगा. कर्णने कवच खोल दिया, बड़ा उदार बनके, उद्धार करेंगे जगतका, खुद मर जायेगा वो नहीं देखा. कवच नहीं उतारा होता तो कर्ण मरता? ऐसे हमने कवच उतार दिये और अब हम कह रहे हैं कि हम जगतका उद्धार कर रहे हैं. जगतका उद्धार हो कि न हो पर अपना सत्यानाश हो गया. ये कवच खोल देनेका दुष्परिणाम हुवा है.

प्रश्नः आपने कहा कि मन वाणी और काया, इसी प्रकार पहले कथा मनमें, कथा पहले हो तो सेवा बादमें सिद्ध होगी? मनमें ठाकुरजीके आनेमें थोड़ी देर लगेगी. सेवाके पहले ठाकुरजी कायामें, फिर वाणीमें, फिर मनमें प्रवेश होते हैं. और कथासे पहले मनमें, फिर वाणीमें और फिर कायामें प्रवेश होते हैं. तो मनमें प्रवेश ये उत्तम कहलायेगा? श्रीठाकुरजी मनमें प्रवेश करें यह उत्तम है.

उत्तरः एक बात समझो. बहुत अच्छा सवाल किया आपने. बात ये है इस बारेमें कि कथासे मनमें प्रविष्ट होते हैं. ये बात सौ प्रतिशत सच्ची. पर जब कथासे मनमें प्रविष्ट होते हैं. उस कथाकी प्रक्रियासे प्रवेश हुये मनमें भगवानका काया तक पहुंचनेमें बड़ा रिस्क है, ये रिस्क बहुत जबरदस्त है. और उन रिस्कोंको महाप्रभुजीने ध्यानमें रखकर, एक कथाकी प्रक्रियासे मनमें प्रविष्ट भगवानका अवलम्बन करके जब भक्तिका उपक्रम करते हैं, तो

उसमें बहुत सारे भयस्थान हैं *(रिस्क)*. अगर भक्तिवर्धिनी पढ़ोगे तो महाप्रभुजीने बहुत सारे भयस्थानोंका वर्णन वहां किया है. और महाप्रभुजीने यहां 'सिद्धान्तमुक्तावली'में और 'सिद्धान्तरहस्य'में सेवा पर भार देकर सारी बात समझाई है. पर 'भक्तिवर्धिनी'में सेवाको छोड़ दिया है. और कथापक्षका अवलम्बन किया है. उदाहरणके तौरपर **''व्यावृत्तोपि''** आपको फुरसत नहीं है सेवा करनेकी तो क्या करना? **''व्यावृत्तोपि हरौः चित्तम् श्रवणादो न्यसेत सदा. ततः प्रेम''** अब इस प्रक्रियासे प्रभु अन्दर पधारे, सुननेकी प्रक्रियासे. **''ततः प्रेम तथासक्तिः व्यसनं च यदा भवेत्. बीजं तदुच्यते शास्त्रे दृढं यन्नापि नश्यति''**. अब क्या होगा? कि ये जो बीज दृढ़ हुआ, और भक्ति प्रेम आसक्ति व्यसनकी कक्षा तक पहुंची तो **''स्नेहाद् रागविनाशः स्याद् आसक्त्या स्याद् गृहारुचिः. यदा स्यात् व्यसनं कृष्णे कृतार्थः स्यात् तदैव हि''**. व्यसन होनेके बाद महाप्रभुजी कह रहे हैं कि व्यसन सिद्ध हो गया तो ये मत समझना कि ''सैंया भये कोतवाल अब डर काहेका''? **''तादृशस्यापि सततं गेहस्थानं विनाशकम्. त्यागं कृत्वा यतेद् यस्तुः तदर्थार्थैकमानसः''** व्यसन सिद्ध हो गया तो भी घर तुझे कभी न कभी ठग लेगा फिरसे. मैंने चाय छोड़ दी थी दो बार. पर घरमें रहता हूं तो फिर पीनेमें आ ही जाती है. **''तादृशस्यापि सततं गेहस्थानं विनाशकम्. त्यागं कृत्वा यतेद् यस्तु''** मैंने तो घर नहीं छोड़ा. पर एक बात कहता हूं. **त्यागं कृत्वा यतेद् यस्तुः तदर्थार्थैकमानसः लभते सुदृढ़ां भक्तिं'' ''सुदृढ़ां माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढ़ सर्वतोधिक स्नेह''**, यह ध्यानमें रखना, **''लभते सुदृढां भक्तिं सर्वतोऽप्यधिकां पराम्''**. अब यहां पहुंचकर महाप्रभुजी फिरसे एबाउट टर्न कर रहे हैं. **''त्यागे बाधकभूयस्त्वं दुःसंसर्गात् तथान्ततः. अतः स्थेयं हरिस्थाने तदीयैः सह तत्परैः. अदूरे विप्रकर्षेवा यथा चित्तं न दुष्यति''**. हम बात करते हैं मन्दिरकी, हवेलीकी, महाप्रभुजी यह नहीं कह रहे हैं. महाप्रभुजी क्या कह रहे हैं? आपने घर छोड़





दिया तो आप एकदम टोटली सबसे अलग होकर नहीं रहो. कोई ऐसे भगवदीयके पास जाके रहो, जिसके साथ उसका सत्संग तो हो सके. **''तदीयै सह तत्परैः''** अब उसका सत्संग ऐसे मत करना कि अपनी चेप उसको लगा दो. अतएव **''अदूरे विप्रकर्षेवा यथा चित्तं न दुष्यति''**. कितनी बड़ी सावधानी महाप्रभुजीने कवचकी सुरक्षाकेलिये ली है. ये सुरक्षा सेवाकेलिये नहीं ली है महाप्रभुजीने. ग्रीन सिग्नल दे रहे हैं कि परिजन परिवार सब आपका कृतार्थ हो जायेगा **''परिजनश्चापि कृतार्थो भवति. ब्रह्मभावात्तु भक्तानाम् गृहएव विशिष्यते''**. (शा.प्र.५१) सेवा करते हो तो कह रहे हैं कि गृहस्थाश्रम तो मुक्तिकी तुलनामें अधिक अच्छा है. पर जो सेवा छोड़ी तो महाप्रभुजी कह रहे हैं **''गृहं सर्वात्मना त्याज्यं''** छोड़दो घरको अब घरमें क्यों बैठे हो? घरमें बैठे हो तो कुछ न कुछ ठगीका काम कर रहे हो आप! कथा करते हैं और कथाकी आजीविका बना लेते हैं. हरे राम हरे राम हरे कृष्ण हरे कृष्ण लाओ पैसा. लाओ पैसा. अरे क्या नाटक कर रहे हो? तो बोलते हैं कि हमें भक्तिकी व्यसन दशा सिद्ध हो गई है. ये तो एक नया उपाय ढूंढ निकाला न? अतएव महाप्रभुजीने कितनी अधिक सावधानी ली है भक्तिवर्धिनी जो आगे जा रही है इसे ध्यानसे देखो, *जस्ट* दो श्लोक आगे महाप्रभुजीने कथापक्ष ले लिया है. क्योंकि सेवाको तो सविस्तार समझा ही दिया है आपने. और वहां श्रीमहाप्रभुजीने सर्टिफिकेट भी दे दिया है कि **''गृह एव विशिष्यते''**. घरतो मुक्तिसे भी अधिक है. और उस घरको कह रहे है कि **''तादृशस्यापि सततं गेहस्थानं विनाशकम्''**. घर आपको मार डालेगा. क्यों? इसका स्पष्टीकरण श्रीमहाप्रभुजीने सुबोधिनीमें किया है. **''गृहे स्थितेः उत्कृष्टत्वम् न भगवदीयत्वेन किन्तु भगवता सह स्थित्या भगवत्कार्यार्थं वा अन्यथा न स्थातव्यम्''**. आप बड़े प.भ. हो गये तो घरमें रहनेका लाईसेन्स मैं आपको नहीं दे रहा हूं. घरमें रहनेका लाईसेन्स तुम्हें दूंगा कब कि जब ठाकुरजीकी सेवाकेलिये घरमें रहते हो तब, नहीं तो

जाओ, घरमें क्यों रह रहे हो? **"गृहे स्थितेः उत्कृष्टत्वम्"** भगवदीयतासे नहीं है. आप भगवदीय हो गये तो घरमें रह सकते हो. ऐसा नहीं कर सकते. घरमें रहनेका लाईसेन्स आपको मैं तब दूंगा जब **"भगवता सह स्थित्या"**. भगवानके साथ रहो अरे भगवानके साथ तो नरकमें भी रहनेको मिले तो आनन्दसे रहो. इसमें क्या तकलीफ है. **"भगवता सह स्थित्या भगवत्कार्यार्थ वा अन्यथा न स्थातव्यम्"**. छोड़ दो घरको, क्यों रहते हो घरमें. भक्ति नहीं कर रहे तो घरमें रहनेकी क्या जरूरत? **"तादृशस्यापि सततं गेहस्थानं विनाशकम्"**. महाप्रभुजीने घरमें रहनेकी छूट भगवत्सेवाकेलिये दी है. और हम भगवत्सेवाकेलिये ही घरमें नहीं रहते. गिलिन्डरी अपने पुष्टिमार्गीयोंकी देखो कैसी है? प्राचीन ८४ वैष्णवोंकी वार्तामें आपको वहां हरेकमें मिलेगा कि महाप्रभुजी कह रहे हैं कि घरमें सेवा करनेकेलिये रहो पर हम सेवा करनेकेलिये ही घरमें नहीं रहते. तासों इनकी वार्ता कहां ताईं कहिये. ऐसे ऐसे भगवदीय भूतलपे बिराजे हैं, महाप्रभुजी दुःखी हैं न!

प्रश्नः तो इससे यह लगता है कि कथामें केवल श्रवण इन्द्रियका विनियोग होता है और सेवामें सर्वेन्द्रियोंका विनियोग होता है.

उत्तरः इन्द्रियोंका, परिवारका, परिजनोंका, और जो हड़फेटमें आ जाये उसका.

oooooooooo

## चौथे दिनका प्रवचन

प्रश्नः कथा और सेवा इन दोनोंमें व्यसन दशा होती है. तो कथाकी व्यसन दशाका स्वरूप और सेवाकी व्यसन दशाका स्वरूप का अन्तर बतानेकी कृपा करें.

उत्तर : करेंगे पर अभी नहीं.





कल किसीका प्रश्न था कि सेवा करना मोक्षकेलिये जीवका कर्तव्य है. तो क्या पुष्टिजीव मोक्षकी भी इच्छा रखे? तो फिर जन्म जन्म हरि गुरु वैष्णवकी सेवा किस प्रकार हो सकती है?

अब हमें बातको समझ लेना चाहिये कि नवधा भक्तिके विषयमें मैंने विस्तारसे समझा दिया था कि शास्त्रके द्वारा निर्धारित करा हुआ अनुभाव है भक्तिका अनुभाव. अतएव अपने ह्रदयमें भक्तिका भाव हो तो उसके अनुभाव प्रकट करनेकी शास्त्रीय मर्यादा. जैसे किसी स्त्रीपुरुषको परस्पर विवाह करनेकी इच्छा हो तो शास्त्रने उनके विवाहकेलिये विधि–विधानोंका निर्धारण किया है. और उन विधि–विधानोंसे विवाह करें तो ये शास्त्रीय विवाह कहलाता है. और उन विधि–विधानोंके बगैर भी विवाह हो सकता है. वैसे अशास्त्रीय विधि विधानोंको भी शास्त्रने मान्य किया है कि ऐसे अशास्त्रीय विधानोंसे आप विवाह करो तो आप पतिपत्नी कहलाओगे. पर एक बात साफ समझ लेनी चाहिये कि जहां–जहां शास्त्रीय विधिका प्रश्न आयेगा वहां–वहां अशास्त्रीय विधिसे विवाहित पति या पत्नीको पति–पत्नीतया मान्य नहीं किया जायेगा. विवाहित रह सकते हो. जो संतति है उसे आपका वारसा भी मिलना चाहिये अशास्त्रीय विधिसे विवाहित हो तो. पर पत्नी अर्थात् 'भार्या' और 'धर्मपत्नी' का अन्तर शास्त्रने इस प्रकार किया है. कि धर्ममें जो पत्नी है अर्धांगिनी है, धर्माचरणमें, वो केवल शास्त्रीय विधिसे विवाहित पत्नी ही हो सकती है. बाकी सब लोकपत्नीही होती हैं. उदाहरणके तौर पर कोर्टमें आप मैरिज कर आओ, तो वो पत्नी है. और ये पत्नी तुम्हारी सम्पत्तिमें अपना हक्क जता सकती है. पर आपके धर्मका जो क्रियाकलाप है, उसमें इसको पत्नीतया शास्त्र मान्य नहीं करता. वैसे ही पुत्रके बारेमें भी है. उसी प्रकार बहुत सारी बातोंमें शास्त्रने इस प्रकारका विवेक रखा है. उदाहरणके तौर पर जो आजीविका अर्थात् नौकरी या धंधा, शास्त्रने जिसकेलिये, जिस

वर्णकेलिये जो नौकरी कि धंधेका विधान किया है, कि आप अपना जीवन निर्वाह इस नौकरी या धंधेके द्वारा कर सकते हो, उस नौकरी या धंधेके द्वारा जब आप जीवननिर्वाह करो, तो शास्त्र आपको ऐसे कहता है कि आपके पास जो पैसा आता है वो शुक्ल द्रव्य है. जो आपके लिये विधान करनेमें नहीं आया नौकरी या धंधा, उस नौकरी या धंधेसे जब आप आपका जीवननिर्वाह चलाते हो तो शास्त्र इसमें फिर दो भेद करता है, शबल द्रव्य और कृष्ण द्रव्य. शबल द्रव्यका मतलब क्या? उदाहरणके तौर पर ब्राह्मणको जिन जिन वस्तुओंसे अपनी आजीविका चलानेको कहा गया, उनके चलानेमें यदि ब्राह्मण सक्षम न हो, मूलतः ब्राह्मणको यजन–याजन, अध्ययन–अध्यापन, दान–प्रतिग्रह ये जो षटकर्म हैं उनमें यजन, अध्यापन और प्रतिग्रह ये ब्राह्मणकी आजीविका हैं. इन आजीविकाओंसे ब्राह्मणका गुजारा नहीं चलता हो तो शास्त्र कहता है कि कोई चिन्ताकी बात नहीं. अगर आपका गुजारा नहीं चलता तो आप क्षात्र वृत्ति करो. क्षत्रियकी वृत्ति करो. यदि आपका क्षत्रिय वृत्तिसे भी गुजारा नहीं चलता हो तो बनियेकी वृत्ति करो. पर शास्त्र इसमें थोड़ा अंकुश लगाता है कि बनियेकी तरह हरेक वस्तु आप बेच खरीद नहीं सकते. ब्राह्मण क्या बेच सकता है और क्या नहीं बेच सकता, इसका भी स्पष्टीकरण शास्त्र करता है. उदाहरणके तौर पर पकाया हुआ अन्न अगर ब्राह्मण बेचे तो शूद्र हो जाता है. जीवित प्राणीको बेचे तो शूद्र हो जाता है. दास दासीका व्यापार करे तो शूद्र हो जाता है. बेसिक नेसेसिटीकी वस्तु बेचनेका निषेध है. जैसे नमक, पानी, दूध. ये नहीं पर लक्जरीकी आइटम ब्राह्मण बेच सकता है. जिसे करके आप इस वृत्तिके द्वारा किसीका खून न चूसने लगो. मोटे तौरपर शास्त्रका हेतु ऐसा है कि ब्राह्मण हो तो गाम आपके पैर पड़ता होगा, फिर धंधा करो, अतएव आपको कोई कुछ कह ही नहीं सकता. पैरपे पड़नेवाला टोके तो कैसे टोके? अतएव आपको बेचनेकेलिये उन





वस्तुओंकी छूट है उदाहरणकेलिये आपको रत्न बेचना हो तो बेच सकते हो, ऐसी वस्तुएं बेच सकते हो पर दैनिक आवश्यकताकी चीजें बेचनेकेलिये ब्राह्मणको मना करता है शास्त्र. जीवित प्राणी, शराब, मांस, ऐसी सब वस्तुयें भी ब्राह्मण नहीं बेच सकता. पका हुआ अन्न बेचे तो **सद्यः पतति**. जैसे आज अपने मंदिरोंमें प्रसाद बेचते हैं, प्रसाद बेचा तो **सद्यः पतति**. ऐसे कर्मसे हमारा ब्राह्मणत्व मिटकर शूद्रत्व हो जाता है. पका हुआ अन्न तो कभी भी ब्राह्मण नहीं बेच सकता. इस प्रकार शास्त्रने सारी आजीविकाओंको तय कर दिया है. अगर ब्राह्मण क्षात्र वृत्ति करे, अथवा क्षत्रिय वैश्यकी वृत्ति करे, अथवा वैश्य शूद्रकी वृत्ति करे तो शास्त्र कहता है कि यह 'शबल वृत्ति' है. अगर ब्राह्मण वैश्यकी वृत्ति करे या क्षत्रिय शूद्रकी वृत्ति करे तो इसे 'कृष्ण वृत्ति' कहते हैं. ये धन काला धन कहलाता है. पर यह होते हुये भी शास्त्र कहता है कि कोई बात नहीं. मैं निन्दा कर रहा हूं कि काला धन है पर यह अभी निषिद्ध नहीं है. निन्दित है पर निषिद्ध नहीं है. ऐसा एक सूक्ष्म भेद शास्त्रने किया है कि निन्दित है धन आपका, पर अभी निषिद्ध नहीं है. पर जैसे देवलक वृत्ति, आखेट वृत्ति, किसीकी हत्या करनेकी वृत्ति, चोरीकी वृत्ति, भीख मांगनेकी वृत्ति, ये सब निषिद्ध वृत्तियां हैं ब्राह्मणकेलिये. ब्राह्मणसे ये हो नहीं सकता. और अगर करे तो वो ब्राह्मण नहीं रह जाता है. तो यह सब विवेक शास्त्रके हैं. अब यदि निषिद्ध वृत्तिसे भी आप अपना गुजारा चलाते हो तो चलाओ. पेट तो भरेगा ही. शास्त्र यह तो नहीं कहता कि निषिद्ध वृत्तिसे गुजारा चलाते हो तो आपका पेट नहीं भरेगा. पर उस प्रकारका आप पेट भरते हो तब आप ब्राह्मण कर्म करने लायक नहीं रह जाते, कैन्सिल. आदमीके तौर पर आप आदमी. और शास्त्र फिर ये और स्पष्टीकरण देता है कि किसी भी निषिद्ध वृत्तिको आपने तीन पीढ़ी तक किया, उदाहरणके तौर पर ब्राह्मणने तीन पीढ़ी तक क्षात्र वृत्ति करी तो वो ब्राह्मणके बजाय क्षत्रिय बन जाता है. ब्राह्मणने तीन पीढ़ी तक

बनियेकी वृत्ति करी, तीन पीढ़ी तकका *चान्स* शास्त्र तुम्हें देता है, उसमें आप सुधर नहीं सके तो अपने लड़केको सुधारनेका प्रयास करो, आपका लड़का नहीं सुधर सका क्योंकि समाजमें किसी समय किसी समस्यामें कोई परिवार आ जाता हो, उसकी गारन्टी नहीं होती, अतएव शास्त्र बहुत कृपा करके यह छूट देता है हमको कि आप, आप नहीं तो आपका पुत्र, आपका पुत्र नहीं तो आपका पौत्र आखिरमें फिरसे ब्राह्मण वृत्तिमें 'आ अब लौट चलें' होना चाहिये 'तुझको पुकारे देश तेरा'. अगर आप लौट नहीं सकते तो तीसरी पीढ़ीके बाद चौथी पीढ़ीमें जो वृत्ति आप कर रहे हो वो आपका वर्ण हो जाता है. उदाहरणके तौर पर पकाया हुआ अन्न तीन पीढ़ी तक बेचा तो फिर सब गया आनन्द ही आनन्द है. फिर तो ब्राह्मण ही नहीं रह जाता. तो यह सब अजीब स्थिति है. शास्त्र बहुत सारी वस्तुओंका विधान करता है. शास्त्र अगर विधान नहीं करता तो भी कार्य हो सकता है उसे भी किसी समय शास्त्र अनिन्दित किसी समय निन्दित और किसी समय निषिद्ध ऐसे तीन भागोंमें मान्य करता है. वो निन्दा नहीं करता कि आप ये काम कर रहे हो. पर इसका विवरण कि वर्णन तो वो करता ही है. किसी समय शास्त्र कहता है कि ये जो काम आप कर रहे हो उसकी मैं मना नहीं कर सकता, क्योंकि ऐसी अजीब स्थितिको शास्त्र समझता है. पर है यह काम खोटा. किसी समय शास्त्र ऐसे कहता है कि नहीं, छूट नहीं मिलेगी आपको. निषिद्ध है. करना हो तो अपने जोखिमपे करो. ये काम करोगे तो, आप अगर ब्राह्मण हो तो, ब्राह्मण नहीं रह जाओगे, क्षत्रिय हो और निषद्ध काम करोगे तो क्षत्रिय नहीं रह जाओगे. वैश्यको जो निषिद्ध है वो अगर करे तो वैश्य नहीं रह जायेगा. शास्त्रकी व्यवस्था तो इस प्रकारकी है.

अतएव शास्त्रने हरेक बातकेलिये ऐसे विधि–निषेधोंका अनुभाव घढ़ा है. तो भक्ति कैसे करनी? उसका शास्त्रने कुछ विधि निषेध घढ़ा है कि भक्ति इस प्रकार करनी. अर्थात् नवधा





रूपमें करनी. पर आजीविकारूपमें नहीं करनी. कमानेके साधनके तौर पर भक्ति नहीं करनी. पर नवधारूपमें करनी. अब शास्त्र द्वारा घढ़ी हुई रीतिसे आपके भावको किस प्रकार प्रकट करना, उसकी एक भाषा है. जो कल मैंने थोड़े मजाकमें कही थी कि हस्त मिलाप करें जो शास्त्रकी विधि है पर माथा मिलाप करें तो वो विवाहकी विधिमें कहीं नहीं आता. अन्तमें तो टकराना ही है तो पहलेही क्यों नहीं टकरालें? बादमें तो जो तुम्हें करना हो सो करना वो चलेगा पर विवाहकी विधिमें तो मस्तक मिलाप नहीं हो सकता, हस्तमिलाप ही हो सकता है. ये विधि है. इस प्रकार नवधा भक्ति, भक्तिके भावको आपके इष्टदेवके प्रति प्रकट करनेकी शास्त्र द्वारा निर्धारित एक विधि है. उसकेलिये शास्त्र ऐसे कहता है कि नवधा भक्ति करोगे तो मोक्ष मिलगा. वो वचन यहां उद्धृत करनेमें आये हैं. इस कारण वहां मोक्षका उल्लेख आया है. पर हम नवधा भक्ति मोक्ष प्राप्त करनेकेलिये नहीं कर रहे हैं. पर सेवा करनेकेलिये कर रहे हैं. क्योंकि हमारा अपने देवके प्रति इष्टदेव होनेका भाव खंडित न हो जाये और हमारा अपने देवके प्रति कोई इस प्रकारका व्यवहार न करदें कि जिसे लोकवेदमें गर्हित माना जाता हो.

अतएव महाप्रभुजी शास्त्रद्वारा जो भाषा मान्यकी गई है, उस भाषाको रख रहे हैं. महाप्रभुजी जो भाषा चाहते हैं, उस भाषाके अन्तर्गत इसे रखा गया है. अतएव सेवा अथवा कथा अपने यहां मोक्षार्थ नहीं होती. शास्त्र इसे मोक्षकेलिये कहता है पर हम इसे मोक्षकेलिये नहीं करते. पहले तो आपके घरोंमें यह पद्धति होगी पर यह सहज सम्भव है कि आपके घरोंमें यह अब जीवित न हो पर हमारे सौभाग्यसे गोस्वामी परिवारोंमें यह अभी भी जीवित है कि जो कुछ भी शास्त्रीय कर्म करना हो, उन शास्त्रीय कर्मोका अलग अलग फल शास्त्रमें वर्णित है. उन फलोंको हम कर्मसे प्राप्त नहीं करना चाहते, इसकेलिये कर्म करनेसे पहले अच्छी तरहसे हमारे यहां संकल्प किया जाता है

**"गोपीजनवल्लभप्रीत्यर्थम् प्रातःसंध्याम् उपास्ये"**. क्योंकि प्रातः संध्या करनेसे शास्त्र कहता है कि मोक्ष मिलेगा पर भाई मोक्ष नहीं गोपीजनवल्लभकी प्रीति चाहिये. काकाजीने कन्यादान किया बेटीजीका, तो इसमें यह ही संकल्प किया **"गोपीजनवल्लभ-प्रीत्यर्थम् इमाम् कन्याम् अमुकस्मै वरा दास्ये"**. तो हमारे यहां जितने शास्त्र विधिके कर्तव्य हैं उन सारे कर्तव्योंमें शास्त्र विहित संकल्प नहीं करते पर **"गोपीजनवल्लभप्रीत्यर्थम्"** संकल्प करके शास्त्र विहित कर्म करते हैं. ये किस लिये? कि शास्त्र विहित फल हमको कही इस तरह न मिल जाये, कि जिससे हम अपनी भक्ति करनेमें चूक जायें. अतएव ऐसे संकल्पका विधान है और ठाकुरजीकी कृपा है कि आजकी तारीख तक इसे कर्मकाण्ड रूपमें पाल रहे हैं. बाकी मूल विकेट डाउन हो गई है कि भगवत्सेवा गोपीजनवल्लभप्रीत्यर्थ नहीं करते पर सारे शास्त्रीय कर्म गोपीजनवल्लभप्रीति अर्थ करते हैं. ये विरुद्धधर्माश्रयता!! किसी बखत गाड़ी नावमें और किसी बखत नाव गाड़ीमें. मुझे लगता है कि आपके प्रश्नका उत्तर स्पष्ट हुआ होगा? ये वचन जो उद्धृत किया गया है वो शास्त्र द्वारा उद्धृत किया गया है. अतएव उस शास्त्रमें यह मोक्षार्थ है. और हम संकल्पपूर्वक उस फलकेलिये नहीं करते पर सेवार्थ करते हैं. अतएव भाषा हमारी शास्त्रकी है पर भाव अपना शास्त्रका न होके निरुपाधि भाव है अथवा तो महाप्रभुजीने जो भाव बताया, वो भाव है. मूलमें हमें मुद्देकी बात यह समझ लेनी चाहिये.

एक अफ्रीकाकी बहन थी. एक बखत वो हिन्दुस्तान आई तो मुझे उसने एक बड़ा ड्रम दिया. अफ्रीकाका इतना बड़ा ड्रम नगाड़े जैसा बजानेकेलिये. उसका क्या करना? उसे अफ्रीकाके जंगली बजाते हैं. डम डम डम और नाचते हैं. अब मुझे क्या करना उसका? बम्बईमें बजाऊं तो पड़ोसियोंकी नींद उड़े. बहुत विचार करा कि अब इसका क्या उपयोग करना? मैंने टेबल बना ली उसकी. अब है बजानेका ड्रम पर मैं इसका प्रयोग कर रहा





हूं टेबलके तौर पर. ऐसे ही कोई वस्तु किसीकेलिये होती है पर हम इसको किसी दूसरे काममें प्रयोग करते हैं. बहुतसे लोग मुझसे पूछते कि ऐसा गजबका टेबल आपके पास कहांसे आया? तो फिर बजाके दिखा देता कि टेबल नहीं है नगाड़ा है. ऐसा हो सकता है. ख्यालमें आया ना?

प्रश्नः सेवाके सर्कलमें असमर्पितका त्याग और फिर समर्पण कहा है. पर वास्तवमें ऐसा हो कैसे सकता है? समर्पण पहले और फिर असमर्पितका त्याग. यह कैसे आयेगा? किस प्रकार आयेगा?

उत्तरः तू जो यह पूछ रही है वो आक्षेप है कि प्रश्न है?

प्रश्नः यह शंका है.

उत्तरः अच्छा. तो शंका दो प्रकारकी होती है. आक्षेपात्मिका और जिज्ञासात्मिका. इसमेंसे कौनसी शंका है? यह तो मैं इसलिये कह रहा हूं कि इससे तुम्हारी प्रश्न करनेकी हिचकिचाहट दूर होगी. ऐसे भी मत विचारना कि आक्षेप नहीं कर सकते. हमारे मुम्बईमें जो शिविर चलता है, तो सबको मैं यही सिखाता हूं कि आक्षेप करना सीखो. इसमें शरमाना कि घबराने जैसा कुछ भी नहीं है. एक बात समझो प्रश्नके बारेमें. अब प्रश्न किया, शंका करी, कि आक्षेप किया जो भी किया वो अच्छा किया.

सेवा हम भक्तिके रूपमें करते हैं. और भक्तिके दो प्रकार हैं, **"सेवायां वा कथायां वा"**. अगर सेवात्मिका भक्ति करते हो अर्थात् ऐसी भक्ति कि जिसका अनुभाव भगवत्सेवा रूपमें प्रकट हो रहा है, वैसे अनुभावमें असमर्पितका त्याग जरूरी है. और असमर्पितका त्याग हम कब कर सकते हैं? जब समर्पण करता होऊं. लेकिन एक बात साथ साथ समझ लो, कि समर्पण करते हों, तो जरूरी नहीं है कि असमर्पितका त्याग हो ही जायेगा. असमर्पितका त्याग करना हो तो समर्पण करे बिना हो ही नहीं सकता. पर समर्पण करते हो तो उससे असमर्पितका त्याग होगा

ही ऐसे नहीं कह सकते. सोचो, समर्पणकी शर्त हमारी क्या है? जो आपके पास है उसे आप प्रभुकी सेवामें वापर रहे हो. तो समर्पण हो गयां. पर आप इसे प्रभुकी सेवामें वापरो नहीं और आप होटलमें खाने जाओ, तो असमर्पितका त्याग तो नहीं किया न? आपके पास ढोकला हैं और वो प्रभुको भोग धरे. समर्पण तो हो गया न? गामसे ढोकलाके पैसा नहीं मांगे. समर्पण तो हुआ पर तुझे फिर ठाकुरजीको ढोकला भोग धरना अच्छा ही नहीं लगता, क्योंकि इसमें मिरची नहीं है, इसमें नमक नहीं है, इसे ठाकुरजीको कैसे धरा जाये? क्योंकि तुझे होटलका रेस्टोरैन्टका अच्छा लगता है. तो असमर्पितके त्यागका नियम तो नहीं निभा न? समर्पण करते हैं, तो असमर्पित त्याग होगा ही, इसकी गारन्टी नहीं है. और असमर्पित त्यागका नियम जो निभाता होऊं तो समर्पण करे बिना छुटकारा नहीं है. ख्यालमें आया? ये ऐसे सच्चा है पर वैसे गलत है. क्या मुश्किल लग रही है बात? क्यों गंगाराम?

विद्यार्थी : समझमें नहीं आई.

तो हमको फिरसे एक बात समझनी पड़ेगी. कि असमर्पितका त्याग और समर्पण दो जमा दो बराबर चार जैसी बात तो नहीं है न! ये एक ही बात है कि अलग अलग बात हैं? दो जमा दो बराबर चार कहो या चार कहो दोनों एक ही बात हैं अलग अलग बात नहीं हैं. इसी प्रकार असमर्पितका त्याग और समर्पण, एक ही बात हैं कि दो बात हैं? दो बात हैं न. अर्थात् एक बात कहने पर दूसरी बात आती है पर दूसरी बात कहने पर पहली बात नहीं आ रही है. पहली बात कहने पर दूसरी बात नहीं आ रही. अर्थात् इसे अलग अलग कहना पड़ेगा. जब दो जमा दो बराबर चार जैसी एक बात हो तो इस बातको कहो कि उस बातको कहो, अन्तर नहीं पड़ेगा. पर जो इसमें थोड़ा अन्तर आता हो, जैसे दो जमा तीन बराबर पांच, और दो गुणा तीन बराबर छः. तो दोनों जगह दो भी है और तीन भी है. पर गुणा और





जमा करनेकी प्रक्रियासे जो निष्कर्षकी संख्या है, ये बदल जाती है न? तो फिर इसे अलग–अलग कहना पड़ेगा कि एक ही तरह कह सकते हैं? एक तरहसे तो नहीं कह सकते हैं न? इसी प्रकार असमर्पितका त्याग और समर्पण दो वस्तु हों, तो उन्हें अलग–अलग कहना पड़ेगा. अब अलग–अलग कहना पड़ेगा तब ये भी समझना जरूरी हो जायेगा कि किस जगह समर्पणका प्राधान्य है और किस अंशमें असमर्पित त्यागका प्राधान्य है. **"सेवकानां यथा लोके व्यवहार प्रसिध्यति. तथा कार्यम् समर्प्यैव. असमर्पितवस्तूनां तस्माद् वर्जनम् आचरेत्"**. ये सिद्धान्त महाप्रभुजीने सिद्धान्तरहस्यमें समझाया हमको, वो सेवकोंकेलिये समझाया है, भक्तोंकेलिये नहीं समझाया. भगवत्सेवा करनेवालोंकेलिये यह नियम समझाया गया है. अब कोई भक्त उदाहरणके तौरपर अष्टछाप जैसे जिनके माथे उनके ठाकुरजी नहीं बिराजते थे और सबसे पहले अपने दामोदरदासजी, जिनके माथे सेवा नहीं बिराजती थी, अब ऐसे जो भक्त हैं जिनके माथे सेवा नहीं बिराजती थी, उनकेलिये तो यह नियम लागू नहीं होगा न? ख्यालमें आया? और एक बात समझ. कि ठाकुरजीने महाप्रभुजीको जब ब्रह्मसम्बन्धकी आज्ञा दूसरी या तीसरी परिक्रमामें दी है. वहां तक महाप्रभुजीने भी ये नियम इतनी कठोरतासे नहीं पाला होगा? क्योंकि जब ब्रह्मसम्बन्धकी आज्ञा दी उस वक्त यह नियम लागू हुआ. **"असमर्पितवस्तूनां तस्माद् वर्जनम् आचरेत्"** ब्रह्मसम्बन्धको सार्थक करनेकेलिये. अब जो कथा प्रणालीसे रह रहा है, अथवा जो पुष्टिमार्गीय केवल अष्टाक्षर मंत्रको लेकर रह रहा है, उसकेलिये समर्पण अनिवार्य नहीं है. जो सेवा करता है उसकेलिये असमर्पितका त्याग करना जरूरी है. अतएव सेवाके बारेमें असमर्पितका त्याग कह दिया गया. असमर्पितका त्याग कहा तो उससे समर्पण तो आ ही गया. और भक्तिके पहले सर्कलमें असमर्पितका त्याग इस कारण नहीं कहा कि भक्तिका एक प्रकार कथात्मिका भक्ति भी हो सकता है.

तो वहां हम इस नियमको लागू नहीं करते. जो कि मैंने बनाया नहीं है पर आपने अपनी कौपीमें बना दिया है कथात्मिका भक्तिमें यह सब प्रश्न गौण हो जाते हैं कि प्रसाद ही लेना चाहिये. अनप्रसादी नहीं लेना चाहिये. ये नियम कथात्मिका भक्ति करनेवालोंकेलिये लागू नहीं होता.

एक मजेदार लक्ष्यमें लेनेवाली बात है. कि महाप्रभुजीने, प्राचीन सब ग्रंथकारोंने, असमर्पित त्याग और समर्पितके ग्रहणकी प्रशंसा करी है पर प्रसादकी प्रशंसा षोडशग्रंथमें कहीं भी नहीं करी. आज हम जो प्रसादका ढोल बजा रहे हैं, इसकी प्रशंसा कहीं भी नहीं है. असमर्पितका त्याग करो समर्पित ही लो. इसके विधि–निषेध दोनों मिलेंगे. पर प्रसाद ही लो, प्रसाद लेना ही चाहिये, प्रसाद आदरणीय है, पर महाप्रभुजीने अपने भक्तिके कार्यक्रममें जिन दो वस्तुओंके ऊपर भार नहीं दिया आज हम सबसे ज्यादा भार दे रहे हैं, प्रसाद और दर्शन, इन दो वस्तुओंका षोडशग्रंथोंमें सर्वथा अभाव है पाठ करके देखलो. एक भी श्लोक इस बारेमें नहीं है कि मन्दिरमें दर्शन करने जाना चाहिये. एक भी श्लोक नहीं है कि प्रसाद ही लेना चाहिये. श्लोक है कि असमर्पितका त्याग करना चाहिये. सब कुछ प्रभुको समर्पित करना चाहिये. ये तो आप केवल आपके घरमें ही कर सकते हो.

प्रश्नः दो प्रश्न हैं. "**श्रवणं कीर्तनम् स्मरणं विष्णोः पादसेवनम्.** इसमें पादसेवन यह भक्ति बताई है. इसका अर्थ बताया गया था चरण सेवा. उसके आगे आठवें श्लोकमें **पादसेवन शब्देन सर्वापि परिचर्या न तु चरणसेवामात्रम्.** चरणसेवा केवल नहीं है पर समग्र सेवाके अर्थमें लेनेकी बात है.

उत्तरः लालूभट्टजी जैसे यह श्लोक द्योतित कर रहे हैं, वैसे ही दो तीन श्लोक और कहे हैं नवधा भक्ति निरूपण करनेवाले. **श्रवणम् कीर्तनम् चास्य स्मरणं महतां गतेः. सेवेज्यावनतिर्दास्यं सख्यमात्मसमर्पणम्.** ऐसे बहुत सारे श्लोक भागवतमें अनेक बखत आये हैं. कहीं '**इज्या**' शब्द आ जाता है, कहीं '**सेवा**' शब्द





आ जाता है, यहां '**पादसेवन**' शब्द आया है. तो इसमें मूल समझनेकी बात ये हैं कि प्राचीनकालमें यह पद्धति थी कि किसी व्यक्तिको आदर देना हो उसे मुंहपर नहीं कहते, पर कहते हैं चरणारविन्दमें. अतएव 'आचार्यचरण' हम कहते हैं तो खाली आचार्यके चरण नहीं कह रहे हैं. ऐसी हिमाकत कैसे करनी महाप्रभुजीके सामने कि मुखारविन्दको हम *डायरेक्ट* कहें? अर्थात् दृष्टि चरणारविन्दकी तरफ हो उसके बाद आचार्यचरणको जो कुछ कहना है वो कहें. तो ऐसे सब मनोभावोंके कारण प्रभुचरण, आचार्यचरण, और जहां भी नमस्कार आता हो तो चरणमें नमस्कार, चरणसेवा, यह सब प्रयोग आदरार्थक हैं.

प्रश्नः सिद्धान्तमुक्तावलीमें "**चेतस्तत्प्रवणं सेवा. तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा**"में चित्तको प्रभुमें पिरोना. मन, बुद्धि, चित्तकी आपने चर्चा करी थी. उसमें मनकी पराकाष्ठा बताई थी. चित्तकी तुलनामें. चित्तको स्टोरेज जैसा बताया था. फिक्स्ड डिपोजिटकी तरह. सबसे अधिक मन. अर्थात् मन सबसे विशेष है. मन जो एकाग्र हो जाये, तो उसके बाद आगे बढ़ा जा सकता है. तो मनकी प्रवणताकी बात महाप्रभुजीने यहां नहीं करी है. चित्तसे अधिक मन है तो फिर मनको कहना चाहिये था? तो मनकी बात वहां क्यों नहीं बताई गई?

उत्तरः "**कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता. चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा. ततः संसार दुःखस्य निवृत्तिः ब्रह्मबोधनम्**"**.** इन श्लोकोंमें महाप्रभुजीने बहुतसे लक्षण दिये हैं. काललक्षण, कर्मलक्षण, फललक्षण, स्वरूपलक्षण, उसके बाद अवान्तरफललक्षण, कारणलक्षण, कर्म और विषय एकही वस्तु हैं. "**सदा कार्या**" कह कर काललक्षण बताया सेवाका. "**कृष्णसेवा**" कहकर कर्मलक्षण बताया. विषय बताया कि सेवा करनी तो किसकी करनी? तो कर्मलक्षणमें विषयलक्षणका भी समावेश किया कि कृष्णकी सेवा. और कार्या उसमें भी इसका स्वरूप समझानेमें आया, "**मानसी सा परामता**" द्वारा उसका

फललक्षण समझानेमें आया है. और **"चेतस्तत्प्रवणं सेवा"** द्वारा उसका स्वरूपलक्षण समझानेमें आया है. स्वरूपलक्षण और फललक्षणमें क्या अन्तर होता है? कि जिस वस्तुका जो स्वरूप होता है, वो कायम रहता है. उदाहरणके तौरपर आपका जो स्वरूप वो आपके जन्मसे लेकर बुढ़ापे तक एक ही है. पर रूप बदलता रहता है. आप बाल्यावस्थामें हो, फिर किशोर अवस्थामें आओगे, फिर युवास्थामें आओगे, फिर प्रौढावस्थामें आओगे फिर वृद्धावस्थामें आओगे. ये रूप बदलते रहते हैं पर स्वरूप तो वो ही रहेगा. जवानसे बूढ़े हो जाओ तो भी नहीं बदलता. अतएव चित्तकी भगवत्प्रवणता ये सेवाका स्वरूप है जोकि साधनावस्थामें भी हो सकता है, फलावस्थामें भी हो सकता है, अतएव एक बात समझो कि जब मन प्रवण हो गया भगवानमें, तो चित्त तो प्रवण है ही, पर चित्त प्रवण हो तब मन प्रवण न हो यह सम्भव है. क्योंकि चित्तमें मुझको अच्छा लगता है, आनन्द आता है पर करने बैठूं तो मन नहीं लगता.

मुझसे प्रश्नमें पूछनेमें आया था कि सेवा करते हैं क्रियावत् पर मन नहीं लगता. मन नहीं लगता तो करते कैसे हो? क्योंकि चित्तको समझ आती है कि सेवा करनी चाहिये. बुद्धि हमको समझाती है कि सेवा करने जैसी है. पर जब करने बैठते हैं तो ये गिलिन्डर बंदर है न, ये तूफान कर देता है बादमें. अतएव महाप्रभुजी कहते हैं कि मन तत्प्रवण हो गया तो तो फल ही मिल गया. और चित्त भगवत्प्रवण हुआ तो उसका स्वरूप सिद्ध हो गया. अब भगवत्प्रवण चित्तसे सेवा करते करते मन कहीं भाग गया, तो भाग गया. या तो झगड़ा करो प्रभुके साथ, पर किसी भक्तने भगवानके साथ ऐसा झगड़ा किया कि **"मनसा निर्मितं पापं मयि माऽरोप्पयाच्युत! इन्द्रियाणां मनश्चास्मि त्वयैव कथितं पुरा"** सेवा करते–करते मेरा मन भटक जाये तो इसका अपराध हे प्रभु! मेरे ऊपर मत लगाओ क्योंकि आपने गीतामें कबूलकरके रखा है कि इन्द्रियोंमें तू मन है. इसलिये मैं नहीं भटका पर तू





भटका है. भाईसाहब इस श्लोकका दुरुपयोग मत करना. श्लोकका सदुपयोग करना. श्लोक है मजेदार. भक्त जब झगड़ा करता है तो मजेदार लगता है पर गिलिन्डर इसको उद्धृत करके दुरुपयोग करे तो ऐसा भी हो सकता है. इस अर्थमें मत लेना. **"मनसा निर्मितं पापं मयि माऽरोप्पयाच्युत."** भक्तका झगड़ा कैसा? देखो **'अच्युत'** कह रहा है. तू अच्युत है पर मन कैसे च्युत हो गया? अच्युत अर्थात् जो स्थिर है, दृढ़ है. और मनसे पाप कब होता है जब मन सन्मार्गमें अस्थिर हो जाता है, तो पाप होता है ना, तो **"मनसा निर्मितं पापं मयि माऽरोप्पयाच्युत! इन्द्रियाणां मनश्चास्मि"** भगवानने गीतामें कहा है **"त्वयैव कथितं पुराः"** आपनेही तो कहा है कि इन्द्रियोंमें मैं मन हूं. तो मनसे जो कुछ भी मुझसे पाप हुये उसमें मैं क्या कर सकता हूं? अतएव भगवानके साथ झगड़ पड़ता है. ये बुद्धिसे हम निर्णय करें कि मैं गिरा कि तू गिरा? अच्युत होते हुये भी तू कैसे गिर गया? इसका स्पष्टीकरण तू दे. फिर मैं स्पष्टीकरण करूंगा. ऐसे झगड़ पड़ा भगवानके साथ. अब भक्तिका मीठा झगड़ा हो तो बहुत अच्छी बात है. पर गिलिन्डरीकी बात तो बदमाशी है. ये फलावस्था है. मन प्रवण हो गया तो पर ये ही प्रवण नहीं होता बाकी तो सब प्रवण हो जाते हैं. तन प्रवण हो जाता है, चित्त प्रवण हो जाता है, बुद्धि प्रवण हो जाती है, मनकी बड़ी रुकावट है.

प्रश्नः कथाकी व्यसनावस्था और सेवाकी व्यसनावस्थामें अन्तर क्या?

उत्तरः कथाकी व्यसन दशा लीलात्मिका होगी, और सेवाकी व्यसन दशा सेवात्मिका होगी. अर्थात् एक क्षण भी लीलाके अनुसंधानमें टूटे तो उसे सांस रुक रही है ऐसा लगता है. और एक क्षण भी सेवाका अनुसंधान छूटे तो इसे सांस रुकता हुआ लगता है. व्यसन अर्थात्? चायके पीनेका समय हुआ और चाय न मिले तो माथा भारी हो जाये. जैसे महाप्रभुजी कहते थे कि बड़ी

बेर भई कछु भगवद्लीलाका प्रसंग छेड़ो. जब हमें *सफोकेशन* लगे लीलानुसंधानके बिना ये लीलाकी व्यसन दशा. और सेवाके बिना जब हमारा सांस रुकता हो तो सेवाकी व्यसन दशा. सेवा करते हुये जब व्यसन दशा सिद्ध हो वो सेवात्मिका होगी. कथा करते जब मानसी सिद्ध हो तो वो लीलात्मिका मानसी होगी सेवात्मिका नहीं होगी. और सेवा करते जो मानसी सिद्ध होगी वो सेवात्मिका मानसी होगी लीलात्मिका मानसी नहीं होगी. चौरासी दोसौबावन वैष्णवोंकी वार्ता पढ़ोगे तो दोनों प्रकारके भगवदीयोंका वर्णन मिलेगा. जिनको सेवाका व्यसन और मानसी थी. और जिनको लीलाका व्यसन और मानसी थी वैसे. एक यद्यपि प्रासंगिक नहीं है पर स्पष्ट करे बगैर अच्छा नहीं लगेगा कि दयाराम भाईके धौल, पद, गरबीयां, बहुत गायी जाती हैं उसका एक कारण यह कि अष्टछाप भगवदीयोंने जो पद गाये हैं यह ब्रजभक्तोंके ब्रजाधिपके साथके संबंधोंके पद हैं. ये तो हम गाते ही हैं अनुसंधानकेलिये क्योंकि महाप्रभुजीने कहा है **"कौण्डिन्यो गोपिका प्रोक्ता गुरवः साधनं च तत्"** ये तो करना ही चाहिये. इन भावोंका अनुभावन तो करना ही चाहिये पर कुछ अपने भाव भी हैं कि नहीं? ये दयाराम भाईने गाये हैं. तो दयाराम भाईके पदोंको गायें तो हमको ये लगे कि जो अष्टछापने गाये हैं ये तो उत्कृष्ट कक्षाकी बात है पर अपने हृदयकी जो बात हैं वो सब यही हैं जो दयाराम भाईने गाई हैं. इसलिये मुझे दयाराम भाई बहुत अच्छे लगते हैं.

ठाकुरजीके साथ हम क्या बोल सकते हैं. जो संवाद चलता है सेवामें वो अपना चलता नहीं है. ब्रजभक्तोंका चलता है. दयारामभाईके धौल पद गरबियोंका थोड़ा बहुत अवगाहन किया तो ये बात तो हम कह सकते हैं अपने ठाकुरजीको? इसलिये मुझे दयाराम भाई बहुत अच्छे लगते हैं, ऐसा किसी और ने नहीं किया.





प्रश्नः प्रसादका माहात्म्य पद्म पुराणमें कहा है कि प्रसाद तो कणिका मात्र होता है. उससे अधिक होने पर वो अन्न हो जाता है.

उत्तरः ये बात तुम्हारी ठीक है. मर्यादाभक्तिमें जो सार्वजनिक मंदिर होते हैं, वहां अधिक प्रसादकी अपेक्षा नहीं रखनी चाहिये, रखनी हो तो इतनी ही रखनी, पर जब हमारे यहां असमर्पित त्यागका विधान है, कि असमर्पित कुछ लेना ही नहीं तो एक तुलसी पत्र पर आ सके उतने प्रसादको लेकर आप जी सकते हो तो मैं आपके पैर पड़ता हूं पर मैं तो इतना प्रसाद लेकर नहीं जी सकता. जीवित कैसे रहूंगा? लेना ही पड़ता है ठीक तरहसे. भले ही *ब्लडकौलेस्ट्रल* बढ़ता हो तो बढ़े पर लेना तो पड़ेगा ही. अतएव नियम तो ठीक है मर्यादाभक्तिका. पर पुष्टिभक्तिमें जब असमर्पित वस्तुका त्याग हो तब तो फंस जायेंगे ना अगर ऐसा करेंगे तो! तो ये बात ठीक है पर यहां *ऐप्लीकेबल* नहीं है. क्योंकि वहांके नियम कुछ अलग हैं. वहां ऐसा *कम्पलसरी* नियम नहीं है कि प्रसाद ही लेकर तुम्हें रहना चाहिये. अनप्रसादी भी ले सकते हो. वहां मंदिरमें जाओ तो कितना प्रसाद लेना? कि जितना तुलसीपत्र ऊपर आ सके उतना. उससे अधिक प्रसाद नहीं रह जाता पर अन्न हो जाता है. ये तुम्हारी जिव्हारसके ऊपर काबू करनेकेलिये कही गई बात है. ये सौ प्रतिशत ठीक है. पर वहांके नियम अलग हैं और अपने यहांके नियम अलग हैं.

एकादशीके नियमको श्रीमहाप्रभुजीने किस प्रकार अपने यहां लिया है उसे अच्छी तरह समझ लेना चाहिये. ये पुष्टिभक्तिका नियम नहीं है. शास्त्रका नियम है. जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यको संध्या करनी चाहिये. अथवा ऐसे ऐसे जो नियम हैं, वो सब वैष्णव शास्त्रोंके नियम हैं तन्त्रके. और हकीकत ये है कि जो व्यक्ति एकादशी नहीं करता उसे सब प्रकारकी गाली देनेमें आती हैं. एक प्रकारकी नहीं. और शास्त्र इसका ऐसा स्पष्टीकरण देता है कि आप एक बारसे ज्यादा पानी पीयो, तो तुम्हारी

एकादशी भंग हो गई. **"असकृत् जलपानेन नश्यति एकादशी व्रतम्"**. अतएव ग्यारह रसकी बात तो जाने दो एक समयसे अधिक पानी और वो पानी भी भगवद्चरणामृतके विचारसे लेना चाहिये. इससे अधिक लेने पर **"नश्यति एकादशी व्रतम्"**. सिद्धान्तकथा ये स्पष्ट है. शास्त्रने छूट दी कि अगर आप रह नहीं सकते तो कमसे कम सखड़ी चावल तो मत लो. अतएव सखड़ी तो नहीं लेनेकी. अगर नहीं चलता हो तो आप फलाहार लो. नहीं चलता हो तो अनसखड़ी लो. अब इसमें किस जगह टिकना आपको ये तो आप विचार लो. बाकी भली प्रकारसे एकादशीका स्वरूप समझना हो तो वो ये जो मैंने आपको बताया. हो सकता है कोई करता हो सौभाग्यसे, बाकी ठीक नियम यह है कि दशमीके रातको छोड़ देना, एकादशीके सारे दिन लंघन करना, और जब एकादशी पूरी हो जाये और द्वादशी लगे उस वक्त फिरसे व्रत पूर्ण करना, फिर द्वादशीको सारे दिन लंघन करना, और उसके बाद त्रयोदशीसे तुम्हारी कथा नौरमल होती है.

**नवलक्षणा श्रवणादिनिवेदनान्ता भक्तिः भगवति अर्पिता क्रियते चेत् तद् अधीतम् उत्तमम् मन्ये इति अन्वयः.**

नवलक्षणवाली श्रवणादि श्रवण आदिमें शुरुआतमें जिसके, और निवेदन है अन्तमें जिसके. **श्रवणम् कीर्तनम् स्मरणम् पादसेवनम् अर्चनम् वंदनम् दास्यम् सख्यम् आत्मनिवेदनम्, भक्ति.** भगवानकेलिये जो आप अर्पित करो, तो आपने शास्त्रको ठीक प्रकारसे पढ़ा नहीं तो शास्त्रको ठीक प्रकारसे आपने नहीं पढ़ा. शब्दोंका विन्यास इस प्रकारसे करना चाहिये.

**तथा च 'अर्पिता क्रियते' इति उक्त्या भक्तेः अर्पितकरणं विवक्षितम्. 'अर्पिता क्रियते'** ये जो वचन भागवतके श्लोकमें आया, इसका अर्थ ये है कि आपको भक्ति अर्पित करनी चाहिये प्रभुको. **भक्तेः अर्पितकरणं** भक्ति आपको अर्पित करनी चाहिये. **नतु अर्पितायाः कृतिविषयत्वम्.** अर्पित भक्तिका कुछ करो ऐसा





कहना नहीं चाह रहे हैं. पर अर्पित करो ऐसा कहना चाह रहे हैं. **अर्पिता क्रियते** अर्थात् अर्पित करो. तो भक्तिको अर्पित करो ऐसे नहीं, पर भक्तिसे अर्पित करो. भक्तिसे अर्पित करो अथवा अर्पित भक्तिको करो? दोनोंके अर्थमें क्या अन्तर है समझमें आया?

देखो. प्रयोगका स्वरूप समझो. हम बोलचालकी भाषामें ऐसे शब्द प्रयोगमें लाते हैं घड़ेको देखो. अथवा पुस्तकको देखो. देखनेकी क्रियाके पहले पुस्तक हो तो हम उसे देख सकते हैं न? जब हम कह रहे हैं कि गिरनार ऊपर चढ़ो, तो हम चढ़ाई शुरु करें तो गिरनार तो होना चाहिये न? जहां–जहां कोई सकर्मक क्रिया होती है, उस सकर्मक क्रियाका कर्म क्रियाके पहले विद्यमान होना चाहिये. पर बोलचालमें बहुत बार ऐसा हो जाता है कि 'घड़ा बनाओ' अथवा 'खीर बनाओ'. तो खीर बनाओका मतलब क्या? बनानेसे खीर बनेगी या खीरको बनाना है? बनानेसे खीर बनेगी, न कि खीरको बनाना है. घड़ा बनाओ, बनानेसे घड़ा होगा. घड़ेको नहीं बनानेका है. इसे भावी वृत्ति कहते हैं. अर्थात् जो होनेवाला है उसके होनेको मानकर हम शब्दका प्रयोग कर रहे हैं. **"घटं कुरु" "शाटकं वयः"** पाटनका पटोला बुनो. बुननेसे पाटनका पटोला होगा कि पाटनका पटोला बुनना है? हम कहते हैं कि "स्वेटर बुनो". अब स्वेटरको किस प्रकार बुनना? बुननेसे स्वेटर होगा. अब प्रभेद समझमें आया. भाविनी वृत्तिका? अतएव **अर्पिता कुरु.** ये भाविनी वृत्ति है. जैसे "खीर बनाओ". अर्थात् बनानेसे खीर बनेगी. खीरको नहीं बनाना. "मकान बनाओ". बनानेसे मकान बनेगा. मकानको नहीं बनाना. और हम ऐसे कहते हैं कि "दीवारको हरे रंगकी बनाओ". अब इसमें बात बदल गई. क्योंकि दीवार पहलेसे ही सिद्ध है. और उसे हरा बनाना है. अथवा दीवारका मकान बनाओ. बात बदल गई. दीवार है और उसमें दो तीन दीवारें जोड़कर मकान बनाओ. तो यहां भाविनी वृत्ति नहीं है. पर जब हम कहते हैं कि घड़ा बनाओ तो यहां भाविनी वृत्ति है. साड़ी बनाओ स्वेटर बुनो, खीर

बनाओ, ये सब भाविनी वृत्ति कहलाती हैं. ऐसे ही **अर्पिता कुरु** ये भाविनी वृत्ति है. अब समझे! अर्थात् अर्पित जो भक्ति है उसका कुछ करो ऐसे नहीं, पर अर्पण करो. ये अर्थ है. अब तो स्फुट हुआ ना? **तथा च अर्पिता क्रियते इत्युक्तत्वा भक्तेः अर्पितकरणं विवक्षितम् नतु अर्पितायाः कृति विषय इति वक्तव्यम्.** अर्पिता भक्तिको कृतिविषय नहीं बनाना है. हमारे यहां ऐसा बहुत बार होता है कि सामग्री पधरा लेते हैं और फिर हाथ लगा देते हैं कि आरोगो प्रभु. तो **अर्पिताया कृतिविषयत्वं** है. और पधराना वो **अर्पितकरणं** है. इन दो बातोंको ख्यालमें रखोगे तो बात साफ हो जानी चाहियें. घरमें बहुत सारे मेम्बर हों तो किसीने सामग्री पधरा दी और हमको भी यह भाव हो कि हम सामग्री भोग धरें, तब कैसे करना? इसके कारण हमारे यहां एक पद्धति चालू हुई कि हाथ लगालो सामग्रीको और विनती करलो कि हमारे भावसे भी आरोगना प्रभु. तो वो **अर्पिताया कृतिविषयत्वं** है लेकिन **अर्पितकरणं** नहीं है. अर्पिततो जो पहले चान्स ले गया उसने अर्पित कर दी. और अर्पिताको कृति विषय बना रहे हैं. ये दो भेद ध्यानमें रखोगे तो ख्यालमें आयेगा.

इसका उदाहरण देते हैं **"चकार तर्ह्येव हताश्वकुञ्जरम्"** (भाग.पुरा.१०/५६/१६) **इत्यादौ भूतार्थक'क्त'प्रत्ययार्थ-विवक्षया सैन्यगताश्व-कुञ्जर-विषयक-हननस्य कृतिविषयत्वं नतु हतानाम् तथा इहापि.** अब जिस प्रकार भाविनी वृत्ति होती है वैसे ही भूतवृत्ति भी होती है. जिस प्रकार भाविनी वृत्तिका हम प्रयोग करते हैं, घड़ा बनाओ, स्वेटर बुनो, उसी प्रकार यह भूतार्थ वृत्ति भी होती है. भूतार्थ वृत्ति कैसे? आप अगर अंग्रेजी पढ़े हुये हो तो आपको बराबर समझ आ जायेगा कि पास्टपार्टिसिपल जो होता है, इसका प्रेजेन्टमें प्रयोग होता है कि नहीं? "आई हैव गौन". और हम ऐसा कहते हैं कि नहीं "मैं गया हुआ हूं". "मेरा देखा हुआ है". अब देखा हुआ भूतकाल और है वो वर्तमान हो गया. ये जो प्रयोग है उसी प्रकारका यह प्रयोग हैः **"अर्पिताया**





**कृतिविषयत्वं"** नहीं परन्तु **"अर्पितकरणत्वं"**. समझमें आई बात? एक समय भूतकालमें और भूतकालमेंसे लेकर उसे वर्तमानमें ले आओ. अर्थात् "अर्पित कर रहा हूं". अब अर्पित भूतकाल हो गया, **"अर्पण कर रहा हूं"** और **"अर्पित कर रहा हूं"**. ये परफैक्ट प्रेजेन्ट हो गया अंग्रेजीके हिसाबसे. इस प्रकार कुल मिलाकर अंग्रेजीमें नौ कालका वर्णन है. परन्तु हमारे यहां ऐसे प्रभेद नहीं हैं. बोलते हैं परन्तु अपनी व्याकरणके अनुसार कालका विभाजन इस प्रकार नहीं करते. इम्परफैक्ट, परफैक्ट और कन्टिन्युअस. ऐसे अंग्रेजी व्याकरणने कालके तीन इस प्रकार भेद करे हैं. ये तीनों फिर भूत, वर्तमान और भविष्य इस प्रकार नौ काल होते हैं अंग्रेजीमें. उन्हींका अनुवाद हम लोग हिन्दी गुजरातीमें करते होते हैं. किस प्रकार होता है पता नहीं पर कुछ तो होगा ही. उसकी यहां चर्चा चल रही है. इससे सेवाकौमुदीमें बहुत लाभ नहीं होगा इसलिये आगे बढ़ते हैं.

**अर्पणञ्च इह स्थापनम्. 'अर्पण'**का मतलब यहां स्थापन होता है. अर्थात् **भगवति अर्पिता क्रियते** मतलब भगवानमें इस भक्तिको स्थापित करो. **"यन्मेऽर्पितः शिरशि पद्मकरप्रसादः"** आपने जो हमारे सिर पर कर प्रसाद अर्पित किया, अर्पित किया मतलब स्थापित किया. **इत्यादौ तथा सिद्धेः. एवं सति नव विधाया अपि भक्तेः भगवति अर्पणं, स्थापनं, नतु फलान्तरे विनियोगः कार्यः, इति भावः.** अब मुद्देकी बात आई है यहां. इस नव विधि भक्तिका भगवानकेलिये स्थापन करना चाहिये, दूसरे किसी प्रयोजनसे नवधा भक्ति करनी ही नहीं चाहिये. अर्थात् **श्रवणम् कीर्तनम् स्मरणम् पादसेवनम् अर्चनम् वंदनम् दास्यम् सख्यम् आत्मनिवेदनम्,** नव विधि भक्ति प्रभुकेलिये करनी चाहिये, किसी दूसरे हेतुसे नहीं.

इसका बहुत सुन्दर विवेचन श्रीगुसांईजीने किया है. श्रीगुसांईजी कहते हैं नव विधि भक्तिको पूजाके अन्तर्गत करो तो पूजा हो जाती है. इसे अगर आजीविकाके रूपमें करो तो ये

आजीविकारूप बन जाती है यह भक्ति रह ही नहीं जाती. ऐसा स्पष्ट विवेचन गुसांईजीने किया है **भक्तिहंस**में. इसे पहले सुन लो तो सिद्धान्त क्या है वो समझमें आयेगा.

श्रीगुसांईजी शंका करते हैं **ननु नवविधभक्तौ अर्चनास्यापि उक्तावत् कथं पूजायाः न तथात्वं इति चेत्?** नव विधिकी जो बात आपने कही तो उसमें अर्चन पूजा तो कहा ही है तो फिर आप ऐसा भेद क्यों करते हो कि हमारे यहां तो पूजा नहीं है सेवा है? नवविधिमें तो अर्चन कहा ही गया है. उसका जबाब गुसांईजी देते हैं कि **अत्र वदामः. श्रवणादि नवकमपि अधिकारिभेदेन क्रियमाणं सत् कर्मज्ञानोपासनाभक्तिमार्गीयत्वेन अनेकविधं भवति.** यह श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन अधिकारी भेदसे अलग–अलग हो जाते हैं. भले एकही बात हो, पर ज्ञानी जब श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन करता है तो इसे भक्ति नहीं कहते पर ज्ञान कहते हैं. कर्ममार्गीय जब करता है तो इसे भक्ति नहीं कहते पर कर्म कहते हैं. उपासनामार्गीय जब इसे करता है तो इसे भक्ति नहीं कहते पर उपासना कहते हैं. **कर्मज्ञानोपासना भक्तिमार्गीयत्वेन अनेक विधं भवति तथा च तथाहि श्रीभागवत सहस्त्रनामादि श्रवण कीर्तनयोः फलत्वेनहि चत्वारोऽप्यर्था उच्यन्ते.** भागवत, सहस्त्रनामका जो श्रवण कीर्तन है, इसे भागवतका माहात्म्य उठाकर देख लो कि अगर आप ब्राह्मण हो आपको यह मिलेगा, क्षत्रिय हो तो आपको यह मिलेगा, वैश्य हो तो धन्धा चलेगा, शूद्र हो तो यह मिलेगा. सारेही फल गिना दिये हैं. धर्म अर्थ काम मोक्ष सारे फल बताये हैं. भागवतके पाठसे भी और विष्णुसहस्त्रनामके श्रवण कीर्तनसे भी. वहां यह बात समझनेकी रही **त्रिवर्ग कामेन क्रियमाणः श्रवणादिः कर्ममार्गीय एव.** धर्म अर्थ या कामना ही की पूर्तिकेलिये श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन करें कि जिससे हमारा धर्म सिद्ध हो, अथवा जिससे मुझे पैसा





मिले, अथवा जिससे मेरी कोई कामना पूरी हो जाये, छोकरी नहीं मिलती हो तो छोकरी मिल जाये, छोकरा नहीं होता हो तो छोकरा हो जाये, धन्धा नहीं चलता हो तो धन्धा चल जाये, परीक्षामें बैठे हो तो परीक्षामें पास हो जायें, चुनावमें लड़ते हों तो चुनावमें जीत जाये, इनकेलिये जब श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन हम करते हैं तो श्रीगुसांईजी कहते हैं इसे भक्ति मत समझना पर इसे कर्ममार्ग समझना. पर फिरसे एक स्पष्टीकरण समझो. **तत्रापि अर्थाद्यर्थिभिः विहितत्वेन कृतश्चेत् तदा स तथाः.** आपने इस श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदनको करनेकी शास्त्रमें जो विधि वर्णन करनेमें आई है, उस विधिके अनुसार अगर आप करते हो, तो तो यह कर्म कहलायेगा. पर वृत्यर्थ अगर आप करते हो **वृत्त्यर्थचेत्** पैसा कमानेकेलिये अगर आप श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन करते हो अपने परिवारका गुजारा चलानेकेलिये तब **तदा कृषिवत् लौकिक एव.** तो खेतीकी तरह, आप लौकिक खेतीकी तरह ही कर रहे हो पर नवधा भक्ति नहीं कर रहे हो. गुसांईजी कह रहे हैं देखलो. किसीको संदेह हो तो देख सकता है यहां. इसमें एक भी अक्षर मेरा नहीं है. इसके बाद एक उदाहरण दिया है श्रीगुसांईजीने. **शौचार्थी गंगास्पर्शवत् च.** संडासमें गंगाजल प्रयोग करने जैसी कथा है. ये श्रीगुसांईजी कह रहे हैं. आपने तुम्हारी रोजी कमानेकेलिये श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदनका प्रयोग किया तो आप गंगाजलमेंसे एक लोटा जलका लेके शौचकेलिये गये. ये कथा है सिद्धान्तकी तो. और जो हम कर रहे हैं उस कथाको देखो. कैसी कथा है? **न हि तस्य मल निवृत्त्यतिरिक्तो धर्म उत्पद्यते.** गंगाजलका इस प्रकारसे प्रयोग करो तो जो मल लगा हुआ है वो ही साफ होता है, उसके सिवाय कुछ दूसरा फल नहीं मिलता. मल धोनेकेलिये आपने गंगाजलका प्रयोग किया

और कहो कि हमने महान पुण्य किया. अरे पुण्य कुछ नहीं हुआ. मल लगा हुआ था सो वो दूर हो गया. इसके सिवाय और कुछ फल मिला ही नहीं आपको. **प्रत्युत निषद्धाऽचरणात् पापमपि.** अरे शर्म नहीं आई नालायक तुझको कि गंगाके जलका वहां प्रयोग किया. ऐसा कह रहे हैं कि आपको पाप और लग गया. इससे एक मल तो दूर हुआ पर दूसरा मल आपके शरीर पर ही नहीं पर तुम्हारी आत्मापर पुत गया. वहांसे मल निकाला और सारी आत्मा पर मल पोत लिया. छोटे–छोटे बच्चे करते हैं न ऐसे? पर बालकोंको यह पता नहीं चलता पर जिज्ञासा होती है कि यह क्या निकला? उसे वो अपने बदनमें लपेट लेता है. हमारे बालक भी ऐसी ही कुछ क्रिया कर रहे हैं. एक ठिकानेसे मल निकालते हैं और दूसरे ठिकाने पर लपेट लेते हैं. ऐसी आज्ञा श्रीगुसांईजी कर रहे हैं.

तो एक बात समझो फिरसे, श्रवण स्मरण कीर्तन पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य आत्मनिवेदन, ये जो कह रहे हैं इससे यह भक्ति ही है ऐसा मान लेनेका कोई कारण नहीं है श्रीगुसांईजीके अनुसार. श्रीगुसांईजीका यह विधान स्पष्ट बता रहा है कि आप अगर कर्मके अन्तर्गत करोगे तो यह कर्म है. ज्ञानके अन्तर्गत करोगे तो यह ज्ञान है. उपासनाके अन्तर्गत करोगे तो यह उपासना है. और आजीविकाके रूपमें करते हो तो यह आजीविका है. ये भक्ति है ही नहीं. खोटी भ्रमणामें मत रहो. ये स्पष्टीकरण श्रीगुसांईजीने दिया है.

**"न हि कल्याणकृत् कश्चित् दुर्गतिम् तात् गच्छति".** भगवान तो शिशुपालको भी मुक्ति दे देते हैं. उस कारण हमें भगवानको गाली नहीं देनी है. भगवान तो सबका उद्धार करेंगे ही. अहमदाबादवाले श्रीरणछोड़लालजीके वचनामृतमें मैंने पढ़ा था. उनसे वैष्णवोंने वीनती करी कि जै जो प्राचीन वैष्णव थे वोतो कदाचित धूलमें पड़े हुये थे. पर हम सबतो विष्ठामें पड़े हुये हैं तो हमारा उद्धार करनेमें आपका हाथ तो बिगड़ेगा ही. निकालने





भी जाओगे तो आपका हाथ बिगड़ेगा ही. हम चरण स्पर्श भी करें तो हाथ बिगड़ जाये. ऐसी विपरीति स्थिति हो गई है. श्रीगुसांईजीके हिसाबसे.

मुख्य बातको समझो. कितना अन्तर आ गया है. कल्पना भी नहीं कर सकते. प्राचीन ग्रंथकार जो लिख रहे हैं और आज क्या चल रहा है? हे भगवान!! किस प्रकारसे तारतम्य बैठाओगे? बुद्धि ही काम नहीं करती कभी तो.

इसकेलिये यहां लालूभट्टजी कह रहे हैं **एवं सति "नवविधायाअपि भक्तेः भगवति अर्पणं, स्थापनं, नतु फलान्तरे विनियोगः कार्यः, इति भावः.** नवविध भक्तिका भगवानकेलिये प्रयोग करना है. दूसरे किसी फलकेलिये भक्तिका प्रयोग नहीं करना है. क्योंकि किसी दूसरे फलकेलिये इसे प्रयोगमें लाये तो वो भक्ति ही नहीं रह जायेगी. ये जिसकेलिये प्रयोगमें लाये, तद्रूप हो जायेगी. अतएव अपने सुखोपभोगकेलिये इसका प्रयोग किया तो ये तुम्हारी कामना रूप रह गई, क्षुद्र कामना रूप. पैसा कमानेकेलिये प्रयोगमें लाये, तो ये आजीविका हो गई. धर्मकेलिये प्रयोगमें लाये तो ये कर्ममार्ग हो गया. और मोक्षकेलिये प्रयोगमें लाये तो ये मोक्षमार्ग हो गया पर ये भक्ति हुई ही नहीं. इसे तो प्रभुकेलिये प्रयोगमें लाओ. श्रवण कीर्तन स्मरणका एक ही लक्ष्य केवल तू.

एक बहुत अच्छा सूफी हुआ है उसने कहा है **यहां भी आहें भरा करेंगे, वहां भी नाले किया करेंगे. जिन्हें है तुझसे ही सिर्फ निसबत, वो तेरी जन्नतको क्या करेंगे?** यहां भी रो रहे हैं वहां जाके भी रोयगें ही. क्योंकि हमें स्वर्ग नहीं चाहिये, पर हमें तू ही चाहिये. तू कहता है कि तू धर्म कर, तुझे स्वर्ग दे दूंगा. तो जिस प्रकार यहां रो रहे हैं वैसे ही वहां रोयगें. यहां भी आहें भरा करेंगे वहां भी नाले किया करेंगे. जिन्हें है तुझसे ही सिर्फ निसबत, वो तेरी जन्नतको क्या करेंगे? तो हमें कुछ दूसरा चाहिये ही नहीं. हमें तो नवविध भक्तिसे केवल भगवानको

रिझाना है. दूसरा कुछ लफड़ा इसमें होना ही नहीं चाहिये. कुछ दूसरा लफड़ा इसमें आया तो यह भक्ति ही नहीं रही. भक्ति निकल गई. और कुछ दूसरी वस्तु इसमें भर जाती है.

**इह वाक्ये 'पुंसा' इति सामान्यनिर्देषात् सर्वाधिकारकत्वं भक्तेः.** भक्तिका अधिकार सबको है. आज हम ये समझते हैं कि महाराजका है वैष्णवोंका नहीं. कुऐका पानी पीनेवालोंका है. ऐसा कहीं भी नहीं कहा गया. **भक्तेः सर्वाधिकारत्वं** भक्तिके अधिकारी सब ही हैं. **पुंसा इति सामान्यनिर्देशात्.** क्यों? इसमें **पुंसा** पुरुषे ऐसा कहा. ऐसा नहीं कहा कि ब्राह्मण, ऐसा नहीं कहा कि क्षत्रिय, वैश्य पर **पुंसा**, जो पुरुष है, इसमें एक बात समझो कि इसमें पुरुष कहा तो इसमें स्त्रीका अधिकार नहीं है, ऐसा मत समझना. भाषामें ऐसे शब्दोंका प्रयोग हो जाता है जैसे कीड़ेके बारेमें अपनेको उल्लेख करना हो तो कीड़ा कहते हैं पर कीड़ी नहीं कहते. बाघ कहते हैं तो बाघके साथ साथ बाघिन भी आ जाती है. गाय कहते हैं तो गायके साथ साथ बैल भी आ ही जाता है. ऐसे ही पुरुष कहनेसे पुरुष भी आते हैं और स्त्री भी आ जाती हैं. तो इस प्रकार इसे समझना चाहिये. पुरुष अर्थात् पुरुष या स्त्री कोई भी. **सर्वाधिकारकत्वं भक्तेः. अत्रैव नारदोऽपि** नारदजीने भी यही बात कही है. **'श्रवणं कीर्तनम् चाऽस्य'** अर्थात् भगवानका श्रवण कीर्तन **च** अर्थात् और. च के मुख्य अर्थ कितने होते हैं. **और[1] भी[2] वगैरह[3] ही[4]**. चार अर्थ तो मुख्य हैं बाकी तो बहुत सारे अर्थ होते हैं. ग्यारह या बारह अर्थ होते हैं **च** के. संस्कृतमें च बीचमें नहीं लिखा जाता पर बादमें लिखा जाता है. "रामः लक्ष्मणश्च". ये जो च है इसका पहला अर्थ और. दूसरा अर्थ भी. अर्थात् राम और लक्ष्मण भी. तीसरा अर्थ वगैरह. "रामः लक्ष्मणश्च" अर्थात् राम लक्ष्मण वगैरह. और चौथा अर्थ "राम लक्ष्मणश्च" अर्थात् राम और लक्ष्मण ही. ऐसे चार अर्थ तो इसके मुख्य होते हैं. बाकी और भी होते हैं. यहां **'श्रवणं कीर्तनम् चास्य स्मरणं महतां गतेः सेव्येज्या'** इज्या अर्थात् पूजा, अर्चन,





**अवनतिर्दास्यं अवनतिर्** अर्थात् **वंदन, दास्यं सख्यं और आत्मनिवेदनं, नृणामयं परो धर्मः सर्वेषाम् समुदाहृतः** (भाग.पुरा. ७।११।११–१२). मनुष्यमात्रका यह परम धर्म है और सबका ही धर्म है, **सर्वेषाम् समुदाहृतः** सबकेलिये कहनेमें आया है, **इति अवदत्.** ऐसा नारदजीने कहा है. **अतोऽपि सर्वेषाम् भक्तौ अधिकारः.** इस कारण भक्ति करनेकेलिये सबही अधिकारी हैं. भक्तिपर किसीकी मोनोपोली हो नहीं सकती कि यह ही कर सकता है. पुरुष मात्र भक्ति कर सकता है. ऐसा कह रहे हैं. समझमें आया न कि भक्तिपर किसीका हक नहीं है. शास्त्रानुसार भी भक्तिके सर्व अधिकारी हैं. अभी यहां पुष्टिमार्गकी बात नहीं आ रही, यह जो शास्त्रने कहा है उसे महाप्रभुजीने पुष्टिमार्गमें ले लिया है.

**तत्र भगवदीय वक्तृ मुखाद् भगवज्-जन्म नाम स्तोत्रादीनां श्रद्धया आकर्णनं श्रवणं,** किसी भगवदीय वक्ताके मुखसे अर्थात् भगवद्नाम भगवद्कथाका जो व्यापार करता हो वो भगवदीय नहीं है. भगवदीय हो ऐसे किसी वक्ताके मुखसे भगवानके जन्म नाम, स्तोत्र वगैरहका श्रद्धासे **आकर्णनं** श्रद्धापूर्वक सुनना. उसका नाम **"श्रवण"**. उसके बाद प्रमाण देते हैं. **'शृण्वन सुभद्राणि रथांगपाणेः जन्मानि कर्माणि च यानि लोके'** (भाग.पुरा. ११।२।३६). **सुभद्राणि रथांगपाणेः** रथांगपाणि जो भगवान, इनके **सुभद्राणि जन्मानि कर्माणि, सुभद्र** अर्थात् कल्याणकारी जन्मके चरित्र, इनके कर्मके चरित्र, इनके कर्मके प्रसंग इनके जन्मके प्रसंगको सुनना. **"जन्मकर्मणां श्रवणविषयत्वोक्तेः"**. इस वचनमें भगवानका जन्म किस प्रकार हुआ वह हमें सुनना चाहिये, जन्मनेके बाद प्रभुने क्या क्या कार्य किये. उनके बारेमें हमें सुनना चाहिये. गाना चाहिये विचारना चाहिये. ये अपनी भक्तिका अनुभाव है प्रभुके प्रति. **जन्मकर्मणां श्रवणविषयत्वोक्ते उपलक्षण विधया** इसमें जन्म और कर्म कहा है पर उपलक्षण विधिसे. उपलक्षण समझ लो क्या होता है? अपनी छत पर बड़ी पापड़

सुखानेकेलिये धरते हैं. फिर समझो कि हमारी मां हमें कह जाये कि मैं जरा नीचे कामसे जा रही हूं, तो कोई कौआ इसके ऊपर चौंच न मारे इसका ध्यान रखना. तो कौआ आये तो उसे हम उड़ा दें. पर चिड़िया आये तो उसे बिगाड़ करने दें क्या? बिल्ली आये तो उसे खाने दें क्या? और मां आये और कहे कि अरे ये क्या किया? तो हम कहें कि आपने तो कौएकेलिये ही कहा था. बाकी किसीकेलिये तो नहीं कहा था. तो वहां जहां हम कौआ कह रहे हैं, ये उपलक्षण है. कौएका अर्थ कौआ नहीं लेकर जो कोई इसे बिगाड़ सकता हो उसका यह उदाहरण है. **उपलक्षण** अर्थात् सैम्पल. जैसे आपके पास किसीने मालका और्डर बुक कराया. और पूछा कि आपके यहां कैसा माल मैन्युफैक्चर होता है? तो आप उसे एक सैम्पल दे दो. सैम्पलको देखकर खरीदनेवाला समझ जायेगा कि बादमें जो माल उसके यहां आयेगा वो इस तरहका होगा. यह बादमें आनेवाले मालका उपलक्षण है.

तो **उपलक्षणविधया नामादीनाञ्च संग्रहाद्.** उपलक्षण विधिसे क्योंकि यहां रथांगपाणिका जन्म और कर्म कहा, अर्थात् जन्म और कर्म ही सुनने और अगर नाम बोले तो कान बन्द कर लेने ऐसा अर्थ नहीं है. उपलक्षण विधिसे भगवानके जन्मकी कथा सुनो. भगवानके चरित्रकी कथा सुनो. भगवन्नामको भी सुनो. ये उपलक्षण विधिसे आता है. आप लोग समझ गये उपलक्षणका अर्थ?

प्रश्नः अच्छा तू बता उपलक्षण अर्थात् क्या?

उत्तरः किसी वस्तुका नाम लेने पर उसका उदाहरण समझकर दूसरी वस्तु पर भी ध्यान रखना.

उपलक्षण इसका नाम कि सारी वस्तुओंकी गिनती नहीं करनी पर जिस जिस वस्तुकी गिनती करनी है उसमेंकी किसी एक वस्तुका नाम बता देना और वैसी जितनी वस्तु, कहनेकेलिये एक वस्तु पर समझनेकेलिये सारी. उसका नाम उपलक्षण.





**उपलक्षणविधया नामादीनाञ्च संग्रहाद् वाक्यान्तरेषु उक्तत्वात् च.** यद्यपि यहां नामका उल्लेख करनेमें नहीं आया, लेकिन दूसरी जगह नामका भी उल्लेख करनेमें आया है. अतएव यहां भी नामका संग्रह कर लेना चाहिये. हकीकतमें तो एक बात समझो, कि केवल नामही नहीं, नाम, रूप, गुण, लीलापरिकर अर्थात् प्रभुकी लीलामें जिस जिसने भाग लिया हो. जैसे सुदामाजी. सुदामा चरित्र हम सुनें तो प्रभुकी जो एक लीला थी उसमें सुदामाजी थे कि नहीं? उदाहरणके तौरपर एक बात समझो ये चौरासी वैष्णव, दोसौं बावन वैष्णवोंकी वार्ताका जो अपन पाठ करते हैं, तो एक तरहसे महाप्रभुजीकी लीलापरिकरके जीव हैं ये, हम ऐसा दुराग्रह क्यों रखें कि महाप्रभुजीकी घरू वार्तायें और निजवार्ता का पाठ करेंगे. चौरासीवार्ताका बांचन नहीं करेंगे. ऐसा नहीं, इनके लीलापरिकरकी वार्ता भी हमको पढ़नी चाहियें.

हमारे दादाजी एक बात खास भारपूर्वक कहते थे. भले ही निजवार्ता, घरूवार्ता मत पढ़ो पर चौरासी वैष्णव, दोसौ बावन वैष्णवोंकी वार्ता तो जरूर पढ़ो. क्योंकि इनको बांचने पर तुम्हें पता पड़ेगा कि इसमें भक्तकी, भगवानकी, भक्तिकी, भक्तिके उपदेशक ऐसे चारकी कथा आ जाती है. अतएव इस एकको पढ़नेपर चार कथा बांचनेमें आ जाती हैं. अतएव इसे तो जरूर पढ़ना ही चाहिये.

**भगवन्नाम-कर्म-स्तोत्रादीनां श्रद्धया कथनं कीर्तनम्.** स्तोत्र अर्थात् स्तुतिका **श्रद्धया कथनम्** श्रद्धाके साथ उच्चारण करना, इसका नाम **कीर्तन.** कीर्तनका मतलब गाना ही ऐसा नहीं है. गावो तो गावो नहीं गाना हो पर बोलना हो तो बोलो. **कीर्तन** अर्थात् **श्रद्धया कथनम्.** श्रद्धापूर्वक इसका उच्चारण करना. इसकेलिये प्रमाण देते हैं. **'गृणन्ति गुणनामानि कृष्णास्याऽनुस्मरन्ति च'** (भाग.पुरा. १।५।३६). **'गीतवेणुरनुगेडित**

**कीर्तिः'** (भाग.पुरा.१० ।३२ ।२२) **इत्यादि नामकीर्तनादीनां कीर्तनविषयत्वोक्तेः.**

इससे **गृणन्ति गुणनामानि** भगवानके गुण और नामोंको ग्रहण करते हैं. **कृष्णास्यानुस्मरन्ति च. कृष्णस्य गुणनामानि गृणन्ति अनुस्मरन्ति.** अर्थात् एक बार बोलते हैं और मन दूसरेमें जाये? इसमें एक खास रहस्य समझो. दो घण्टे चार घण्टे चले उतना बड़ा नामस्मरणका क्रम आप बनाओ, अगर तुम्हारी सामर्थ्य है इतनी तो इससे बढ़कर उत्तम वस्तुतो कोई हो ही नहीं सकती. पर तुम्हारी सामर्थ्य इतनी नहीं है और आप ऐसा नियम लो कि मैं सारे षोडश ग्रंथका, सारे पुरुषोत्तम सहस्रनामका, सारी गीताका, सबका पाठ करूंगा हर रोज. फिर क्या होगा कि संसारी काम तो मुंह फाड़के बैठा ही है. तो होता क्या है कि पाठ गुड़–गुड़ शुरु हो जाता है. फिर अर्थके अनुसंधानमें मन लगता ही नहीं. पहले नियमका पाठ पूरा करो. बड़ी पंचायत हो जाती है. अब ये नियम कैसे पूरा करना. अब इसको पूरा करनेमें जो उतवाली होती है तो उसमें प्रभुके सिवाय सारी दूसरी वस्तुयें याद आने लगती हैं. पर प्रभु याद नहीं आते. वैसे सोचो तो ये कोई गलत काम नहीं है. क्योंकि गामकी लप्पन–छप्पन करनेके बजाय चार घण्टे अपनी वाणीको प्रभुमें निरुद्ध रखना बहुत अभिनन्दनीय है. पर इसकी तुलनामें अधिक अभिनन्दनीय यह है कि इस वाणीका जब हम अनुसंधान कर रहे हैं, जिस समय उच्चारण कर रहे हैं, उस बखत इसके अर्थका अनुसंधान भी रहता हो, तो इन चार घण्टोंको अगर आप घटाकर दो घण्टे भी कर दोगे पर अर्थानुसंधानको अगर आप निभा सकते हो तो उन चार घण्टेके बजाय ये दो घण्टेका पाठ अच्छा है. एक बार फिरसे एक बात समझ लो जो कि सेवाकौमुदीका विषय नहीं है तो भी सामयिक प्रसंग है इसलिये कह रहा हूं.

पाठ बहुत प्रकारके होते हैं. नामका पाठ होता है, स्तुतिका पाठ होता है, और सिद्धान्तका पाठ होता है. अब नामके पाठमें





उचित तो ये है कि नामका अनुसंधानकरके पाठ करें जिससे कि तुम्हारी वाणी भी भगवद्‌मय हो, और बुद्धि और मनभी भगवद्‌मय हो. पर सोचो कितने नाम ऐसे होते हैं कि जिनके अर्थानुसंधान करनेकी इतनी जरूरत नहीं होती. क्योंकि एक बार अपन अर्थ समझ गये और उसका अर्थ अपने चित्तमें चढ़ गया, अब ये चित्तमें अर्थ चढ़ गया तो बार बार उसके अर्थानुसंधानकी जरूरत नहीं है. चित्तमें चढ़ा हुआ अर्थ कायम रहता है तो फिर वाणीसे इसका नामानुसंधान चलता है. उदाहरणके तौर पर सर्वोत्तम स्तोत्र, एकसौआठ नाम, अब इन एकसौआठ नामोंका अर्थ किसी भगवदीयके चित्तमें चढ़ जाये वो तो अलग बात है, पर मेरे जैसेके चित्तमें तो नहीं चढ़ते एक साथ. अतएव अपन सर्वोत्तम स्तोत्रका पाठ करने बैठें तो उस समय क्या होता है कि दो चार नामोंका अर्थानुसंधान अपनेको स्फुरित होता है. और दो चार नाम गुड़–गुड़ हो जाते हैं. उसके बाद फिर याद आता है कि पाठ गुड़–गुड़ हो गया. तो फिर अर्थानुसंधान कर लेना चाहिये. तो ये प्रक्रिया लाभदायक होती है. इसमें घबरानेका नहीं कि पाठ कैसे गुड–गुड़ हो गया? जब गुड़–गुड़ हो तब ऐसा समझना कि वाणीका सदुपयोग हो गया. और जब फिर मनमें नामका अर्थानुसंधान जागे, तब ऐसे समझना कि मन और वाणी दोनोंका सदुपयोग हो गया. और शान्तिसे बैठके अपनेको पाठ करना चाहिये. तो एक बात को फिरसे समझो कि काया वाणी और मन तीनोंका सदुपयोग हो गया. घरका काम करते करते पाठ करें तो कायाका विनियोग पाठमें नहीं हुआ. बात समझमें आ रही है न हमारी? घरका काम कर रहे हैं या कुछ और कर रहे हैं और पाठ भी चालू है. तो मनका विनियोग भी पहले घरके काममें हो गया. कायाका विनियोग भी घरके काममें हो गया. और वाणीका विनियोग पाठमें हुआ. यह अच्छा है दूसरे किसी लप्पन–छप्पन करनेके बजाय वाणीका विनियोग तो हुआ. यह अच्छी वस्तु है. पर इससे भी अच्छी वस्तु है कि पाठ करते वक्त वाणीका भी

विनियोग भगवानमें हो, मनका भी विनियोग भगवानमें हो. और पाठके प्रति आदर भाव व्यक्त हो वैसी मुद्रामें बैठके आप इसका पाठ करो, तो तुम्हारी कायाका विनियोग भी पाठमें होता है. अब सोचो कि सोफासैटके ऊपर बैठके "**प्राकृत धर्मानाश्रय**" तो कायाको विनियोग नहीं हो रहा, समझमें आई ना बात. इसमें कायाका विनियोग नहीं हो रहा क्योंकि काया तो सोफासैटमें मजा ले रही है. इसकेलिये अपने यहां प्राचीन मुद्रा ऐसे थी कि आसन पर बैठकर पाठ करो. वो क्यों? कायाका पाठमें विनियोग हो इसलिये. पर एक बात फिर समझ लो, कि प्राचीनकालमें, पाठ करते समय ठाकुरजीका चित्र सामने पधराया जाता था. इससे लाभ क्या होगा? चित्रजीके दर्शन करने, वंदन करना, वंदन करके दृष्टिसे खूब निहार लेना, इस रूपको मनमें पधरा लेना, और पाठ शुरु करना. अब ये दो तीन मिनट रूप रहेगा ज्यादा नहीं रहेगा रूप. जब निकल जाये मनमेंसे रूप तो फिरसे दर्शनकर लेना चित्रजीका रूप. फिरसे पधरा लेना, ऐसे जो निरन्तर आप अभ्यास करोगे, तो आपका मन कदाचित अर्थानुसंधानमें न हो पर स्वरूपासंधानमें तो रहा न? पाठके अनुसंधानमें न रहा तो कोई बात नहीं, उदाहरणके तौर पर सर्वोत्तम स्तोत्रका पाठ कर रहे हो, इसमें आचार्यचरणके स्वरूपका एक चित्र पधरा कर रखो. पाठ कर रहे हो "**प्राकृत धर्मानाश्रय**"का अर्थ आपको न स्फुरता हो, "**साकारब्रह्मवादैक स्थापको वेदपारगः**"का अर्थ आपको नहीं स्फुरण हो रहा तो कोई बात नहीं. पर महाप्रभुजीका चित्र सर्वोत्तम स्तोत्रका पाठ करते वक्त सामने हो तो उसके ऊपर दृष्टि करके दर्शन कर लो और इस स्वरूपको अपने मनमें थोड़ा पधराओ. और उसके बाद दो चार पाठ करनेके बाद फिर भूल जायेंगे कि हमारे मनमें क्या था? महाप्रभुजी फिर भाग गये. तो यह आंख मिचौनीका खेल खेलो महाप्रभुजीके साथ पाठ करते समय. वो छुप जायें तो फिर आप उन्हें ढूंढ निकालो. फिर छिप जायें तो फिर ढूंढ निकालो.





ऐसे आंखमिचौनीका खेल खेलते खेलते महाप्रभुजीका पाठ करोगे तो फिर स्वरूप आपके हृदयमें स्थिर होगा. ऐसे ही जो ठाकुरजीका पाठ है. उसमें ठाकुरजीका चित्र, गुसांईजीका पाठ है तो उसमें गुसांईजीका चित्र, यमुनाजीके पाठमें यमुनाजीका चित्र, अगर प्राचीन भगवदीयों या बालकोंको आप देखोगे तो उस प्रणालीमें ऐसा ही था कि पाठकी पुस्तकमें बहुतसे चित्र पधरा कर रखते थे. जिस जिसका पाठ करें उस उसका चित्रानुसंधान करें. क्योंकि जल्दबाजीमें अर्थानुसंधान नहीं होता हो तो न हो, पर स्वरूपानुसंधान तो होता है. स्वरूपानुसंधान आज हो रहा है तो कल अर्थानुसंधान भी हो जायेगा. ये अपनी पाठकी प्राचीन प्रणाली थी. श्रवण हमने जो करा है, कीर्तन जो हम कर रहे हैं, उस कीर्तनमें काया, वाणी, मन तीनोंका एक नहीं तो दूसरी तरीके से विनियोग हो जाता है.

**"गीतवेणुः अनुगेडितकीर्तिः" इत्यादिना नामकर्मादीनां कीर्तनविषयत्वोक्तेः.** वेणुगीतके प्रसंगमें भागवतमें ऐसा आता है कि भगवान जब गाय चराके वापिस ब्रजमें पधारते हैं, उस समय उनके सखा, वनमें प्रभुने क्या क्या लीला की? उसे गाते गाते आते हैं. जिसका हम गान करते हैं, वो स्नेहका अनुभाव है. एक बात समझो कि आप किसी पिकनिक पर जाओ. घरमें आनेके बाद पिकनिककी बात करनेमें कितना मजा आता है कि नहीं? मुम्बई गये, मुम्बई पहुंचनेके बाद क्या–क्या देखा, सुननेवालेको पता भी हो तो भी मजा आता है. ऐसा क्यों? क्योंकि इसका उत्साह आता है. इसी प्रकार भगवद्नामका जब अपनेको उत्साह आने लगे, तो बस ये सफल हो गया पाठ कीर्तन. और उत्साह नहीं आये ऐसे ही गुड़–गुड़ हो गया तो कोई बात नहीं गुड़–गुड़ भी चलेगी. एक मुद्देकी बात समझो, गुड़–गुड़ हो या कुछ और हो, अनुगेडित भी हो तो भी कोई बात नहीं. पर इसको गुनगुनाते रहो तो आपका हृदय उत्साहसे भर आयेगा.

**'भगवत्स्वरूप लीलापरिकरादीनाम् श्रद्धया चिन्तनं स्मरणं'** भगवानके स्वरूप, भगवानकी लीला, लीलामें जो परिकर है, परिकर अर्थात् महाप्रभुजीके चौरासी वैष्णव हैं वो महाप्रभुजीकी लीलाके परिकर हैं. अष्टसखा ये भगवानकी लीलाके परिकर हैं. यशोदाजी नन्दरायजी ये सब भगवानकी लीलाके परिकर हैं. इनका श्रद्धापूर्वक चिन्तन करना. उसका नाम स्मरण है.

**'स्मरन्तः स्मारयन्तश्च मिथोऽघौघहरं हरिं,** (भाग.पुरा. ११।३।३१) **'स्मरन्ति नन्दन्ति तवेहितं जनाः'** (भाग.पुर.१।८।३६) **इत्यादौ स्मरणविषयत्वेन रूपलीलादिनाम् उक्तेः.**

इसमें भगवत्स्वरूप लीला, परिकरादि उसे **स्मरन्तः** स्वयं स्मरण करे, दूसरोंको कराये, किसका? **अघौघहरम् हरिं.** अघौघको हरनेवाले जो हरि उनका स्मरण करो, उनका स्मारण कराओ, स्मरण करो और स्मरण करके खुश करो **नन्दन्ति तवे हितं जनाः.** इन सब वचनोंसे भगवानका रूप और भगवानकी लीलाका स्मरण और स्मारण करना चाहिये. इसी कारण हमारे यहां **''जयश्रीकृष्ण''** कहते हैं. क्यों? एक बात समझो कि वैष्णव वैष्णवको मिले तो नमस्कार कर सकते हैं. अपनेसे बड़ा हो बुजुर्ग हो तो हम नमस्कार करते हैं, तो हमने इनके बड़ेपनका आदर किया. बड़ा वैष्णव छोटे वैष्णवको मिले तो इसको आशीर्वाद दे सकता है. तो उसने उसके प्रति वात्सल्य जताया. हमउम्र मिले तो कुशलप्रश्न पूछते हैं "कैसे हो"? इसमें एक दूसरेने एक दूसरेके प्रति सख्य जताया. यह मनुष्यताके नाते बहुत अच्छी बातें हैं. पर वैष्णवताके अन्तर्गत इस मनुष्यतासे थोड़ा ऊपर उठकर एक दूसरेको कृष्णका स्मरण करना और कराना उस प्रकारकी भावना कि कृष्णकी तुम्हारी काया, मन, वाणीके ऊपर जय हो. और ये हमें कहे कि कृष्णकी तुम्हारी काया, मन, वाणीके ऊपर जय हो. इसलिये **''जय श्रीकृष्ण''**. ऐसे हम एक दूसरेको कहते हैं. ये स्मरण और स्मारणकी प्रक्रिया है. जब हम एक–दूसरेसे मिलें तो किसी दूसरेकी विस्तारसे चर्चा करें कि न करें पर





कमसे कम इतना तो कर ही सकते हैं कि **''जय श्रीकृष्ण''**. लीलाविशिष्ट कृष्णकी, श्रीविशिष्ट जो कृष्ण है, श्रीसहित जो कृष्ण है, उसकी आपके मन, काया, वाणी ऊपर जय हो. कृष्णकी हमारे मन वाणी कायाके ऊपर जय हो इससे अधिक हमारी जय और क्या हो सकती है? और कोई विजय तो सम्भव नहीं है. इसलिये हमारे यहां स्मरण–स्मारण करानेकी प्रक्रियाकेलिये **''जय श्रीकृष्ण''**की पद्धति है. ये बात ख्यालमें रखनी चाहिये.

**निरंतरं श्रद्धया परिचर्या पादसेवनम्.**

निरन्तर श्रद्धासे परिचर्या करनी उसका नाम पादसेवन. ये 'परिचर्या' बहुत सुन्दर शब्द है. चरण अर्थात् चलना. परिचरण अर्थात् किसीके चारों ओर फिरना. जिसका काम हमको करना हो उसके चारों ओर हमें फिरना ही पड़ता है. उससे परिचर्या शब्द बना है. जो मेरा खवास है उसे मेरे चारों ओर फिरना ही पड़ता है. ये लाओ, वो लाओ वगैरह. तो उसे मेरे चारो तरफ फिरना ही पड़ेगा. इस कारण यह 'परिचर्या' शब्द बना है. **'परिचरणम्'.** अर्थात् इसके आगे पीछे फिरता ही रहे. इसी प्रकार अपने ठाकुरजीके आगे पीछे हम फिरते रहें. पिछवाई लगानी है, खण्डपाट लगाना है, झारी भरनी है. ये **परितः चरणम्** परिचर्या है. ये श्रद्धासे करनी चाहिये. और यहां **'पादसेवन' शब्देन सर्वाः परिचर्याः.** 'पादसेवन' शब्दसे सारी परिचर्या यहां कहनेमें आ रही है. **नतु चरणसेवामात्रम्.** क्यों? **नारदोक्त नवविधभक्तौ 'सेवेज्या'** (भाग.पुरा. ७।११।११) **इत्यनेन सेवामात्रस्य ग्रहणात्.** नारदजीके वचन अपन देख चुके हैं इसमें 'पादसेवन' नहीं कहा है. पर 'सेवा' कहा है. अर्थात् 'सेवा' कहो कि 'पादसेवा' कहो. बड़ोंको कोई बात कहनी हो तो चरणको उद्देशित करके कहनेकी होती है. सीधे सीधे कहनेकी नहीं होती.

**माहात्म्यबुद्ध्या लोकविलक्षणोपचारकरणम् अर्चनम्.**

'अर्चन' अर्थात्? किसीमें माहात्म्य बुद्धि रखकर लोकविलक्षण उपचार कुछ करना. उसका नाम **अर्चन.**

**स्वदैन्याविष्कारपूर्वकं श्रद्धया नमनं वंदनम्.**

स्वयंके दैन्यका आविष्कार करके, श्रद्धासे उसके सामने झुकना, नमन है. प्राचीन पद्धति ऐसी थी कि हाथ जोड़ने और हाथ जोड़के माथा झुकाना. सारा शरीर नहीं झुके पर अपने शरीरमें अपना माथा जो है ये ऊंचेमें ऊंचा उत्तम अंग कहलाता है, तो उत्तमांगको तो कमसे कम झुकाना ही चाहिये, सम्पूर्ण अंगको न झुकायें तो उत्तमांगको कितना झुकाना? हाथ जोड़कर माथा नवाना. आजकल सीधे हाथ जोड़ते हैं माथा तो नवता ही नहीं है. बाकी सब होता है पर नमन नहीं होता. कोई कोई गिलिन्डर ऐसे होते हैं कि हाथ जोड़ते हैं तो ऐसा लगता है कि मारने आ रहे हैं. वंदनका अर्थ झुकना. किसके सामने हम पूरे झुकते हैं? कि जिसके सामने हमको दैन्य प्रकट करना हो. दैन्य अर्थात् तू मेरी तुलनामें श्रेष्ठ है, तेरी तुलनामें मैं कुछ भी नहीं हूं. इस दैन्यको प्रकट करनेका अनुभाव है वंदन. वंदनको प्रकट करनेकी कमसे कम पद्धति ये थी. आजकल तो हम खाली हाथ जोड़ते हैं नमन वंदन नहीं करते. अब तुम्हारी इच्छाकी बात है जैसे करो. मूल पद्धति ये थी बाकी जो छूट छाट लेनी हो. कितने लोग हंसते हंसते हाथ जोड़ते हैं. ये सब वंदनके नवीन प्रकार हैं. इस प्रकार वंदन नहीं होता.

**अनन्यगामित्वं दास्यम्.**

दास्य अर्थात् क्या? दूसरेकी चाकरी न करता हो. इसे छोड़कर कहीं दूसरी ओर, दूसरी जगह नहीं जाता हो इसका नाम दास्य.

इस प्रकार **श्रवणम् कीर्तनम् विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् अर्चनम् वंदनम् दास्यं सख्यं आत्मनिवेदनम्** को देखा.

oooooooooo





**पांचवे दिनका प्रवचन**

कल हमने श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन वंदन अर्चन और दास्य तक किया था. संस्कृतमें जो सप्तमी जिसे हम **'में'**, **'पर'**, बोलते हैं, इसके तीन मुख्य अर्थ होते हैं. होते तो बहुत हैं, पर यहां तीनका ही विचार करेंगे. **आधार**, अर्थात् **अधिकरण.** जैसे यह माईक आसनके ऊ**पर** रखा हुआ है. हम आसन **पर** बैठे हुये हैं. ऊपर बैठे हैं. यह सप्तमी है. इस हॉल**में** बैठे हुये हैं. ये सप्तमी. अब हम समझ सकते हैं कि **में** और **ऊपर** अंग्रेजीमें तो अलग–अलग शब्द हैं **इन** और **औन** और हिन्दीमें **में, ऊपर, पर** ये शब्द हैं. संस्कृतमें इसकेलिये एकही शब्द है जैसे **'रामे'** राममें, रामपर. एक तीसरा अर्थ है **वैषयिकी सप्तमी** जिसे कहते हैं. इसका सीधे–सीधे अनुवाद अगर करें तो दोष हो जायेगा पर संस्कृतमें ऐसा मुहावरा है. **"मोक्षे इच्छासि"**. मोक्षमें इच्छा है. हिन्दीमें अगर इसे कहें तो अच्छा नहीं लगेगा कुछ और ही लगेगा. **मोक्षे इच्छासि** अर्थात् मोक्षके बारेमें इच्छा है. तो ऐसे प्रयोग होते हैं अधिकरणके. एक बहुत प्रचलित सप्तमी होती है **सति सप्तमी.** सति सप्तमीका मतलब, जिसे हिन्दीमें **'पर'** भी कहते हैं, जैसे मेरे आनेपर भी आप चले गये. ऐसेमें भी सप्तमीका प्रयोग होता है. और भी बहुत सारे प्रयोग हैं सप्तमीके. पर अभी तो इतनेसे ही अपना काम चलेगा.

**भगवति अप्रेरितप्रियकरणम् सख्यम्.**

**सख्यम्** सख्य भक्तिका विवेचन करना है. सख्य भक्तिका वर्णन **अप्रेरितप्रियकरणम्.** दोस्त किसे कहते हैं? जो हम कहें वो करे, तो वो तो नौकर भी करता है. दोस्त ही करे ये जरूरी नहीं है. हम कहें कि हमारा यह काम है सो आप कर आओ. तो ये तो नौकरको भी आज्ञा देकर करा सकते हैं. रास्ते चलते किसी सज्जनको भी हम प्रार्थना करें कि ये थोड़ासा काम है, वो दोस्त न होते हुये भी मनुष्यताके नाते कर ही देगा. इसमें किसी दोस्तकी जरूरत नहीं है. लेकिन हम कुछ भी कहते न हों, और

वो हमारा काम करदे तो ये बिना दोस्तीके कौन करेगा? दोस्तीका भाव हृदयमें है, तो इसका अनुभाव किस प्रकार समझना? कोई अपना कार्य जिसे हम किसीको भी कहें नहीं, अपनी इच्छासे करे **"अप्रेरित प्रियकरण"** ये दोस्तीके भावका अनुभाव है. ऐसा जो करे उसके बारेमें हमें ऐसा प्रतीत होता है कि ये हमारा दोस्त है.

जिसके होनेसे भावका अनुभव हो, उसका नाम अनुभाव. भावका अनुभव जिसके द्वारा होता है उसे अनुभाव कहते हैं. अनुभव और अनुभावमें थोड़ासा अन्तर है. जैसे लाना और लिवाना. पढ़ना और पढ़वाना. खाना और खवाना. ऐसे ही अनुभव और अनुभाव. अनुभव जो हमें हो रहा है वो, अनुभाव अर्थात् जिससे अनुभव होता हो. बात स्पष्ट हुई न. अपनी वार्ताओंमें जो बार बार आता है कि सानुभाव जतावन लागे. सानुभाव जतावन लागे अर्थात्? जिस स्वरूपकी मैं सेवा करता हूं, वो मेरी सेवा प्रभुको अच्छी लग रही है, उसे प्रभु किसी तरहसे मुझे जनाना शुरु करें, तो बस सानुभाव शुरु हो गया. और मैं सेवा करता ही रहूं करता ही रहूं पर प्रभुकी ओरसे मुझे कुछ ऐसा अनुभव नहीं होता हो, कि जिसके कारण मुझे ये बात समझमें आये कि जो सेवा मैं कर रहा हूं वो सेवा प्रभुको रुच रही है. तो सेवा तो कर रहे हैं अपन पर सानुभाव अभी नहीं हुवा. जैसे हम रोज भोग धरते हों और किसी दिन प्रभु हमसे मांग लें कि ये मुझे अच्छा लगता है उसे क्यों नहीं भोग धरता? तो सानुभाव हो गया. अब किस प्रकार प्रभु अपनी सेवाकी स्वीकृतिका अनुभाव पैदा करते हैं, ये बात प्रभुके ऊपर छोड़ देना चाहिये, पर **अप्रेरितप्रियकरणम्** अर्थात् शास्त्रमें प्रभुकी पूजा करनेकेलिये जो विधि विधान बताये गये हों तदनुसार वो विधि विधान प्रभुकेलिये करें वो मर्यादा जाननी. और शास्त्र कहे तदनुसार हमको स्फुरण न होता हो कि **"न, न, ऐसे करनेमें प्रभुको सुख नहीं मिलेगा, पर ऐसे करूं तो सुख मिलेगा"**. तो शास्त्रने तो प्रेरणा नहीं दी पर अप्रेरित





प्रियकरण हमने प्रभुकेलिये किया तो प्रभुके प्रति अपना रहा हुआ सख्य भाव हमने प्रकट किया है. मैंने तो नहीं कहा कि ऐसे कर पर तो भी ऐसा किया. जैसे शास्त्रमें ऐसे कहा है षोडशोपचारके अन्तर्गत, "वस्त्रं समर्पयामि". वस्त्र समर्पण करने. इसमें तो एक टुकड़ा कपड़ेका 'समर्पयामि' कह कर समर्पण करो तो काम हो गया. देवताको इससे अधिक अपेक्षा नहीं है आपसे. पर ऐसा होते हुये भी आपको ऐसा लगता हो कि इस वक्त तो शीतकाल है. शीतकालमें थोड़ी रुईको रखके आजू बाजू वस्त्रको सीकर शीत न लगे, ऐसे वस्त्र धरायें.

अपनी सेवा विधिके पीछे सख्यका भाव कितना प्रबल है ये आपको समझाना चाह रहा हूं. एक सामान्य बात समझो कि शीतकालमें मठड़ी भोग नहीं आती. क्योंकि मठड़ीके ऊपर चासनी चढ़ानेमें आती है, वो आरोगनेमें ठण्डी लगती है. अतएव सेवका लड्डू धरनेमें आता है. ये ठण्डा नहीं लगता. अथवा सोहाग सौंठ धरनेमें आती है. शास्त्रानुसार तो यह कहा गया है कि "नैवेद्यम् समर्पयामि". अब ये जो सब भाव हैं वो प्रभुके प्रति अपने सख्यका प्रकटीकरण है.

गुंजामाला हमारे यहां धरानेमें आती है. गुंजामाला धरानेमें एक लाल मणिका, एक सफेद मणिका, इसके पीछे भी अपना एक भाव रहा हुआ है और उसका अनुभाव है गुंजामाला. ठाकुरजी तो गुंजामाला इस कारण धरते थे कि ब्रजमें उस समय गुंजा बहुतायतमें होती थी. और ठाकुरजीकी मस्ती जो प्रत्येक ग्वालकी होती है, जंगलमें जो कुछ हो उसे तोड़ता जाये, चलता जाये, श्रीठाकुरजीकी गौचारणकी लीलाके वर्णनमें ये ही है कि जो फूल पत्ते जो कुछ भी मिलें वो यहां ठूंसे, वहां ठूंसे, **"बर्हापीड़ं नटवरवपु कर्णयो कर्णिकारं वैजयंती च मालाम्"**. तो ये जो मस्ती है ठाकुरजीकी गौचारणकी, जो कुछ भी आता जाये उसको ठूंसते जाओ. अब यहां तो अपनी लीला कर रहे हैं कि नहीं? प्रभुकी लीलाका भक्तिके प्रति अनुभाव प्रकट करना है.

अतएव इस अनुभावको प्रकट करनेमें अपने यहां गुंजामाला धराई जाती है. गुंजामाला धराई अर्थात् इस गुंजामें हम ऐसा कहते हैं कि हम एक भावसे नहीं, पर हमारे हृदयमें रहा हुआ कौनसा भाव तुम्हें अच्छा लगे, उसकी हमें कैसे खबर पड़ेगी? जहां तक आप सानुभाव नहीं जताओ? तो हमारे हृदयके कोई तामस भाव हों, कोई राजस भाव हों, कोई सात्विक भाव हों, कोई निर्गुण भाव हों, कौनसा भाव आपको अच्छा लगेगा हमें कैसे पता चलेगा? तो चारों चार भाव हम गुंजामालाके अनुभाव द्वारा आपको समर्पित कर रहे हैं. अब गुंजामें काला हमारे हृदयका तामस भाव है. जो लाल भाव है वो राजस भाव है. जो सफेद दाना गुंजाका है वो हमारा सात्विक भाव है. और जो डोरा है वो अपना निर्गुण भाव है. अब हमारे हृदयके जो भी तामस, राजस, सात्विक और निर्गुण भाव हैं उनमेंसे कौनसा आपको अच्छा लगेगा हमें कैसे पता चलेगा? इसलिये इन चारों भावोंमें से जो आपको अच्छा लगता हो. जैसे अपने घरमें मेहमान आये तो हमें कैसे पता चलेगा कि उसे क्या चीज भाती है? तो हम चार पांच तरहकी चीज बनाकर परोसते हैं, उसे जो अच्छा लगे वो वह खा ले. इसी प्रकार हम गुंज़ामालामें सारे ही भाव प्रभुको धराते हैं. तू धारण कर हमारे भावोंको. इसमें जो तुझे रुचता हो उसे तू धारण कर. हमारा काम तो धरा देना है सब भावोंको.

ये सब होते हुये भी उस बातको जड़ कर्मकी तरह नहीं ले कर, उष्णकालमें लाल और काला रंग जरा गरम दिखाई देता है, अतएव उष्णकालमें हम केवल सफेदरंगकी गुंजामाला धराते हैं. जिससे कि एक तो हमारा भाव भी, उष्णकालकी गरमी, उसके बाद राजस तामस भावकी गरमी, तो दो–दो गरमी इक्ट्ठी न हो जायें प्रभुके पास, इसलिये हम केवल सफेद गुंजामाला धराते हैं.

ऐसी सब बातें विचारनेकेलिये किसने कहा? **"भगवति अप्रेरितप्रियकरणम्"**. मुझे कुछ सख्य जाग रहा है कि ऐसे करनेसे प्रभुको सुख होगा तो कर लेनां चाहिये. लकीरके फकीर





यह सख्यता नहीं है. लकीरका फकीर तो दैन्य है. ये भी होना चाहिये. क्यों? क्योंकि दैन्य नहीं रखें तो भी पंचायत. क्योंकि हमें कैसे पता चलेगा कि प्रभुको हमारा दैन्य अच्छा लगता है कि सख्य अच्छा लगता है? इसलिये थोड़ा बहुत दैन्य भी हमको प्रकट कर देना चाहिये **अनन्यगामी दास्यं** करके. भई जो कहनेमें आई है पद्धति वैसे सेवा करूंगा, मनघढन्त सेवा नहीं करूंगा. और ये जो कहनेमें आई पद्धति है उसमें ऐसी थोड़ी बहुत छूटछाट ले लेनी पर वो भी फिर छूट है कि यह कहनेमें आई पद्धतिके आड़े न आती हो और प्रभुके सुखके विचारसे कोई छूटछाट लेनी हो तो ये तुम्हारी सख्य भक्ति. जैसे कहनेमें आई उस प्रकार आप करो तो वो सब तुम्हारी दास्य भक्ति. क्योंकि नौकरको किसी भी दिन यह छूट नहीं होती कि किस प्रकार मालिककी सेवा करनी. जो कहनेमें आया है कि ये करना है तो नौकरको तो वैसे ही करना है. अगर नहीं करे तो उसे निकाल दें, दूसरा नौकर लाओ. पर दोस्तको यह छूट होती है कि कभी अप्रेरितप्रिय करता है. और दोस्ती हो तो कुछ ज्यादा भी कर सकता है. थोड़े आग्रहपूर्वक जबरदस्ती भी कर सकता है. ये तो दोस्तीका तकाजा है. तो ये जो दोस्तीका तकाजा है इसके कारण बहुतसे प्राचीन भगदीय और बालकोंने ब्रजभक्तोंने जगह–जगह अच्छी तरहसे विचारा है और जिस जिस घरमें रीतिमें भेद हुये हैं. जो सामान्य पुष्टिपद्धति चलती है, उसे देखनेमें इतना आनन्द नहीं आता, जितना हरेक घरमें अलग–अलग पद्धति जो चलती है, उसे देखनेमें आनन्द आता है. इसका मूलकारण ये कि इससे मुझे रोमांच होता है कि कैसे–कैसे विचारा होगा हमारे बड़ोंने? अप्रेरित प्रियंकरण करनेकेलिये! हरेक घरकी सेवा करनेका जो विवरण है वो बहुत रिमार्केबल होता है. जो कौमन फीचर हैं कि ऐसे करना है, ऐसे करना है, इसे सुनकर दैन्यभाव जग जाता है. पर जैसे जैसे इन नियमोंके भीतर उन–उन अलग–अलग घरोंमें बालकोंने छूटछाट लेकर

जो–जो अलग–अलग प्रयोग करे हैं, ये प्रयोग उन उन घरोंके बालकोंके स्वयंके माथे बिराजते ठाकुरजीके साथ उनके सख्यका उदाहरण है कि इस प्रकार देखो अप्रेरित प्रियकरण होता है. और इस प्रकारका विधान बहुत सारे वैष्णवोंके घरमें भी मिलता है. और जब ये देखनेको मिलता है तो बड़ा आनन्द आता है. पर अतिरेक नहीं होना चाहिये कि हमें सख्य आ गया तो नमाज पढ़ रहे हैं ठाकुरजीके सामने. ऐसा अतिरेक भी नहीं करना चाहिये क्योंकि दैन्य भी निभाना है और सख्य भी निभाना है. दैन्यकी चौखटमें सख्य निभाना है. और सख्यकी चौखटमें दैन्य निभाना है. अतएव दैन्य छूट जाये ऐसा सख्य नहीं और सख्य छूट जाये ऐसा दैन्य नहीं. तो जिस प्रकार नट चलता है न रस्सीके ऊपर, कि इस ओर ज्यादा झुके तो गिर जाये और उस ओर ज्यादा झुके तो भी गिर जाये. बांसके द्वारा बैलेन्सको ठीक करके चलता है, उसी प्रकार सेवाका जो मूल भाव है, वो दास्य और सख्यमें इसी प्रकारका बैलेन्स करना है कि इस तरफ भी ज्यादा न झुके और उस तरफ भी ज्यादा न झुके. इससे आप गिरोगे नहीं. सेवाके भावकी जो नाजुक रस्सी है उसमें इस ओरसे उस ओर तक. यह छोर मतलब अपनी कर्तव्यभावनाका छोर. दूसरा छोर मतलब प्रभुको सुख पहुंचानेका छोर. सेवाके दो छोर हैं. अपने अपने कर्तव्यकी भावनासे भी सेवा करनी चाहिये, लेकिन कर्तव्यभावनाके पीछे पड़के प्रभुके परिश्रमको नहीं भूल जाना चाहिये जब पन्द्रह घण्टे बीस घण्टे छप्पनभोगके दर्शन खुलें तब. अरे भोजन करके किसीको पन्द्रह मिनट तो ऐसे बैठाओ? त्राहि त्राहि कर देगा. एक बखत बैठाओ. बालककी पधरावनी करो और खूब अच्छी अच्छी सामग्री परोस दो और जब आरोग लें तो कहो कि कृपानाथ अब बिराजो. फिर एक एक लाईनमें आते जाओ और दर्शन करते जाओ. आते जाओ दर्शन करते जाओ. समझ जायेगें बालक कि यह बहुत *रिस्की जौब* है. ऐसे करनेमें सत्यानाश हो जाये. एक घण्टा ऐसा करोगे तो बालक कहेंगे कि



बहुत हो गया अब बस. अरे भोजनके बाद किसे बैठना अच्छा लगता है? पर हम लोग प्रभुमें सख्य विचारते ही नहीं हैं. दास्यही विचारते हैं छप्पनभोग आरोगाके. पन्द्रह पन्द्रह बीस बीस घण्टे दर्शन खुलते हैं. अप्रेरित प्रियकरण तो कुछ करो. ये अच्छा नहीं लगता हमें. क्योंकि आज हमने बैलेन्स खो दिया है.

एक साधारण बात आपको समझाऊं. अप्रेरित प्रियकरणकी. गोवर्धनपूजा करने ठाकुरजी नन्दालयसे गोवर्धन तक पधारे. सेवाका क्रम ऐसा है. गोवर्धन पूजा करें तो हमको ऐसा लगता है कि ठाकुरजीको सुस्ती आती होगी, तो एक केसरी दूधका डबरा भोग धरा जाता है. जिससे कि फ्रेश हो जायें. कैसे कैसे विचारते होंगे? हम ऐसे कहते हैं कि अन्नकूट तो आरोगना ही है दूध आरोगके पेट भारी हो जायेगा तो आरोगोगे कैसे? बहुत बार क्या होता है कि गैस्टको ज्यादा नहीं खिलाना हो तो खाना खिलानेसे पहले उसे कुछ ऐसी ऐसी वस्तु नाश्तेको तौर पर खिला दी जाती है कि फिर वो भोजन ही न करे. ये भी टैक्नीक होती है. पर ऐसा भाव तो नहीं है अप्रेरित प्रियकरणका. पर हमारे बड़ोंका यह भाव था कि गोवर्धनपूजा करने ठाकुरजी पधारे. तो उनको कुछ परिश्रम तो हुआ ही न? तो इस परिश्रमको निवृत्त करनेकेलिये थोड़ा केसरी दूधका डबरा ठाकुरजीको भोग धरा हो तो फिर फ्रेश हो जायें. जैसे हम कोई काम करने जायें और एक आद चुसकी चायकी ले लें तो फ्रेश हो जाते हैं और फिर स्फूर्ति आ जाती है. इस प्रकार हमनें अप्रेरित प्रियकरणका विचार किया है पग–पग पर. आप सेवाकी प्राचीन विधि देखोगे तो पग–पग पर यह अप्रेरित प्रियकरणके उदाहरणोंसे सेवाक्रम अपना भरा हुआ है, छलक रहा है. पर इसमें कठिनाई एक ये है कि हम इसे उस रीतिसे न लेकर ठाकुरजीके श्रीमस्तकपर थोपना कहना तो नहीं चाहिये, पर करते इसी प्रकार हैं. करना ही पड़ेगा नहीं तो जायेंगे कहां?

हमारे यहां एक बार ऐसी ही परेशानी हुई थी, एक वैष्णवके घर हमारी पधरावनी हुई. बहुत सारी दूधघरकी सामग्री सिद्ध करी इतनी ज्यादा जिसे ठाकुरजी तो आरोग लें, पर हम कितनी आरोग सकते हैं. जिसे देखकर ही पेट भर जाये. उसके बाद क्या हुआ वो बोले कि आरोगो थोड़ा तो आरोगो, मैंने जैसे ही एक कौर लिया तो बोले अरेरे ये तो आपने तोड़ दिया अब बिगड़ गया ये तो पूरा लेना पड़ेगा. मैंने कहा अच्छा पूरा ले लेता हूं. अब एक एक आइटम पूरी पूरी खिलाये तो मेरी तो मुसीबत खड़ी हो गई. मैंने कहा अब दूसरी बार यहां पधरावनीमें आना ही नहीं. गुस्से और हो जायें कि यह सामग्री इतनी लेनेकी होती है. इतनी लो. मर गया. अब मैं कभी वहां जाता ही नहीं. कितना बुलाते हैं वो पर मुझे डर लगता है कि पांच दस आइटम सिद्ध करे और फिर एक आध आईटम चखनेकेलिये लें कि आपने इतनी मेहनतकी है तो चख लेता हूं. पर चखनेही न दे पूरी लेनी पड़ेगी. एक एक वस्तु पूरीकी पूरी लो और दस पन्द्रह आइटम आपने बनायी हों तो आदमी है कि ये पेट फूड स्टोर है? ऐसी अजीबोगरीब स्थिति हो जाये, तो ये प्रियकरण नहीं हो रहा, अप्रियकरण हो जाता है. ऐसे लगने लग जाये कि सारी मिठाईयां सिरके ऊपर मारी जा रहीं हैं न कि खिलाई जा रही हैं. ये एक प्रकारकी कठोरता है.

हमारे यहां एक आस्ट्रेलियन प्रोफेसर पढ़ने आया था. मैंने बहूजीसे कहा कि ये आया है तो इसे कुछ नाश्ता दो. तो बहुत थोड़ा दिया. तो उसे लेनेके बाद उसने कहा कि आप अपनी पत्नीको मेरी तरफसे बहुत बहुत आभार कहना कि उन्होंने बहुत थोड़ा दिया. हमको लगा कि उसे और कुछ चाहिये था और हमने नहीं पूछा तो उसका उसे बुरा लग गया होगा. अब उसके ऐसा कहने पर मेरा चेहरा भी उतर गया. तो उसने कहा कि हिन्दुस्तान जबसे आया हूं तो एक तकलीफ में फंस गया हूं. कैसे? तो उसने कहा कि हमारे यहां यूरोपमें यह पद्धति है कि





कोई भी वस्तु हमारे यहां खानेकेलिये आये, अच्छी लगे कि न लगे पर उसकी मिथ्या प्रशंसा करनी. इस मिथ्या प्रशंसा करनेकी हमारे यहां कोई डिसिप्लिन है तदनुसार प्रशंसा की तो हिन्दुस्तानी तो फिर पीछे ही लग जाते हैं कि अच्छी लगी तो और खाओ. अच्छी भी न लगती हो तो कहें कि हां बहुत अच्छी बनी है. अच्छी लगी तो फिर और खाओ. तो मरनेकी नौबत आजाये, ऐसा हो जाता है यहां. इसलिये तुम्हारी वाईफ मुझे बहुत समझदार लगी कि दूसरी बार खानेकेलिये नहीं कह रहीं. मैं तुम्हें गलत नहीं कह रहा पर अच्छा लगा. ऐसी अजीबोगरीब स्थिति हो जाती है अप्रेरित प्रियकरणमें. इसकी डेलिकेसी हमको सावधानीसे समझनी चाहिये.

इस पंक्तिका अर्थ करनेमें मैंने इसका विस्तार किया इसका कारण क्या? कि ये बहुत ही डेलीकेट पौइन्ट है जो हम मिस कर रहे हैं पुष्टिमार्गमें. प्राचीन वार्ताओंमें पढ़ोगे तो निरन्तर आपको ऐसा मिलेगा कि सामग्री गरम हती, चमचा नहीं साजा, दातुन पधरा दी, जिससे ठाकुरजी इससे कमसे कम ठण्डी करके तो आरोगें. फिर किसीने उसको देख लिया कि अच्छा दातुन पधरायी, तो पधराओ दातुन, दे दातुन. अगर चमचा हो तो भी दातुन पधरावे. ये देखादेखी का हिसाब है. ये अप्रेरित प्रियकरणकी पद्धति नहीं है. ये तो एक प्रकारका अंधापन है अपना. पर अप्रेरित प्रिय करण ऐसे समझा जा सकता है कि जब व्यक्ति वास्तवमें प्रभुसेवा करतेमें ऐसा विचार करता हो कि हां नियम प्रमाणसे ऐसा है पर अभी इसमें ऐसा बदलाव करके सुधार करके ऐसा करूं तो प्रभुको अधिक सुख होगा. ऐसे जहां भी वैष्णवोंके यहां, बालकोंके यहां ऐसी नवीनता देखनेको मिलती है, वहां मुझे पुष्टिमार्ग जीवित नजर आता है. और जहां केवल जड़ रीतिसे ले महाराज, ले महाराज, ले महाराजकी कथा भी आपको सुन लेनी चाहिये. पुष्टिमार्गमें बहुत आवश्यक कथा है.

एक बार मैं यात्रामें गया. ट्रेनमें किसीने कहा कि फल फूल आरोगो. कौन फल फूल आरोगे. अब ना कहें तो भी अच्छा नहीं लगता. किसीको बुरा लग जाये, इसलिये बातको टालनेकेलिये मैंने कहा कि मुझे सुबह सुबह फल लेना माफिक नहीं आता, सांझको लेना ठीक लगता है. ऐसा कहके मैं तो सो गया. सांझ पड़ी तो कोई बहुत बड़ा स्टेशन आया तो छाबड़ी भरके फलोंकी ले आये कि आरोगो महाराज. ये तो अच्छा हुआ कि भैंसका दूध अच्छा लगता है ये नहीं कहा, नहीं तो भैंसको ही भर देते यहां डिब्बेमें. क्यों कहा कि भैंसका दूध अच्छा लगता है ले महाराज भैंस. ऐसे बहुतसे अपने सेवाके प्रकार, ले महाराज जैसे चलते हैं. क्यों कहा कि अच्छा लगता है? तो ले अब. ऐसेमें बहुत परेशानी होती है. सुरुचि खत्म हो जाती है. बहुत कुरुचि बढ़ जाती है. वस्तु सुन्दर है इसमें दो मत हो नहीं सकते पर ये सुन्दरता भी एक प्रमाणमें सुन्दर लगती है. इस प्रमाणसे ज्यादा बढ़े और फिर ले महाराज शुरु हो कि भैंसका दूध अच्छा लगता है तो भैंसको महाराजके डिब्बेमें भर दो. तुम्हें फल अच्छा लगता है तो ले छबड़ाके छबड़ा. अब छबड़ेका करूं क्या वहां पर? पता ही नहीं चले. बुद्धि चकरा जाये. ये महाराजोंके साथ भी होता है और ठाकुरजीके साथ भी होता है कि ले महाराज. क्यों कहा कि अच्छा है. ले महाराज. ये ले महाराज सख्य नहीं है. एक प्रकारकी असख्य वृत्ति है. अतएव मैं अगर ऐसी किसी स्थितिमें फंसता हूं तो मन करता है कि भाग जाऊं यहांसे धन्यवाद देकर. ऐसे ही आस्ट्रेलियन प्रोफेसर यह कह कर भाग गया कि आपकी वाईफ बहुत समझदार है. उन्हें मेरा खास धन्यवाद कहना, दूसरी वक्त पूछा नहीं मुझको. करे क्या? ऐसी अजीबोगरीब स्थिति हो जाती है. तब थोड़े सेन्सिबल स्नेहका प्रयोग होना चाहिये. नहीं तो क्या होता है कि बाघको हम पर प्यार आये और ये हमको चाटने लगे, ये प्यार इसका सच्चा पर मेरी गति क्या होगी ये विचार बाघको नहीं होता अगर वो चाटता हो तो? अरे सांस रुक





जायेगी अगर बाघको प्यार आ जाये हम पर. मरनेकी जरूरत ही नहीं जीते हुये मर जाये अगर बाघ चाटने लगे हमें तो. जीनेकी इच्छा रहेगी किसे? तो ले महाराज बाघ जैसा ही होता है कि उसमें बाघका तो कुछ भी नहीं हो पर अपनी गति क्या होगी ये तो विचारो भाई! खैर. तो अप्रेरित प्रियकरण ये सख्य है प्रभुके साथ. **'सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति'** (भग.गीता. ५।२९) **इति गीतावाक्ये 'सुहृत्' पदार्थस्य तथा निर्णयात्.**

गीतावाक्यमें सुहृत्पद अर्थात् जिसकेलिये अपना हृदय अच्छा है, वो अपना सुहृत्. अंग्रेजीमें इसका अनुवाद होता है "वैलविशर". **सु**= अच्छा **हृत्** हृदय, अच्छा है हृदय जिसका अपने लिये वो अपना सुहृत. और जो अपना सुहृत हो, सुहृत होनेका जो भाव उसे संस्कृतमें सौहृद कहते हैं. इसका हमारे लिये सुन्दर हृदय है. हमारे लिये इसका हृदय अच्छा है. तो मैं (भगवान) हरेकका सुहृत हूं. अर्थात् प्रभु किसीकेलिये खराब हृदय रखते ही नहीं है. उस जगह टीकाकारोंने 'सुहृद' शब्दका अर्थ ऐसे किया है भगवान हमारा अप्रेरित प्रिय कर्म करता है. भगवानको कोई प्रेरणा नहीं देता कि इस जीवका किस प्रकार प्रिय करना. हम भगवानको कुछ कहते नहीं फिर भी भगवान अप्रेरित प्रिय करता है. हमको पता ही नहीं चलता कि किस प्रकार हमारे साथ परमात्मा सौहृद निभा रहा है. पर जब एक बार **विषय प्रवाल**से दृष्टि हटे, और **छांदस पर्ण** पर अपनी दृष्टि जाये, तो हमें पता चलेगा कि प्रभु हमारा किस किस प्रकार सुहृद है. सौहृद हमारे साथ निभा रहा है. अप्रेरित प्रियकरण हमारा कर रहा है.

वार्ताओंमें पढ़ोगे तो पता चलेगा कि "भगवान करे सो भली करे". वचनामृतोंमें समझाया गया है. कि हम जिस प्रकार प्रभुके साथ सख्य निभा रहे हैं, वैसे ही प्रभु हमारे साथ सख्य निभाते हैं. **"सुहृदं सर्वभूतानां मां सर्वभूतानां सुहृदं ज्ञात्वा शान्तिं ऋच्छति.** (भग.गीता.५।२९) मुझे सर्वभूतोंका सुहृद तरीके जानोगे तो तुमको

सम्पूर्ण शान्ति मिलेगी. तुमको ऐसा लगता है कि परमात्मा तुम्हारा अहित करेगा, तो हम उससे घबरा जाते हैं. लेकिन परमात्मा किसीका अहित करता ही नहीं है. परमात्मा तो तुम्हारा हित ही करता है लेकिन हमें अपने हिताहितका पूरा पता ही नहीं होता. जैसे छोटा बच्चा सांपको पकड़ने जाये तो उसे पता ही नहीं चलता कि इसमें उसका हित रहा हुआ है कि अहित रहा हुआ है? सांपको पकड़ने जाते बालकको रोकनेकेलिये एक लप्पड़ लगाना पड़े तो उसे रोना आता है, स्वाभाविक बात है, क्योंकि वह समझता है कि मुझे ये खिलौना नहीं लेने दे रहे हैं. एक बार तो बालकको अपने बालभावसे ऐसा लगता है कि मेरे साथ दुश्मनी कर रहे हैं, पर वास्तवमें दुश्मनी नहीं है, ये हमारा बहुत बड़ा सौहृद है बालकके साथ कि हम उसका अहित नहीं होने दे रहे. उसी प्रकार परमात्मा हमारा अहित होने ही नहीं देगा तो उससे बहुतसी घटनाओंमें हमें ऐसा लगता है कि हमारा बुरा हुआ पर भक्तिकी दृष्टिसे हम हरेक वस्तुका जब विवेचन करेंगे तो हमको बादमें समझमें आता है कि आखिरमें कहीं न कहीं इसमें हमारा लाभ ही हुआ है. पर भक्तिकी दृष्टिसे देखनेकी सिफत अगर अपने भीतर खिली हो तो हम उसे वस्तुओंसे जोड़कर देख सकेंगे. नहीं तो क्या होगा कि अलग अलग वस्तु अलग अलग समयपर अनुभवमें आ जाती है और हम उसे जोड़कर देख नहीं सकते. अतएव परमात्मा हमारा सुहृद है. और जैसा सुहृद हमारा परमात्मा है वैसा सौहृद हमारा परमात्माके प्रति हो तो हमारी सख्य भक्ति हुई कहलायेगी.

चतुर्थस्कन्धे **'चरन्तं विश्वसुहृदं वात्सल्याद् लोकमंगलम्'** (भाग.पुरा.४।६।३५) **इत्यत्र विश्वसुहृत्त्वाद् विश्वहित कारित्वम् उच्यते.**

चतुर्थस्कन्धे चतुर्थस्कन्धमें, अब देखो यहां सप्तमी है. यहां ऊपर अर्थ नहीं लेना. चतुर्थस्कन्धेका अर्थ चतुर्थस्कन्धकेलिये भी नहीं होगा. लेकिन चतुर्थ स्कन्धमें. इस सप्तमीका अर्थ 'भगवति'





अर्थात् भगवानकेलिये, ऐसा अर्थ होगा. इस सप्तमीके अलग–अलग अर्थ होते हैं उनका ख्याल रखना पड़ेगा. **चतुर्थ स्कन्धे विश्व सुहृत्त्वाद्**, विश्व अर्थात् सबका, विश्वका अर्थ हिन्दी और गुजराती भाषामें जगत हो गया है. संस्कृतमें 'विश्व'का मूल अर्थ होता है सर्व. विश्व कहो कि सर्व कहो. एक ही बात है. सबके सुहृद होनेके कारण, सबके हितकारी, सबके हितकारी भगवान हैं, ऐसा कहा जाता है.

फिरसे एक बात समझो कि जो **'त्वम्'** आता है संस्कृतमें, अथवा **'ता'** जहां भी आता है उसका अर्थ **है** कर लेना चाहिये. **'सुहृत्त्वम् उच्यते'** तो इसका अर्थ होगा भगवान सुहृद हैं ऐसा कहा जाता है. आई बात समझमें?

**सुहृत्त्वम्** अर्थात् सुहृदपना. सुहृदपनका सरल भाषामें अर्थ होगा सुहृद है. सुहृद होना वो सुहृदपन. मनुष्यता अर्थात् मनुष्यपन अर्थात् मनुष्य होना. मूर्खता अर्थात् मूर्खपन अर्थात् मूर्ख होना. **त्वतलौ भाव-प्रत्ययौ. 'त्व'** और **'ता'** का अर्थ **'है'** होता है. **है** को प्रकट करनेवाला. किसी भी जगह **'त्व'** या **'ता'** लगे तो उसका मतलब **पन** अर्थात् **है** होता है. आपमें मनुष्यता है अर्थात् आप मनुष्य हो. तुम्हारेमें मनुष्यता नहीं है अर्थात् आप मनुष्य नहीं हो. कई लोग माधुर्यता सौन्दर्यता लिखते हैं परन्तु ये ठीक नहीं होता क्योंकि इसका अर्थ होगा मधुरताता सुन्दरताता, दो ता ता लग जायेंगे. ये तो ले महाराज वाला किस्सा हो जायेगा. क्यों कहा 'ता' लगानेको? एक नहीं अब दो ता ता लगायेंगे. दो नहीं लगाने होते हैं. जब हमें त्वम् और ता लगाना हो तो एक ही लगाना चाहिये, दो नहीं. ले महाराज ले महाराज नहीं. मधुरताता मधुरत्वत्व मनुष्यताता, ऐसे नहीं बोला जाता. विद्वत्ता अर्थात् विद्वान होना. अतएव **विश्वहितकारित्वम्.** अर्थात् विश्वहितकारी होना. कहलाता है.

दशमस्कन्धे **'कुर्वन पारोक्ष्य सौहृदम्'** (भाग.पुरा.१०।७५।१).

तो भगवान जब हमारे साथ सौहृद–सख्य करता है, ये अपरोक्षमें नहीं करता पर परोक्षमें करता है.

एक बार बाढ़ आई. एक भाईको भगवानपर विश्वास था. उसे गांवके लोग बचानेकेलिये आये. और कहा कि भाई बाढ़ आ रही है निकलो यहांसे. उसने कहा कि मुझे बचानेवाले आप कौन? मुझे तो भगवान बचायेगा. थोड़ी देरमें बाढ़का पानी इसके घरमें आने लगा. फिर नाव लेकर आये लोग इसे बचानेकेलिये कि बैठ जाओ इसमें. यह फिर बोला कि आप बचानेवाले कौन? भगवान बचाने आयेगा तो बचूंगा. नाववाले भी निराश होकर चले गये. अब बाढ़का पानी घरकी छत तक भर गया. पहली मंजिल तक, दूसरी मंजिल तक आ गया. फिर एक हेलीकौप्टर उड़के आया बचानेकेलिये. उन्होंने एक रस्सी फैंकी ऊपरसे कि इसे पकड़कर आ जाओ. वो फिर बोला कि तू मुझे बचानेवाला कौन? मुझे तो भगवान बचायेगा. अब बाढ़का पानी बहुत बढ़ गया और ये पानीमें डूबके मर गया. जब वो स्वर्ग पहुंचा तो भगवानके साथ झगड़ा करने लगा. मैंने तो आपके ऊपर विश्वास रखा और आपने बचाया नहीं? भगवान बोले कि भाई मैंने तुझे बचानेकेलिये तीन–तीन बार आदमी भेजे थे पर तू समझा नहीं तो इसका मैं क्या करूं? मैंने आदमी भेजे तुझे बचानेकेलिये पर तूने उनकी बात नहीं मानी. मैंने नाव भेजी उसमें तू बचनेकेलिये नहीं बैठा. उसके बाद हेलीकौप्टर भेजा पर तू उसमें नहीं बैठा. अब हर समय तू यह कहे कि नहीं बचना तो? किस तरहसे तुझे बचाऊं?

तो भगवान हमारा पारोक्ष सौहृद करता है. हम भेद दृष्टि करते हैं, तू मुझे बचानेवाला कौन? तो फिर जाने दो. भगवान पारोक्ष सौहृद करता है. इसका मतलब ये नहीं कि अपरोक्षमें सौहृद नहीं करता! पर भगवानको अपरोक्षमें सौहृद करनेकी जरूरत नहीं है. परोक्षमें ही आपका सौहृद कर सकता है इतनी सामर्थ्य है उसमें. लेकिन हम उसे पहचान नहीं सकते कि प्रभु किस प्रकार हमारा सौहृद करता है, हम चूक जाते हैं. भगवानके





द्वारा बचानेकेलिये फैंकी गयी रस्सीको पकड़नेकेलिये हम कभी चूक कर जाते हैं. भगवानतो रस्सा फैंकता है पर हम उसे पकड़े ही नहीं तो फिर क्या होगा?

एक वक्त मुंबईमें कृष्णमैननकी सभा थी. बहुत बड़ी सभा थी. मुझे और दादाजीको दोनोंको इच्छा हुई कि सुननेकेलिये जाना चाहिये. हम दोनों सुनने गये. दादाजीतो पैरोंसे चल नहीं सकते थे, तो मैंने दादाजीको अल्टीमेटम दे दिया कि आप इतनी भीड़में बैठ सको ऐसा नहीं लगता. तो कैसे सुनोगे? उस समय कृष्णमैननका एक बड़ा मुद्दा था. इसलिये हम दोनोंकी बहुत प्रबल इच्छा हो गई थी सुननेकी. मैंने कहा कि मैं तो भीड़में अन्दर घुसकर सुन लूंगा. दादाजीने मुझे कहा कि नहीं मैं साथ ही रहूंगा. मैंने कहा दादाजी आप भीड़में घुस ही नहीं सकोगे. पन्द्रह बीस मिनट धक्कामुक्की धक्कामुक्की करके जहां बांस लगाकर रोक लगा रखी थी. वहां मैं बड़ी मुश्किलसे पहुंचा. वहां पहुंचकर देखा तो मुझे दादाजी स्टेजऊपर दिखे. अरे ये तो सब चौपट हो गया खाता. अब जब सभा पूरी हो गयी तो मैं दादाजीके पास गया. तो उन्होंने पूछा कि ठीक तरहसे सुना कि नहीं? मैंने कहा कि हां ठीक तरहसे सुना. ज्यादा नहीं पूछा दादाजीसे किस प्रकार वो स्टेज तक पहुंच गये? हमें पता ही नहीं चलता. वो तो वहां पहुंच गये और मैं यहां ही अटक गया. ऐसी गलती हमसे ज्यादातर होती ही है.

**"कुर्वन पारोक्षसौहृदम्" इत्यादौ अप्रेरित हित करणस्य सुहृद्धर्मत्वेन उक्तत्वात्.** ऐसा अप्रेरित हित करना अर्थात् कोई प्रेरणा नहीं करे वैसे होते हुये भी हमारा हित करना. यह सुहृद धर्म तरीके कहनेमें आया है. दूसरी जगह भी सख्यमें अप्रेरित हित करनेकी बात सुनाई पड़ती है. सुनाई देनेमें आती होनेसे, **त्वाद्** आया अतः होना. और जहां **त्वा** के बाद **त्** लगता है जैसे रामात् रामसे, कृष्णात् अर्थात् कृष्णसे, श्रूयमाणत्वात् अर्थात् सुनाई देती होनेसे. **यथा** अर्थात् जैसे, **'वृष्णिनां प्रवरो मन्त्री कृष्णस्य दयितः**

**सखा'** (भाग.पुरा.१० ।४३ ।१) वृष्णिके श्रेष्ठ मंत्री और कृष्णके दयित सखा, **इति वाक्याद् भगवत्सखः श्रीमद्उद्धवो बाल्यमारभ्य सपर्या कृतवान्.** ये उद्धवजी, ये एक कल्चर थी हमारे भारतकी, छोटे छोटे बालकोंको खेलनेकेलिये हम लोग ठाकुरजी ही देते थे. और छोटे छोटे बालकोंके खेलमें भी सेवा होती थी. सेवाका खेल ही खेलते थे. सूरतमें जो श्रीबालकृष्णलाल बिराजते हैं वो गुसांईजीके बाल्यकालके खेलनेके ठाकुरजी थे. और जब श्रीठाकुरजीके साथ खेल चल रहा था उस समय ठाकुरजीने ऐसा अनुभाव प्रकट किया कि यह ठौर मुझे खाना है. तो श्रीगुसांईजीने कहा कि भई ये तो मेरे खानेका है. तो दोनों झगड़ पड़े. ये बात श्रीमहाप्रभुजीने देखी अतएव महाप्रभुजीने फैसला किया कि इस प्रकारका झगड़ा मत करो. ये अगर ठौर मांग रहे हैं तो पहले इनको दे दो. फिर किसी औरको देना. कितनी अच्छी पद्धति थी कि खेलमें भी ठाकुरजी, साधनामें भी ठाकुरजी, हरेक बातमें ठाकुरजी. इसी प्रकार उद्धवजी भी अपनी बाल्यावस्थामें ठाकुरजीकी सेवाका खेल खेलते थे. तो इनका श्रीठाकुरजीके प्रति कितना सख्य भाव होगा, ये इस वचनसे सूचित कर रहे हैं श्रीलालूभट्टजी. **श्रीमद्उद्धवो सखाः** श्रीमद्उद्धव भगवानका सखा, बालकपनसे भगवानकी सपर्या अर्थात् सेवा करते थे. **तस्याम् दशायाम् इतरप्रेरणासम्भावद्.** ये बालकपनमें इतनी सेवा करते थे कि जिस समय किसीका कहा करनेकी अवस्था ही नहीं होती. लेकिन इनको ये ही खेल अच्छा लगता था जिसमें ठाकुरजीकी सेवा करी जाये. ऐसा खेल. उस जमानेमें वीडियो टी.वी. नहीं थे इसलिये ये खेल अच्छी लगती होगी. आजकल तो ये खेल बदल गये हैं.

**'यः पञ्चहायनो मात्रा प्रातराशाय याचितः तन्नैच्छद् रचयन् यस्य सपर्या बाललीलया.** (भाग.पुरा.३ ।२ ।३) ये अपने आप नहीं भोजन करते थे. ठाकुरजीको भोग धरके लेते थे. **इति उद्धव प्रसंशक तृतीयस्कन्धवाक्यात्** इस प्रकार उद्धवजीकी प्रसंशामें





तृतीय स्कन्धमें वाक्य आता है कि पांच वर्षकी आयुमें ही उद्धवजीकी यह वृत्ति थी. **अतएव 'दृष्टवाऽतपे व्रजपशून् सहरामगोपैः सञ्चारयन्तम् अनुवेणुमुदीरयन्तं प्रेमप्रवृद्धमुदितः कुसुमावलीभिः सख्युर्व्यधात् स्ववपुशाम्बुद आतपत्रम्'** (भाग.पुरा. १० ।१८ ।१६). अब जब ठाकुरजी गाय चरानेकेलिये वनमें पधारते हैं, उस समय च्यूंकि अच्छी धूप आती है. और **सहराम गोपैः** राम अर्थात् बलराम और गोपोंके साथ जब ब्रजपशुओंको चराते हुये और वेणु बजाते हुये भगवान ब्रजमें फिरते हैं उस समय मेघोंने पुष्पोंकी वर्षा करी और सूर्यके ऊपर (मेघ) स्वयं आ गये. प्रभुकी दोस्तीका काम करा. जिससे कि ठाकुरजीको धूप न लगे. ये **आतपत्र** अर्थात् **आतप** धूप और जो धूपसे **त्राण** बचाता हो.

उसे **आतपत्र** कहते हैं. अपने यहांका एक कीर्तन आपने सुना होगा? **'हौं चरणातपत्रकी छैया'.** चरणरूपी छत्रकी छायामें मैं हूं. इसको बिगाड़कर आजकल लोग गाते हैं कि हौं चरणाट पत्रकी छैयां. तो चरणाट जहां श्रीगुसांईजी जन्मे, उसका पत्ता, तो चरणाटके पत्रकी छायामें. ऐसेमें तो अकल काम करना ही बन्द कर देती है. मूल शब्द है हौं चरणातपत्रकी छैयां. चरणरूपी जो **आतपत्र** उसकी छायामें मैं हूं. **आतपत्र** जिसे छतरी कहते हैं न वो. **इत्यनेन अम्बुदस्य स्वसख्यौ भगवति अप्रेरित-प्रियकरण-रूपम् आतपनिवारक-च्छायाकरणं श्रुतिगोपिकाभिः निरूपितम्.** अर्थात् वहां बादलोंको किसीने कहा नहीं था. बादल खुद सूर्यके ऊपर आ गये और प्रभुको छाया प्रदान की. तो प्रभुने भी इसे उनकी दोस्तीका अनुभाव माना. **अप्रेरित प्रियकरणरूप आतपनिवारक छायाकरणम् श्रुतिगोपिकाभिः निरूपितम्.** ये श्रुतिरूपा गोपिकायें जो हैं वो ऐसे समझ रहीं हैं कि देखो ये बादल आपके कैसे दोस्त हैं कि जब आपको धूप लगती हो, तो ये बादल सूर्यके सामने आकर आपको छाया प्रदान करते हैं. गोपिकायें इन बादलोंकी इस क्रियाको भगवानके साथ किसी प्रकारकी दोस्ती है ऐसा निरूपण कर रही हैं. तू है घनश्याम

**'समानशीलव्यसनेषु सख्यं'** ऐसा कुछ हो गया है. ऐसे गोपिकायें उत्प्रेक्षा कर रही हैं. वहां भी ये बात बतानेमें आई है कि अप्रेरित प्रियकरणकी मैत्री है. **किञ्च 'कराविव शरीरस्य नेत्रयोरिव पक्ष्मणी, अप्रेरितं प्रियं कुर्यात् तन्मित्रं मित्रं उच्यते** (लौकि. सुभा). आपके ऊपर कुछ गिर रहा है तो हाथ अपने आप उठ जाता है बचानेको. तो हाथ शरीरका कैसा मित्र है कि कोई इसे कहे कि ए हाथ, चल मुझे बचा. वैसे नहीं बचाता. किसीका थप्पड़ पड़ता हो ना तो हाथ तुरन्त अपने आप बचाने आ जाता है. हाथको कैसा अभ्यास है शरीरको बचानेका, ऐसी दोस्तीका भाव होना चाहिये. **नेत्रैव पक्ष्मणि** नेत्रमें कुछ भी कंकर तिनका उड़के पड़नेसे पहले ही ये पलकें अपने आप ही बंद हो जाती हैं. हमें इसे आदेश नहीं देना पड़ता कि चलो अब बंद हो जाओ कंकर, तिनका आ रहा है. इनके आनेसेपहले ही पलकें अपने आप बन्द हो जाती हैं. **अप्रेरितम् प्रियम् कुर्यात्** इस प्रकार प्रेरणा दिये बिना जब कोई प्रिय करता हो तो उसे मित्र कहते हैं. सुखमें सब कुछ करते हैं, दुखमें कहनेसे करते हैं पर सुख दुःखमें बिना कहे जो अपने आप करे उसे मित्र कहते हैं. सुख कि दुःखमें दोनोंमे कहे बिना साथ निभाये उसे मित्र कहते हैं.

ये सब बातें तो सिद्धान्तकी हैं और समझनी ही चाहियें. पर एक दूसरी बातपर भी आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं. हम सेवाकौमुदीका अध्ययन कर रहे हैं. और सख्य क्या है ये समझ रहे हैं. इसमें कितने सारे भागवतके वचन लालूभट्टजी बता रहे हैं, ये किसी प्रकारकी अपमी मानसिक डिसिप्लिन थी. किसी भी बारेमें मनघड़ंत बात नहीं कहनी. शास्त्रके आधारपर जो सिद्ध होती हो, वही बात कहनी. ऐसी डिसिप्लिन थी. आजकल तो किसी बातकी चिंता ही नहीं है. जो मनमें आवे हांक दो. तू तारा तीर दीधे राख तारा बापना शूं जाये. हम अपनी हांकते रहते हैं. शास्त्र नहीं देखते. पुष्टिमार्ग क्या है? सिद्धान्त क्या है? यह तो बहुत मुश्किल बात है. सख्यके बारेमें आपको इतना संदेह हो



सकता है वास्तवमें? इतने सारे प्रमाणोंको देनेकी क्या जरूरत पड़ी? पर पद्धति थी प्राचीन कि मन घड़ंत बातें नहीं करनी. सख्यके बारेमें इतने सारे प्रमाण अगर नहीं देते तो क्या हम उसे नहीं मानते? समझनेकी बात है कौमन सेंसकी बात है. **'कराविव शरीरस्य नेत्रे इव पक्ष्माणि. अप्रेरितम् प्रियम् कुर्यात् तन्मित्रम् मित्रम् उच्यते'.** यह सब कब कहा? भागवतके इतने सारे वचन बतानेके बाद. ये हमारी डिसिप्लिन थी सम्प्रदायके विद्वानोंकी. मनघडंत नही हांकते थे. ये ट्रेनिंग है. नहीं तो ग्रंथके बारेमें ये बात बड़बड़ाध्यायके रूपमें भी कह सकता हूं. ये ग्रंथका शिविर किसलिये रखा है? कि हमें भी ट्रेनिंग मिलनी चाहिये. किसीने जो कुछ भी गरज बरसके जोर जोरसे बोलके कहा और हमने मान लिया कि हां कृपानाथके वचनामृत हो गये. ऐसे वचनामृत कभी वचना मृत हो जाते हैं. अर्थात् न तो इस बाजू पूरा जाने और न उस बाजू जाने पूरा, और आधापूरा जानता हो, तो वचना होते ही जिसका मृत होता हो, उसका नाम वचना मृत. तो ऐसे वचनामृतोंसे हम ठगे नहीं जायें? जब ऐसे वचना मृत होनेकी पद्धति खड़ी होगी तो उस समय वचन क्या? ये जिज्ञासा श्रद्धाभावसे, हरेक वैष्णवकी होनी चाहिये. ये हरेक वैष्णवका पवित्र अधिकार है, जिस अधिकारका पालन वैष्णव करेगा तो हम बालक भी अपने कर्तव्यपालनमें परायण रहेंगे. वचनामृतोंको सुन सुनके, न ये जाने न वो जाने, और वचना मृत सुनोगे तो कोई यहां जिवानेकेलिये नहीं आयेगा. ध्यान रखना वचनामृतोंके बारेमें. ग्रंथका शिविर मुझे अच्छा लगता है आप जानते ही हो. बड़बड़ाध्याय शुरु करूं तो अंत ही नहीं आयेगा. पारहीन बड़बड़ाध्याय करूंगा. ये पद्धति भी है इसका भी कुछ सदुपयोग हो सकता है. पर मूलमें ये डिसिप्लिन हमें रखनी चाहिये कि कृपानाथ जो वचनामृत कर रहे हो, तो ये वचनामृत ही नहीं रह जायें तो इसके शास्त्रवचन भी बतानेकी कृपा करो. बस इतना ही आग्रह रखोगे तो सारी बात सुधर जायेगी. बालक जो वचनामृत

करे तो उनसे पूछो कि भागवतके कौनसे वचनके आधार पर ये आज्ञा कर रहे हो? महाप्रभुजीके कौनसे वचनके आधार पर, श्रुतिके कौनसे वचनके आधारपर आपने ये वचनामृत करे? और जो इन वचनोंका आधार दिखाये, तो वचन + अमृत = वचनामृत और वचनका आधार न मिलता हो तो वचना + मृत = वचना मृत. भाग जायेंगे सब वहांसे दण्डवत कर–करके कि आप वचना मृत नहीं करो तो कौन करे? ये तो आपकी सामर्थ्य कि आप कर सको. दूसरा कोई ऐसे कर ही नहीं सकता. करे कौन आप न करो तो? तो जब वचनामृत हो रहे हों तो उसका संधिविच्छेद करके बराबर देख लेना चाहिये कि वचन+अमृत है कि वचना+मृत है. ग्रंथ देखोगे तो मनमें ये डिसिप्लिन आयेगी. खाली बोलनेकी पद्धति ठीक नहीं है. वचन दिखाओ. सख्य जैसी आसानसी बातमें कितने वचन बताये हैं लालूभट्टजीने. अन्यथा ऐसी कोई अनहोनी बात ही नहीं थी कि इतने सारे वचन बताये जायें. लेकिन हमारा एक डिसिप्लिन है. इसकेलिये ही शास्त्रमें कहा जाता है कि जिसे हम जानते हों तो भी उसे अपने मनके हिसाबसे कहनेके पहले शास्त्रसे समझनेके बाद कहनी. तो ये शास्त्रीय पद्धति कहलाती है.

**'शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोषाप्तवाक्याद् व्यवहारतश्च'** (न्या.सि.मु.८१) **इत्यनेन व्यवहारतोऽपि शक्तिग्रहस्वीकारात्.** शब्द किस अर्थको समझानेकेलिये शक्तिमान है, उसकी शास्त्रोंने कसौटी निर्धारित करी है. व्याकरणसे, उपमानसे, कोषसे, आप्तवाक्यसे, अर्थात् जो आप्तजन हों उनके वाक्य, और लोकव्यवहारमें इन शब्दोंका किस प्रकार प्रयोग होता है, इससे उस शब्दका अर्थ समझा जाता है. अतएव व्यवहारमें भी लोकन्याय दिखलाया. व्यवहारमें भी मित्र शब्दका ये ही अर्थ होता है. और शास्त्रके बहुत सारे वचन भागवतके आधारपर 'सख्य' शब्दका अर्थ ऐसा बताया. अतएव **श्रीधरस्वामिनोऽपि 'सख्यं विश्वासादि' इति उक्त्वा आदि शब्देन अस्मद् उक्तार्थमेव**





**सञ्जगृहुः** श्रीधरस्वामी ये शंकराचार्य हुये जगदीशके जिन्होंने भागवतपर टीका लिखी है. इस समय सबसे प्राचीन टीका श्रीधरस्वामीकी है. पर वास्तवमें यह सबसे प्राचीन टीका नहीं है, श्रीधर अपनेसे पुरानी बहुत सारी टीकाओंका उल्लेख स्वयं करते हैं. पर ये पुरानी टीकायें आजके समयमें मिल नहीं रही हैं. अतः आजकी तारीखमें सबसे पुरानी टीका श्रीधरस्वामीकी है जो कि जगदीशके गोवर्धनमठके शंकराचार्य थे. तो इन्होंने भी ये ही अर्थ किया है कि **'सख्यं विश्वासादि'** सख्य कब आता है? जब विश्वास आता है तब. 'आदि' शब्देन **अस्मदुक्तार्थमेव सञ्जगृहुः** यहां सख्यं विश्वासादि सख्य विश्वास आदिं अर्थात् वगैरह. ये आदि शब्दका जो प्रयोग किया है उसकेलिये श्रीधरस्वामीको अप्रेरित प्रिय करणकी विवक्षा है.

अपने यहां कहते हैं कि हमारे यहां मूर्ति नहीं कही जाती. **'भगवन्मूर्ति सेवमानेन क्रियमाणाः तत्तद्देश-कालानुकूलोपचाराः तूलकञ्चुक-चंदनलेपन-प्रभृतयो** अर्थात् भगवन्मूर्तिकी स्वरूपकी सेवा करते हैं, उस सेवा करनेवालेको, उस–उस देश और कालमें अनुकूल उपचार है. अब एक बात बताऊं, अब तो बदल गया वहां, महाराष्ट्रमें कोल्हापुर है. वहां पहले ठण्ड पड़ती थी जेठ महीनेमें. हमारे दादाजीके साथ उनका खवास एक ब्रजवासी था. ब्रजमें तो जेठ महीनेमें भयंकर गरमी पड़ती है. वो बोला कि जेठमें इतना जाड़ा पड़ता है यहां तो. यहां किसका राज होगा? उस समय इन्दिरागांधीका राज्य था. उसने सबसे पूछा कि यहां इन्दिरागांधीका राज्य है? तो सबने कहा कि यहां इन्दिरागांधीका राज्य है. तो बोला कि ऐसा कैसा इन्दिरागांधीका राज्य है कि 'जहां जेठमें जाड़ा पड़े!' ऐसा माहात्म्य उसको लगा इन्दिरागांधीका कि जेठमें जाड़ा पड़े वहां तक इन्दिरागांधीका राज्य. अब एक बात समझो कि जेठमें जहां ठण्ड पड़ती हो ऐसे गांवमें हम जायें और चन्दन धरायें ठाकुरजीको. क्योंकि लिखा है न सेवाविधिमें कि अक्षय तृतीयाको चंदन धराना ठाकुरजीको. ले

महाराज चंदन ले महाराज चंदन! और ठाकुरजीको त्राहि–त्राहि हो जाये कि ये छोड़ेगा नहीं चंदन धराये बिना. क्योंकि सेवाविधि पढ़ली न! सत्यानाश! मैं गया वहां तो स्वेटर पहनना पड़ता, शॉल ओढ़नी पड़ती, तो भी ठण्ड लगती थी. ऐसे समयमें जब आप चंदन धराओ, तो कैसी स्थिति होगी? अर्थात् सख्यका विचार है ही नहीं.

मुंबईमें हमारे बचपनकी बात है कि सिरमें डालनेका तेल जम जाता था. अब तो ठण्ड गई पूरी बम्बईसे. पर अगर आत्मसुख, गद्दल, फल्गुल, सिगड़ी, आजकी तारीखमें धरायें तो ठाकुरजी भी घबराते होंगे कि आ गये सेवा करनेवाले, अब छोड़ेंगे नहीं. कुछ तो विचार करना चाहिये कि नहीं? यह सब वस्तुयें शास्त्रविहित नहीं थी. हम कहते हैं कि जहां ठाकुरजी बिराज रहे हैं वहांके भावसे नहीं पर ब्रजके भावसे धराते हैं. अब यहां लालूभट्टजी क्या कह रहे हैं? **तत्तद्देशकालानुकूलोपचारः** जो–जो देश जो–जो काल उसके अनुकूल उपचार. हम मर्यादामार्गसे अलग क्यों हैं? क्योंकि वहां विधि प्रधान है, स्नेह प्रधान नहीं है. सच्ची बात है. श्रीगुसाईजीने आज्ञा करी है कि पूजामार्गमें विधि प्रधान है, स्नेह प्रधान नहीं है. तो ठण्डीके दिन भी ठाकुरजीको स्नान कराना हो तो ठण्डे जलसे स्नान कराते हैं, क्योंकि विधि प्रधान है. स्नेह प्रधान नहीं है. अपने पुष्टिमार्गमें स्नेह प्रधान है, विधि प्रधान नहीं है. पर आज हम ठण्डके गायब होनेके बाद भी गद्दल धरते हैं, आत्मसुख धरायें, सिगड़ी धरें, अब यहां स्नेह प्रधान है कि विधि प्रधान है? इसका स्पष्टीकरण तो करो. कुछ और पूछने जायें तो कहें नहीं नहीं ये कोई अपने स्नेहकी बात थोड़े ही है ये तो ब्रजभक्तोंके स्नेहकी है. तो क्या ऐसी परिस्थितिमें ब्रजभक्त श्रीठाकुरजीको ऐसे परेशान करते थे? पर हमारा टौप फ्लोर वेकेन्ट हो गया है. ऊपरकी मंजिल खाली है. तो इसमें चमगादड़ लटकी रहती हैं उलटी सुलटी. प्रभुके सुखका विचार नहीं है. एक दूसरे ही प्रकारकी इतनी सारी





विधियां हमने ढूंढ निकाली हैं पुष्टिमार्गमें और ये विधि बहुत अच्छी विधियां थीं पर जब प्रभुकी सेवामें काम आती थीं तब, आज स्नेह भी नहीं है कुछ भी नहीं है, सेवाविधिमें पढ़ली और पड़ गये ठाकुरजीके पीछे. अब भुगतो क्यों लिखा सेवाविधिमें? इस विधिसे शास्त्र विधि तो गई पर स्नेह विधिभी गई इसमें अपनी.

**तत्तद्देशकालानुकूलोपचारः तूलक चंदनलेपन प्रभृत्तयोः** अर्थात चंदनलेपन यह सब जो उपचार हैं उन्हें देशकालोचित करना चाहिये. सेवाविधिके अनुसार ठाकुरजीके पीछे नहीं पड़ जाना चाहिये. इस कारणही अपने यहां ठाकुरजीको चंदन लेपन करनेमें नहीं आता परन्तु चंदनकी डिब्बी ठाकुरजीके पासमें धरनेमें आती है सेवा क्रममें. रुचता हो प्रभुको तो धरायें और नहीं रुचता तो नहीं धरायें. सोचो कि हमको संदेह होता हो कि ठण्डी तो पड़ ही नहीं रही और प्रबोधनी आ गई तो धराना ही जरूरी नहीं है पर ठाकुरजीके पास गद्दल पधरा देना चाहिये. इच्छा हो तो धरो न हो तो मत धरो. लेकिन पीछे ही पड़ जायें, तो फिर यह सख्य नहीं रहा, विधि प्रेरित अप्रियकरण हो गया. अप्रेरित प्रियकरणके स्थानपर विधि प्रेरित अप्रियकरण हो गया. ऐसा इसका स्वरूप हो जाता है.

**'मालया दयितगंधतुलस्या'** (भाग.पुरा.१० ।३२ ।१८) **इत्यादिवाक्यसिद्धा तुलस्यादयश्च भगवतः प्रियरूपा च बोध्या.** और तुलसी प्रभुको बहुत प्रिय है, इसी कारण तुलसी प्रभुको हम समर्पते हैं. **अप्रेरितत्वन्तु विधायकवचनविषयत्वाभावः.** अप्रेरित अर्थात् क्या? उस बारेमें विधान कहीं मिलता नहीं हो, लेकिन हमारा हृदय गवाही देता हो, इस प्रकार प्रभुकी सेवा करनी चाहिये. उसका नाम विधायक–वचन–विषयत्वाभाव, अर्थात् ये बात किसी भी विधायक वचनका विषय नहीं है. वैसा होते हुये भी हमें प्रभु प्रति सख्य भावके कारण ऐसा स्फुरे.

मैंने प्राचीन तो नहीं पर अर्वाचीन भगवदीयके बारेमें ऐसा सुना कि वो स्वयं अकेले घरमें सेवा करते थे. घरमें कोई दूसरा नहीं था. सवेरे ठाकुरजीको जगाते, स्नान कराते, श्रृंगार धराते, तत्पश्चात सामग्री सिद्ध करते क्योंकि अकेले थे. सब सेवामें पहुंचें तो देर तो लगती थी. तो वो अनारको थोड़ासा छीलकर ठाकुरजीको भोग धर देते. कोई भगवदीय इनके यहां पहुंच गये और बोले कि यह तो हमारे मार्गकी पद्धति नहीं है साबुत फल धरनेकी. जो फल धरो वो संवारकर धरना चाहिये. तो वो बोले कि संवार कर धरूं तो साराका सारा एक बारमें ही आरोग लें और इतनी देरमें सामग्री सिद्ध होती नहीं है, और यदि अनारका एक–एक दाना निकाल निकाल कर प्रभु आरोगें तब तक मेरी सामग्री सिद्ध हो जाती है. ये अप्रेरित प्रियकरण है. ये खेल है ठाकुरजीके साथ. लीलात्मिक खेल है. इस खेलके भावका स्फुरण होना कितना दिव्य भाव है? जबकि विधायक वचन ऐसे हैं कि ठाकुरजीको जब फल भोग धरें तो संवार कर धरने चाहियें. मर्यादामार्गमें पूरेके पूरे फल धरे जाते हैं 'फलम् समर्पयामि'. चलो आरोग लेना जैसे भी आरोगना हो वैसे. संवारनेका काम हमारा नहीं. चाकू लाना आपका काम. ये विधायक वचन. 'फलम् समर्पयामि'में संवारके धरना कहां कहा गया है? ये मर्यादाका भाव. पुष्टिका इससे विपरीत है. जो फल प्रभुको धरना है प्रभुके सुखका विचार करके संवारना. संवारे बिना प्रभु किस प्रकार आरोगें? इसलिये संवारकर धरना. बादमें वो एक विधि ही बन गई कि संवारकर ही धरना चाहिये. तो विधायक वचनका अविषय ये है. भई संवार कर धरना पर सारेके सारे एक ही बारमें आरोग लें अनारके दाने, तो फिर क्या करें और इनका मन कैसे लगेगा? इसलिये एक एक दाना निकाल निकाल कर आरोगें तब तक तो मेरी सामग्री सिद्ध हो जाये. तो ऐसे ही धरना. ये जो जीवन्तता है भावकी उसे समझना चाहिये. जड़तासे नहीं पकड़ना चाहिये. मूल मुद्देकी बात ये समझो. ऐसी जीवन्तता होनी चाहिये भावकी.





**अप्रेरितत्वन्तु विधायकवचनविषयात्वाभाव तथा सति मन्त्रादिभिरेव उपचाराः विधेयाः इति आग्रहो न रक्षणीया.**

इससे मन्त्र बोलकर सारे उपचार करूंगा ऐसे आग्रहकी रक्षा नहीं करनी चाहिये. **तदुक्तम् निबन्धे 'मन्त्रमात्र पूजापरो न भवेत्'** (त.दी.नि.प्र.२।२३७). केवल मन्त्र बोलकर नैवेद्यम् समर्पयामि, वस्त्रम् समर्पयामि, यह कहनेकी अपने यहां जरूरत नहीं है. क्यों? ये बात ठीक है शास्त्रीय जो नवधा भक्ति है, उस नवधा भक्तिमें नवधा अनुभावोंका शास्त्रीय रीतिसे इस प्रकार वर्णन आया है. और उन अनुभावोंको अपने यहां स्वीकारा भी गया है, पर इन भावोंको स्वीकारा गया है सेवाके अन्तर्गत.

अब बहुत नाजुक बात हो गई, केवल शास्त्रीय रीतिसे लोगे तो ये समझमें नहीं आयेगी, केवल शास्त्रविरोधसे लोगे तो यह समझमें नहीं आयेगी, बहुत नाजुक बैलेन्स है. ये तो एक ऐसी सिफत है, जैसे गुलाबको पकड़ना हो और इसकी पंखुड़ीको पकड़ा तो सारी पंखुड़ीयां टूट जायेंगी और हाथमें आपके डंठल रह जायेगा. तो गुलाबको पकड़ना आना चाहिये. हारसिंगारकी अपने यहां माला करनी हो तो उस फूलको पकड़ना आना चाहिये जिससे हार सिंगार मुरझा न जाये. तो ये सिफत फूलको पकड़नेकी, जैसे क्रिकेटकी बौल को पकड़ते हैं वैसे गुलाबको पकड़ो तो? सत्यानाश! गुलाब गुलाब ही नहीं रह जायेगा. तो हरके वस्तुको पकड़नेकी एक सिफत होती है.

जब मैं छोटा था मुझे अच्छी तरहसे याद है कि हमारे यहां किशनगढ़में एक दुलारबाई थी. उनका हमारा केवल एक ही झगड़ा था. क्योंकि जब मुझे दरबारमें जाना हो तो मुझे दुलारबाई ले जाये. अब कौन जाने कि उसके मनमें क्या फितूर थी मुझे तो पता नहीं लेकिन जब मैं छोटा था तब वो मुझे इतनी कठोरतासे पकड़ती थी कि मेरे हाथका खून बहना ही बंद हो जाता था. उसे कुछ कह भी नहीं सकता था क्योंकि उसके संरक्षणमें मुझे वहां जाना होता था. फिर वहांसे आनेके बाद मैं क्या करता कि

भंडारमें जहां गेहूंका भूसा होता था उसे उसकी पानी पीनेकी मटकीमें घोल आता था. फिर मुझे मार पड़ती. वैर निकालूं तो निकालूं कैसे अगर इतनी कठिनतासे हाथ पकड़े तो? मेरे और उसके बीचमें यह नित्य लीला थी. यह खेल चलता रहता था. महाप्रभुजी कहते हैं "**मन्त्रमात्र पूजापरो न भवेत**".

अब आत्मनिवेदनके ऊपर अपन आते हैं. **आत्मनो जीवस्य सपरिकरस्य निवेदनं भगवत्सेवोपयोगीकरणं आत्मनिवेदनम्.** अर्थात् आत्माका जो निवेदन, उसे आत्मनिवेदन कहते हैं. आत्मा अर्थात् क्या? तो कहते हैं **सपरिकरस्य जीवस्य.** जीव और जीवसे सम्बन्धित हरेक वस्तु और व्यक्ति. अपनी भाषामें संक्षेपमें समझना हो तो अपन कह ही चुके हैं कि अंहता और ममता. मैं और मेरा. उन सबही वस्तुओंका प्रभुको निवेदन. **निवेदन** अर्थात् क्या? **भगवतसेवोपयोगीकरणम्.** भगवानकी सेवामें इनको उपयोगी बनाओ. ब्रह्मसम्बन्ध लेकर तू तेरे रास्ते मैं मेरे रास्ते, इसका नाम आत्मनिवेदन नहीं है. आपने ब्रह्मसम्बन्ध लिया और सेवा नहीं करते इसका शुद्ध मतलब ये कि विवाह किया परन्तु साथ नहीं रहना चाहते. अरे साथ नहीं रहना था तो विवाह क्यों किया? इसमें तो दो घर बिगड़ते हैं. ये बिचारा दुखी और आप भी दुखी. इसके बजाय आप भी अलग रहते और वो भी अलग रहते तो अच्छा था. लेकिन विवाह तो करना जरूरी है. इसके बगैर तो चलेगा ही नहीं. और साथ रहना अच्छा नहीं लगता. क्योंकि साथमें रहें तो बंध जाते हैं दोनों.

मुझे एक भाई बता रहा था कि हमारे बच्चे स्कूलमें पढ़–पढ़के बिगड़ जायेंगे और आप महाराजओंका कर्तव्य है कि हमारे बच्चोंको सिद्धान्त समझाओ. तो मैंने कहा कि चलो कि किसी समय इनके घर जाकर इनको सिद्धान्त समझाऊंगा. एक दिन मैं उनके घर उनसे मिलने गया तो उनका एक छोटा लड़का, उसकेलिये उन्होंने कहा कि यह लड़का सवेरेसे सेवा शुरु करता है तो शामतक करता ही रहता है. तो धन्धा कब





करेगा? फिर तो मैं समझ गया कि अच्छा किया कि मैं समझाने नहीं आया, नहीं तो ये सारी तोहमत मेरे सिर आ पड़ती. इसको इसकी मांका कुसंग लग गया था! तो फिर उसकी सेवा छुड़ा दी कि ऐसे करेगा तो फिर धंधा कौन करेगा? अब छोड़दी सेवा उसने. तो ये ऐसी स्थिति हो जाती है कि हम समझते हैं कि ब्रह्मसम्बन्ध तो लूंगा ही, ब्रह्मसम्बन्ध तो दूंगा ही, और सेवाकरनेकेलिये कहो तो कहे हमारे गलेमें यह मुसीबत क्यों डाल रहे हो? धंधा कैसे करूंगा? इसका नाम आत्मनिवेदन नहीं है. बहुत शांतिसे, स्वस्थतासे समझ लो.

पुराने जमानेमें बहुत छोटी आयुमें विवाह होता था. उसके बाद वो विवाहित लड़की, उस समय तो कन्या होती थी, कन्यादान कहलाता है, आज तो कन्या होती ही नहीं जिस समय उसका दान देते हैं, पुराने जमानेकी बात है कि कन्या होती थी. कन्याका दान दिया जाता था. ये कन्या फिर पीहर आ जाती थी. और कन्याके बाद जब किशोरी होती थी तब ससुराल जाती थी. गौनेकी पद्धति थी. अब वो पद्धति लुप्त हो गई. कन्या दान होता ही नहीं. किशोरी दान ही होता है. अब तो शादीके बाद तत्कालही जाना पड़ता है. अब समझो कि बचपनमें अपना कन्यादान हो गया हो तो सेवा करनेकेलिये इतना इन्तजार करनेमें कोई तकलीफ नहीं होती. पर किशोरी दान हुआ हो तब भी साथमें न रहे तो रहेगी कब साथमें? जब बुढ़िया हो जायेगी तब? फिर याद आता है कि ओहो हमने तो विवाह किया था पचास साल पहले. और पूछे कि बा.पा. कहां है आजकल? तो फिर बा.पा. की खोज मचानी? अरे क्या नाटक है यार? बुढ़ापेमें गोविन्द गुण गाऊंगा? इस प्रकार आत्मनिवेदन नहीं होता. हम कुछ गलत समझ गये हैं. आत्मनिवेदन नहीं पर आत्मठगाई है. हम आत्मनिवेदन नहीं पर आत्मठगाई कर रहे हैं. इस आत्मवंचनासे बचनेकी बहुत जरूरत है. सेवा करनेकेलिये ब्रह्मसम्बन्ध लेना चाहिये. साथ रहनेकेलिये विवाह करना चाहिये.

बचपनके विवाहको विवाह और गौनेके तौर पर समझना चाहिये. बहुत छोटा हो तो. बात समझे. गलत तरीकेसे ले महाराज नहीं करना, छोटे बच्चेके पीछे पड़ जायें कि क्यों ब्रह्मसम्बन्ध लिया कर सेवा. ये गलत पद्धति है ले महाराजकी. लेकिन किशोरी समर्पण हुआ हो, किशोर समर्पण हुआ हो तो, तो सेवा करनी ही चाहिये. सेवाके बिना आत्मनिवेदन चरितार्थ ही नहीं होता. अतएव आत्मनिवेदनकी परिभाषामें देखो. **सपरिकरस्य जीवस्य निवेदनं भगवद्सेवोपयोगीकरणं.** भगवद् सेवाका उपयोगी इसको बनाना. **परिकरस्तु** जीवका परिकर क्या? तो कहते हैं **'दारान् सुतान् गृहान् प्राणान् यत् परस्मैः निवेदनं एवं धर्मैः मनुष्याणाम् उद्धवात्मनिवेदिनाम्'** (भाग.पुरा.११।३।२८) अपनी पत्नी, अपना पुत्र, अपना घर, आत्मनिवेदन यह साथमें जीनेका प्रकार है, मरनेका प्रकार नहीं है.

हिन्दीके एक बड़े कवि हुये हैं. निरालाजी. जब चीनने हिन्दुस्तानके ऊपर आक्रमण किया, तो उन्होंने एक कविता लिखी **''जागो रे एक बार समरमें अमर कर प्राण जागो एक बार.''** अब जब ये छपा तो अशुद्ध छपा कि ''एक बार समरमें अमर कर प्राण भागो एक बार. तुम भागो फिर एक बार.'' कुछ भी करके भागो, नहीं तो सब मर जाओगे, चीनने आक्रमण किया है. पाठभेदका खाता ऐसा सत्यानाशी होता है, अर्थ देखो कितना सुंदर कि ''समरमें अमर कर प्राण जागो एक बार.''

ऐसे धर्मोसे यदि तुम आत्मनिवेदन करोगे तो तुमको मेरेमें भक्ति उत्पन्न होगी. ऐसी भक्ति कि जिसके कारण तुमको किसी अन्य साधनाका आकर्षण या गरज रह ही नहीं जायेगी. पूरा वचन ऐसे है ''**मयि सञ्जायते भक्तिः कोऽन्योऽर्थोऽस्यावशिष्यते''.** इसकेलिये क्या बाकी रह जायेगा? कुछ बाकी नहीं रह जायेगा. ऐसे एकादश स्कन्धमें भगवानका वाक्य है. **अतएव** देह वगैरह देह इन्द्रिय प्राण अन्तःकरण और आत्मा, इन्हें अहम् कहते हैं, और **दारादयश्च** अर्थात् पत्नी संतति घर, पैसा, ये सब **ममतास्पद**





**भूताः** हैं. ये अहम् और मम् इन दोनोंका हमें निवेदन करना है, **तत् सहितस्य आत्मनो भगवद्सेवोपयोगी करणं विवक्षितम्.** अर्थात् अहंता ममता सहित जो आत्मा है उसे भगवद्सेवामें उपयोगी बनाना उसका नाम 'आत्मनिवेदन'. जो आपको उपयोगी बनाता ही नहीं, तो फिर **करणं आत्मनिवेदनम्** नहीं पर **पुष्टिमार्गीय मरणं** आत्मनिवेदन हो जायेगा. ये बात अच्छी तरहसे समझ लेना चाहिये.

**तत्र 'क्रीडार्थम् आत्मन इदं त्रिजगत् कृतं ते'** (भाग.पुरा. ८।२२।२०) **इति वाक्यात् निखिलप्रपञ्चस्य भगवदीयतायाः सिद्धत्वेन, किं नाम निवेदनम्! इति भवति शंका.**

भगवानने यह समस्त सृष्टि अपनी क्रीडाकेलिये प्रकट करी है. अतः पूरा जगत भगवदीय है. किसने कहा कि भगवदीय नहीं है? तो आत्मनिवेदन करनेसे इसमें क्या अधिकता आ जायेगी? सब कुछ भगवानका ही है. आज भी कितने बालक ऐसा कहते हैं कि सब कुछ भगवानका है तो इसमें देवद्रव्य अलग कहांसे आ गया? सब कुछ भगवानका ही है, तो देवद्रव्य किस प्रकार हो गया? पर आपके प्रश्नोंका आपके विधानोंसे निराकरण नहीं होगा, पर महाप्रभुजीके वचनोंसे इसका निराकरण या निरूपण हो सकता है. पर अपने दिमागमें जो फितूर चढ़ गई उससे निराकरण नहीं होता. ये अपनी प्राचीन पद्धति थी. महाप्रभुजी कह रहे हैं **''मेरो व्हे के जो देवद्रव्य खायेगो सो महापतित व्है जायगो और मेरो नाहिं कहावेगो. सोनाकी कटोरी हती सो देवद्रव्य हतो''** देवद्रव्य होता है किसने कहा कि नहीं होता? **देवद्रव्य जो खायगो वो महापतित हो जायेगो, मेरो नहीं कहायेगो''** ये महाप्रभुजीने कहा है कि श्याममनोहरजीने कहा है? इन वचनोंका विचार करते ही नहीं हैं. तू तारा तीर दीधे राख, इसमें तेरे बापका क्या जा रहा है? इस प्रकार हम हांकते रहते हैं, तो समझो निखिल प्रपञ्च भगवदीय है, उसमें निवेदन अर्थात् क्या? ये शंका होती है **तत्र अयम् सिद्धान्तः**. ऐसी शंकाका

निराकरण इस सिद्धान्तसे समझना. **देहादिर्भगवदीयत्वेऽपि** देव वगैरह सब भगवानके हैं, जो कुछ प्रकट हुआ है, वो भगवानने स्वयं अपनेमेंसे क्रीड़ाकेलिये प्रकट किया है, और सब कुछ भगवदीय है, ऐसा होते हुये भी हम ऐसे कैसे समझ सकते हैं कि यह पुष्टिमार्गीय भगवदीय है कि मर्यादामार्गीय भगवदीय है? तदउपरान्त प्रवाहमार्गीय भगवदीय क्यों नहीं हो सकता? एक बात समझो कि क्रीड़ा इसी प्रकार प्रकट हुई है कि इस क्रीड़ामें कोई पुष्टिमार्गीय है, कोई भगवदीय है, कोई आसुरावेशी है, कोई असुर है, "**द्वया ह वै प्राजापत्याः**" कहा था कि नहीं? देव, दानव, मानव रूपमें प्रकट हुये हैं.

हम जानते हैं भगवानके द्वारपाल थे सुरासुररूप अथवा आसुर कृति इनकी हुई कि नहीं हुई अगर हुई तो आसुर कृति हुई तो इनका उद्धार प्रभुने भक्तिरूपमें किया कि शास्त्र रीतिसे किया? इन्होंने भक्ति कहां प्रकट की थी शास्त्ररीतिसे? "**यह व्रत माधव प्रथम लियो. जो मेरे भक्तनको दुख दे ताको फारों नखन हियो**". इन्होंने कहीं माखन चुराके खानेके उपरान्त उद्धार नहीं किया. आसुरभावमें तो मारनेका ही है. "**असुर हणेवा ब्रह्मवाद करपाण**", कहते हैं कि नहीं गोपालदासजी? तो ये शास्त्रके सिद्धान्तसे असुरोंका हनन तो होना ही चाहिये. हमको मारनेकी जरूरत नहीं है. ये भगवानकी शक्तिकी बात है. असुरोंको मारना यह अपना सिद्धान्त नहीं है लेकिन आसुरभावको तो मारना ही चाहिये. आसुर विचारकी सरणीको तो मारना ही चाहिये ब्रह्मवाद शास्त्रके सिद्धान्तोंसे. इसकेलिये ही श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करते हैं "**शास्त्रम् अवगत्य मनोवाग्देहैः कृष्णः सेव्यः**". कृष्णका सेवन करो लेकिन शास्त्र द्वारा समझके करो. शास्त्रके उलटे सीधे अर्थ करके नहीं. अतएव बात समझो. "**देहादेः भगवदीयत्वेपि जीवस्य मायामोहितबुद्धित्वात्**" जीव मायासे मोहित बुद्धिवाला है इस कारण **देहादौ स्वकीयत्वाध्यासरूपो दोषो** इस देहको मैं अपना मानता हूं. वो अपना स्वकीयत्व देहके





बारेमें, हमारा अनुभव कैसा है? यह भगवानका है वो कहां जनाता है? जो भगवानका हो और वो मुझे जनाता हो, तो मैं भगवद्भक्त्यर्थ सेवा किस कारण करूं? मुझे भगवानभी ऐसा ही जनाता है कि भगवान मेरा पैसा कमानेकेलिये है. मैं भगवानकी सेवा करनेकेलिये हूं ऐसा नहीं जनाता. नवीन ग्रंथ जो ऐसा प्रकट हुआ है कि भगवानकी सेवा अपने पैसा कमानेकेलिये है. तो पैसा कमानेकेलिये अगर भगवानकी सेवा हो तो भगवान हमारे लिये हुआ, तो फिर **क्रीड़ार्थम् आत्मनः** नहीं भगवानने भी फिर अपनी क्रीड़ाकेलिये त्रिजगद् नहीं किया. ये जो सारा जगत है, मैं मेरी क्रीड़ाकेलिये कर रहा हूं. और इसमें मैंने भगवानको खड़ा किया है. भगवानके द्वारा खड़ीकी गई सृष्टिमें मैं भगवदीय नहीं हूं लेकिन हमारी सृष्टिमें मैं भगवानको खड़ा कर रहा हूं. भाव तो बदल गया ना? **स्वकीयत्वाध्यास**के कारण. **स्वकीयत्वाध्यासरूपो दोषो निवेदनप्रतिबन्धकः**. ये जहां तक हमें अपनी स्वकीयताका अध्यास है, अर्थात् जहां तक मैं ऐसे समझता हूं कि ये मेरे लिये है, जहां तक ऐसे नहीं समझता कि यह सब प्रभुकेलिये है, वहां तक स्वकीयताका अध्यास मुझे है. और ये अध्यास मेरे निवेदनमें प्रतिबन्धक होता है. ये अध्यास जैसे–जैसे टूटता है, अर्थात् वाणीसे छूटे मनसे छूटे, और कायासे छूटे, इसमें सबसे पहले कायासे छूटना चाहिये. उसके बाद वाणीसे छूटना चाहिये. सबसे आखिरमें मनसे भी छूट ही जायेगा. पर शुरुआत अपनी इस प्रकार करनी चाहिये कि कमसे कम कायामें तो हम यह **स्वकीयत्वाध्यास** प्रकट न करें. कमसे कम वाणीमें तो यह **स्वकीयत्वाध्यास** प्रकट न करें. "यह सब सेवा मैं मेरे लिये कर रहा हूं." भई सेवा तू तेरे लिये नहीं कर रहा भगवानकेलिये कर रहा है. तू भगवानकेलिये है भगवान तेरे लिये नहीं हैं. पर हम कहें कि "सेवा" मैं मेरे कमानेकेलिये कर रहा हूं." तो वृत्यर्थसेवामें स्वकीयत्वाध्यास घटा कि बढ़ा? बढ़ता ही है घटता नहीं है. मूल सिद्धान्त समझो तो आपको समझमें आ जायेगी ये

बात **स्वकीयत्वाध्यास रूपो दोषो निवेदनप्रतिबन्धकः. तन्निवृत्तिः अपेक्षितः.** इसकी निवृत्तिकी हमें अपेक्षा है. क्यों? **अष्टमस्कन्धे विन्ध्यावल्या 'क्रीड़ार्थमात्मन इदं त्रिजगद् कृतं ते'** (भाग.पुरा. ८।२२।२०). **अष्टस्कन्धमें** (बलिराजाकी रानी विन्ध्यावलीने कहा है कि हे प्रभु आपने अपनी क्रीड़ाकेलिये तीनों लोकोंका निर्माण किया है.) **इत्यनेन क्रीड़ार्थम् प्रपञ्चनिर्माणम् उक्त्वा 'स्वाम्यन्तु तत्र कुधियोऽपर ईश कुर्युः'**(भाग.पुरा.८।२२।२०). और उसमें स्वाम्य अपनी कुत्सित बुद्धिके कारण होता है. ये वहां कहा है. **इत्यनेन मायोत्थमोहजन्यकुधीत्वं जीवानाम्** वहां **मायोत्थ** अर्थात् मायासे उत्पन्न हुआ, ये मोह और इस मोहसे जन्य जो **कुत्सित** बुद्धि, उस बुद्धिके कारण **जीवानां देहादि विषयक स्वाम्याभिमानकरणम् अध्यासरूपम् उक्तम्.** उस कुबुद्धिके कारण जीवका देह वगैरहमें अपने स्वामित्वका अभिमान हो जाना उसका नाम "अध्यास" है. **अतो अध्यासः परिहरणीयः.** इसलिये इस अध्यासका परिहार करना चाहिये. **तथा च सिद्धमिदम् लक्षणम्** उससे यह लक्षण सिद्ध होता है, **स्वकीयत्वाध्यासनिवृत्तिपूर्वक भगवदीयत्वबुद्धिसम्पादनेन देहादीनां भगवत्सेवोपयोगीकरणम् = आत्मनिवेदनम्.** सब कुछ मिलाकर आत्मनिवेदनका अर्थ ऐसे होता है कि जो वस्तु तुम्हारी अंहता ममतासे आवृत्त है, उसकेलिये आप सबसे पहले ऐसे मानो कि ये आपके लिये नहीं है, प्रभुकेलिये है. और प्रभुकेलिये है, ऐसा मानकर इन्हें प्रभुकी सेवामें प्रयोग नही करो, तो वो तो ठगाई हो गई. अतएव सबसे पहले *स्टेप नम्बर वन,* **स्वकीयत्वाध्यासनिवृत्तिः.** इसमेंसे ऐसा भाव निकाल दो कि यह मेरे लिये है. है मेरी पर प्रभुकेलिये है. ऐसा भाव लाओ. ऐसा भाव अगर तुम्हारेमें आ गया तो तुम्हारा स्वकीयत्वाध्यास निवृत्त हो गया. ऐसी बुद्धि प्राप्त होनेके बाद, भगवत्सेवामें इसका प्रयोग न करो तो आप ठगाई कर रहे हो. या तो अपने साथ, अर्थात् बेवकूफ हो तो अपने साथ और बदमाश हो तो गामके साथ. ठगाई करनेकेलिये ब्रह्मसम्बन्ध ले लिया,





ठाकुरजीके सामने हाथमें तुलसी लेके शपथ खाली कि मेरेसे जुड़ी हुई मेरी अहंता ममतासे जुड़ी हुई समस्त वस्तु प्रभु आपके सामने शपथ खाके कहता हूं कि आपकी सेवाकेलिये है. अब सेवा कब शुरु करनी ये मैंने थोड़े ही बताया था. अगले जन्ममें करूंगा. आज नगद और कल उधार. करूंगा कब? बुढ़ापेमें गोविन्द गुण गाऊंगा. अभी तो मैं बच्चा हूं. बालक बन्दर एक समान. पर ये वृत्ति अच्छी नहीं है फिर. छिटक जाता है आदमी इस प्रकार. इस प्रकार छिटकना यह आत्मनिवेदन नहीं है. ये तो मरणं है करणं नहीं है. ये बात आप अच्छी तरहसे समझो.

**"एवं नवविधा भक्तिः प्रेमात्मकभक्तिसिद्धये कर्तव्या."** और इस नवधाभक्तिको जनतामें अपना ठसका दिखानेकेलिये, अपना भभका दिखानेकेलिये या पैसा कमानेकेलिये, या हम प.भ. है यह सिद्ध करनेकेलिये, महानुभाव हूं ऐसा सिद्ध करनेकेलिये, इन सब हेतुओंसे नहीं, **एवमं नवविधा भक्तिः प्रेमात्मकभक्तिसिद्धये कर्तव्या.** नवविध भक्ति क्यों करनी? जिसको करके मेरा प्रेम प्रभुमें बढ़े. इसमें एक मानस शास्त्रका विचार हमारे आचार्योंने किया है कि किसी भी वस्तुका हम संग करें तो इसके साथ स्नेह हो जाता है. जैसे चार साल चाय पियो. तो चायका संग हुआ. उसके बाद चायसे प्रेम होगा. फिर आसक्ति और व्यसन सिद्ध हो जायेगा चायका. संगसे प्रेम आसक्ति व्यसन सिद्ध होता है. अब प्रभुका संग किस प्रकार करना? उसकेलिये शास्त्रने नवधा भक्ति बताई कि इन नौ प्रकारोंसे आप प्रभुका संग करोगे, तो आपका प्रभुमें प्रेम होगा, और प्रभुका संग करनेका अपने पास कोई उपाय नहीं है. लेकिन **श्रवणम् कीर्तनम् स्मरणम् पादसेवनम् वंदनम् अर्चनम् दास्यम् सख्यम् आत्मनिवेदनम्.** इन नौ प्रकारोंसे जब हम प्रभुका संग करेंगे तो प्रभुके साथ हमारा स्नेह बढ़ेगा. और जब स्नेह प्राप्त हो गया तो इसका प्रेम आसक्ति व्यसनमें उत्तरोत्तर विकास हो सकता है. किसी दिन आप सेवासे वञ्चित रह जाओ तो आपको ऐसा लगे कि आजका दिन तो निष्फल

गया. कुछ चुभ रहा है हृदयमें कि आज सेवा नहीं हुई. ऐसा भाव आपको कब लगेगा कि जब आप निरन्तर प्रभुका संग करते रहो तो. अगर निरन्तर संग नहीं करोगे तो ये बात आपको समझमें ही नहीं आयेगी. कहा जाता है **"वतनकी कशिश और वतनकी मौहब्बत जरा कोई देखे वतनसे निकलके"**. आपका देश तुम्हें कितना अच्छा लगता है, आपके देशकेलिये तुम्हें कितनी चाहना है, वो जहां तक आप देशमें ही रहोगे, वहां तक समझमें नहीं आयेगी. एक बार देशको छोड़के जाओ, तो पता चलेगा कि देशकी कशिश हृदयमें कितनी है? वतनकेलिये सच्ची मौहब्बत कितनी है? एक तोताचश्म पिंजरेमें से उड़ा, तो फिर आया ही नहीं, तो ये कोई स्नेह थोड़े ही है वतनका? सेवा छूटी और वो याद आती हो, श्रवण छूटा और श्रवण याद आता हो, कीर्तन छूटा और याद आता हो, स्मरण छूटा और याद आता हो, अर्चन नहीं कर सका उस अर्चनकी याद आती हो, वंदन नहीं कर सका और उस की याद आती हो, दास्यका कुछ भी कार्य नहीं कर सका उसकी तकलीफ हमें सताती हो, प्रभुका किसी प्रकारका हित हम विचार नहीं सके, अप्रेरित हित नहीं विचार सके, उसकी मनमें कुछ ग्लानि आती हो, अपनी अहंता ममतासे जुड़ी वस्तुको प्रभु उपयोगी नहीं बना सके. उसकी कुछ चुभन दिलमें होती हो, जैसे चाय नहीं पी तो सिर भारी हो जाता है. ऐसा कुछ होने लगे, तब समझना कि प्रभुमें आसक्ति हो गई. तो प्रभुका संग करनेकेलिये तो एक दिव्य उपाय शास्त्रने और महाप्रभुजीने हमारे लिये विचारा है, उसे उनकेलिये करोगे तो वो प्रेमात्मिका भक्ति है. और प्रदर्शनकेलिये करोगे तो केवल प्रदर्शन है. वृत्त्यर्थ करोगे तो वृत्ति है. मोक्षार्थ करते हो तो मोक्षोपाय है. लेकिन भक्ति उपाय नहीं है. केवल एकही शर्त, एकही शर्त और एकही शर्त, कि मुझे प्रभुके प्रति प्रेम कैसे प्राप्त हो? उसकेलिये मुझे ये सब उपाय करने हैं क्योंकि प्रभुका संग मैं किस प्रकार कर सकता





हूं? जबकि मैं प्रभुकेलिये कुछ सुनूं नहीं, प्रभुका कीर्तन नहीं करूं, प्रभुका स्मरण नहीं करूं.

हमारी काया वाणी और मन है, तो ध्यानसे देखो श्रवण स्मरण कीर्तन; अर्चन वंदन पादसेवन; दास्य सख्य और आत्मनिवेदन, यह कहनेकेलिये तो नौ हैं, पर मूलमें यह तीन ही हैं. कायिक वाचिक और मानसिक. यह त्रिविध संग कायिक वाचिक और मानसिक हम प्रभुके साथ कर रहे हैं, अपनी कायासे, अपनी वाणीसे, अपन प्रभुका संग कर रहे हैं, ऐसा संग प्रभुका हमें मिले, तो फिर स्नेह प्रकट होनेका कोई अवसर आ सकता है, संग नहीं हो तो वञ्चित रह गया, उसकेलिये यह एक दिव्य प्रयोग है जीवनका. उस प्रयोगको हम गलत तरीकेसे प्रदर्शनमें अथवा आजीविकाके उपार्जनमें लगायें तो यह प्रयोग निष्फल हो जाता है, अब कोई प्रयोग निष्फल हो कि सफल हो इसमें किसीके साथ कोई सम्बंध होना ही नहीं चाहिये, ये मुद्देकी बात समझ लो, क्योंकि परमात्मा और जीवात्मा ये हरेकका स्वयंका व्यक्तिगत विषय है. इसमें मियां–बीबी राजी तो क्या करेगा काजी, इसमें क्यों किसी दूसरेको घुसना चाहिये? लेकिन प्रश्न कोई क्या कर रहा है, उसका नहीं है, फिरसे समझो, प्रश्न महाप्रभुजीके सिद्धान्त क्या है इसको समझनेका है. इस सिद्धान्तको अपन समझ जायें कि क्या है, उसके बाद तो जिसे जो कुछ करना हो वो करे. इसके साथ अपना कोई सम्बन्ध नहीं है. अपना सम्बन्ध ग्रंथके साथ होना चाहिये. **शास्त्रम् अवगत्य मनोवाग्देहैः कृष्णः सेव्यः** ऐसा अपने जीवनका दृष्टिकोण होना चाहिये. शास्त्रको समझो अच्छी तरहसे, और मन वाणी और देहसे, नवधाभक्तिको कृष्णसेवामें इस प्रकार लगा लो, कि आपको कृष्णसंग हो, और ये कृष्णसंग आखिरमें कृष्णप्रेममें विकसित हो जाये. कृष्णका तुम्हें व्यसन हो जाये, जैसे चायका व्यसन हो जाता है. कृष्णका आपको प्रेम जागे, कृष्णके बारेमें आपके हृदयमें ऐसी आवश्यकता उत्पन्न हो जाये, कि ये जो

एकादशी करनी हो तो सुबहसे मुंह सूख जाता है कि आज एकादशी, ये स्वाद वाली एकादशी नहीं, एकादशीका उपवास अगर करना हो ना तो सुबहसे चित्त तन्मय हो जाता है कि आज एकादशी है!! ऐसी तन्मयता आ जानी चाहिये. ऐसी तन्मयता कि कृष्णसेवा छूट गई है वह हमें चुभे, ऐसा प्रेम हमें प्राप्त करना चाहिये. नहीं तो हम समझनेमें कुछ गलती कर रहे हैं. मूल ये बात अपने ग्रंथके आधार पर, नवधा भक्तिकी करी.

oooooooooo

## छट्ठे दिनका प्रवचन

महाप्रभुजीका जो भक्तिका कन्सेप्ट है, वो किसी भी दूसरे आचार्यकी तुलनामें बिल्कुल अनोखा और अलग कन्सेप्ट है. यह प्रशंसाके अर्थमें नहीं कह रहा हूं, पर एक विशेष अर्थमें कह रहा हूं, बिल्कुल अलग है. जिस प्रकार हम भक्तिको समझते हैं उस प्रकार महाप्रभुजी भक्ति नहीं कह रहे हैं. इसकेलिये एक बात समझो, **परमात्मा**को अपने यहां **ब्रह्म परमात्मा भगवान सच्चिदानंद** ऐसे कहते हैं. उसके सिवाय **परमात्मा**को **आत्मरति, आत्मानंद, आत्ममिथुन, आत्मक्रीड** ऐसा भी कहनेमें आया है. अतएव परमात्माके साथ, रमण कर सके कोई, जिसके साथ परमात्मा रमण कर सके, ऐसा कोई परमात्माका साथीदार या जोड़ीदार है ही नहीं. ये इतना अधिक एकाकी है. **"स एकाकी न रमते सः द्वितीयम् ऐच्छत्."** अर्थात् ऐसा कोई द्वितीय था नहीं कि जिसके साथ परमात्मा रमण कर सके. इसकेलिये ही श्रुति ऐसा कहती है **"स आत्मानं द्वेधा पातयत ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्."** इसने अपने आपको दो हिस्सोंमें बांटा. एक रूपमें यह रमणका आनन्द लेनेवाला हो गया, और एक रीतिसे रमणमें भाग लेनेवाला हो गया. जैसे नाटकमें एक अभिनेता होता है, एक नाटक करनेवाला होता है, एक दर्शक होता है जो नाटकको





देखनेवाला होता है. मजा लेनेवाला होता है नाटकका. इस प्रकार परमात्मा स्वयं अपने आपका आनन्द लेता है कुछ बाहरका आनन्द नहीं, जैसे अपन विषयका आनन्द लेते हैं. ये जो गीतामें एक बात बहुत भारपूर्वक समझाई कि हम विषयसे जो आनन्द ले रहे हैं वो आनन्द हम अपनी वासनाके कारण ले रहे हैं. और जो वासनासे हम विषयका आनन्द नहीं लें तो विषयका सच्चा आनन्द हमको मिले, और जो विषयका हम आनन्द नहीं चाहते हों तो वासनाका भी सच्चा आनन्द मिल सकता है, इसकेलिये मैंने प्रशंसा करके कहा कि मजनू या योगी वासनाका सच्चा आनन्द ले सकता है, लेकिन हम जैसे अधकचरे लोग हैं ये सब विषय और वासनाकी खिचड़ीका आनन्द लेते होते हैं. न तो वासनाका आनन्द ले सकते हैं और न ही शुद्ध विषयका आनन्द ले सकते हैं. हमारेमें ऐसी शक्ति नहीं है क्योंकि शुद्ध वासनाका आनन्द कोई मजनू या योगी ही ले सकता है, शुद्ध विषयका आनन्द कोई विरला आदमी ही ले सकता है, हम नहीं ले सकते हैं. हम जो ले सकते हैं वो वासनाके चश्मेसे विषयका आनन्द ले सकते हैं. ये इसकी सीमा है. तो एक बात समझो. जब वासनाका आनन्द ले रहे हैं तब हम अपना आनन्द ले रहे हैं. जब हम विषयका आनन्द ले रहे हैं तो हम अपना आनन्द नहीं ले रहे हैं पर किसी दूसरेका आनन्द ले रहे हैं. और हरेक आनन्द लेनेमें एक कठिनाई है कि जैसे गन्नेको मुंहमें लेके चूसो तो रस निकलेगा. आनन्द–आनन्द हो जायेगा. फिर उसको चाबते रहो चाबते रहो, फिर उसकी छूंछ रह जायेगी. फिर उसमें मजा नहीं आयेगा. गाय बैलको मजा आता है इसमें लेकिन आदमीकी बड़ी अजीबोगरीब स्थिति होती है कि एक वस्तुको बहुत बार चबाओ न, चाहे वो रसगुल्लाही क्यों न हो, खाके निगल जाओ तो आनन्द आयेगा परन्तु मुंहमें रखकर उसकी जुगाली करते रहो तो थोड़ी देर बाद आपको उबकाई आने लगेगी. इसकी भी एक सीमा होती है. क्योंकि विषयका आनन्द हम लेने जायें तो मिलता

नहीं है क्योंकि हमको आदत पड़ गई है वासनाका आनन्द लेनेकी. वासनाका आनन्द लेने जायें तो थोड़ी देर इसका आनन्द लेते लेते फिर इसकी उबकाई आने लगती है. फिर विषयकी तरफ हमारा ध्यान चला जाता है. घड़ीके पेन्डुलमकी तरह आनन्द लेनेकी वृत्ति विषय और वासनाके बीच टक–टक–टक–टक करती रहती है. न तो शुद्ध वासनाका आनन्द मिलता है और न ही शुद्ध विषयका आनन्द मिलता है. इसके कारण हमारे लिये बहुत सारी रुकावटें हैं. जिसे हम संसार कहते हैं. ये जो रुकावट है, ये टक–टककी रुकावट है. बाकी एक तरफ स्थिर हो जायें तो ये सारे लफड़ा खत्म हो जाते हैं. इस पार या उस पार हम हो जाते हैं. फिर जीवनमें ऐसी टक–टक रह नहीं जाती. तो भगवान जो आनन्द लेता है, तो वो कोई दूसरेका अपनेसे अलग विषयका आनन्द नहीं लेता. वो तो अपना ही आनन्द लेता है. क्योंकि भगवान सिवा कुछ दूसरा है ही नहीं. **एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म.** यह एकमेव है. द्वितीय हो कोई ऐसा जिससे कि ये आनन्द ले सके वो इसकी सामर्थ्यसे बाहरकी बात है.

इसकेलिये अकबर बीरबलकी हास्य वार्ताओंमें ऐसे आता है कि अकबरने बीरबलसे पूछा **मैं बड़ा कि अल्लाह बड़ा?** तो बीरबलने ऐसे कहा **आप बड़े बादशाह.** अकबरने कहा **इसका मतलब तू चापलूसी कर रहा है.** तो बोला **नहीं मैं चापलूसी नहीं कर रहा. पर वस्तु स्थिति ऐसी है कि अल्लाह मुझ पर अगर गुस्सा हो जाये तो वो मुझे देशनिकाला नहीं दे सकता. पर आप गुस्सा हो जाओ तो आप देश निकाला दे सकते हो. अल्लाह देशनिकाला कैसे देगा? अगर देशनिकाला देगा तो ऐसा कौनसा देश है कि जहां अल्लाहका राज न हो? और आप गुस्सा हो जाओ मेरे ऊपर और गैट आऊट कहो तो मुझे जाना पड़ेगा. अतएव मेरे हिसाबसे अल्लाहसे आप बड़े.** अल्लाहकी भी एक कमजोरी है कि ये हमको देशनिकाला नहीं दे





सकता, अल्लाहकी कमजोरी है कि इसे आनन्द लेना हो किसीका तो दूसरा विषय ही नहीं है जिसका वो आनन्द ले सके. और हमें प्रभुने कितना सारा दिया है. विषयका आनन्द लेना हो तो विषयका लो, आत्माका आनन्द लेना हो तो आत्माका लो, वासनाका लेना हो तो वासनाका लो, परमात्माका लेना हो तो परमात्माका लो, भक्तिका लेना हो तो भक्तिका लो. ज्ञानका लेना हो तो ज्ञानका लो. कर्मका लेना हो तो कर्मका लो. "**स वै नैव रेमे तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत्. एकोहं बहुस्यां प्रजायेय.**" कितने सारे आनन्द लेनेकी कितनी सारे सैम्पल इसने प्रस्तुत कर दिये हैं कि लो जो लेना हो वो ले लो, दैवी आसुरी, कितने सारे भाव, कितनी सारी विविधताएं, कितना अधिक आनन्द हम ले सकते हैं कि एक आनन्द कितने आनन्दरूपमें प्रकट हुआ है. पर एक बात समझो कि ये सब आनन्द हम ले सकते हैं परमात्मा असमर्थ है इन सबका आनन्द लेनेकेलिये. क्योंकि जिस भी रीतिसे आनन्द लेगा वो अपना ही आनन्द लेगा. ये किसी दूसरेका आनन्द नहीं लेता. क्योंकि परमात्माको आत्माराम, आत्मरति, आत्ममिथुन, आत्मक्रीड कहा जाता है उपनिषदोंमें. इस कारण सृष्टि जो प्रकट हुई वो परमात्माकी आत्मरतिका ही विस्तार है. आत्माका ही विस्तार परमात्माने किया. **स आत्मानम् द्वेधा पातयत ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्.** अपने आपका ही अनुभव करते हुये अनुभूयमान विषयमें बंटा. इसने अपने आपको ही कर्ता और क्रियामें बांटा. इसने अपने आपको ही ज्ञाता और ज्ञेयमें बांटा. उसके बाद ये आनन्द ले रहा है तो ज्ञाताके रूपमें अपना आनन्द ले रहा है और ज्ञेयके रूपमें आनन्द ले रहा है तो अपना आनन्द ले रहा है. कर्ताके तौर पर आनन्द ले रहा है तो अपना आनन्द ले रहा है, कर्मके रूपमें आनन्द ले रहा है तो अपना आनन्द ले रहा है. देवकेरूपमें आनन्द ले रहा है तो अपना आनन्द ले रहा है और असुरके तौर पर आनन्द ले रहा है तो अपना ले रहा है. तो परमात्मा तो पराधीन है इस विषयमें.

पराधीन किसी दूसरे अर्थमें कह रहा हूं गलत मत समझ लेना. यह चालूखातेके अर्थमें नहीं कह रहा कि परमात्मा पराधीन है. तो परमात्मा किसी दूसरेका आनन्द ले ही नहीं सकता. परमात्माने जो यह भेद प्रकट किया कि उसके बजाय हम किसी दूसरी वस्तुका आनन्द ले सकते हैं लेकिन किस सीमा तक कि परमात्मासे भिन्न कोई वस्तुको लें तब ले सकते हैं. और परमात्माका आनन्द, विषयोंका आनन्द हम भिन्न तरीकेसे ले सकते हैं, विषयोंको देखनेकी जो अपनी वासना है, उसका आनन्द हमको भिन्न तरीकेसे लेना हो तो ले सकते हैं. इसके कारण भक्तिका जो स्वरूप महाप्रभुजी बता रहे हैं कि परमात्मा जो लीला करता है, उसकी एक दिशा है, उस दिशासे उस दिशामें तैरना भक्ति है. जिस दिशामें लीला प्रकट हुई है, एकसे अनेक होनेकी दिशा, लीला क्या है एक अनेक हुआ. और एक अनेक हुआ उस दिशामें, एकसे अनेकताकी ये जो दिशा है वो लीलाकी दिशा है. ज्ञानकी दिशा अनेकसे एक की ओर जानेकी दिशा है. ज्ञानसे हम क्या करते हैं कि जो अनेकता परमात्माने प्रकटकी उसमें बहना है, जैसे कि नदी ऐसे बहती है, प्रवाह ऐसा है तो उसके सामने तैरना. ज्ञानका जो प्रकार है वो बहुत मुश्किल है. परमात्मा जो लीला प्रकट कर रहा है, उसके सामने तैरना है, उल्टी ओर. इसकेलिये गीतामें भगवान कहते हैं कि अव्यक्तकी उपासना बहुत मुश्किल काम है. क्यों? क्योंकि प्रवाहसे उलटे तैरना है.

गंगाजीमें एक दिन बहुत पानी चढ़ा हुआ था. मुझे आनन्द आ गया कि चलो तैरते हैं. लेकिन मैंने देखा ही नहीं और हाथ पैर चलाता रहा, दस पन्द्रह मिनटके बाद मैंने किनारेकी ओर देखा तो मैं वहांका वहां ही था. क्योंकि जितना हाथ पैर चलाके मैं आगे बढ़ता था तो पानीका वेग मुझे पीछे धकेल देता था. मोटे तौरपर ज्ञानियोंकी साधना वहांकी वहां ही रह जाती है, इसका कारण कि जिस प्रवाहसे लीला चल रही है उस प्रवाहकी





ताकतको तोड़के आगे बढ़ना कोई साधारण बात नहीं है बहुत सामर्थ्य चाहिये इसकेलिये. प्रवाहका जो वेग उसकी तुलनामें दुगना वेग हम इस्तमाल करें तो हम आगे बढ़ सकते हैं. और प्रवाहका जो वेग उसमें अपने हाथ पैर चलाने बंद कर दें तो हम प्रवाहके वेगमें बह कर उस दिशामें चले जायेंगे जिसमें प्रवाह जा रहा है. ये लीलाका वेग है. ध्यानसे समझो कि प्रवाह, अब मैं दूसरे प्रवाहकी बात कर रहा हूं, पुष्टि प्रवाह मर्यादामें जिसे 'प्रवाह' कहनेमें आ रहा है वो प्रवाहका वेग लीलाका वेग है. तैरते जानेका. जिस तरफ प्रवाह जा रहा है उस तरफ तैरते जाओ. अर्थात् एक की ओरसे अनेकताकी ओर तैरते जाओ. इसकेलिये भागवतकार कहते हैं कि **''जिह्वैकतोऽच्युत विकर्षति मावितृप्ता शिश्नोऽन्यतस्त्वगुदरं श्रवणं कुतश्चित्. घ्राणोऽन्यतश्चपलदृक् क्व च कर्मशक्तिर्बह्व्यः सपत्न्य इव गेहपतिं लुनन्ति.''** (भाग. ७/९/४०) ये आंख हमें रूपकी ओर ले जाती है. कान हमें ध्वनिकी ओर ले जाते हैं. दस बारह पत्नीओंको इक्कठ्ठा करो, और वो सब छीनाझपटी करके किसी दिन पतीका मर्डर करके भाग जाती हैं. सबको इक्कठ्ठा किया और फिर सबको संतुष्ट किया नहीं तो. आखिरमें सब इसके ऊपर गुस्सा हो जाती हैं. **''बह्व्य सपत्न्य इव गेहपतिं लुठन्ति''** तो इस प्रकारकी अपनी गति प्रवाहमें हो जाती है. अब मैं दूसरे प्रवाहकी बात कर रहा हूं. पानीके प्रवाहमें तैर रहे हों तो हमको पता ही नहीं चलता कि हम कहां तैर रहे हैं. बस तैरते ही जाते हैं.

इन दोनोंसे अलग रखना है भक्तिको. किस प्रकार? न तो प्रवाहके उलटे तैरो, न प्रवाहके साथ तैरते जाओ, लेकिन कुछ इस प्रकार कि प्रवाहका आनन्द भी मिले और प्रवाहमें बह भी न जायें, उस प्रकारकी तैरनेकी कुशलता आपको हो तो वो भक्तिके कारण होती है. भक्तिमें इसका एक अजीब बैलेन्स है. प्रवाहकी दिशामें एकता की ओरसे अनेकताकी ओर बहकर चले नहीं जाना है. ज्ञानकी दिशामें अनेकता की ओरसे एकताकी ओर

उलटे नहीं तैरना है कुछ महान पुरुषार्थ करके, पर एकता अनेकता दोनोंका कुछ इस तरहसे नियोजन करना है कि अपन बह भी न जायें और अपन तैरते भी रहें. तो पानीके बहाववाली नदीमें तैरते हो तो आपको ऐसा कुछ ऐसा ही करना पड़ेगा. जैसे नदीके प्रवाहके उलटे तैरोगे तो मुश्किल काम है. हाथ पैर छोड़ दोगे तो बह जाओगे. पर भक्तिकी जो तैरनेकी पद्धति है वो थोड़े क्रौस करके तैरनेकी, थोड़े सामने तैरनेकी, जब क्रौस करके जाओगे तो पानी आपको इतना ज्यादा तंग नहीं करेगा. सर्वथा एक दम पानीके सामने पड़ जाओगे तो पानीको गुस्सा आ जायेगा कि मुझे चैलेन्ज दे रहा है? तो बहा देगा. कहां तो आपमें इतनी अधिक सामर्थ्य प्रकट होनी चाहिये कि यदि पानीका एक घण्टेमें पांच किलोमीटर बहनेका वेग हो और आप दसकिलोमीटर तैरनेकी शक्ति प्रयोगमें लाओ तो आप उसे लांघकर दूसरी तरफ जा सकते हो. और हाथ पैर चलाओ ही नहीं बहते जाओ, उस कारण हमारे यहां प्रवाही सृष्टि कहलाती है. जो बहती ही रहती है जिस तरफ लीला बहती है. इस कारण ही महाप्रभुजी पुष्टिप्रवाहमर्यादामें एक बहुत सुन्दर बात कहते हैं प्रवाहकी जो सृष्टि है वो भगवानने मनसे बनायी है. ''**मनसा प्रवाहं सृष्टवान् हरिः.**'' तो इसमें केवल मनको छोड़ दिया कि जो होना हो सो हो मनके अनुसार. इस मार्गका नियन्त्रण मन पर छोड़ दिया. मन भावे सो करो. तो ये मनसा सृष्टि है प्रवाहकी. और ''**वचसा वेदमार्गम् हि**'' वाणीसे ये प्रवाहके सामने जो तैरनेकी प्रक्रिया वो वेदमार्गकी मर्यादाकी सृष्टि है. और ''**कायेन तु फलम् पुष्टौ.**'' प्रभुने अपने स्वयंकी कायासे स्वरूपसे पुष्टि सृष्टिका प्रादुर्भाव किया है. अतएव ऐसा है कि जो वाणीकी ओर पुरुषार्थ नहीं करता और न ही मनसे बह जाता है. परन्तु प्रभुके स्वरूपरूपी किनारेको पकड़ कर तैरता रहता है. जिससे कि वो न तो इस तरफ जाता है और न ही उस तरफ जाता है. पर ये क्रौस करता है. आप अगर क्रौस करो तो आनन्दसे पार पहुंच जाओगे.





एण्टीएयर क्राफ्टगन जैसे छोड़नेमें आती है उसमें भी ऐसा सिद्धान्त होता है. कि इसमें एक केलक्युलेशन करनी होती है कि अगर यहां प्लेन जा रहा है और यहां प्लेन दिखाई दिया और आपने जहां दिखा वहां ही गोली दाग दी तो जितनी देरमें गोली वहां पहुंचेगी प्लेन वहांसे आगे चला जायेगा. और तुम्हारी गोली बेकार चली जायेगी. इसलिये तुम्हें केलक्युलेशन करनी पड़ेगी कि प्लेन यहां कितनी देरमें पहुंचेगा और गोली इतनी ऊंचाई पर कितनी देरमें पहुंचेगी? इसकी ठीकसे केलक्युलेशन करके गोली छोड़ो तो वो प्लेनको हिट करेगी, नहीं तो बेकार चली जायेगी. जयकृपानाथ करके कि लो मैं आ गई. अन्यथा गोली प्लेनको हिट नहीं कर सकती.

तो ये ज़ो सिद्धान्त है, ऐसा संधान वो न तो वाणीका है न ही मनका है पर भक्तिका संधान है. थोड़ा प्रभुको हम ऐसे कहें कि तू और मैं एक. थोड़ी फिर सेवा करते रहो. थोड़ा तंग करो थोड़ा सहो. इस प्रकार दोनोंका योग करके साधेगें तो वहां पहुंचेगे अन्यथा इस केलक्युलेशनमें जो चूके तो चूके.

इसलिये आत्मसृष्टि जो है ये चाहे मर्यादासृष्टि हो, चाहे प्रवाहसृष्टि हो, चाहे पुष्टिसृष्टि हो, तीनोंमें मूलतः जो रति है वो तो परमात्माकी प्रथम आत्मरति है. लेकिन इस आत्मरतिको अपन परमात्माकेलिये प्रयोग करें तो यह भक्ति कहलाती है, विषयकेलिये प्रयोगमें लायें तो संसारासक्ति कहलाती है. और वाणीकेलिये प्रयोगमें लायें तो साधनासक्ति कहलाती है. विषयासक्ति, साधनासक्ति और स्वरूपासक्ति.

**पुष्टि कायेन निश्चयः** ये जो बात कहनेमें आई है, तीनोंमें परमात्माकी वही रति काम कर रही है. कौनसी? मैं एक अनेक हो जाऊं. और अपनेमें रहे हुये आनन्दको मैं अनेक प्रकारसे अनुभव करूं. अब ये परमात्माका जो संकल्प कि मैं एक अनेक हो जाऊं और मेरेमें रहे हुये आनन्दको मैं अनुभव करूं, मैं मजा लूं. तो वो प्रवाही जीवमें आनन्द मनसे मानते हैं, मर्यादाजीवमें

रहे हुये आनन्दका वाणीसे आनन्द लेते हैं, इसलिये वाणीको शास्त्रोंने जिस प्रकार निरूपित किया है उसी प्रकार मजा लेता है, और पुष्टिसृष्टिमें प्रभु अपनी आत्मरतिका आनन्द स्वरूपसे लेते हैं. अतएव जो कहनेमें आया है कि **"भगवान एव हि फलम् सः यथा आविर्भवेत् भुवि."** पुष्टिसृष्टिकेलिये फल भगवान ही हैं, और भगवान जिस प्रकारसे आपके सामने प्रकट होता है, बस वो ही आपके जीवनकी मुख्य सार्थकता. अर्थात् भीतर प्रकट होता हो तो भीतर प्रकट हो जाने दो कथाके प्रकारसे, बाहर प्रकट होता हो तो बाहर प्रकट हो जाने दो सेवाके प्रकारसे, दोनों जगह प्रकट होना चाहता हो तो दोनों जगह प्रकट होने दो सेवा–कथाके समुच्चय प्रकारसे. **भगवान एवहि फलम् सः यथा आविर्भवेत् भुवि.** इस भूतलके ऊपर जिस प्रकारसे प्रभुका स्वरूप प्रकट होता है, बाह्यमें कि आन्तरमें, कि बाह्याभ्यन्तर दोनोंमें परमात्मा फल है. और ये परमात्मा फल है, ये फलरूपी परमात्मा किस प्रकार प्रकट होता है? तो इसका महाप्रभुजीने एक स्पष्टीकरण किया कि भगवान् तो सर्वत्र विद्यमान है, पुष्टिप्रभुकी अब बात हो रही है, कि पुष्टिप्रभुतो सर्वत्र विद्यमान है. और हरेक प्राणीमें पुष्टिप्रभुकी आत्मरति जो है, ये क्रीड़ा तो कर ही रही है, पर आत्मरति जो क्रीड़ा कर रही है, ये परमात्माके स्वरूपकी ओर दिशा बताये, तो पुष्टिभक्ति हो जाती है, साधनकी ओर जो दिशा बताये, तो मर्यादाभक्ति कि मर्यादा साधनासक्ति हो जाती है, और विषयोंकी ओर दिशा बताये, तो विषयासक्ति या संसारासक्ति कहलाती है. आखिरमें किसी भी जीवमें स्वयं प्रभुकी आत्मरतिही काम कर रही है. अतएव शास्त्रमें ऐसा कहनेमें आता है, **"या प्रीतिः अविवेकानाम् विषयेषु अनपायिनी त्वाम् अनुस्मरतः सा मे हृदयाद् मा अपसर्पतु."** अविवेकी प्रवाही जीवोंकी विषयोंमें जो दृढ़ आसक्ति है ऐसी, जो मेरी आपमें आसक्ति हो जाये तो मेरा काम बन गया. वास्तवमें तो ऐसी नहीं पर ये ही आसक्ति जो विषयोंकी ओर दौड़े जा रही है, इसी आसक्तिको लीलामें





अनुरक्त बना लो. इसे प्रभुके स्वरूपकी ओर ले गये तो बस काम बन गया. इससे अधिक कुछ और चाहिये ही नहीं. अतएव स्वरूपकी ओर जो आसक्ति अपनी बढ़ेगी तो एक खास बात समझो कि आत्मरतिको ही परमात्माकी ओर बढ़ा रहे हैं, इसकेलिये महाप्रभुजी आज्ञा करते हैं कि प्रभु तो सर्वत्र बिराजते हैं. पर सर्वत्र बिराजमान प्रभुका अनुभव हम किस प्रकार कर सकते हैं? या तो ज्ञानसे, या तो प्रेमसे. ज्ञानसे प्रभुका अनुभव करेंगे तो शान्त अनुभव होगा, ये शान्ति कोई अलौकिक अशान्ति होती है. जो आदमीको शान्त नहीं रहने देती. रासपंचाध्यायीमें श्रीमहाप्रभुजी बहुत सुंदर वर्णन करते हैं **"चर्षणीनाम् उदगात्श्रुतो"**की व्याख्यामें कि ये एक शक्ति है परमात्माकी अपने भीतर प्रकट होती, जोकि हमें शान्तिसे बैठनेही नहीं देती जब तक हमें परमात्माकी स्वरूपासक्तिका लाभ नहीं मिलता. ये शक्ति जो अपने भीतर हो तो हम परमात्माके स्वरूपकी ओर, अर्थात् भूख हमको ऐसी लगती है कि परमात्माके स्वरूप बिना हमें संतोष होता ही नहीं. जो कुछ भी मिलता है उससे असंतुष्ट ही रहते हैं. **"स्वर्ग अपवर्ग नरकेषु अपि तुल्यार्थदर्शिनः"** स्वर्ग अपवर्ग नरक हरेकमें हमें तुल्यता लगती है, **"न नाकपृष्ठम् न च पारमेष्ठ्यम् न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम्. न योग सिद्धिरपुनर्भवम् वा समञ्जस त्वा विरहय्य कांक्षे."** (भाग.पुरा.६।११।२५) आपके सिवा मुझे कुछ और नहीं चाहिये. ये जो भाव है कि स्वर्ग नहीं चाहिये, मुक्ति नहीं चाहिये, राज्य नहीं चाहिये, धन नहीं चाहिये, कुछ भी नहीं चाहिये खाली तू ही चाहिये. ये जो स्वरूपासक्तिका भाव है, साधन और विषय दोनोंसे छुड़ाता है. विषयोंकी आसक्ति आपको साधनाचरणसे भ्रष्ट करती है. साधनासक्ति जो है वो आपको विषयोंकी तरफसे हटा देती है. हम इसे भ्रष्ट नहीं कहते क्योंकि इसका अर्थ खराब हो जाता है बाकी तो साधनासक्ति हमको विषयमार्गसे भ्रष्ट करती है. और विषयासक्ति हमको साधनमार्गसे भ्रष्ट करती है. लेकिन स्वरूपासक्तिमें साधन और

विषय दोनोंही भक्तिका अंग बन जाते हैं. कैसे? जो साधन स्वरूपकेलिये, जो विषय वो स्वरूपकेलिये, स्वरूपसे विपरीत कोई विषय ही नहीं. और स्वरूपसे विपरीत कोई साधन नहीं. इस प्रकारका भक्तिका अभिगम है. स्वरूपसे विपरीत दिशामें जो ले जाता हो उस विषयको कैन्सिल करो. स्वरूपसे विपरीत साधन कैन्सिल करो. स्वरूपकी दिशाकी ओर ले जानेवाले सारे विषय हमको मंजूर हैं. **"त्वयोपभुक्तसृग् गन्ध वासो अलंकार चर्चित उच्छिष्ट भोजिना दासाः तव मायान् जयेमहि."** (भाग.पुरा. ११।६।४६) आपके द्वारा उपभुक्त त्वयोपभुक्त सृग् मालायें, गन्ध सुगन्धियां, वास कपड़े, अलंकार चर्चित, पुराने जमानेमें चंदन लगाते थे आज लिपिस्टिक पाउडर समझ लो. ये जो विषय हैं उनके साथ भी हमको द्वेष नहीं है. और साधनके साथ भी हमको द्वेष नहीं है, गोपीजनवल्लभ प्रीत्यर्थम् हरेक साधन करूंगा पर साधनासक्तिसे नहीं पर भगवदासक्तिसे करूंगा. विषयका उपभोग विषयासक्तिसे नहीं, पर भगवदासक्तिसे करूंगा. **त्वयि धृतासवः त्वां विचिन्विते** (भाग.पुरा.१०।२८।१). अर्थात् स्वरूपासक्तिका एक पूरा अभिगम महाप्रभुजीका अलग है.

इस स्वरूपासक्तिमें एक बात समझो कि ये अपनी स्वरूपासक्तिको मूलतः परमात्माकी दृष्टिसे देखो तो परमात्माकी आत्मरति है और अपनी दृष्टिसे देखो तो परमात्माके प्रति अपनी पुष्टिभक्ति है. बात समझमें आ रही है आप लोगोंको? अपनी दृष्टिसे देखोगे तो ये परमात्माके प्रति अपनी पुष्टिभक्ति है. क्योंकि हम परमात्माके अंश हैं. अतएव परमात्माकी जो आत्मरति वो अपनेमें अंशतः मौजूद है. अब इसे जो पुष्टि मिले तो ये प्रभुके स्वरूपकी ओर बढ़ जायेगी और पुष्टि नहीं मिली पर वाणी मिली तो साधनाकी ओर बढ़ जायेगी. और वाणी भी नहीं मिलती और स्वरूपभी नहीं मिलता तो आखिरमें यह विषयोंके प्रवाहमें बह जाती है. पर तीनोंके तीनों जीवोंमें प्रभुकी आत्मरति काम कर रही है प्रभुकी दृष्टिसे देखो तो. अगर जीवकी दृष्टिसे देखोगे तो





यहां विषयोंकी ओर अग्रसर परमात्माकी आत्मरति अविद्यासे संलग्न है साधनोंकी ओर अग्रसर परमात्माकी आत्मरति वाणीसे खेंचनेमें आ रही है क्योंकि इसके ऊपर वाणीका प्रभाव इतना जबरदस्त है कि शास्त्र कहता है कि "सत्यं वद" तो ये सत्य बोलेगा. झूठ नहीं बोलेगा. वाणीका प्रभाव है. "धर्मं चर" तो धर्मका आचरण करेगा. अधर्मका आचरण नहीं करेगा लेकिन ये धर्मका आचरण करेगा वाणीके प्रभावके कारण स्वरूपासक्तिके कारण नहीं.

मुंबईमें बोरीवलीमें हमारा एक बंगला था. इस बंगलेमें हमारे काकाजीने एक कुत्ता रखा. अब होता क्या था कि हमारे काकाजी बिराजते थे बड़े मन्दिरमें. हमारे पास एक बनारसके बाबूजी थे. उन्हें अंग्रेजी आती नहीं थी. ये बोरीवलीके बंगलेमें रहते थे. इन्होंने कुत्तेको सिखा दिया गुड मौर्निंग कहनेपर बैठना है. अब कभी कभी हमारे काकाजी बोरीवली पधारते थे. और कुत्तेको सिट डाउन कहे तो पूंछ ही हिलाता रहता, बैठता ही नहीं था. बाबूजीने इसे गुडमौर्निंग कह कर बैठना बताया था. अब गुड मौर्निंग कहते ही बैठ जाये. सिटडाउन कहो तो नहीं बैठे. ये है वाणीका प्रभाव. इसके ऊपर कोई दूसरा प्रभाव पड़ता ही नहीं था. तो काकाजीको भी कुत्तेको बैठाना होता तो गुड मौर्निंग ही कहना पड़ता.

यह बात स्वरूपासक्तिसे नियन्त्रित नहीं होती थी, पर वाणीसे नियन्त्रित होती थी. तो जो मर्यादाजीव हैं वो वाणीसे नियन्त्रित होते हैं. स्वरूपसे नियन्त्रित नहीं होते. और पुष्टि जीवकी आत्मरति स्वरूपसे नियन्त्रित होती है. प्रवाहीजीवकी आत्मरति विषयोंसे नियन्त्रित होती है किसी दूसरेसे नहीं. जिस विषयके ऊपर मन चल गया तो चल गया.

मथुरामें एक अच्चन कवि थे. वो भांग पीके मिठाईकी दुकानके ऊपर जाकर बैठ जाते. लोग कहते कि कविता सुनाओ. कविता सुनाते और जब कविता पूरी हो जाये, तो उसके बाद

इनका हाथ जिस तरफ हो उस तरफ चल दें, चाहे घर उलटी दिशामें हो. ऐसे मस्तराम थे. तो मनका माहात्म्य अच्चन कवि जैसा होता है कि इस विषयकी ओर गया तो इस ओर और दूसरी तरफ गया तो उस ओर. मन पर कोई नियन्त्रण नहीं. ये **"मनसा सृष्टवान हरिः"**. है आत्मरति ही. आत्मरतिमें जरा भी फरक नहीं, लेकिन परमात्माकी आत्मरति जिस विषयमें मन ले जाये उस तरफ चली जाये, अब चली जाये तो चली जाये. मनका मालिक कौन? इसका नाम प्रवाह सृष्टि. अतएव आत्मरति भक्तिका मूल स्वरूप है जिसे हम निरुपाधिक भक्ति कह रहे हैं. वो ही बात यहां **"भगवान ब्रह्म कात्स्न्र्येन त्रिरन्वीक्ष्य तदध्यवस्यत् कूटस्थो रतिरात्मन्यतो भवेद्."** (भाग.पुरा.२।२।३४) इस वचनसे और **"अहम् आत्मा आत्मनानाम् धाताः प्रेष्ठ सन् प्रेयसामपि अतो मयि रतिः प्रिय कुर्यात् देहादिर्यत्कृते प्रियः."** (भाग.पुरा.३।६।४२) इन वचनोंसे महाप्रभुजी हमें यह समझाना चाह रहे हैं. भगवान सर्वत्र बिराजमान हैं पर प्रेमसंवलित चित्तसे हम देखेंगे तो परमात्मामें भक्ति उत्पन्न होगी. परमात्मा प्रियतम लगेगा. और ज्ञानसंवलित चित्तसे परमात्माको देखोगे तो हमें परमात्मा केवल ज्ञेय ही लगेंगा. प्रिय नहीं लगेगा. ज्ञानकी दृष्टिसे देखोगे तो जानने योग्य लगेगा. और स्नेहकी दृष्टिसे देखोगे तो आनन्द रूप लगेगा. परमात्मा वही का वही.

एक अंग्रेज भाई किसी हिन्दुस्तानीके घर खाना खाने आया. उसनें पूड़ी तली. अब पूड़ी तो फूल जाती है. इसको बड़ी प्रोब्लम हो गई कि है तो ठीक पर हवा कहांसे भरी आपने इसमें? फूली दिख रही है तो पता ही नहीं चलता कि हवा कहांसे भरी. उसे खानेसे पहले जाननेकी इच्छा हुई कि पूड़ीमें हवा कहांसे भरी? चारों ओर कोई छेद तो दिखता नहीं. तो इसे मजा लेनेसे पहले जाननेकी इच्छा ज्यादा हो जाती है. पर जिस व्यक्तिको स्वाद लेना है तो चाहे फूली हुई हो या दबी हुई हो पूड़ी अर्थात् खाद्य वस्तु. पूड़ी खालो और उसका मजा ले लो. हवा कहांसे भरी





इसकी चिंता करने कहां बैठेंगे? ढोकला सुन्दर बना तो जाकर पूछें कि किस प्रकार बनाया इसका फौर्मूला बताओ. अरे खाकर देखलो मजा आ जायेगा. तो किसीको जाननेकी इच्छा तो किसीको मजालेनेकी इच्छा. ऐसे ही परमात्माको जाननेकी इच्छा एक होती है तो इनको परमात्मा सर्वत्र ज्ञेयके रूपमें अनुभवमें आता है. और परमात्माका मजा लेनेकी इच्छा वालेको परमात्मा प्रिय तरीके सर्वत्र अनुभवमें आता है. **"अहम् आत्मा आत्मनानाम् धाताः प्रेष्ठ सन् प्रेयसामपि अतो मयि रतिः प्रिय कुर्यात् देहादिर्यत्कृते प्रियः."** (भाग.पुरा.३।६।४२) मैं आत्माका भी आत्मा हूं. दुनियाकी जितनी प्रिय वस्तुयें हैं उन सब वस्तुओंमें जो कोई प्रियतम वस्तु हो तो वो मैं हूं. **"अतो मयि रतिं कुर्यात्."** इसकी व्याख्यामें श्रीमहाप्रभुजी समझाते हैं कि देहमें प्रेम उत्पन्न होता है, आत्माके कारण, आत्मामें प्रेम उत्पन्न होता है, परमात्माके कारण. कैसे? परमात्माकी स्वयंकी जो आत्मरति है, जैसे लोहेकी डिब्बी लो. उसमें एक जलता हुआ आगका टुकड़ा डालदो. फिर डिब्बीको बन्द कर दो. फिर डिब्बीको पकंड़ो. हाथ जलेगा कि नहीं जलेगा? जलेगा न? अथवा एक गिलास लो. इसमें बरफका एक टुकड़ा रखो. इसे बाहरसे पकड़ो. ठण्डा लगेगा कि नहीं लगेगा? उसमें रही हुई ठण्डक या उष्णता, बाहर आती है. समझमें आ गई बात आपको? इसी प्रकार परमात्मामें रही हुई जो आत्मरति, च्यूंकि परमात्मा अपने अन्दर रही हुई आत्मरतिके भीतर बिराजा हुआ है इसलिये आत्मामें से यह आत्मरति बाहर आ रही है. क्योंकि पहले आत्मामें से आत्मरति बाहर आ रही है, वो आत्मा अंतःकरण देह, इन्द्रिय प्राण अंतःकरणसे मिली हुई है, इसलिये वो इन्द्रिय देह प्राण अंतःकरणमें बाहर आ रही है. इसे गरम कर देती है. ये अपना देह प्राण इन्द्रिय अंतःकरण जिन विषयोंसे घिरा हुआ है, उसमें भी फिर इसकी गरमी लगती है. ये गरमी लगती है, यहां तक आकर थोड़ा रुकना है. अब ये मनसे गरम होता है तो विषयासक्ति हो गई. वाणीसे गरम होता है तो

साधनासक्ति हो गई. और भगवत्स्वरूपसे गरम होता हो तो इन्हीं विषयोंमें, इन्हीं साधनासक्तिमें भगवत्स्वरूपासक्ति हो गई. भगवत्स्वरूपासक्ति हुई तो पुष्टिभक्ति हुई, और विषयस्वरूपासक्ति हुई तो संसार हुआ. और साधनस्वरूपासक्ति हुई तो मर्यादा हो गई. मूल स्ट्रक्चर इसका ये है. महाप्रभुजी आज्ञा करते हैं कि भगवान तो सर्वत्र बिराजमान हैं. पर आपका चित्त प्रेमसंवलित होगा तो सर्वत्र बिराजमान परमात्माको प्रियतमके रूपमें आप पहचान सकते हो. आपके चित्तमें अगर प्रेम नहीं होगा तो सर्वत्र बिराजमान भगवानको आप प्रियतम तरीके नहीं पहचान सकते. या तो आप इसे जानने जैसी वस्तुके रूपमें पहचानोगे अथवा तो विषय तरीके पहचानोगे. कि ये रूप है, ये रस है, ये गंध है. सब परमात्मा है तो मौज मारो. एक बात समझो कि प्रसादको भगवदुपभुक्त प्रसाद तरीके मानना, और भगवद्भुक्त वस्तुको स्वाद मानना, ढोकला तो वो का वो ही है, पर भगवदुपभुक्तताका इसमें स्वाद मानना, कि मिर्ची ज्यादा, खट्टा, खारा, मीठा वगैरह का स्वाद मानना? ये तो तुम्हारी वासनासे निर्णय होगा. ढोकलासे निर्णय नहीं होगा. मठढ़ी तो वो की वो ही. पर ये भगवदुपभुक्त है उसका आप स्वाद मान रहे हो? कि चासनी, गेहूं वगैरहका स्वाद मान रहे हो? ये हमें नक्की करना है. मुंहमें लार किसकी आ रही है? भगवानने आरोगा उसकी कि चासनीसे तरबतर हो तो आनन्द आनन्द हो जाये उसकी? इसीमें विषय और भगवदासक्तिकी विभाजक रेखा रही हुई है. ये अपनी भक्तिकी वासना इसे भगवत्प्रसाद बनायेगी और विषयकी वासना, भगवत्प्रसादको स्वाद बनायेगी. प्रस्वाद बनायेगी स्वाद नहीं रहने देगी. तो प्रस्वाद और स्वादमें जो कोई अन्तर है तो वो है विषयासक्तिका और भगवदासक्तिका. इसकेलिये ही लालूभट्टजी यहां उद्धृत् करते हुये कहते हैं **"प्रेम च साधनम् तत् साधनम् नवविधा भक्ति"**. (त.दी.नि.प्र.२।२२०) प्रभुको प्राप्त करनेका साधन अपने यहां प्रेम हैं. और प्रेम प्रकट करनेका





साधन नवधा भक्ति है. वह किसलिये? इसको अच्छी तरहसे समझो कि नवधा भक्तिके माध्यमसे हमें भगवानका संग करना है विषयका संग छोड़के. साधनोंका संग छोड़कर भगवत्संग किस प्रकार करना? हमें विषयके साथ स्नेह कैसे पैदा हुआ? विषयमें विषयासक्ति किस कारण हुई? क्योंकि विषयका संग किया है इसलिये. जन्में हैं तबसे विषयका ही संग तो हो रहा है. पर इस साधनका संग अथवा भगवत्स्वरूपका संग करनेकेलिये कुछ पुरुषार्थ करनेकी जरूरत पड़ती है मनकी तुलनामें अलग. तो मनसे अलग पुरुषार्थ करनेकी जरूरत पड़ती है तो भगवत्संग करनेकेलिये शास्त्रने जो नवधा भक्तिका प्रोग्राम हमें दिया, उससे हम भगवत्संग करते हैं. तो आत्मरति तो अपने भीतरसे बाहर आ ही रही है. पहले परमात्मासे आत्मामें, आत्मासे अंतःकरणमें, अंतःकरणसे इन्द्रियोंमें, इन्द्रियोंसे देहमें, देहसे विषयोंमें. तो विषयसे देहमें, देहसे इन्द्रियोंमे, इन्द्रियोंसे अंतःकरणमें, अंतःकरणसे आत्मामें और आत्मासे परमात्माकी ओर जब आत्मरति जा रही है, इस दौरान जो भगवत्वासना हमारेमें उत्पन्न हो गई, स्वरूपवासना, जब वासनासे हम विषयको देखेंगे तो काम बहुत सरल हो गया. अब लौकिक वासनासे देखूंगा तो लौकिकमें सरल हो जाती है, साधनाकी वासनासे देखूंगा तो मर्यादामें सरलता आ जायेगी, और भगवत्वासना स्वरूपवासनासे देखूंगा हरेक विषयको अर्थात् कोई उत्तम वस्तु दिखायी दी तो अपने हृदयमें ऐसा भाव जागे कि ये तो प्रभुके उपभोगकेलिये है. तो ये भगवत्वासना काम कर रही है अपने भीतर. और उत्तम वस्तु दिखायी दी और अपने मनमें ऐसे आया कि चलो मजे आ गये चलो भोगो. तो ये अपनी लौकिक विषय कामना काम कर रही है. अर्थात् उत्तम गुलाब दिखाई दिया और हमें ऐसे लगा कि ये तो उत्तम गुलाब है तो प्रभुकेलिये है. लाख रुपया खर्चके भी ले ही लिया (वार्तासाहित्य). तो भगवद्वासना प्रबल हो गई इसमें. ख्यालमें आया? और भगवद्वासना प्रबल न हो तो अपने मनमें

ऐसी बात जागही नहीं सकती. मूलमें यह बात समझनी जरूरी है. अब भगवद्वासना किस प्रकार प्रबल हो? तो इसका सीधा उपाय है कि विषयमें वासना किस प्रकार होती है? यह रुचि **"ध्यायतो विषयान् पुंसः संगःतेषूपजायते. संगात् संजायते कामः"** (गीता २।२७) ये फौर्मूला पकड़ लिया है महाप्रभुजीने. जिस विषयका आप ध्यान करते हो उस विषयका आपको संग होगा, और जिस विषयका आपको संग होगा उसकी कामना आपके हृदयमें उत्पन्न होगी. आप भगवत्संग करोगे तो भगवत्कामना प्रकट होगी, भगवत्कामना प्रकट होगी तो तुम्हारी सारी वासना, हरेक इन्द्रियकी, अंतःकरणकी, प्राणकी, भगवत्वासना जो प्रकट हुई वो आपके भीतर रही हुई आत्मरति है. वो जब भगवत्वासनाके चश्मेंसे भीतरसे बाहर आयेगी तो हर विषयमें तुम्हें भगवान खोजनेकी वृत्ति पैदा होगी. विषयका आनन्द लेनेकी वृत्ति नहीं पर भगवानका आनन्द लेनेकी वृत्ति पैदा होगी. साधनका आनन्द लेनेकी नहीं. इसका नाम पुष्टिभक्ति. लोग घबरा जायेंगे ऐसी बातको सुनते ही कि जो वस्तु हम अपने लौकिक विषयोंकेलिये प्रयोगमें ला रहे हैं, उसे भगवानकेलिये कैसे प्रयोगमें ला सकते हैं? लोग कहते हैं कि निकालदो, निकालदो, इस विषयवासनाको निकाल दो. महाप्रभुजी कहते हैं कि निकालो नहीं परन्तु भगवानकी ओर मोड़दो. लोग कहते हैं कि तोड़ दो. परन्तु हम कहते हैं कि तोड़ो नहीं पर जोड़ दो भगवानके साथ. ये सारे साधन दूसरे सारे मार्गोमें तोड़नेकेलिये कहे जाते हैं पर हम कहते हैं कि क्यों तोड़ दें? ये तो हमारे लिये भगवानके वरदान हैं. उनको भगवानके साथ जोड़ देते हैं समर्पणके द्वारा. अर्थात् ब्रह्मसम्बन्ध मंत्र आपने लिया कौन जाने कौनके सौभाग्यसे, सब अपने अपने ब्रह्मसम्बन्ध मंत्र लेनेके समयको याद करो, इसमें हमने सारे विषयोंको काउन्ट किया है. इन विषयोंकी गिनती क्यों करते हैं? इसलिये कि इन विषयोंको प्रभुके साथ जोड़ना है तोड़ना नहीं है. जब इन विषयोंमें मेरा घर, मेरी पत्नी, मेरा पुत्र,





मेरा धन, मेरा देह, मेरी इन्द्रिय, मेरा प्राण, इन सबमें जो अपनी आसक्ति है, प्रकट होती पहली आत्मरति, ये आत्मरति प्रकट होनेके साथ विषय या साधनकी ओर मुड़े उसके बजाय परमात्माकी ओर बढ़े वैसा संग अपनेको करना चाहिये. तो प्रेम तो भरा हुआ ही है. ये वहां नहीं जायेगा तो विषयोंकी ओर मुड़ जायेगा, विषयोंकी ओर नहीं मुड़ेगा तो साधनोंकी ओर मुड़ जायेगा, जब कि साधनकी ओर मुड़ेगा कहना नहीं चाहिये पर भक्ति स्वरूपासक्तिकी मस्तीमें कह भी सकते हैं. ये आत्मरति परमात्माकी **"त्वदीयं वस्तु गोविन्दः तुभ्यमेव समर्पये."** आपकी आत्मरति है न, इस आत्मरतिको आपको सौंप रहा हूं, ऐसे भावसे जब हम प्रभुकी आत्मरतिको प्रभुकी ओर मोड़ देंगे तो ये प्रभुकी लीलाका हम विरोध नहीं कर रहे हैं और लीलाका जो प्रवाह है उसमें बह भी नहीं रहे हैं. लेकिन कहीं क्रौस कर रहे हैं. जो सामर्थ्य पुष्टिप्रभु हमको प्रदान करें उसके कारण न तो हम उसके उलटे तैरना चाहते हैं और न ही उसके साथ बहना चाहते हैं. पर थोड़ा क्रौस कर रहे हैं, न कि लीलाका विरोध कर रहे हैं और न ही उसके साथ बह रहे हैं. इस संघर्षमें हमें उलझना नहीं है. क्योंकि प्रभु केह रहे हैं **"दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया.** (गीता ७।१३) मेरी मायाके सामने आप पड़ोगे तो डूब ही जाओगे.

मैं एक बार समुद्रमें नहानेकेलिये गया. वहां दिल्लीके एक सरदारजी भी आये हुवे थे जुहूमें. उन्होंने मुझे नहाते देखा तो पूछा कि बहुत मजा आ रहा है नहानेमें? तो मैंने कहा कि आप भी आ जाओ. वो तो कपड़े खोलकर नहाने आ गये. वो कभी समुद्रमें नहाये नहीं थे. तो जब कमर तकके पानीमें आये तो समुद्रकी एक लहर ऐसी आई कि माथेके ऊपरसे निकल गई. उसने हाथ आगे कर दिये. हाथ आगे करनेसे लहर थोड़े ही रुकती है. लहरने ऐसी पटक लगाई कि मुंहमें, कानमें, नाकमें सब जगह खारा पानी भर गया. उसने मुझसे पूछा कि आपको

कैसे मजा आ रहा है? मैंने कहा कि लहर आये तो हाथसे उसे रोकना नहीं चाहिये पर झुक जाना चाहिये. माथेके ऊपरसे लहर चली जाये तो मुंह, नाकमें पानी नहीं जायेगा. तो समुद्रमें नहानेकी एक सिफत होती है.

ऐसे ही लीलाकी एक लहर है. परमात्माकी लीला लहर है. इस लीला लहरके सामने हाथ नहीं रखते हैं. पर दैन्य करते हैं. इस लीला लहरके सामने झुक जाओ. लीलालहरके सामने दैन्य रखकर थोड़ा झुक जाओगे तो ये ऊपरसे चली जायेगी. उसके बाद आपको लीलालहरका ऐसा झूलना मिलेगा कि जब लहर आयेगी तो माथेके ऊपरसे आयेगी तो आपके पैर जमीन छोड़ देंगे और जब लहर वापिस जायेगी तो आप वहीं खड़े मिलोगे. समुद्रमें नहानेकी एक सिफत है कि वहां कैसे नहाना. कमर कमर पानी तकमें जाना. उसके आगे नहीं जाना न किसीकी नकल करना. नहीं तो 'लम्बेके साथ ठिगना जाये मरे नहीं तो बीमार तो हो ही जाये'. कमर कमर पानीमें जब जायेंगे तो माथेके ऊपर तक लहर आयेगी. माथेके ऊपरसे लहर जब जाये तो उसे हाथसे रोकनेका प्रयास नहीं करना. झुक जाना. महाप्रभुजी कहते हैं **"दैन्यं तत्तोषकारणं."** दीनतासे सब कुछ सिद्ध होता है. इसके सामने दीन हो जाना. जैसे ही लहर आये और आप झुक गये तो लहर माथेके ऊपरसे निकल जायेगी, आपके पैर जमीनसे ऊपर हो जायेंगे और बादमें फिर नीचे आ जायेंगे जब लहर वापिस चली जायेगी. हिलोरोंका ऐसा आनन्द आपको मिलेगा कि जो नदीमें नहीं मिल सकता, तालाबमें नहीं मिल सकता सरोवरमें नहीं मिल सकता. कुऐमें तो हिलोरोंकी कल्पना हो ही नहीं सकती. ऐसे हिलोरोंका आनन्द तुम्हें मिले पर इससे ज्यादा खिलवाड़ नहीं करना चाहिये. तो ये सावधानी रखनी चाहिये. लीला लहरमें जानेकी सिफत होनी चाहिये कि कितने पानीमें जाना चाहिये गलत अहंकार रखना नहीं चाहिये लीलालहरके सामने. ऐसे अगर आप करोगे तो लीलालहरके





हिलोरोंका आनन्द ले सकोगे. उसकेलिये लालूभट्टजी कह रहे हैं **"श्रीवल्लभाचार्यमते फलम् तत्प्राकट्यम् अत्र अव्यभिचारी हेतुः प्रेमैव, तस्मिन. नवधोक्तभक्तिः, तत्र उपयोगो अखिलसाधनानाम्"** (वैष्ण.वा.२५२।१।५). इस लीला लहरमें परमात्मा किस प्रकार आपके सामने प्रकट होता है? बाहर प्रकट होता है, भीतर प्रकट होता है, सेवारूपमें बाहर प्रकट हो सकता है. कथारूपमें लीलारूपमें भीतर प्रकट हो सकता है. और लीला और सेवा दोनोंके आदान–प्रदानमें भीतर–बाहर दोनों रीतिसे प्रकट हो सकता है. तो उसकेलिये कहते हैं **"तत् प्राकट्यम् अत्र अव्यभिचारी हेतु प्रेमैव तस्मिन् नवधोक्तभक्तिः तत्र उपयोगो अखिल साधनानाम्".** अब ये प्राकट्य किससे होगा? परमात्माके प्रति आपका जो प्रेम है उससे प्रियतमके रूपमें परमात्मा प्रकट होगा. क्योंकि भगवान् कहते हैं कि **"अहम् आत्माऽत्मनाम् धाताः प्रेष्ठः सन् प्रेयसामपि अतो मयि रतिंकुर्यात्."** कुछ प्राप्त करनेकेलिये मेरेमें रति मत करो. ये बात हकीकतमें समझ जाओ कि विषयोंको जो तुम चाह रहे हो वो भी तुम मुझे ही चाह रहे हो. तुम देहको चाह रहे हो तो भी मुझे ही चाह रहे हो. तुम अपने आपको चाह रहे हो तो भी मुझे ही चाह रहे हो. तो जब तुम मुझे ही चाह रहे हो तो मुझे ही क्यों नहीं चाहते गामको क्यों चाहते हो? **"अतो मयि रतिं कुर्याद् देहादिर्यत्कृते प्रियः"** समझो कि देह भी आपको इतनी प्यारी लगती है तो वो इस कारण कि मैं आपको प्यारा लगता हूं. तुम्हारी आत्मा आपको इसलिये इतनी प्यारी लग रही है क्योंकि मैं आपको प्यारा लगता हूं. तुम्हारी देह, इन्द्रिय, प्राण अन्तःकरण आपको इस कारण इतने प्यारे लग रहे हैं कि मैं आपको प्यारा लगता हूं. इस देहसे जुड़े हुवे घरबार, परिवार, आपको इसलिये अच्छे लग रहे हैं कि मैं आपको प्यारा लगता हूं. **"देहादिर्यत्कृते प्रियः"** क्योंकि इस स्नेहकी आत्मरति रूपी ऊष्मा, परमात्मासे आत्मामें आई, आत्मासे अन्तःकरणमें आई, अन्तःकरणसे देहमें आई, इस प्रकार देहसे

बाहर आ रही है, तो जब मेरे लिये ये आत्मरति है तो इसे मेरी तरफ मोड़ दो. तो आपको मजा आ जायेगा स्वरूपासक्तिका. इस अभिगमसे महाप्रभुजी परमात्मासे प्रेम करनेकेलिये कह रहे हैं, विषयके तौरपर नहीं. और इस अर्थमें तुम स्वीकारोगे तो समझमें आयेगा कि महाप्रभुजी जो कह रहे हैं कि **"आत्मानंदसमुद्रस्थं कृष्णमेव विचिन्तयेत्."** (सि.मुक्ता १६) तो **"आत्मानंदसमुद्रस्थं"** क्या? आत्मामेंसे प्रकट हो रही जो लीला लहर है. थोड़ा दैन्य रखो इसके सामने, इसमें डुबकी लो तो फिर आनन्द ही आनन्द है. और इसमें डुबकी लेते लेते आप बन्द हो गये तो जहां थे समुद्रके किनारे वहां पहुंच जाओगे. उल्टे सीधे उपद्रव करोगे तो लीला लहरके आनन्दसे आप वंचित हो जाओगे. विरोध करोगे तो सरदारजीकी तरह पटक खा जाओगे. आंख–नाक–कान सबमें खारा पानी भर ही जायेगा. फिर आपको पूछनेकी इच्छा हो जायेगी कि इसमें क्या आनन्द है भई? अगर वास्तवमें पटकी खा गये, पछाड़ खा गये लहरके कारण तो फिर तो बहुत तकलीफ होती है. एक बार पटकी खाके देखलो. मैंने बहुत बार पटकी खाई है उसके बाद ये समझमें आया है कि समुद्रमें नहाना कैसे? जब मुंह–कान–नाकमें पानी भर जाता है तो बहुत त्रास होता है फिर मजा नहीं आता. पर नाक–मुंहमें नहीं घुसता हो पानी और लहरके हिलोरे खानेको मिलते हों तो महान आनन्द है. इसमें मर भी जायें तो भी न्यौछावर है इतना आनन्द है. इसमें अगर मर भी जायें ना तो भी न्यौछावर है. दिव्य आनन्द है लहरका आनन्द. तो बस इतना मुद्दा मुझे फिरसे कहना था.

**"नवधा भक्ति प्रेमैव तस्मिन्"** ये अव्यभिचारी हेतु जो है प्रभुके प्राकट्यका, अव्यभिचारी हेतु अर्थात् प्रेम है तो प्रभु प्रियतमके रूपमें प्रकट होंगे ही. और प्रेम नहीं हो तो प्रभु प्रियतमके रूपमें प्रकट नहीं होनेवाले हैं. और प्रेमको प्रकट करनेकेलिये नवधा भक्ति है. *नौरमली* हम समझते हैं कि प्रेम प्रकट करनेकेलिये नवधा भक्ति है पर हम किसी चमत्कारकी





बात विचारते हैं कि नवधा भक्तिका कर्म करेंगे और उस नवधा भक्तिको करनेसे कोई ऐसा पुण्य होगा कि जिस पुण्यके कारण प्रेम प्रकट हो जायेगा. और उस प्रेमके कारण परमात्मा प्रकट हो जायेगा. यहां किसी चमत्कारकी बात नहीं है. सीधे सादे संगकी बात है कि नवधा भक्तिके कारण परमात्माका संग होगा और संगके कारण **"संगात् संजायते कामः"** परमात्माकी कामना होगी. परमात्माकी कामना होगी तो आत्मरति तो मौजूद है ही भीतर. परमात्माको आप चाहते नहीं इसलिये परमात्माकी ओर आत्मरति बढ़ नहीं रही, विषयकी ओर बढ़ रही है. क्योंकि आपको विषयकामना है, अतएव आत्मरति विषयकी ओर बढ़ रही है. साधनकामना है तो साधनकी ओर आत्मरति बढ़ रही है. संगके कारण परमात्मामें आत्मरति बढ़ जाये और एक बार ऐसा हो जाये कि "भैयाजी गोकुल कब चलेंगे?" बस प्रकट हो गई. अब आत्मरति तो मौजूद है ही इसे कहींसे लाना नहीं है. ये कोई *इम्पोर्टेड आइटम* नहीं है *होमोजीनियस प्रोडक्ट* है. आपके हृदयमें पैदा होती पैदावार है बाहरसे इसे *इम्पोर्ट* करनेकी जरूरत नहीं है पर मूलमें इसमें विषयवासना वगैरहकी जो बाधा है, उसे खोद कर दूर कर दो. गीता तो ऐसे कहती है **"असंगशस्त्रेन दृढ़ं छित्वा"** (गीता १५।३). और हमारे श्रीमहाप्रभुजी, कृपा करके **"असंगशस्त्रेन दृढ़ेन छित्वा"**की बजाय **"भगवत्संगेन दृढ़ेन छित्वा"** क्यों नहीं हो सकता? अंतर इतना ही है. भगवान थोड़ी दमदार भाषामें समझा रहे हैं **"असंगशस्त्रेन दृढ़ेन छित्वा."** पर महाप्रभुजी कह रहे हैं कि सच्ची बात है पर असंग होगा ही नहीं. इसकेलिये *सेफेस्ट कोर्स* भगवत्संगको पकड़ो न और संस्कृतका व्याकरण मजेदार व्याकरण है. " **'अ'कारो वासुदेवस्य" 'अ' संगेन** अर्थात् **वासुदेवसंगेन दृढ़ेन छित्वा** ऐसे भी कर सकते हैं. गीताके अर्थके साथ ऐसी छेड़ छाड़ नहीं करनी चाहिये अर्थात् वासुदेवके संगसे इसको काट दो.

यहां कह रहे हैं **"नवधोक्त भक्ति"** और **"तत्रोपयोगखिल साधनानाम्."** इस नवधा भक्तिके माध्यमसे भगवत्संग करनेमें सभी साधनोंका उपयोग आपको करना चाहिये. सभी साधन अर्थात् क्या? आपके लौकिक–वैदिक जो भी साधन हों, धर्म–अर्थ–काम–मोक्ष सम्बन्धी सबको इस प्रकारसे करो. धर्म अर्थात् जो आपके कर्तव्य हैं, जो आपके पैसाका पुरुषार्थ अर्थपुरुषार्थ, आजीविकाका पुरुषार्थ, तुम्हारी कामनायें, तुम्हारी मुक्तिकी कामनायें, धनकी कामनायें, धर्मकी कामनायें, इन सबको पहले नवधा भक्ति करनेमें प्रयोगमें लाओ. नवधा भक्तिका प्रयोग इनमें मत करो. मूल मुद्दा समझमें आया. धर्म अर्थ काम मुक्तिकेलिये नवधा भक्तिका प्रयोग नहीं करना है पर इन चारोंको नवधाभक्तिमें प्रयोग लाना है. नवधा भक्तिको प्रेम प्रकट करनेके लिय प्रयोगमें लाना है. प्रेम किसलिये प्रकट करना है? **"भगवानेवहि फलम् सः यथा आविर्भवेत् भुवि."** भगवानको प्रकट करनेकेलिये, दूसरी कोई बात ही नहीं. तो अब पुष्टिभक्तिका पूरा क्रम आपके सामने स्पष्ट हो गया कि आपके जीवनका हरेक व्यापार इस प्रकार घड़ो कि स्कूलमें टीचरी करता हो, खेतमें खेती करते हो, दुकानमें व्यापारी हो, कोई मिनिस्टर हो, कोई गुरु हो, कोई शिष्य हो, विद्यार्थी हो, मिलिटरीमें हो तो लड़ते हो सीमा पर, जो कुछ भी आप करते हो तो इन सबका उपयोग आखिरमें नवधाभक्ति करनेकेलिये करना चाहिये. नवधा भक्तिका उपयोग भगवत्संग करनेकेलिये करना चाहिये. जिसे कर जैसे भगवद्रूपकी वासना हो. ये भगवद्वासना हौले–हौले अपने भीतर भगवद्प्रेमको प्रकट करे. जिसे करके भगवान भीतर या बाहर जिस भी प्रकार उनको प्रकट होना हो वो उनके ऊपर छोड़ दो. ये जहां भी प्रकट होगा आपको आनन्द ही देगा. भीतर प्रकट होगा तो भीतर आनन्द देगा और बाहर प्रकट होगा तो बाहर आनन्द देगा. और भीतर बाहर दोनों ओर प्रकट होगा तो दोनों ठिकाने आनन्द देगा. **"भगवान् एवहि फलम् सः यथाविर्भवेत्**





**भुविः."** ये क्रम बराबर समझ लो नहीं तो सेवाकौमुदी समझनेमें हम गल्ती कर जायेंगे.

अब जो कुछ प्रश्न हों तो वो आप करो. अब एक बात तो ये है कि जो कुछ हमने विचार किया इसमें क्या आपको समझमें आया अथवा तो क्या समझमें नहीं आया? ना समझनेके दो प्रकार हैं. समझ लो. असंभावना और विपरीतभावना. असंभावना अर्थात् जो मैंने कहा वो संभव ही नहीं है. अथवा तो जो मैंने कहा वो गलत कहा, वो ऐसे नहीं ऐसे होना चाहिये. जो आपको पूछना हो वो निडर होकर पूछो. तब तो अपना शिविर सफल हुआ. मेरे मुंहसे खाली सुनही लिया वो तो प्रवचन हो गया.

प्रश्नः 'उपमान' अर्थात् क्या? सख्यके अन्तर्गत इसे कहा गया है.

उत्तरः **शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानात्.** 'उपमान' अपने समझनेका एक तरीका है. हम बहुत सारे तरीके प्रयोगमें लाते हैं. जैसे आंखसे देखते हैं तब समझमें आती है. धुआं है तो हमको समझमें आता है कि आग लगी हुई होनी चाहिये. ये क्या है? इसे अनुमान कहते हैं. हमें पता है कि जहां–जहां धुआं होता है वहां–वहां आग होती है. जैसे रसोईमें. तो इसे अनुमान कहते हैं. पर उपमान अर्थात् क्या? इसका उदाहरण मैं एक देता हूं. **'गवय'** अर्थात् नीलगाय. एक प्राणी. अब कोई पूछे कि गवय क्या? तो कोई जानकार हमको समझावे कि गाय जैसा प्राणी पर गाय नहीं. बादमें जंगलमें हम गायके जैसा प्राणी देखें. तो गवय शब्दका अर्थ हमको समझमें आ जाता है. इसे उपमान कहते हैं. ये अपना समझनेका एक तरीका है. इतिहास हमको समझमें आता है. तो एक बात समझो कि इतिहास हमने देखा है? सिकन्दरने पोरससे लड़ाई की थी. ये हमने देखी थी? अकबरने महाराणा प्रतापके साथ लड़ाई की ये हमने देखा क्या? खाली पढ़ी है. पढ़ी और समझ गये. हमारे पास कोई अनुमान है कि ये लड़े थे कि भागे थे? जब देखा ही नहीं है तो अनुमान कैसे

किया जा सकता है. उपमान किसका करना? हम हिन्दू मुसलमान लड़े बम्बईमें. तो क्या इससे अकबर महाराणा प्रताप किस प्रकार लड़े वो समझमें आयेगा? ये शब्दसे समझमें आता है. इतिहासकी पुस्तकके शब्दोंसे समझमें आता है. ये प्रत्यक्ष अनुमान काम नहीं आता. लेकिन कोई वस्तु हमको उपमानसे समझमें आती है. जैसे गवयकी बात कही वो उपमानसे समझमें आती है.

प्रश्नः आपने कल कहा था न कि कन्यादान होता है, किशोरी वय हो और जब वो ससुराल जाये, उससे पहले पीहरमें रहे. इसी प्रकार हमनें ब्रह्मसम्बन्ध लिया तो छोटे बच्चोंने ब्रह्मसम्बन्ध लिया हो तो उसे सेवा नहीं करनी और बड़े होनेके उपरान्तही सेवा करनी? ऐसा कैसे?

उत्तरः देख बातको समझ. छोटे बच्चोंको सेवा करनी कि नहीं करनी, इस बारेमें मैंने कुछ नहीं कहा. और अगर कुछ कहा हो तो वो गलत कहा गया. जीभमें कुछ हड्डी तो नहीं है, हो सकता है कि बोल गया हूं. जो बात मैं कहना चाह रहा था वो इस प्रकार है. जिनके घरमें ठाकुरजी बिराजते हैं और उनके यहां छोटा बच्चा ब्रह्मसम्बन्ध ले ले और सेवा न करे तो चलता है. क्योंकि छोटा बच्चा है. पर यदि सेवा करता हो तो बहुत अच्छी बात है. लेकिन नहीं करता हो तो कोई उसमें दोष नहीं है. पर बड़े होनेके बाद वो सेवा नहीं करता है और ब्रह्मसम्बन्ध लिया हो तो दोष होता है. इसकेलिये महाप्रभुजीके वचन याद करो **"प्रौढापि दुहिता यद्वत् स्नेहात् न प्रेष्यते वरे. तथा देहे न कर्तव्यम् वरस्तुष्यति नान्यथा."** अतएव पहले छोटी कन्या, जिसका कन्यादान हो गया, ये पीहरमें बड़ी हो गई, तदुपरान्त भी उसको ससुराल नहीं भेजा जाये, बेटी तो बड़ी प्यारी है. अरे बेटी बड़ी प्यारी है तो उसकी शादी क्यों की थी? कुवारी रखनी थी. एक तो शादी करदी और फिर बहुत प्यारी है, बहुत प्यारी है, करके पीहरमें रखो तो दोनों घर तकलीफ में पड़ेंगे इसके कारण. इसकेलिये महाप्रभुजी कह रहे हैं बहुत स्नेह आ गया





बेटीके ऊपर. बापही रोकले कि तुझे नहीं जाने दूंगा ससुराल. मुझे बहुत ही प्यारी है. तो सत्यानाश हो गया ना. उसी प्रकार देहको किसी भी दिन इतना प्यार मत करो. ब्रह्मसम्बन्ध लिया सो तो ले लिया पर अब देहपर इतना अधिक प्यार आ रहा है कि अब इसे भगवानकी सेवामें कहां व्यर्थमें लगाना? अर्थात् देहकी सेवामें खुद फंसा रहे लेकिन देहको भगवानकी सेवामें नहीं लगाना. क्योंकि देह पर बहुत प्यार आ गया. ऐसा कौनसा बाप होगा कि जिसे बेटी प्यारी नहीं लगती हो? पर यदि वास्तवमें बेटी पर प्यार है तो इस प्यारका स्वरूप इस प्रकार होना चाहिये कि इसे पालपोसकर बड़ा करो, बड़ा करके इसकी शादी करो. और इसे इसके ससुरालमें भेज दो. इसी प्रकार देहको सब प्रकारसे तैयार करो, लौकिक रीतिसे योग्य बनाओ, शास्त्रीय रीतिसे योग्य बनाओ. ये देहका लालन पालन करनेकी प्रक्रिया है. अब जैसे गीतामें कहा **"शुद्धाश्च सुखिनश्चैव ब्रह्मविद्याविशारदाः. भगवत्सेवने योग्याः"** "जो शुद्ध हैं", "जो सुखी हैं", और "जो ब्रह्मविद्याविशारद" हैं. वो भगवत्सेवाके सच्चे अधिकारी हैं. तो इस देहका इस प्रकार लालनपालन करो, कि शुद्ध रहे, सुखी रहे, ब्रह्मविद्याविशारद बने, ऐसी सुन्दर देहवाली कन्याका दान भी अपन करते हैं तो ऐसा नहीं करते किसी फटेहाल कपड़ोंके साथ, जिसके माथेमें जूं हो, माथा खुजलाती रहती हो, कन्यादानमें जाये हस्त मिलाप करे तो वर भी कहेगा कि कौन आ गई? गांधारी. हाथ इधर उधर करते हुये आये कि कहां है वरराजा. तो कैसे लगेगा? वरराजा भी कहेगा कि भूलसे आ गया, मुझे शादी नहीं करनी. उसे सजाते हैं पहले. गोरी नहीं हो तो भी क्रीम पौलिश लगाके गोरी कर देते हैं, यहां होती है कि नहीं जूनागढ़में कलई? कलई नहीं कर देते कि छोकरी गोरी लगने लगती है. भलेही पांच छः दिन पीछे काली हो जाये पर शादीके दिनतो गोरी कर ही देते हैं. कन्या दानके समय तो दिखानेकेलिये गोरी बनाते ही हैं न? यह **"शुद्धाश्च सुखिनश्चैव**

**ब्रह्मविद्याविशारदाः.**" अब सोचो कि अपनी लड़कीको किसीने कराटे सिखा रखा हो, तो हस्त मिलाप हो तो वरराजाका हाथ ही तोड़ दे तो? भूलेचूके हाथ मिलाया और वरराजाका हाथ ही तोड़ दे तो? तो फिर कौन विवाह करेगा इसके साथ? अच्छा सिखाया कराटे. और ये वरराजा बोलही नहीं सकेगा शरमके कारण. खाली हस्तमिलापमें हाथ तोड़ दिया. ऐसे ऊधम नहीं होते हैं प्रभुके साथ. इसकेलिये ही महाप्रभुजी कह रहे हैं "**शुद्धाश्च सुखिनश्चैव ब्रह्मविद्याविशारदाः**". ये भगवत्सेवाकेलिये योग्य है. देहका लालनपालन इस प्रकार करो कि देह तुम्हारी शुद्ध हो, सुखी हो, दुःखी न हो, ब्रह्मविद्याविशारद हो. तो फिर इसे भगवत्सेवामें लगा दो. जैसे बेटीको सजा संवारके हम शादी करते हैं कि नहीं? ऐसे ही देहके प्रति बेटी जैसा भाव रखो, कि ये भगवत्सेवाकेलिये है. इसका लालनपालन कर रहा हूं, इसको लायक बना रहा हूं तो भगवत्सेवाकेलिये. बेटीको पढ़ाते हैं क्योंकि इसको कोई पढ़ालिखा अच्छा वरराजा मिले, न कि कोई मूर्ख. नहीं तो भैंसेके साथ शादी करनी? तो हम बेटीको पढ़ाते हैं, शृंगारित करते हैं, सब कुछ करते हैं क्यों? जिससे कि अच्छा वर मिले.

प्रश्नः अपने यहां जैसे शरणागतिका मंत्र है अष्टाक्षर तो इसमें प्रभुका दासत्व स्वीकारा, प्रभु स्वामी हैं. इसमें भक्ति तो आ ही जाती है. नवधा भक्तिमेंसे श्रवण कीर्तन स्मरण तो स्वरूपकी अपेक्षा न भी हो तो भी कर सकते हैं. पादसेवन, अर्चन, वंदन इनमें तो स्वरूपकी अपेक्षा है और दास्य भी स्वरूप सापेक्ष है. तो फिर ठाकुरजी पधराये हुये नहीं हों क्योंकि ब्रह्मसम्बन्ध नहीं लिया है. तो नवधा भक्तिमेंसे स्वरूपनिरपेक्ष ही भक्ति कर सकेगा. स्वरूपसापेक्ष कैसे कर सकेगा?

उत्तरः नवधा भक्तिके हमने तीन विभाग करे हैं, श्रवण, कीर्तन, स्मरण एक विभाग, अर्चन, वंदन और पादसेवन. दूसरा





विभाग, दास्य सख्य और आत्मनिवेदन ये तीसरा विभाग, कल भी मैंने जल्दी जल्दी ये बात कह दी थी कायिक वाचिक मानसिक.

आचार्य चरण इसका सर्वनिर्णयमें एक और अलग विभाग वर्णित कर रहे हैं. **बाह्याभ्यंतरभेदेन** बाह्य और आभ्यंतरके अनुसार रूपके दो भेद और एक नाम. ये जगत प्रभुकी किस प्रकारकी क्रीड़ा है? **रूपनामविभेदेन** तो रूपनामके विभेदसे प्रभुकी जो जगतमें क्रीड़ा है उसमें एक तो नाम, और दूसरा रूप, अब इस रूपके फिर दो भेद. बाह्यरूप और आन्तररूप. भगवल्लीला. लीला प्रभुकी किस प्रकार होती है? नाम और रूपसे. अब नामके हिस्सेमें, श्रवण, कीर्तन, स्मरण है. भागवतको भगवन्नामात्मक रूप कहा जाता है. सारी भागवत भगवानका नामात्मक स्वरूप है. इसी कारण श्रीमहाप्रभुजीने सारी भागवतके बारेमें श्रीनाथजीकी स्वरूपभावना बतायी है. कौनसा स्कंध श्रीनाथजीका कौनसा श्रीअंग? "**द्वादशांगोहि पुरुषः**" तो द्वादश स्कंधमें द्वादश अंग पुरुषका निरूपण करनेमें आया. तो ये नामात्मक स्वरूप है उनकेलिये. अतएव ये नामात्मक भगवत्स्वरूपका अपन श्रवण करें या कीर्तन करें, अथवा स्मरण करें. इन सबही के कारण भागवतको सुनना, भागवतमें वर्णित लीलाका गान करना, अथवा तो भागवतमें वर्णित लीलाका चिंतन करना. ये सब अपनी नाम भक्ति. इसके बाद भगवानने रूप भी तो लिया है. रूप लिया है तो रूपके दो भेद. एक बाह्यरूप और दूसरा आन्तररूप. बाह्यरूपके हिस्सेमें पादसेवन, अर्चन और वंदन. अब ये जो आन्तररूप है, उसके हिस्सेमें दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन. इन नवधा भक्तिको समावेश, नाममें एक और **बाह्याभ्यंतरभेदेन रूपे भेदद्वयम् मतम् नामनि चैकं ततस्त्रेधा भक्तिमार्गो निरूपितः.** ऐसे महाप्रभुजी कह रहे हैं. इन तीन प्रकारोंसे भक्तिमार्गका निरूपण किया जाता है. अर्थात् बाह्याभ्यंतर भेदसे रूपमें दो भेद हैं और नामका एक भेद है. इस प्रकार तीन भेद भक्तिमार्गके हुये.

तीन प्रकारके भक्तिमार्गमें एक एक में तीन तीन हैं फिरसे. नाममें श्रवण, कीर्तन और स्मरण. बाह्यरूपमें पादसेवन, अर्चन और वंदन, और आन्तररूपमें दास्य, सख्य, और आत्मनिवेदन. इस प्रकार यह त्रिधा भक्तिमार्ग जो है, ये त्रिगुणित होकर नवविध भक्तिमार्ग हो जाता है. भगवानका ये जो नामात्मक रूप है उसमें श्रवण, कीर्तन और स्मरण करना चाहिये. जो रूपात्मक भगवत्स्वरूप है, ये अगर बाह्य हो तो इसका क्या करना चाहिये? सेवा, वंदन और अर्चन या पूजन करना चाहिये. और आन्तररूपमें जो भगवानका रूप है, उनके प्रतिका दास्य, सख्य, और आत्मनिवेदन करना चाहिये. अब एक बात मुद्देकी समझो. अब इसमें जो नामात्मक भगवत्स्वरूप है, जैसे भागवत, और उस भागवतके आधार पर भगवदीय, जैसे अष्टछाप वगैरह भगवदीयोंके पद, तो उन पदोंमें जो कुछ हम सुनते हैं गाते हैं, अथवा तो तदनुसार चिंतन करते हैं, अथवा तो जिस प्रकार श्रीहरिरायजीने नित्य लीला लिखी. ऐसे ही कोई दयारामभाईने लिखें होंय, जिसने भी लिखी हों तो उन सबको अगर हम करते हैं, वो हम नामभक्ति करते हैं. बात समझमें आई? उसे हम भगवानकी नामभक्ति कहते हैं. ये नामभक्ति श्रवण, कीर्तन, स्मरणात्मिका होती है. और रूपभक्ति जो बाह्य करनी होती है, वो सेवा, वंदन और पूजनरूपमें होती है. अगर रूपभक्ति आभ्यंतर करनी हो, वो दास्य, सख्य और आत्मनिवेदनरूपमें होती है. अब इसमें क्या अंतर पड़ गया? अभी इस बातको समझ लो उसके बाद मैं प्रश्न पर आ रहा हूं. अब आन्तरस्वरूपकी कठिनाई ऐसी है, कि अगर इसका वंदन करना हो तो किस प्रकार करेंगे? इसका अगर पूजन करना हो तो किस प्रकार करना?

बनारसमें एक जंगमवाड़ी मठ है. वहां लोग "**अहं ब्रह्मास्मि**"की उपासना करते हैं. वो अपना षोडशोपचार पूजन करते हैं. पुष्पम् समर्पयामि, धूपम् समर्यामि, ऐसे अपनी आरती करते हैं. नैवेद्यम् समर्पयामि. क्या कहते हैं? मैं ही तो ब्रह्म हूं.





अतएव षोडशोपचार पूजन खुदका ही कर लेते हैं. देखके पता नहीं लगता कि ये पूजन कर रहे हैं कि पूजित हो रहे हैं! ये निन्दारूपमें नहीं कह रहा, साधनाके कोई विधि विधान होंगे, पर ऐसी साधनामें गड़बड़ होनेके बहुत *चान्स* हैं. पूजन किसका हो रहा है? अतएव अर्चन वंदन हम अपने आपका ही कैसे कर सकते हैं? दर्पणमें जाके करूं नमस्कार? तो ये फिर हमको ही नमस्कार करेगा. तो समझमें नहीं आता कि किसको नमस्कार करना? पूजन किस प्रकार करना? सेवा अपनी किस प्रकार करनी? वो तो करते ही हैं अपनी इसमें करने जैसा कुछ लगता नहीं. अतएव इसकेलिये हमें कोई विषयरूप परमात्मा देखना पड़ेगा. बाह्य विषयरूप कोई परमात्मा चाहिये जिसे हम अपनी साधारण भाषामें 'मूर्ति' कहते हैं, 'स्वरूप' कहते हैं, 'चित्रजी' कहते हैं. वस्त्रजी कहिये, मोजाजी कहिये, गिरिराजजी कहिये, जो कहना हो कहो पर वो एक बाह्य विषयरूप परमात्मा चाहिये. उस परमात्माका हम वंदन करते हैं. उसके सामने माथा झुकाते हैं, उसका हम पूजन करते हैं, उसकी हम सेवा करते हैं, तो यह बाह्यरूपमें अच्छी तरहसे सम्भव हो सकता है. आन्तररूपमें करने जाओगे तो या तो आन्तर करना पड़ेगा, और उसके बाद करा कि न करा बराबर हो गया.

और दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन. तो दास्यको देखो तो ये एक भाव है कि मैं तेरा दास. और इस भावनाके कारण जो कुछ भी हम करते हैं, वो भावके कारण करते हैं, मूलमें तो दास्य क्या है? दास्य एक भाव है. मूलमें सख्य क्या है? एक भाव है. मूलमें आत्मनिवेदन क्या है? श्रीठाकुरजीके सामने तुलसी लेकर बालक हमको मंत्र बुलवाते हैं, और अपने हाथमें तुलसी लेकर मंत्र बोले और मंत्र बोलनेके बाद तुलसी प्रभुके चरणराविन्दमें समर्पी वहांतक हम निवेदनका अर्थ बाह्य समझ रहे हैं. पर आत्मनिवेदनका अर्थ, सेवाकौमुदी जो हम देख गयें हैं, उस अर्थको ढूंढो. इस अर्थमें ये आत्मनिवेदन इन बाह्य अनुभावको

पूरित करनेवाले अर्थ तक ही सीमित नहीं है. पर ये एक ऐसा भाव है कि हमारी अहंता–ममतासे जुड़ी हुई हरेक वस्तु हमारे लिये न होकर हमारे प्रभुकेलिये है वैसा भाव. इस भावका अनुभाव यह है, इस भावकी शपथ, इस भावकी दीक्षा ये है कि अपने हाथमें तुलसी लो, इस भावकी शपथ हम इस प्रकार लेते हैं क्योंकि हमको ऐसी श्रद्धा है कि ठाकुरजीने तुलसीका अपने विवाहमें प्रयोग किया था, तो हम प्रभुको दूसरां तो क्या याद दिलायें, हमको भी तुलसीकी तरह आप जबरदस्ती खींचो अपनी ओर, तो तो आत्मनिवेदन हो जायेगा हमारा, बाकी तो हमारी आसक्ति तो लोकमें है ही. इसमें क्या कहना. स्वकीयत्वाध्यास निवृत्ति पूर्वक इसमें ही **प्रथम ग्रासे मक्षिका पातः**. पहले ही कौरमें मक्खी आ गई. स्वकीयत्वके अध्यासकी निवृत्ति करनी कैसे? स्वकीयत्वके अध्यायकी निवृत्ति होती तो पुष्टिमार्गमें कोई प्रोब्लम थी ही नहीं. अर्थात् पहलेही कौरमें मक्खी आ जाती है इसीलिये तो स्वकीयत्वाध्यास निवृत्त होता नहीं. उसके बाद भगवदुपयोगिताका भाव, यह तो अध्यास निवृत्त हो तब ही तो होगा. यह तो भगवानको अपने उपयोगी बना लेते हैं कि आत्मनिवेदनके बजाय परमात्मनिवेदन हो गया. परमात्मा हमको निवेदित हो गया. ले मैं तेरे लिये. मैं तेरेके बजाय तू मेरे लिये हो गया. यह परमात्मनिवेदन हो गया जीवात्मनिवेदन होनेके बजाय. अतएव भावरूपमें यह बहुत कठिन वस्तु है. मूल समझमें आयी ना? जो दीक्षा हम ले रहे हैं, तुलसी हाथमें लेकर प्रभुको याद दिला रहे हैं कि इसके साथ जो कुछ आपने किया न, वैसा ही कुछ करदो न भाईसाहब तो हमारा उद्धार हो, नहीं तो काम बहुत मुश्किल है. इसलिये हाथमें तुलसी लेकर आत्मनिवेदन करते हैं कि हम हमारा स्वकीयत्वाध्यास निवृत्त नहीं कर सकते तो आप निवृत्त करो न? शालिग्राम कैसे बन गये आप? भावको अनुभावरूपमें हम दीक्षाके समय प्रकट कर रहे हैं. सख्य–अप्रेरित प्रिय करना ये तो इसका बाहरका अनुभाव है, मूलमें तो ऐसा





भाव होना चाहिये कि हमें कोई न भी कहे तो भी हमें अपने स्वामीका कुछ तो प्रिय करना ही है. पर ये भावात्मक बात है. दास्य सख्य और आत्मनिवेदन ये तीनों भावात्मक हैं, क्रियात्मक नहीं हैं. क्रियासे भावमें जाना है, उसमें भावसे क्रियामें आना है. तो इसकी गरिमा अच्छी प्रकार निभेगी. भावसे क्रियामें जाना और क्रियासे भावमें आना. अतएव अर्चन सेवन और वंदनमें क्रियासे भावमें जाना ये *पैसेज* है और दास्य, सख्य और आत्मनिवेदनमें भावसे क्रियामें आनेका *पैसेज* है. मूलमें मनमें सख्यभाव ऐसा दृढ़ होना चाहिये कि वो सख्यभाव हृदयमें ही भरा हुआ नहीं रह जाये पर बाहर भी प्रकट होना चाहिये, हृदयमें दास्य भाव होना चाहिये परमात्माके प्रति पर वो हृदयमें ही भरा हुआ नहीं रह जाना चाहिये. किसी प्रकार बाहर भी प्रकट होना चाहिये. हृदयमें आत्मनिवेदनका भाव होना चाहिये पर वो हृदयमें ही भरा हुआ नहीं रहना चाहिये लेकिन किसी प्रकार बाहर भी प्रकट होना चाहिये. ये सारी स्कीम है नवधा भक्तिकी.

अब प्रश्नके उत्तरमें एक बात स्पष्टतासे समझ लेनी जरूरी है. जो व्यक्ति पति नहीं होता वो पिता नहीं हो सकता. पर हरेक पति पिता हो ही ये जरूरी नहीं है. जो पत्नी नहीं है वो माता नहीं हो सकती. उसी प्रकार जो शरणागत नहीं होता वो दास नहीं हो सकता पर हरेक शरणागत दास हो यह जरूरी नहीं है. शरणागतिका भाव अलग भाव है. उसमेंसे दास प्रकट होता है. जैसे पतिमें से पिता प्रकट होता है. जैसे पत्नीमेंसे माता प्रकट होती है. इसलिये हरेक पति या हरेक पत्नी माता पिता हो सकते हैं ये जरूरी नहीं है. ऐसे ही शरणागतिमें से दास्य प्रकट होता है. पर उससे हरेक शरणागत दास ही हो, यह जरूरी नहीं है. कितने सारे शरणागत जीव ऐसे होते हैं कि जिनमें दास्य भाव नहीं होता. शरणमें आया हुआ पड़ा है पर दास्य एक भाव है. दास न हो तो भी शरणागत हो सकता है. शरणागत अर्थात् **शरणं गृहरक्षित्रोः**. बेवकूफ लोग ऐसे समझते हैं कि महाप्रभुजीने

"श्रीकृष्णः शरणं मम" बताया है उसका अर्थ है कि श्रीकृष्ण मेरी शरण हैं. गये साल एक भाईने मेरे पास आकर कहा आपके महाप्रभुजीने ऐसा मंत्र निकाला है कि श्रीकृष्ण मेरी शरणमें हैं. मैंने कहा कि महाप्रभुजीने नहीं निकाला पर आप बेवकूफ हो. उसने कहा कि **श्रीकृष्णः शरणं मम**का अर्थ तो यही निकलता है. तो मैंने कहा कि आपको शरण शब्दका अर्थ ही नहीं पता. शरणका आप गुजराती हिन्दी अर्थ ले रहे हो. संस्कृतमें शरणका अर्थ अलग है. **शरणं गृहरक्षित्रोः**. शरणका अर्थ मेरा स्थान. मेरा रक्षक श्रीकृष्ण है. शरणका मतलब पैरोमें नहीं. "श्रीकृष्णः शरणं मम" अर्थात् मेरे पैरोमें श्रीकृष्ण है, ये अर्थ नहीं है. **शरणं गृहरक्षित्रोः**. श्रीकृष्ण मेरा घर है. जहां मैं रहता हूं. श्रीकृष्ण मेरा रक्षक है जो मेरी रक्षा करता हैं. लोगोंको उलटा पढ़ाते हैं कि महाप्रभुजीने गलत अर्थ हमको बता दिया है. अब जब संस्कृत नहीं आती तो हम भी क्या कर सकते हैं? हमारा मंत्र बहुत उज्ज्वल मंत्र है. श्रीकृष्ण मेरा रक्षक है. श्रीकृष्ण ऐसा धाम है जिसमें मैं रहता हूं. श्रीकृष्ण हमारा घर है जिसमें मैं रहता हूं. श्रीकृष्ण मेरा रक्षक है जिससे मैं रक्षित हूं. श्रीकृष्णः शरणं ममका यह भाव है. तो इसमें दास होना जरूरी नहीं है. रक्षक दासकी ही रक्षा करे ये जरूरी नहीं है. ये तो मित्रकी भी रक्षा कर सकता है. पुत्रकी भी रक्षा कर सकता है. पिताकी भी रक्षा कर सकता है. और कोई भी सम्बन्ध न हो एक व्यक्तिकी प्राणीकी तरह भी रक्षा कर सकता है. कुछ भी सम्बन्ध नहीं है.

शास्त्रमें इसका बहुत प्रसिद्ध उदाहरण आता है कि एक ऋषि नदीमें नहा रहे थे. वहां नदीमें एक बिच्छू बह कर जा रहा था. बिच्छू बह कर जा रहा है तो उनको बहुत दुःख हो गया कि क्यों बह कर जा रहा है. तो उन्होंने उसे हाथसे उठाकर किनारेपर रखनेकेलिये जो प्रयत्न किया तो उसने डंक मारा. तो हाथमें झटका लगा. बिच्छू फिर पानीमें गिर गया. उन्होंने कहा किं अब क्या करना? फिर दयावश होकर उसे हाथमें उठाकर





रखनेकी कोशिश की. अब बिच्छूको तो पता नहीं कि वो उसे मृत्युसे बचा रहे हैं. तो बिच्छूने फिर डंक मारा. तो जितनी बार बिच्छूने डंक मारा तो उसे पानीमेंसे उठाकर फिर किनारेके ऊपर रखनेका प्रयास उन संतने किया. बहुत प्रसिद्ध कथा है अपने हिन्दू धर्मकी. बहुत सुंदर कथा है संतके स्वभावको प्रकट करनेकी. बिच्छू क्या दास है जिसकी रक्षा संत कर रहे हैं? क्योंकि उनको लगता है कि बिच्छू भी बह रहा है तो उसे मरने नहीं देना. उसे बचानेकी कोशिश करनी चाहिये. अब डंक मारे तो मारे, उसका स्वभाव है डंक मारनेका. अब्राहम लिंकनके बारेमें कहा जाता है कि इनका जो विरोधी था वो सुबह गार्डनमें घूमने गया तो लिंकनका विरोधी उसे गाली देता हुआ सामने आया. लिंकनने बहुत प्रसन्नतासे कहा कि आप मुझे कोई गिफ्ट दो और मैं नहीं स्वीकारूं तो किसके पास रहेगी? उसने कहा कि मेरे पास ही. तो लिंकनने कहा कि मुझे आपकी गाली स्वीकार नहीं हैं. समझ जाओ इसीसे कि मैं तुझे गधा कहूं और तू कहे कि मैं स्वीकारता नहीं तो मैं ही गधा हो गया. बहुत मस्तीसे अब्राहम लिंकनने यह बात कही थी. तो ये तो सोचो कि स्वीकारना कि नहीं स्वीकारना? हमने स्वीकार लिया तो आनन्द आनन्द ही है. अब एक बात समझो कि हरेक शरणागतका दास होना जरूरी नहीं है. पर जो दास है वो तो शरणागत है ही. ये पिता जैसा सम्बन्ध है. शरणागतिके बिना दास किस प्रकार बनेगा? पर हरेक शरणागत दास नहीं होता.

oooooooooo

## सातवें दिनका प्रवचन

प्रश्नः जैसे आपने कल कही कि शरणागतिकी दीक्षा ली तो उस समय दास्य हो जाना जरूरी नहीं है. तो इसमें दास्यका लक्षण कह रहे हैं कि किसी भी तरहसे प्रभुके सिवाय और का

आश्रय न लेनेको दास्य कहते हैं. तो ये लक्षण तो "श्रीकृष्णः शरणं मम"की दीक्षा लेंगे तो आयेगा ही. तो उस समय दास्य नहीं हुवा तो ये लक्षण अति व्याप्त हो रहा है कि क्या हो रहा है?

उत्तरः बावाको ये असंभावना नहीं हो रही है पर विपरीति भावना हो रही है. बात समझमें आई? पहले तो यह समझो. ये कह रहे हैं कि लक्षण अर्थात् किसी तरहका वर्णन, किसीका हम वर्णन करें तो दो तरीकेसे होता है. उदाहरणकेलिये कोई हमसे पूछे कि पक्षीका वर्णन करो. तो हम क्या कहेंगे कि पंखवाला प्राणी जो आकाशमें उड़ता हो, उसका नाम पक्षी. पंखवाला प्राणी और आकाशमें उड़ता हो तो क्या मच्छरमें पंख नहीं होते? मक्खीमें पंख नहीं होते? उन्हें पक्षी कहते हैं कि नहीं? लक्षणकी बात करते हैं तो पंखवाला प्राणी जो आकाशमें उड़ता हो, मक्खी और मच्छर भी तो आकाशमें उड़ते होते हैं. और इनके पंख भी होते हैं. पर यहां यह लक्षण गलत हो जाता है. पर एक बात समझो कि ये बात लक्षणके तौर पर गलत. पर इसका स्वरूपवर्णन करना हो, तो गलत नहीं है. क्योंकि इसी बातको हम स्वरूप वर्णन तरीके कहें कि पक्षी अर्थात् कौन? तो संस्कृतमें पक्षी शब्द पक्ष जिसके होंय, पक्ष अर्थात् पंख जिसके हों उसका नाम पक्षी. एक बात और समझो. ज्ञान जिसके पास हो उसका नाम ज्ञानी. अभिमान जिसके पास हो उसका नाम अभिमानी. धन जिसके पास हो उसका नाम धनी. उसी प्रकार पक्ष जिसके पास होंय उसका नाम पक्षी. तो अपने नाममें ही उसका अर्थ छुपा हुआ है कि जिसके पंख हों. गुजरातीमें पक्षको पांख कहा और उसका 'पंखी' करा. अब कभी मधुरता लानेकेलिये हम 'पंखीड़ो' 'पंखीड़ा' कहते हैं ये एक अलग बात है. ये सब प्रयोग् मिठास लानेकेलिये बोलते हैं. तो पक्ष जिसके होंय वो पक्षी. ये वर्णनके रूपमें बात सच्ची है पर लक्षणतया बात खोटी है. क्योंकि लक्षण किसीका ऐसा देना चाहिये कि जितने पक्षी होंय उन सब पक्षियों





पर लागू हो. और जो कोई पक्षी न हो तो उसके ऊपर लागू न हो. ये पक्षीका लक्षण मक्खी मच्छरके ऊपर लागू हो गया.

और एक मजेदार बात आप देखो कि पक्षीका वर्णन हम पंखसे कर सकते हैं पर लक्षण उसमें ठीक नहीं बैठेंगे. और पक्षीका लक्षण जिसके चौंच होती है वो पक्षी कहलाता है. वर्णन पंखसे होता है पर लक्षण होता है चौंचसे. जितने पक्षी होते हैं उनकी चौंच होती है. जो प्राणी पक्षी नहीं है उसके चौंच नहीं होती. तो चौंच उसका लक्षण और वर्णन उसका पक्षी. तो वर्णन और लक्षणमें ऐसा थोड़ा अन्तर रहता ही है. अब बावा, जैसे अब आपकी बात कह रहा हूं.

सबमें लक्षण ही कह रहे हैं कि वर्णन कर रहे हैं?

एक बात समझ लेने जैसी है. लक्षण विवाद होता हो तब देनेमें आता है. विद्यार्थीको समझानेकेलिये लक्षणपरकता नहीं आती पर वर्णनपरकता आती है. क्योंकि लक्षण जब अपन करने बैठेंगे तो उसका ओरछोर ही नहीं आयेगा. विद्यार्थीको समझमें आती भी हो तो समझ आनी बंद हो जायेगी. क्योंकि लक्षणमें ऐसी चौंच वाली बात आयेगी. पंख या चौंच. अब विद्यार्थीके सामने वर्णन करो तो पंखकी बात कहने पर समझमें आ जायेगी. किसी समय हल्केसे वर्णन या लक्षण कह देते हैं. यह ठीक है कि साधारण बोलीमें कभी वर्णन की जगह लक्षण कह देते हैं और लक्षणकी जगह वर्णन कर देते हैं.

प्रश्नः ये बात तो स्पष्ट हो गई कि शरणागत जीव और जिसने दास्य धर्म स्वीकारा है उनमें भेद इतना है कि जो शरणागत है उसका दास होना जरूरी नहीं है लेकिन जो दास है वो शरणागत तो है ही. इसमें एक सवाल ये हो रहा है कि जब शरणागति स्वीकारी तो विवेक धैर्य आश्रय रखना चाहिये जैसे आपने कहा. अब इसको दूसरे शब्दोंमें कहना हो तो जैसे भक्तिको हमने कहा था कि माहात्म्य ज्ञानपूर्वस्तु सुदृढ़ो स्नेह तो

शरणागतिमें केवल माहात्म्य ज्ञान आ रहा है. स्नेहका अंश नहीं आ रहा है. ऐसा कह सकते हैं?

उत्तरः ऐसा है कि माहात्म्य ज्ञान ही आ रहा है स्नेह नहीं आ रहा है, इसमें दो बात समझनी चाहियें. जिससे मूल मुद्दा समझमें आ जाये. जिस वस्तुको हम जानना चाहते हैं, उसे किसी प्रकार चाहते तो हैं कि नहीं चाहते? और जिस वस्तुके बारेमें अपने हृदयमें चाहना है तो उसे किसी न किसी तरहसे हम जान रहे हैं कि नहीं जान रहे? चाहनेको अपन भक्ति कह सकते हैं सरल करके, और जानना अर्थात् ज्ञान समझ लेना चाहिये. तो जिसे हम जान रहे हैं तो उसे किसी न किसी प्रकार चाह ही रहे हैं. और जिसे हम चाह रहे हैं उसे किसी न किसी प्रकार तो जान ही रहे हैं. अगर उसे जानते नहीं हैं तो उसके बारेमें चाहना होगी ही नहीं. और किसी प्रकार नहीं भी चाहते हों तो किसे फुरसत है जाननेकी और चाहनेकी? तो जाननेकी जो वृत्ति है वो भी किसी चाहनासे प्रेरित है. और चाहनेकी जो अपनी वृत्ति है हृदयके भीतर, ये भी किसी ज्ञानसे नियन्त्रित होती है. अतएव जाननेकी क्रिया और चाहनेकी क्रिया वो सर्वथा अलग–अलग करके देख सकें, ऐसा तो संभव नहीं है. पर इतना तो हम अच्छी तरहसे समझ सकते हैं कि जो मनुष्य जिस वस्तुको अथवा जिस व्यक्तिको जानना चाहता है, वो उसे चाहता है पर क्यों? उसे जानना है खाली इसकेलिये. पर जो मनुष्य जिस वस्तुको अथवा जिस व्यक्तिको चाहता है वो उसे जानता है पर कितना जानता है कि जितने जाननेसे उसे चाह सके. इतना ही जानना चाहता है इससे अधिक जाननेकी इसे जरूरत ही नहीं होती. और जो मनुष्य जिस वस्तुको जानना चाहता है उसे इस वस्तुकी चाहना तो होती है पर इतनी चाहना होती है कि जितनी चाहना इसके ज्ञानमें सहायक हो. इसलिये ज्ञान मिले पीछे चाहना में एक प्रकारका पूर्ण विराम आता है. जो इसे जानना चाहता है उसे. और जो इसे चाहना मांगता है वहां चाहना शुरु होनेके उपरान्त





ज्ञानका विराम आ जाता है. इससे अधिक इसे ज्ञानकी जरूरत ही नहीं है. इतने ज्ञानकी जरूरत इसे होती है कि जितने ज्ञानके कारण इसे ये चाह सके. सोचो कि हम किसीकी दावतमें गये. और कोई मिठाई हमें बहुत अच्छी लगी कि जिसे हमने कभी खायी ही नहीं हो. तो हमें ज्ञान कैसे होगा कि ये क्या है? तो हम इसके बारेमें इतना ही चाह रहे हैं कि जिससे हम घरमें जाकर कह सकें कि ये मिठाई सिद्ध करो कभी. इतनेही ज्ञानकी जरूरत हमें इस बारेमें होनी चाहिये. और जिसे आप जाके यह कहोगे कि ये मिठाई सिद्ध करो तो इसे कदाचित अच्छी लगती हो कि न लगती हो, चाहे वो तुम्हारी मां हो, बहन हो, कि पत्नी हो, कोई भी हो उसे मुश्किल आ जायेगी. अब ये चाहे कि न चाहे पर इसको यह चाहना होगी कि बनानी किस प्रकार? पड़ौसीके यहां पूछने जायेंगी कि यह मिठाई बनानी किस प्रकार? अब चाह तो ये भी रही है न इसे पर कितना चाह रही है कि बनानेकी विधि इसे पता चल जाये बस इतना चाह रही हैं इससे अधिक चाहना इसे नहीं है. तो ज्ञान जहां साधन है और चाहना जहां लक्ष्य है वो एक प्रकार. और चाहना जहां साधन है और ज्ञान जहां लक्ष्य है वो दूसरा प्रकार. उसी प्रकार किसी प्रकारकी चाहना तो महात्म्य ज्ञानमें होगी ही न? स्नेह. इतना स्नेह तो हो सकता है और जो भक्त है ये भी अपने प्रियतम परमात्माके स्वरूपको सर्वथा नहीं जानता हो तो भक्त किस प्रकार हो सकता है? इस कारण अपनी भक्तिका थोड़ा स्वरूप चैतन्य सम्प्रदायवालोंने स्वीकारा है एक दम हमारे जैसा तो नहीं है. पर थोड़ा अपने नजदीकका स्वरूप है. अतएव चैतन्य सम्प्रदायके रूपगोस्वामीने एक बहुत सुन्दर कारिका लिखी है. **"ज्ञानवैराग्ययोः भक्तिप्रवेशाय उपयोगिता किञ्चित प्रथममेवेति नांगत्वम् उचितं तयो यद उभे चित्तकाठिन्यहेतुप्रायः सताम् मते. सुकुमार स्वभावेयम् यतः तद् भक्तिः ईरिताः".** भक्तिके स्वरूपको समझनेंकेलिये अतिशय सुन्दर श्लोक है.

रूपगोस्वामीका लिखा हुआ है. एक बात और समझो कि रूपगोस्वामी अपने श्रीमहाप्रभुजीके बहुत ही जिगरजान दोस्त थे. उनकी दोस्ती किस प्रकार की थी उसकी एक घटना आपको सुना देता हूं. उन्होंने ये ग्रंथ जब लिखा तो उसमें महाप्रभुजीके मतका कुछ उल्लेख किया. जब महाप्रभुजी वृन्दावन पधारे तब उन्होंने महाप्रभुजीको वह ग्रंथ दिखाया. उसमें महाप्रभुजीका उल्लेख जो था तो वो महाप्रभुजीके मतानुसार नहीं था. महाप्रभुजीने कहा कि मुझे इसमें कुछ सुधारने जैसा लग रहा है. तो रूपगोस्वामीने पूराका पूरा ग्रंथ उठाकर श्रीमहाप्रभुजीके हाथमें दे दिया कि जो जो आपको सुधारना हो वो आप सुधार लो. तो इनके भतीजे जीवगोस्वामीको बहुत बुरा लगा कि हमारे काकाजीके ग्रंथमें सुधार करनेवाले महाप्रभुजी कौन? तो वो अपने काकाके सामने तो बोल नहीं सके, पर जब महाप्रभुजी यमुनास्नान करनेकेलिये पधारे, यात्रासे पधारे थे उसी समय, तो वहां जीवगोस्वामी महाप्रभुजीके पास गये. और बोले कि हमारे काकाजीके ग्रंथको सुधारनेसे पहले आप मेरेसे शास्त्रार्थ करो. तो यमुनाके किनारे जबरदस्त शास्त्रार्थ हुआ. इसलिये देर लग गई. उसके बाद वापिस पधारे. अब देर तो हो गई थी तो रूपगोस्वामीने पूछा कि इतनी देर क्यों लग गई? तब महाप्रभुजीने बहुत खुश होकर कहा कि आपने जीवको बहुत अच्छा तैयार किया है. तो रूपगोस्वामी गुस्सेमें आकर बोले कि मैंनेतो आपसे ग्रंथमें सुधार करनेकेलिये कहा था तो इसमें शास्त्रार्थकी क्या जरूरत आ पड़ी? इसकेलिये उन्होंने जीवगोस्वामीके साथ बोलंना छोड़ दिया. अब बिचारे जीवगोस्वामीको छः महीना अलग यमुनाजीके उस पार रहना पड़ा. उसके बाद जीवगोस्वामीके बड़े भाई सनातन गोस्वामीने आकर मध्यस्थ होकर इनका झगड़ा मिटाया. उसके बाद रूपगोस्वामीने जीवगोस्वामीसे बातचीत की. इतने गुस्सा हो गये. तो दोनोंमें कितना प्रेम होगा? ये हमें कल्पना भी नहीं हो सकती.





जब श्रीनाथजी सतघरेमें पधारे तो जितने दिन श्रीनाथजी वहां बिराजे तो रूपगोस्वामी भी वहां आकर रहे थे. ऐसा उल्लेख भी आता है. तो इन दोनोंका बहुत ही दोस्तीका सम्बन्ध था. पर बादमें जीवके कारण दोनों सम्प्रदायोंमें बहुत दुश्मनी हो गई. जीवको गुस्सा आ गया और वास्तवमें बात बिगड़ गई. पर रूपगोस्वामीका बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध था महप्रभुजीके साथ मित्रताका.

तो ये जो रूपगोस्वामीकी कारिका है ये भक्तिके स्वरूपको समझनेकेलिये अतिशय सहायक है. रूपगोस्वामी कहते हैं ज्ञान और वैराग्य भक्तिकी ओर आप बढ़ो इसकेलिये उपयोगी हैं. तो ज्ञान और वैराग्यकी उपयोगिता जीवनमें है. रूपगोस्वामी कहते हैं कि वो भक्तिके अंग नहीं हैं. भक्तिके ये पग नहीं हैं. जैसे रास्तेके ऊपर मार्गदर्शन पट्टी नहीं होती, जैसे केशोद जाना हो तो ऐसे जाओ, मोरवी जाना हो तो ऐसे जाओ, मार्गदर्शक पट्टी लगी होती हैं, उसी प्रकार ज्ञान वैराग्य मार्गदर्शक पट्टीयोंकी तरह हैं जिससे कि भक्तिकी दिशाकी ओर बढ़ा जा सकता है. पर भक्तिमें चलनेकेलिये चरण जैसे नहीं हैं. बहुत मीठी बात कही है. ज्ञान वैराग्यकी उपयोगिता कितनी है इसका विवेक समझा रहे हैं. **ज्ञानवैराग्ययोः भक्तिप्रवेशाय**, भक्तिमें प्रवेशकेलिये उपयोगिता है. **किञ्चित प्रथममेव इति** थोड़ी शुरुआतमें ज्ञान वैराग्यकी जरूरत है. क्योंकि विषयमें अगर तुम्हें वैराग्य नहीं होगा तो आप परमात्माकी ओर बढ़ ही नही सकते. परमात्माका ज्ञान ही नहीं हो, तो परमात्मा भजनीय हैं इसका निर्धारण ही आप नहीं कर सकते. ज्ञान वैराग्यको अंग मानना उचित नहीं है. ज्ञान वैराग्य भक्तिका अंग किस कारण नहीं बन सकते? तो उसका रूपगोस्वामी कारण देते हैं कि यदि ये ज्ञान और वैराग्य वास्तवमें दृढ़ हो गये आपके भीतर तो आपका चित्त कठोर हो जायेगा. और भक्तितो सुकुमार है. बहुत नाजुक स्वभावकी है. अतिशय

नाजुक स्वभावकी होनेके कारण, ज्ञान वैराग्य कदाचित इसे सुखा दें.

अपने यहां एक वचनामृतमें आता है कि दो मित्र श्रीगुसांईजीके पास दीक्षा लेनेकेलिये गये. एकसे श्रीगुसांईजीने पूछा कि तुझे क्या अच्छा लगता है? उसने कहा कि मुझे खानेका बहुत शौक है बाकी सब वृत्तियोंके ऊपर तो काबू पा लिया है. श्रीगुसांईजीने कहा कि चल कल व्रत कर लेना. परसों तुझे ब्रह्मसम्बन्ध दे देंगे. दूसरेसे पूछा तो उसने कहा कि मुझे तो खाने पीने किसी भी विषयमें अनुराग रहा ही नहीं हैं. श्रीगुसांईजीने कहा कि अभी तो तू रहने दे, फिर कभी विचारेंगे ब्रह्मसम्बन्ध देनेकेलिये. तो उसने पूछा कि आप भोजनभट्ट मठड़ी चाटनेवालेको तो ब्रह्मसम्बन्ध दे रहे हो पर मुझे नहीं दे रहे? गुसांईजीने कहा कि इसे खानेका शौक तो है न, तो इस शौकको भगवानमें लगा सकते हैं, और तुझे तो कोई शौक ही नहीं है तो तू भगवानको भी भूखा रखेगा. इसलिये अभी तू थोड़ा तैयार हो जा, फिर ब्रह्मसम्बन्ध दे देंगे.

इस प्रकार हमारे यहां इस बातको समझा जाता है. पर अपने यहां "**या प्रीतिः अविवेकीनाम् विषयेषु अनपायिनी त्वाम् अनुस्मरतः सा मे हृदयाद् मा अपसर्पतु.**" विषयमें जो अपना वैराग्य है, विषयमें जो अपना अनुराग है, उसे हमें प्रभुकी ओर लगाना है. कोई ऐसी विलक्षण मांग है भक्तिकी, दूसरा कोई उपाय ही नहीं है. तो विषयमेंसे अनुरागको निकालनेकेलिये जितना वैराग्य जरूरी है उतना जरूरी तो हम भी मानते हैं, और प्रभुकेलिये, प्रभुकी ओर लगानेकेलिये जितना जरूरी है उतना तो चाहिये ही हमको. इसीलिये हमारे यहां त्याग मार्ग नहीं है, अपना मार्ग भोगका मार्ग नहीं है. अपना पुष्टिभक्तिका मार्ग न तो त्यागका मार्ग है और न ही भोगका मार्ग है, क्योंकि भोगको सेवामें प्रतिबन्धक कहते हैं. सेवाफलमें श्रीमहाप्रभुजीने आज्ञा करी है कि भोग प्रतिबन्धक है. तो ये न तो त्यागका मार्ग है और न





ही भोगका मार्ग है. पर **भगवद्विनियोगका मार्ग है.** कि जो कुछ हमारा है उसका भगवानमें विनियोग करना है. इन सब बातोंको साथ साथ जोड़ोगे तो रूपगोस्वामीकी बात समझमें आ जायेगी, कि "**ज्ञानवैराग्ययोः भक्तिप्रवेशाय उपयोगिता किञ्चित् प्रथममेवेति नांगत्वम् उचितंतयो.**"

इसकेलिये शुद्धाद्वैतका ज्ञान भी भक्तिमें प्रतिबन्धक हो जाता है जब हम इसे जड़तासे पकड़ लेते हैं तब. तो इसे जड़तासे नहीं पकड़ना. शिक्षापत्रमें ऐसे कहा गया है. इसका मूल तात्पर्य समझो. महाप्रभुजी इसका स्पष्टीकरण वेदस्तुतिमें करते हैं. वेदस्तुतिमें तुमुल महाभारत है कि जगत सिद्ध करनेकेलिये दो श्लोक वेदस्तुतिमें ऐसे हैं कि जहां जगतको मिथ्या कहनेमें आया है. सामान्यतया जहां जगतको मिथ्या कहनेमें आया है वहां हमारी अपेक्षा ऐसी रहती है कि श्रीमहाप्रभुजी जैसे आचार्यको वहां ऐसा व्याख्यान करना चाहिये था कि जगत सत्य है ऐसा सिद्ध करें. पर महाप्रभुजीने वहां पर ऐसा ही कहा है कि जगत मिथ्या है. कितने कथावाचकोंकी तो खोपड़ी चकरा जाती है कि जगत सत्यका अपना सिद्धान्त है और यहां जगतको मिथ्या कह रहे हैं. अब क्या समझना? पर वहां पर महाप्रभुजीने एक छोटीसी कारिकामें स्पष्ट किया है कि जिसे समझें तो सब बात ठीक लगेगी और नहीं समझें तो सभी बात बम्पर चली जायेगी. महाप्रभुजीने स्पष्ट किया कि मैंने जगत सत्य होनेका सिद्धान्त इस कारण वर्णन किया है कि इस जगतकी सारी वस्तुओंको आप सेवाका अंग बनाकर प्रभुकी ओर बढ़ सको. जगत अगर मिथ्या हो तो हम फूलमाला धरायें और विनती करें कि हम आपको मिथ्या फूलमाला धरा रहे हैं. भोग धर रहे हैं और विनती कर रहे हैं कि मिथ्या रसगुल्लेको प्रभु आरोगो. वस्त्र धरा रहे हैं कि स्वप्न आ रहा है कि आपको वस्त्र धरा रहे हैं तो धर लो. तो भगवान तो धर ही लेगा पर आपका भक्तिका भाव सब भाग जायेगा. तो महाप्रभुजी कह रहे हैं कि जगत् सत्यका सिद्धान्त मैं

इस कारण कह रहा हूं कि यह जगत सत्य होनेका सिद्धान्त भगवद्भजनमें उपयोगी है. हमारा जगतके साथ कुछ लेना देना नहीं है. भाड़में जाये जगत यदि ये भक्तिमें विरोध उपस्थित करता है. हमें इसके साथ कोई लेना देना नहीं है. इस जगतकी उपयोगिता भगवद्भक्तिमें है, यह जगत भगवद्भक्तिमें सहायक बन सकता है, इतना हमारा झगड़ा है कि **"मायावादाख्यतूलाग्निः ब्रह्मवाद निरूपकः"** इतना झगड़ा किस कारण भाई? इसका अर्थ समझे? ये जगत है माया है. मिथ्या भ्रमणा है, ऐसे जो सिद्धान्त कहनेवाले उन पर महाप्रभुजीको इतना द्वेष है कि जैसे रूईके ऊपर अग्निका होता है. रुईके साथ अग्निको रखो तो क्या होता है? राख ही हो जाती है. लकड़ीको जलनेमें थोड़ी देर लगती है पर रुईको जलनेमें देर लगती है? महाप्रभुजी मायावादरूपी तूलकेलिये अग्नि जैसे हैं. मायावाद जब कोई कहता हो तो वो रुई और महाप्रभुजी अग्नि. ये मायावादकेलिये अग्नि हैं. मायावादके साथ इतना द्वेष पर ये भी कहा है कि सब कुछ माया है. तो इस तूलाग्निका क्या हुआ फिर? पर महाप्रभुजीने स्वयं स्पष्ट किया है कि इस मायावादके साथ मेरा द्वेष इसलिये है कि ये मायावाद हमारी भक्तिमें सहायक नहीं होता, बाधक होता है. इसकेलिये तूलाग्नि हैं. ये जगत सत्य होनेके कारण भक्तिमें बाधक होता हो तो मैं अपना स्टैन्ड बदल लूंगा. महाप्रभुजीने टीकामें अच्छी तरहसे स्पष्ट किया है कि इस जगतकी सत्यता भगवद्भजनोपयोगी होनेके कारण वर्णनकी है और वहां **'मैं'** महाप्रभुजीका नहीं है पर भागवतकारका **'मैं'** है. ये बात मत भूलना. वहां मैं महाप्रभुजीका न होनेके कारण और भागवतकारका होनेके कारण श्रीमहाप्रभुजी उसको लक्षित करके कह रहे हैं कि जगत सत्यत्वका जो सिद्धान्त है ये भगवद्भजनोपयोगीतया है पर जगत सत्य है उस जगतको मानना पर जगदीशको नहीं मानना हो तो कहते हैं कि स्टैन्ड बदल लेता हूं. फिर तो मैं कहूंगा कि जगत तो माया है तू मूढ़ है. क्योंकि जगतसत्यका वाद





इसकेलिये थोड़े ही कहा था कि तू जगतको ही मानने लग जाये. मैंने तो जगत सत्यत्ववाद इसकेलिये कहा था कि तू जगतको ब्रह्मात्मक जान और ब्रह्मका आनन्द ले. पर तू ब्रह्मका आनन्द नहीं लेना चाहता, ब्रह्मको जानकर जगतको स्थापित करना चाह रहा है तो ले ये जगत माया, माया और मायाके सिवा कुछ नहीं है. आपने ऐसी ऐसी युक्तियां दी हैं कि जिनसे जगत मायिक सिद्ध हो जाये. जो युक्तियां महाप्रभुजीने दी हैं वो गजब ही हैं. ये सब माया, ये सब मिथ्या है. ये सब जो अपने ठाकुरजीको माला धरा रहे हैं ये मिथ्या, पर बात समझो कि ठाकुरजीको जो माला धरा रहे हो न, वो मिथ्या नहीं है, ठाकुरजीको जो भोग धर रहे हो वो मिथ्या नहीं है, घरमें ठाकुरजीको पधरा रहे हो वो मिथ्या नहीं है. ठाकुरजीकी सेवामें जो आप तुम्हारी देहका प्रयोग कर रहे हो वो मिथ्या नहीं है, पर ठाकुरजीको आप तुम्हारी सेवामें प्रयोगमें ला रहे हो, तो सब मिथ्या है.

अतएव हमारे यहां दो प्रकारके ठाकुरजी होते हैं, प्रदर्शनके ठाकुरजी और तपेलीके ठाकुरजी. प्रदर्शनके ठाकुरजी अर्थात् क्या? जैसे एक शोरूम होता है वैसे शोरूमके ठाकुरजी. दुकानवालोंके यहां एक शोरूम होता है और एक गोदाम होता है. तो गोदाम जैसे हमारे यहां ग्वालमंडलीके ठाकुरजी होते हैं. जो कि सब बिराजे रहते हैं गोदाममें. शोरूममें सजावटके साथ होते हैं. इसके बाद एक ठाकुरजी तपेलीके ठाकुरजी होते हैं. तो इन ठाकुरजीके सेवक हम नहीं होते, ये ठाकुरजी हमारे सेवक होते हैं. हमने व्रत नियम लिया है कि अनप्रसादी नहीं खाना है, अतएव हमारी सेवा करनेकेलिये ठाकुरजी तपेलीमें बिराजते हैं कि हमें पाप नहीं लग जाये. तुम महाराज हो. अनप्रसादी खाओगे तो पाप लगेगा अतएव प्रसादी कर देता हूं और हमें अनप्रसादी खानेका पाप नहीं लगता.

एक बार ऐसा हुआ कि किन्हीं बहूजीने ऐसा नियम लिया कि महाराजको पानी पिलाये बगैर जल भी नहीं लेना. अब महाराजको प्यास न लगी हो और बहूजीको प्यास लगी हो तो भी महाराजको पानीका गिलास दिया जाता पीनेको. महाराज कहें कि मुझे प्यास नहीं लगी है तो बहूजी कहें कि मैंने नियम लिया है कि आप मेरे पतिदेव और आपको जल पिलाये बिना मैं जल नहीं पीयूंगी, तो महाराज बिचारा क्या करे? पीना पड़े. चाय नहीं पीनी, अरे क्यों नहीं पीनी, मैंने नियम लिया है कि आपको पिलाये बिना अनप्रसादी नहीं लूं. तो चाय भी पीनी पड़े. महाराजके हाल बिगड़ गये गरीबके. ये कोई कल्पित बात नहीं कह रहा पर ऐतहासिक बात कह रहा हूं. अब महाराजकी चले ही नहीं बहूजीके सामने. जो पिलायें सो पीना ही पड़े. ऐसे दो चार वैष्णव नियम ले लें न कि हेयर कटिंग सैलून खोलें और कहें महाराज. पहली कैंची आप चलाओ अन्यथा यह हेयर कटिंग सैलून चलेगा नहीं!! असमर्पित वस्तूनां तस्मात् वर्जनमाचरेत्. महाराजको चलानी पड़े कैंची. अरे जो कहा गया था उसको क्या और कैसे समझ बैठे!!! हम कुछ अलगही समझ गये. और फिर उसके बाद हम कहें कि आज महाराजने हेयर कटिंग सैलूनका उद्घाटन करना है. "सिर जो तेरा चकराये या दिल डूबा जाये. आ जा प्यारे पास हमारे काहे घबराये." अरे इस तरहसे महाराजको हेयर कटिंग सैलूनके उदघाटनमें नहीं बुलाया जाता भाईसाहब. अरे महाराजका स्वरूपभी हमको समझना चाहिये. अरे हेयर कटिंग सैलून खोलो. काटो बाल, हेयर कटिंग करो, पौकिट कटिंग करो पर इन सबका उदघाटन महाराजसे नहीं होता. सैलूनको आपको प्रसादी नहीं करवाना है. इसके कारण अपनेको ठाकुरजी नहीं रखने हैं पर तपेलीमें ठाकुरजी हमारे यहां इसी कारण रहते हैं. पर ठाकुरजी कृपा नहीं करें तो कौन करे?? तो इस प्रकार हमारे यहां ठाकुरजीयोंमें भी प्रभेद होता है.





जब जूनागढ़का केस सुप्रीमकोर्टमें चला तो जजने पूछा कि तपेलीके ठाकुरजी अर्थात् क्या? तो वकीलने कहा कि तपेलीके ठाकुरजी! जिस भगवानको खानेकी तपेलीमें रखते हैं तो वो तपेलीके ठाकुरजी. जज घबरा गया कि खानेकी तपेलीमें भगवानको क्यों रखते हैं? वकीलने कहा कि इन लोगोंकी पद्धति ऐसी ही है. सुप्रीमकोर्टमें नोटेड है ये बात. जजने कहा तो जाने दो इन सबको, करदो पब्लिक. नहीं तो भगवानको भी खा जायेंगे ये सब, तपेलीमें रखते हैं. जज भी घबरा गया. मैंने खड़े होके हल्ला मचाया सुप्रीमकोर्टमें कि ये सब गलत कह रहे हैं. तो जज बोला कि आप चुप बैठ जाओ. आप बीचमें मत बोलो. वकीलको बोलने दो. ऐसी खराब स्थिति. अपने मार्गकी कैसी अजीबोगरीब स्थिति है. शान्तिसे विचारोगे ना तो अपनेको हंसी आयेगी पर वास्तवमें रोने जैसी बात है. सौ सौ आंसूसे रोनेकी दुखद बात है अपनेलिये कि हम कितने गलत रास्ते पर चल निकले हैं. ठाकुरजीके भी भेद, तपेलीके ठाकुरजी, प्रदर्शनके ठाकुरजी, परदेशके ठाकुरजी, सखड़ीके, अनसखड़ीके, दूधघरके, नागरीके, मरजादके, या अल्लाह बम्मनमें भी बम्मन! ऐसी अजीब बात. बहुत खराब स्थिति है मार्गकी. हम सिद्धान्त नहीं समझते उसके सब लफड़े हैं. एब बार सिद्धान्त समझ लो तो फिर ऐसी दुर्वृत्ति नहीं होगी. तो जो आपका प्रश्न था ना तो जो महात्म्य ज्ञान प्रपत्तिमें प्रधान है और स्नेह नहीं है ऐसा नहीं है. माहात्म्य ज्ञानमें भी स्नेह किसी तरहसे अंग बनता है. ज्ञानकेलिये स्नेह होता है. उससे अधिक स्नेह नहीं होता. और भक्तिमें स्नेहकेलिये ज्ञान होता है उससे अधिक ज्ञान नहीं होता. ऐसा सूक्ष्म प्रभेद है.

प्रश्नः शरणागतिमें माहात्म्यज्ञानकी प्रधानता होती है और माहात्म्यज्ञानकेलिये स्नेह होता है. और भक्तिमें स्नेहकेलिये माहात्म्यज्ञान होता है.

उत्तरः इसकेलिये ही मैंने महाप्रभुजीका उदाहरण दिया था कि भगवत्सेवाकेलिये जगतका सत्यत्व या विषय भोगकेलिये

जगतका सत्यत्व. तो महाप्रभुजीने अच्छी तरहसे यह व्यवस्था बताई है कि अगर विषयभोग करना है तो जगत मिथ्या है. और भगवद्भक्ति करनी हो तो जगत सत्यत्व. अब जगत सत्य कि मिथ्या ये इससे निधारित होता है कि आप क्या कर रहे हो जगतके साथ? अगर जगतको आप जगदीशकेलिये विनियोग कर रहे हो तो जगत सत्य. लेकिन जगदीशको आप अपने लिये प्रयोगमें ला रहे हो तो जगत मिथ्या. ये श्रीमहाप्रभुजीका अभिगम है. इसी तरहको ज्ञानको स्नेहकेलिये प्रयोगमें ला रहे हो तो यह स्नेहही कहलायेगा ज्ञान नहीं कहलायेगा. इसलिये **"माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढ़ो सर्वतोधिक स्नेहो भक्तिः"** अब स्नेहको आप ज्ञानकेलिये प्रयोगमें ला रहे हो तो यह ज्ञान ही कहलायेगा स्नेह नहीं कहलायेगा. थोड़ा बहुत स्नेह तो होगा ही, यह तो हो नहीं सकता कि जिसे आप चाहते ही नहीं हो तो उसको जाननेकी कोशिश करो. कुछ न कुछ तो चाहते हो तभी तो उसको जाननेकी कोशिश करते हो ना? तो इस प्रकार इसका अंगांगीभाव समझ लेना चाहिये. भक्तिमें स्नेह अंगी है और ज्ञान इसमें प्रवेश करनेकेलिये पहली शर्त है. ये अंग नहीं है. भक्तिकी ओर, इसकेलिये ही मैंने कहा था न, जो निरूपाधि भाव है, उसमें माहात्म्य ज्ञान नहीं है. पर निरूपाधि भावके आन्तर स्रोतोंको खोदनेकेलिये माहात्म्यज्ञानरूपी थरके नीचे जाना पड़ेगा अज्ञानको हटानेकेलिये. अज्ञानकी मिट्टीको हटानेकेलिये माहात्म्यज्ञानके फावड़ेसे उसे खोदना पड़ेगा. और उसके बाद निरुपाधि भावके आन्तर स्रोत फूट निकलेंगे. इस प्रकार हमको समझ लेना चाहिये.

अपनी भक्तिमें तो निश्चित ये शर्त है. जैसा रामानुजाचार्यजीके अनुसार भक्तिका स्वरूप है, वहां रामानुजाचार्य प्रथमही मंगलाचरणमें स्पष्ट कह देते हैं **"भवतु मम परस्मिन शेमुषी भक्तिरूपा."** उनको भक्तिरूप ही ज्ञान चाहिये. तो उसमें वो अंग बन रहा है. वो प्रवेशाय उपयोगिता नहीं है. ज्ञानात्मिका





भक्ति है. करके रामानुजाचार्यजीका गीताका भी जो सिद्धान्त है वो कर्मज्ञानभक्तिके समुच्चयका सिद्धान्त है. वो ऐसा नहीं मानते श्रीशंकराचार्यकी तरह कि ज्ञानार्थ कर्म और भक्ति है. रामानुजाचार्य ऐसा कहते हैं कि कर्मज्ञान और भक्ति तीनोंका समुच्चय है. और कोई लोग ऐसा मानते हैं कि भक्त्यर्थ कर्म और ज्ञान है. कोई लोग ऐसा मानते हैं कि ज्ञानार्थ कर्म और भक्ति हैं. और अपन ऐसा मानते हैं कि कोई कोईकेलिये नहीं हैं. सब अपने आपमें पर्याप्त हैं. पर शुरुआतमें किसीका भी सहारा हम ले सकते हैं. जिसका सहारा लेके हमें आगे बढ़ना है. जैसे भक्तिका सहारा लेके ज्ञानके साथ आप आगे जा सकते हो. ज्ञानका सहारा लेके भक्तिकी तरफ जाना हो तो जा सकते हो. कर्मका सहारा लेके भक्तिकी तरफ जाना हो तो जा सकते हो. भक्तिका सहारा लेके कर्मकी ओर जाना हो तो जा सकते हो. तो जिसका सहारा लेके जिस तरफ आप जा रहे हो वो आपका मार्ग है. जिसका सहारा लिया वो आपका मार्ग नहीं है. जिस प्रकार मार्गके ऊपर सूचना पट्टी लगी होती हैं. वो मार्ग नहीं है पर सूचनापट्टी ही हैं और जो जानकारी लेकर जिस दिशामें हम बढ़ना चाहते हैं, वो मार्ग है. सूचनापट तो केवल दिशाका ज्ञान कराने वाला है. कर्मसे भी भक्तिकी सूचना मिल सकती है. भक्तिसे कर्मकी सूचना मिल सकती है. ज्ञानसे कर्मकी सूचना मिल सकती है. कर्मसे ज्ञानकी सूचना मिल सकती है. तो ये जितने सारे विकल्प हैं उनको महाप्रभुजीने खुला रखा है. इसलिये भगवद्गीतामें एक नहीं लेकिन बहुत सारे उपनिषद हैं. अलग अलग इनके जोड़ भाग हैं. कर्म, ज्ञान और भक्ति और प्रपत्तिकी अलग अलग जोड़ बाकी करके बहुत सारे इनके फौर्म्युला बना सकते हैं. ये सारे फौर्म्युला महाप्रभुजीको मान्य हैं. अतएव हम कभी भी गीताको एक ही अर्थ में नहीं मानते.

प्रश्नः सापेक्ष और निरपेक्षके अर्थमें नवधाभक्तिके नीचे आभ्यंतर भक्ति है? किस प्रकार? आभ्यंतरमें सापेक्ष और निरपेक्ष

ये कैसे? तो जिसमें भौतिक स्वरूपकी आवश्यकता है, ये बाह्यमें तीन आई वंदन अर्चन और पादसेवन. तो आभ्यंतरमें किसी बाह्यस्वरूपकी आवश्यकता नहीं है अपनेको? क्या ये स्वरूप निरपेक्ष है?

उत्तरः आभ्यंतर व्यक्ति जो है उसके अन्दर दास्य सख्य और आत्मनिवेदन भावात्मक है जैसे हमने कल देखा था. ये, जो अन्दरका भाव है, उस भावको हमें क्रियामें लाना है अनुभाव तरीके. तो जो स्वरूपनिरपेक्ष मानेंगे तो फिर अनुभाव कहां प्रकट होगा? साधनावस्थामें अन्तर कहांसे लाना? ये बात तो नाममें भी लागू पड़ेगी. साधन अवस्थामें श्रवण कीर्तन तो कर ही सकते हैं न. अपन स्मरण किसका कर रहे हैं? अपन समर्पण किसका कर रहे हैं? स्वामी सेवक दास्यका भाव किसके प्रति कर रहे हैं? सेवा करेंगे तो ही तो स्वामी सेवकका सम्बन्ध आयेगा न? दास्य सख्य आत्मनिवेदन ये भाव है अनुभाव नहीं है. तो खाली भावका तो कोई मीनिंग ही नहीं है. मनमें भाव है सख्यका और अनुभाव है ही नहीं. ये दास्यका भाव स्वरूपसापेक्ष नहीं है और उसका अनुभाव प्रकट करेंगे सेवा करके तो वो स्वरूपसापेक्ष हो जायेगा. यहां तो भावका अनुभाव तो आ रहा है न साथमें. तो वो प्रकट करेंगे तो वो फिर बाह्यमें आ रहा है. खाली भाव लोगे और अनुभाव नहीं लोगे तो भक्तिका मीनिंग क्या रहेगा? सख्यभाव बहुत है हृदयमें पर सख्यभक्ति तो कुछ कर ही नहीं रहे हैं. करेंगे तो स्वरूपसापेक्ष हो जायेगी और नहीं कर रहे हैं तो स्वरूपकी अपेक्षा नहीं है.

आपका क्या अभिप्राय है? अभी तो मेरेको प्रोब्लम क्या है ये समझमें नहीं आई?

सापेक्ष और निरपेक्ष बाह्य और आभ्यन्तरमें की बात है.

मुझे योगेश बाबाका पक्ष ज्यादा समझमें आ रहा है क्योंकि सख्य दास्य और आत्मनिवेदन ये तो कृपयैकलभ्य मानी गई हैं. बाकीकी जो छः भक्तियें हैं उसके भीतर साधनसाध्यता तो किसी





हद तक है. जो बाह्यरूप है, सख्य दास्य और आत्मनिवेदन, भाव रूप है. और अर्चन वंदन और पादसेवनके रूपमें व्यक्त होती है. तो निरपेक्षता किस अंशमें है!

मैं ये पूछ रहा हूं कि नवधाभक्तिके अन्दर सख्य दास्य आत्मनिवेदन भक्ति इसके अन्दर तो स्वरूपकी जरूरत ही नहीं है. जैसे श्रवण कीर्तन स्मरण तो ये बात क्या सच्ची होगी? श्रवण कीर्तन स्मरणको तो आप स्वरूपसापेक्ष मान रहे हो.

स्वरूपका मतलब बाह्य स्वरूप ही लेना न?

यहांकी चर्चासे मुझको ये लग रहा है कि स्वरूपसे तात्पर्य यहां बाह्यस्वरूपसे है. बाकी स्वरूप तो भीतर भी होता है और बाहर भी होता है.

साधनदशामें आन्तर स्वरूपतो मुश्किल है. पर यहां दास्यका भाव, सख्यका भाव, आत्मनिवेदनका भाव, भावसे क्रियामें जाना है न? अब सिद्ध तो हुवा ही नहीं है क्योंकि मूलमें ये भावात्मक है. हमको क्रियासे भावमें जाना है, जेब तक भाव सिद्ध न हो तब तक क्रियासे भावमें जाना है. फिर भावसे क्रियामें आना है. साधन दशामें न तो दास्यका भाव सिद्ध है, न ही सख्यका भाव सिद्ध है, और न ही आत्मनिवेदनका भाव सिद्ध है. तो साधन दशामें तो क्रिया करके ही तो भावपे जायेंगे अपन.

कुछ भाव होगा तब ही तो सेवा करेगा नहीं तो क्यों करेगा? बाह्यस्वरूपकी अपेक्षा तो रहेगी न उसे स्वरूपनिरपेक्ष कैसे कहोगे?

तो स्वरूप सापेक्ष और निरपेक्ष कहकर दो भाग करनेकी आवश्यकता ही क्या है?

भाग करनेकी आवश्यकता ये है कि अर्चन, वंदन और पादसेवन मूलमें क्रियात्मक हैं. और ये जो आभ्यन्तर है वो मूलमें भावात्मक है. तो ये जो आभ्यन्तर भाव है उसे क्रियासे भाव लाना है साधन कक्षामें.

तो सख्यभावकेलिये शरदबाबाके कहनेका अभिप्राय समझनेका प्रयास कर रहा हूं, समझ गया ऐसा नहीं कह रहा. सख्यभावकेलिये सखाकी अपेक्षा नहीं है. पर स्वरूपभक्तिकेलिये अपने माथे बिराजते कोई भी ठाकुरजीकी अपेक्षा है.

प्रश्न : सख्यभावकेलिये सखाकी अपेक्षा नहीं है ऐसे?

जैसे आलम्बन विभाव होता है वैसे उसका उद्दीपन होना जरूरी नहीं है.

तो शरदबाबाके कहनेका मुद्दा ऐसे है कि सख्यभाव जिस समय हो उस समय सखारूप कोई व्यक्ति तो होना ही चाहिये. इसमें तो दो राय नहीं हैं न? जो सखारूप अपना कोई व्यक्ति न हो, उसके बिना सख्यभाव अपने हृदयमें हो नहीं सकता. और परमात्माको सख्यभावसे भावित करना हो माहात्म्यज्ञानपूर्वक, तो वो सख्यभावसे भावित करनेके बजाय, माहात्म्यज्ञानपूर्वक परमात्माको भावसे भावित करनेके बजाय, सख्यभक्ति बन जायेगी. तो वैसी सख्यभक्ति करनी हो तो उसकेलिये अपने माथे एक ठाकुरजीका स्वरूप बिराजता होना चाहिये. गलत तो नहीं कर रहा?

सब्जैक्ट टू मौडिफिकेशन.

तो मौडिफाई करके बताओ.

जब सख्यभक्ति हम कहेंगे तो सेव्य स्वरूप माथे बिराजता सेव्य स्वरूप भक्तिकेलिये जरूरी है. पर कोई स्वरूप सेवार्थ नहीं है इसका मतलब ये नहीं है कि इसके साथ सख्यभक्ति नहीं हो सकती. मतलब वो स्वरूपसेवा नहीं भी करता हो वैसा होते हुये भी सख्य भक्ति सर्वथा हो ही नहीं सकती ये जरूरी नहीं है. क्योंकि हम स्वरूपसेवामें सख्यभक्तिको केवल मूर्तिस्वरूपमें बांध नहीं सकते.

इसीको अनुलक्ष्य करके अनुवाद करा है मैंने. दावा तो नहीं कर रहा पर जिससे अनुलक्ष्य करके योगेश बाबाने ऐसे कहा कि सख्यभक्तिके अनुभावकेलिये बाह्यस्वरूपकी अपेक्षा होगी पर





सख्यभक्तिके भावकेलिये बाह्यस्वरूपकी अपेक्षा नहीं है. अतएव अब हम एकदम ठोस शब्दोंमें इसकी चर्चा करते हैं कि सख्यका वर्णन लालूभट्टजीने ऐसे किया कि अप्रेरित प्रिय करण. कोई भी प्रेरणा न करे तो भी हम किसीके हितका, किसी सुखका विचार करके जो कुछ कार्य करें उसका नाम सख्य. तो कोई स्वरूप माथे नहीं बिराजता होगा तो किसका हित हम विचारेंगे, किसका सुख हम विचारेंगे? इस कारण अगर अनुभावरूपमें प्रकट करना हो सख्यभक्तिको, तो तो अपने माथे बिराजता एक स्वरूप होना ही चाहिये. और अनुभावरूपमें प्रकट नहीं करना हो, केवल इसे भावरूपमें देखना हो तो स्वरूपनिरपेक्ष है. ऐसा ही अपना कुछ अभिप्राय था न? गलत कह रहा हूं? और इसमें योगेशबाबाका मतैक्य था कि नहीं था? मतभेद था? नहीं. तो मुझे लगता है कि समाधान हो गया कि नहीं हुआ?

शरदबाबा: मतभेद इतना है कि हम ऐसा कहते हैं कि दास्य भक्ति, भावमें लें तो स्वरूपनिरपेक्ष और अनुभावमें लें तो स्वरूपसापेक्ष, तो फिर साधनकक्षामें ये ही बात कायम रहनी चाहिये. भावमें स्वरूपनिरपेक्ष कहनेसे क्या सिद्ध हो जायेगा यह मुझे समझमें नहीं आ रहा?

श्रीश्याममनोहरजी: किसीने कहा था, कि सख्य, दास्य और आत्मनिवेदन कृपयैकलभ्य है. और बाकी सब भक्तियां साधनसाध्य हैं. तो मूल एक बात समझो कि ये सब भक्तियां साधनसाध्य हैं और ये कृपयैकलभ्य हैं, ये जो तारतम्य है ना, इसे अतिरेकमें मत समझना पर एक प्रोपोर्शन या बैलेन्ससे समझना चाहिये. किसी एक अनुपातमें या योग्य प्रमाणमें समझना चाहिये कि हम एक ओर तो कहते हैं कि पुष्टिमार्ग प्रभुकी कृपासे मिलता मार्ग ही है, पर प्रभुकी कृपासे मिलती जो भक्ति वो भक्तिरूपी मार्ग वो पुष्टिमार्ग है. अगर इसमें भक्तिकी जगह शरणागति ले लें तो पुष्टिप्रपत्तिमार्ग. तो उसका मतलब क्या कि प्रभुकी कृपासे करी गई जो शरणागति, वो शरणागति जहां मार्ग रूप होती है वो

पुष्टिप्रपत्ति या पुष्टिशरणागतिका मार्ग. जिसे सर्वोत्तम स्तोत्रमें **"पृथक्शरणमार्गोपदेष्टा श्रीकृष्णहार्दवित्"** कह कर श्रीगुसांईजीने वर्णन किया है. पृथकशरणमार्ग है अपना अर्थात् मर्यादामार्गीय शरणमार्ग जो है उसकी तुलनामें अपना मार्ग किसी न किसी प्रकारसे अलग है. अब किस प्रकार से अलग है कि प्रभुकी कृपासे प्राप्त होती जो शरणागति, उस शरणागतिका जो मार्ग, वो पृथकशरणमार्ग है, पुष्टिप्रपत्तिमार्ग है, पुष्टिशरणागतिका मार्ग है. उसमेंसे जो प्रभुकी कृपासे प्रकट होती जो भक्ति, वो भक्ति जहां मार्ग बन जाये, मार्गका पहले मतलब समझो स्पष्टतया फिरसे. मार्ग अर्थात् जिससे कि हम किसीको खोजें. जिसके ऊपर चलकर हम अपने गन्तव्यको खोजते हैं उसे मार्ग कहते हैं. **मृग्यते अनेन इति मार्ग.** केशोदका मार्ग अर्थात् जिस दिशाकी ओर, जिस रास्ते पर चलकर केशोदको खोजकर पा सकें, ऐसा जो रास्ता वो केशोदका मार्ग. इसी प्रकार पुष्टिभक्तिमार्ग अर्थात् क्या? पुष्टिभक्ति जहां मार्ग बन जाती है. किसकी तरफ पहुंचनेकेलिये? प्रभुकी ओर पहुंचनेकेलिये जहां पुष्टिभक्ति मार्ग बन जाती है. **पुष्टिभक्त्या मृग्यते परमात्मा यत्र सः पुष्टिभक्तिमार्ग.** पुष्टिशरणागतिका मार्ग अर्थात् क्या? कि पुष्टिकी शरणागतिसे जहां परमात्मा तक पहुंचा जा सकता हो, वैसा जो मार्ग वो पुष्टिशरणागतिका मार्ग. ज्ञानमार्ग अर्थात् क्या? ज्ञानके साधनोंका अवलम्बन करके जहां परमात्मा तक पहुंचा जा सकता हो उसका नाम ज्ञानमार्ग. कर्ममार्ग अर्थात्? कर्मके साधनोंका अवलम्बन करके जहां परमात्मा तक पहुंचा जा सकता हो वो कर्ममार्ग. जब हम खाली पुष्टिमार्ग कहते हैं तो इसका मतलब क्या? प्रभुकी कृपा जहां प्रभुको प्राप्त करनेका मार्ग बन जाती हो. पुष्टिको प्राप्त करनेकेलिये पुष्टिमार्ग नहीं है. पुष्टि अर्थात् प्रभुकी कृपा. पुष्टि अर्थात् प्रभुकी कृपाको प्राप्त करनेका मार्ग पुष्टिमार्ग ऐसा नहीं है. लेकिन प्रभुको प्राप्त करनेकेलिये जहां पुष्टि मार्ग बन जाती हो. अब इसमें भक्तिको बढ़ाना है, शरणागतिको



उभारना है, जिस किसीको उभारना है श्रवण, कीर्तन, स्मरण, सेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, आत्मनिवेदन. पुष्टिआत्मनिवेदन, पुष्टिसख्य, पुष्टिदास्य, पुष्टिश्रवण, पुष्टिकीर्तन, पुष्टिवंदन, पुष्टिसेवन, ये सारा प्रकार होता है पुष्टिसे अर्थात् हम प्रभुका वंदन तो करते हैं पर इसकेलिये नहीं कि प्रभु हमारे ऊपर प्रसन्न हो जायें, पर प्रभु हमारे ऊपर इस प्रकार प्रसन्न हों कि गांववाले जिस प्रकारसे भी प्रभुका वंदन करते हों, पर मैं कुछ इस प्रकारसे वंदन करूं कि जिसमें मेरी सामर्थ्य नहीं झलके लेकिन मेरे ऊपर प्रभुकी कृपा बरसी है वह छलके. इस प्रकार तो वंदन हो ही नहीं सकता जीवकी सामर्थ्यसे. इस प्रकार तो सुन ही नहीं सकता जीवकी सामर्थ्यसे. ऐसा श्रवण जब हम करेंगे तो उसका नाम पुष्टिश्रवण. इस प्रकारसे आदमी कीर्तन कर ही नहीं सकता. प्रभुकी कृपा बरसी हो हमारे ऊपर, तो हम इस प्रकार कीर्तन कर सकते हैं. अतएव ये बहुत ही नाजुक बात है, चालूखातेकी बात नहीं है.

अभी मुम्बईमें पुष्टि अस्मिताका दूसरा भाग रिकार्ड करा रहा था तो उसमें आया "तमे प्रवाही जीवरे, तो तमे आसुरीजीव रे." तो गानेवालोंने मुझसे पूछा कि प्रवाहीजीव अर्थात् क्या? मैंने सोचा कि इनके साथ काहेको माथापच्ची करनी, तो मैंने कह दिया कि प्रवाही अर्थात् चालूखातेके जीव. ये सुनके तो उनको मजा आ गया. उनने ढोल बजानेवालेको कहना शुरु किया कि प्रवाही ढोल मत बजा. पुष्टि ढोल बजा. अब शहनाई बजानेवाला चूक करे तो उसे कहें कि प्रवाही शहनाई मत बजा. पुष्टि शहनाई बजा. बात ठीक है. बात गलत नहीं है. समझो तो बात ठीक है कि पुष्टिको प्राप्त करनेकेलिये जो बजती शहनाई वो पुष्टि शहनाई नहीं. पर पुष्टि मिली हो उससे बजती शहनाई उसका नाम पुष्टि शहनाई. अतएव श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदनमें प्रभुकी कृपा झलकती हो, उसकी झलक दिखनी चाहिये. कि ऐसा

व्यक्ति अपनी शक्तिसे नहीं कर सकता. ये तो प्रभुकी कृपा हो तो ही हो सकता है. अतएव धर्म सिद्ध करनेकेलिये, अर्थ सिद्ध करनेकेलिये, काम सिद्ध करनेकेलिये, मोक्ष सिद्ध करनेकेलिये अपनेको भक्ति करनेको कहो तो भक्ति करें, कुछ भी प्राप्त नहीं करना, कुछ भी प्राप्त नहीं करना. "**ननाक पृष्ठं न चा पारमेष्ठ्यं न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम्. न योगसिद्धिः अपुनर्भवं वा समञ्जस त्वा विरहय्य कांक्षे.**" और किसी समय भक्त अपनी मस्तीमें आता है न, तो भगवानको भी ना कर देता है कि तुझे मिलना हो तो मिल मैं भक्ति इसलिये नहीं कर रहा कि तू मुझे मिले क्योंकि तेरेसे मेरा कुछ झगड़ा है. पर तेरी भक्ति करे बिना मुझसे रहा नहीं जाता. तेरे बारेमें सुने बगैर मुझसे रहा ही नहीं जाता. तेरा कीर्तन करे बगैर मुझसे रहा ही नहीं जाता. तुझे वंदन करे बगैर मेरा कुछ चलता ही नहीं है. ऐसा जो भाव है, ऐसी जो विवशता है, ये अपने हृदयकी सामर्थ्य नहीं है. ये हमारी सामर्थ्य नहीं है कि हम ऐसा वंदन कर सकें. हमारे जैसोंकी सामर्थ्य कैसी होती है कि भगवानका वंदन करें कि जिससे धंधा ठीक ठाक चले. एक नहीं एकसौ आठ बार वंदन करो, क्यों नहीं करो अगर धंधा ठीक ठाक चल रहा है.

हमारे यहां एक बार क्या हुआ कि एक भाईने मुझसे कहा कि आप मुझे ठाकुरजी पधरा दो. अब वास्तवमें बात ऐसी थी कि जब मैं छोटा था तो इसने ब्रह्मसम्बन्ध मुझसे ही लिया था. तो जिस साल मैंने ब्रह्मसम्बन्ध लिया था तो उसी साल इसने आकर मुझसे कहा कि ब्रह्मसम्बन्ध दो. तो चालूखातेमें अर्थात् प्रवाही, दे दिया. अब ये पुष्टिमार्गका तो नहीं पर प्रवाही खातेका ब्रह्मसम्बन्ध था तो ये ज्ञानमार्गमें चला गया, वेदान्त सुने, संन्यासीयोंके पास चला गया. जो वो कहें वो करे. फिर हुआ क्या कि जिन संन्यासीयोंसे ज्ञान ले रहा था तो उन संन्यासीयोंके गुरुके साथ झगड़ा हो गया. जब झगड़ा हो गया तो फिर इसे ज्ञानमार्गमें वैराग्य आ गया. झगड़ा हुआ संन्यासीयोंके साथ पर वैराग्य आ





गया ज्ञानमार्गमें. अब वो भक्त बन गया और मेरे पास आया कि अब तो आपको ठाकुरजी पधराने ही पड़ेंगे. क्योंकि अब मैं भक्त हो गया हूं. मुझे लगा कि मैंने इसे ब्रह्मसम्बन्ध दिया और ठाकुरजी नहीं पधराये तो पहली गल्ती तो वो की. अब क्या किया जाये? मैंने कहा कि पधरा देता हूं ठाकुरजी. मैंने उसे ठाकुरजी पधरा दिये. अब ही एक महीना भी नहीं हुआ था कि फिर वो रोता हुआ मेरे पास आया कि जबसे ठाकुरजी पधारे हैं तबसे घरमें क्लेश घुस गया है, धंधेमें नुकसान हो गया है. ये ठाकुर मुझे माफिक नहीं आ रहे हैं. मैंने कहा कि हमने तो सौदा किया था. अब आपको माफिक नहीं आ रहा और भाव अधिक लगता हो तो सौदा कैन्सिल करो. चलो ठाकुरजी वापिस पधरा जाओ. दोष ठाकुरजीमें स्फुरायमान हुआ. अपनेमें कुछ दोष नहीं स्फुरा. अपने कर्ममें नहीं स्फुरा, अपने परिवारमें कुछ दोष नहीं स्फुरा. दोष ठाकुरजीमें स्फुरा. तो एक बात समझो कि इस प्रकार, अगर भक्तका हृदय हो तो दोष ठाकुरजीमें स्फुरायमान ही नहीं होना चाहिये था. अपना दोष स्फुरायमान होना चाहिये था कि "**अपनो दोष विचार सखी री.**" अपना दोष विचारना चाहिये था. प्रभुमें कहां दोष है? धंधेमें नुकसान हुआ, वो मेरा ही दोष है. लेकिन च्यूंकि ठाकुरजी पधारे तो इसे लगा यह सब ठाकुरजीके पधारनेके कारण हुआ है. ये सब मानवीय भाव हैं. ये अपनी सामर्थ्य है कि अपना संन्यासीके साथ झगड़ा हो जाये तो अपन सेवा पधरा लें. पुष्टिमार्गके साथ झगड़ा हो जाये तो संन्यासमें जाकर घुस जायें. ये सब मानवीय भाव हैं पर एक निष्ठाके ऐसी कि जिसके कारण अपना नुकसान हुवा हो तो हमको ऐसा लगना चाहिये कि इसमें प्रभुका क्या सम्बन्ध? ये तो हमारा ही कुछ दोष होगा. तो आपका प्रभुमें प्रेम हुआ कहा जायेगा. तुम्हें अपने देहमें दोष क्यों नहीं स्फुरता?

एक बात मैं बार–बार कहता हूं कि सुबह जब उठते हैं न तो अपना मुंह कितना खराब होता है? पर अपनेको बास नहीं

आती. किसी दूसरेके साथ बात करो तो उसे बास आती है कि मंजन करे बिना आप बात कर रहे हो. हमें अपने मुंहकी दुर्गन्ध नहीं आती पर दूसरेकी दुर्गन्ध आ जाती है. यह स्वभाव है पर एक बात समझो कि दोष विचारना हो तो अपना दोष विचारना चाहिये पर जिसमें स्नेह है, हमें अपने मुंहकी दुर्गन्ध क्यों नहीं आती? क्योंकि अपने साथ हमें बहुत स्नेह है. अपने मुंहके साथ अपनी नाक का अपार स्नेह है. निरुपाधिक स्नेह है ऐसा कहें तो भी चलेगा. तो इस निरुपाधिक स्नेह होनेके कारण हमें अपना दोष स्फुरता ही नहीं है. हम कोई गलत काम करें और कोई हमसे पूछे कि यह गलत काम क्यों किया? तो हम कहते हैं कि भई क्या करें? अब हो गया ऐसा तो हो गया. मैंने किया ऐसे नहीं कहते. कबूल भी करना हो तो ऐसे कहते हैं कि कुछ गड़बड़ हो गई हमारेसे. जीभमें हड्डी नहीं होती इसलिये गलत बात मुंहसे निकल गयी. ऐसा कहते हैं पर ऐसा कभी नहीं कहते कि मैंने गलत कहा. अब कोई दूसरा आदमी गलत बोले ना तो उसे हम माफ नहीं करते कि जीभमें हड्डी नहीं है इसलिये गलत बोल गया. पर हम कहते हैं झूठ बोलनेवाला है. झूठा आदमी है. साफ झूठ बोल रहा है. क्योंकि इसके प्रति हमें स्नेह नहीं है. तो प्रभुके प्रति हमें स्नेह हो तो हमें यह बात समझमें आयेगी, नहीं तो बात ही समझमें नहीं आयेगी. कि वंदन जो हम कर रहे हैं तो उससे हमें कुछ मिलना नहीं है. ऐसा होते हुये भी अगर अपनेको अपने प्रभुकी स्तुति करनी स्फुरती हो कि कुछ मिलनेवाला नहीं है फिर भी श्रवण स्मरण कीर्तन अर्चन वंदन करनेका भाव अपने हृदयमें जागता हो तो ऐसा भाव प्रभुकी कृपा बिना संभव ही नहीं है. इस कारण पुष्टिश्रवण, पुष्टिकीर्तन, पुष्टिस्मरण, पुष्टिवंदन, पुष्टिसेवन, पुष्टिदास्य. लड्डू पूड़ी खानेको मिलते हों तो किसे दास्य नहीं भायेगा? पर छोले मिलते हों, पद्मनाभदासजीकी मस्तीका विचार करो. श्रीमहालक्ष्मीजीने सारा सीधा भिजवाया कि ठाकुरजी परिश्रममें बिराज रहे हैं. और





दास्यभाव पद्मनाभदासजीका देखो कैसा? इन्होंने मथुराधीशजीसे पूछा कि अब आप बताओ कि आपकी क्या इच्छा है? अगर विविध सामग्री आरोगनी हो तो सीधा तो आ गया है. मथुराधीशजीको भी बात समझमें आ गयी कि विविध सामग्री मुझे नहीं आरोगनी. मुझे तो तेरा जैसा दास चाहिये जो मुट्ठी छोले धरे ऐसी मस्तीके साथ कि दाल, कढ़ी, ढोकला सबका स्वाद प्रभु छोलेमें ही आरोगते थे. ये जो छोले धरनेके उपरान्त ऐसी मस्तीका भाव है तो पद्मनाभदासजीने कहा कि अगर छोले आरोगनेका आपको आनन्द लेना हो, छोलोंमें ही सब स्वादोंका आनन्द लेना हो, तो सीधा पधरा आऊं महाप्रभुजीके यहां और मैं और आप रवाना हो जाते हैं. तो महाप्रभुजीने यह बात कही कि सीधा अगर नहीं भेजा होता तो वो इतनी जल्दी जानेवाला नहीं था. ये दोनोंका सख्य है. और ये पद्मनाभदासजीका दास्य है, निर्णय खुद नहीं ले रहे, मथुराधीशजीको विनय कर रहे हैं कि आपकी इच्छा हो विविध सामग्री आरोगनेकी तो आप यहां बिराजो. इसके बाद मेरा क्या होगा? ये मेरी इच्छाकी प्रधानता नहीं है आपकी इच्छाकी प्रधानता है. पर मथुराधीशजीने कैसा सख्य प्रकट किया, नहीं मुझे तो तेरा जैसा दास चाहिये. तू अगर छोले धरेगा तो मुझे भी बहुत अच्छे लगते हैं और इस सीमा तक कि आज भी सब सामग्री आती है पर मथुराधीशजी पद्मनाभदासकी यादमें छोले तो आरोगते हैं, आरोगते हैं और आरोगते हैं ही. जब श्रीगिरिधरजीके यहां सब सामग्री भोग धरी गई तो भी श्रीमथुराधीशजीके मुखारविन्दपर प्रसन्नता नहीं झलक रही थी. तो पधारनेके बाद विनय की कि आपके मुखारविन्दपे प्रसन्नता क्यों नहीं झलक रही है? तो मथुराधीशजीने ये ही आज्ञा करी कि पद्मनाभदासके छोलोंकी याद आ रही है. तबसे आज तक छोले भोग धरनेमें आते हैं पद्मनाभदासजीके भावसे. ऐसे जो भाव हैं प्रभुके वो पुष्टिके भाव हैं. ऐसे ही जब हम अपनी भक्ति या शरणागतिमें पुष्टि विशेषण लगा कर पृथक करते हैं तो

प्रभुका अनुग्रह एक प्रकारका नहीं पर अनेक प्रकारका होता है. इसमें कोई पुष्टिमार्गीय अनुग्रह होता है, कोई मर्यादामार्गीय अनुग्रह होता है, कोई प्रवाहमार्गीय चालूखातेका भी अनुग्रह होता है इसे भूल मत जाना. प्रभु बहुत प्रसन्न हो गये, क्या हुआ भई? खूब पैसा मिल गया. ये अनुग्रह है प्रभुका. किसने कहा कि ये अनुग्रह नहीं है प्रभुका? पैसा दिया पर भक्ति दी? प्रभुने तो सौप्रतिशत अनुग्रह किया पर किस प्रकारका अनुग्रह किया? प्रवाहमार्गीय अनुग्रह किया. प्रभुने ज्ञान दे दिया. प्रभुने वैराग्य दे दिया. प्रभुने साधनमें निष्ठाभी प्रदान कर दी हमको. महान अनुग्रह किया प्रभुने हमारे ऊपर पर किस प्रकारका? भक्ति दी? नहीं दी. अतएव ऐसा अनुग्रह प्रभुका मर्यादामार्गी अनुग्रह है. पर कुछ भी न दे पर भक्ति दे दे. ऐसी भक्ति कि जिसमें न तो तेरा कुछ स्वार्थ मेरेसे और न ही मेरेको कुछ तेरेसे स्वार्थ. केवल शुद्ध स्नेह हम दोनोंका. बस ऐसा जैसे मथुराधीशजीका और पद्‌मनाभदासजीका. मथुराधीशजीके कारण पद्‌मनाभदासजीको कोई लड्डू पूड़ी नहीं मिल रहे और न ही पद्‌मनाभदासजीके कारण मथुराधीशजीको कोई लड्डू पूड़ी मिल रहे हैं. खाली छोले मिल रहे हैं और दोनों मस्त हैं एक दूसरेके साथ. ये मस्ती पुष्टिमार्गके ऊपर चलनेकी मस्ती है. सावधानीसे समझना, ऐसा श्रवण, ऐसा स्मरण, ऐसा कीर्तन, ऐसा सेवन, ऐसा वंदन, ऐसा सेवन, ऐसा दास्य, ऐसा सख्य, ऐसा आत्मनिवेदन, ये पुष्टिमार्गीय है. लेकिन ये अपनी सामर्थ्य नहीं है, प्रभुकी सामर्थ्य है. और जब अपनी सामर्थ्यसे करना हो तो ये करते हैं कि धंधा चलता हो तो एकबार नहीं सौबार वंदन करें. मुसीबतमें हों तो गधेको भी बाप कह देते हैं इसमें क्या बड़ी बात है. हम उसीको खुदा समझते हैं कि जो मुसीबतमें काम आ जाये. जो मुसीबतमें काम नहीं आये वो खुदा किस कामका? अपना पुष्टिमार्गीय खुदा कैसा है? आपके ऊपर मुसीबत आये तो आपका दोस्त बनकर आपके साथ साथ रहकर मुसीबतको झेले. इसका नाम पुष्टिमार्गीय खुदा. आप





मुसीबतमें हो तो मैं भी आपका दोस्त बनकर मुसीबतको झेलूंगा आपके साथ. आप खुशहालीमें हो तो तुम्हारी खुशहालीमें आपका दोस्त. जैसे तू रखेगा वैसे मैं रहनेको तैयार हूं. तेरी स्वामित्वका जो हो उसे मैं स्वीकार करूंगा. किशोरीबाईकी वार्तामें आता है कि नहीं तेरी सत्ताको अंगीकार करता हूं. मुझे सामग्री नहीं चाहिये. तेरा क्या है बता? और जो मेरा है वो तू ले चल. जो मेरा है वो तू ले और जो तेरा है वो मैं लूं. मेरी अंहताको तू शेयर कर तेरी अंहताको मैं शेयर करूं. मेरी ममताको तू शेयर कर, तेरी ममताको मैं शेयर करूं. अतएव तेरे घरको मैं कहूं कि ये मेरा घर है. मेरे घरको तू कह कि यह मेरा घर है. तेरी जो सामग्री है उसे मैं कहूं कि मेरी है. और मेरी जो सामग्री है उसे तू अपनी सामग्री कह. किसी दूसरेकी सामग्रीको तू अपनी मत कह. एक दूसरेकी अंहता ममताके भागीदार बनके रहो. तो इसका नाम पुष्टिभक्ति है. इसमें न तो लेना है और न ही कुछ देना है. तेरी और मेरीको मिटा कर जब प्रभुके साथ अपना ऐसा भाव बंध जाये. समर्पणके इस मूल भावको समझो कि न तो हम प्रभुको कुछ दे रहे हैं और न ही हम अपने पास कुछ रख रहे हैं. न ही प्रभु कुछ हमको दे रहे हैं और न ही हम प्रभुको कुछ दे रहे हैं, जो कुछ हो रहा है वो, जो तेरा और मेरा था ना उसे हम अपना बना रहे हैं. मूल बात समझमें आई आपको? जब अपने और प्रभुके बीचका सम्बन्ध मेरा तेरा न होकर हमारा हो जाये. जैसे घर किसका तो श्रीठाकुरजीको ऐसा नहीं लगे कि तेरा, और हमको ऐसा न लगे कि मेरा. और श्रीठाकुरजीको ऐसा नहीं लगे कि मेरा, नहीं तो देवमन्दिर, और हमको ऐसा नहीं लगे कि मेरा, नहीं तो घर हो जायेगा. लेकिन जब श्रीठाकुरजी और हमको दोनोंको ऐसा लगने लगे कि अरे यार ये तो हमारा घर है. तेरे और मेरेका भेद तो इसमें खत्म हो गया जब यह अपना हो गया. जब अपना कहते हैं तो अविभक्त. विभक्तमें तेरा और मेरा अपनापनके स्थानपर अविभक्त है. ये पुरुषोत्तमको माफिक

आता है. ये पुष्टिभक्तिको माफिक आता है ऐसा है. ये श्रवण स्मरण कीर्तनमें माफिक आता है ऐसा है. इसके बाद एक समझो कि जब हम श्रीठाकुरजीका श्रवण करते हैं तो इसी प्रकार ठाकुरजी हमारा श्रवण करते हैं. इसकेलिये राधाष्टमीके दिन हमारे पूर्ववंशकी नामावली श्रीठाकुरजी सुनते हैं कि आपके यहां कौन हुये, कौनसे बालक हुये कब हुये. ठाकुरजी सुनते हैं. क्यों? भई हमारे घरका ठाकुर है कि नहीं? हमारा ठाकुर हमारी वंशावली नहीं सुनेगा तो किसकी सुनेगा? और हम ठाकुरजीकी वंशावली सुनते हैं. जैसे हम ठाकुरजीका जन्मदिन जन्माष्टमीको मनाते हैं वैसे ही ठाकुरजी हमारा जन्मदिन मनाते हैं और केसरी वस्त्र धारण करते हैं. क्योंकि अब ठाकुरजी और हमारे बीच तेरा मेरा नहीं रहा. अपना हो गया. और ऐसा ही भाव प्रत्येक पुष्टिमार्गीय वैष्णवके घरमें होना ही चाहिये कि ये हमारा है. ठाकुरजीको लगे कि ये हमारा परिवार. ठाकुरजी किसी भी दिन ऐसा नहीं कहें कि तेरे परिवारमें, और हम ऐसा नहीं कहें कि ठाकुरजी आपके परिवारमें.

अब भाव प्रकट करना है तो स्वरूप तो फिर चाहिये चाहिये और चाहिये ही. भावमें जो बात कही कि साधनदशामें, एक बात समझो कि साधनदशा और फलदशा. इसमें एक अन्तर रहा हुआ होता है कि जैसे घरमें छोटे–छोटे बच्चे होते हैं, उन बच्चोंको माता पिता आदरणीय हैं यह कैसे पता चलता है? पिता कहता है बच्चोंको कि जाओ माताको नमस्कार करो वो आदरणीय है. और माता कहती है बच्चोंको जाओ पिताको नमस्कार करो वो आदरणीय हैं. मां और पिता के प्रति बालकका स्नेह तो हो सकता है पर साथ रहनेके कारण, संगके कारण परन्तु आदर तो बहुत बड़ा हो जाये तो कदाचित समझमें आता है. कई बार तो उस समय भी समझमें नहीं आता है. क्योंकि बच्चेको बहुत लाड़प्यारसे रखो न तो बालकको भ्रमणा हो जाती है कि मातापिता मेरे लिये हैं और माता पिताकेलिये मैं हूं वो समझमें





नहीं आता. दो चार लप्पड़ मारो तो समझमें आता है कि अरे ये तो मेरे लिये नहीं हैं. और जब कहीं वो बच्चा जा आ नहीं सकता तो बच्चेको समझमें आता है कि नहीं, आदर तो देना ही पड़ेगा. जब तक दोचार लप्पड़ नहीं पड़ जाते तब तक तो बच्चेको समझमें ये ही आता है कि मां और बाप दोनों मेरे लिये ही हैं. मैं इनकेलिये हूं ऐसा भाव बच्चेको अतिशय बालपनमें जगता नहीं है. बालक भी ऐसे ही कुछ होते हैं. एक बात समझो कि दोचार लप्पड़ लगें तो समझमें आती है कि मैं इनकेलिये हूं. ये मेरे लिये हैं. नहीं तो ऐसा ही लगता है कि मांबाप मेरे लिये ही हैं. लाओ, लाओ, लाओ ये बालकपनेका भाव है. पर एक दो बार लप्पड़ लगने ही चाहियें. ये बालकके हितकेलिये लगने चाहियें अहितकेलिये नहीं. बालकके हितकेलिये दो चार लप्पड़ लगें तो इसे समझमें आती है कि जिस चीजकेलिये मैं जिद करूं उसे मां पूरी कर देती है तो इसकी भ्रमणा और मजबूत हो जाती है तो रोता है. बच्चेको पता पड़ जाता है तो भी वास्तवमें रोने जैसा होता नहीं है क्योंकि उसे भी तकलीफ होती है. जहां तक तकलीफ नहीं होती वहां तक बालक रोता नहीं है. पर फिर क्या होता है कि मां इसे जल्दीसे अटेन्ड न करे तो और इसे तकलीफ होती हो और ये रोता हो, और उसके बाद मां इसे अटेन्ड करे कि बच्चेने पोतड़ा बिगाड़ दिया हो, गीला हो गया हो तो पोतड़ा बदलना, भूख लगी हो तो दूध पिला देती है, बीस पच्चीस पचास बार आवर्तन होने पर बच्चेको पता चल जाता है कि रोनेसे ही सब कुछ होता है. और वो इतना चतुर हो जाता है कि कोई भी काम कराना हो तो रोना चालू. फिर धीरे धीरे बच्चेको आदत पड़ जाती है कि हरेक बातमें रोओ. उसके बाद रोना न भी आता हो तो भी उसे रोनेका अभ्यास ऐसा सिद्ध हो जाता है साधन दशामें कि जब चाहे रोना चालू कर देता है. अब रो रोकर हरेक काम करानेकी जब इसे आदत पड़ जाती है तो बच्चा गिलिन्डर हो गया कहलाता है. इसमें हम झुकते ही जायें

तो बालकको कभी समझमें ही नहीं आयेगी कि मैं भी मां बापकेलिये हूं. खाली मांबाप मेरे लिये ही हैं ऐसा समझमें आता है. जो कुछ चाहिये तो उसकेलिये रोता ही रहता है. और फिर उसकी मांग पूरी करनी पड़ती है. इस गिलिन्डरीको तोड़ देना चाहिये दो चार लप्पड़ मारके. जरूरी नहीं है कि लप्पड़ मारके ही तोड़ो जिस तरहसे तोड़नी हो उस तरहसे उसकी गिलिन्डरीको तोड़ो फिर वो बच्चा समझ जायेगा कि हर वक्त रोनेसे काम नहीं चलता. तो उसके बाद क्या करना? तो साथ रहते हों तो साथ रहनेसे जो स्नेह है वोतो नहीं टूटता पर हर वक्त रोनेसे काम पूरा नहीं होता और उसके बाद बच्चेको पता चलता है कि मैं भी इनकेलिये हूं. मुझे भी इनकेलिये कुछ करना चाहिये. अब इस पद्धतिसे जब बहुत बड़ा होता है तब समझमें आता है कि हम एक दूसरेकेलिये हैं. नहीं तो बचपनमें बच्चेको लगता ही है कि मेरे लिये ही सब कुछ है. तो ये भाव प्रभुके प्रति भी खंडित होना चाहिये कि प्रभु हमारे लिये हैं. इसकेलिये ही महाप्रभुजीने सावधानी रखी है कि **यद् यद् इष्टतमं लोके यच्चाति प्रियमात्मनः. येन स्यान्निर्वृतिश्चित्ते तत् कृष्णे साधयेत् ध्रुवम्.** सेवामें किस वस्तुका विनियोग करना कि जो तुम्हें अच्छी लगती हो उसका या जो प्रभुको अच्छी लगती हो उसका? तो जो प्रभुको अच्छी लगती है उसे भी आप सेवामें विनियोग करोगे और जो तुम्हें अच्छी लगती हो उसका आप सेवामें विनियोग करो. जैसे पहले मैंने गुसांईजीकी वार्तामें बताया था कि जिसे खानेका शौक था उसे गुसांईजीने तुरन्त ब्रह्मसम्बन्ध दे दिया. उसका कारण क्या कि इस सम्बन्धमें तुरत बंध जायेगा कि तुझे खाना अच्छा लगता है तो चल दोनों मिलके खायेंगे. एक बात समझो कि बहुत बार ऐसा होता है कि ये तो घर घरकी बात है पर घर घरमें भक्तिमें सहायक हो सकती है इसकेलिये कि मां ने बच्चेको किसी प्रकारके खानेकी आदत डाली हो और बहू आनेके बाद वो कोई दूसरे प्रकारकी रसोई करती हो तो मिर्ची न खाता





हो तो मिर्ची खाने वाला बना दे. मिर्ची खाता हो तो बिना मिर्चीके खाने वाला बना दे. तो ये तो वर और वधूके आपसके सम्बन्धके ऊपर निर्भर करता है. अब मांने अपने बच्चेको किसी अलग ढंगसे तैयार किया हो और बहू उसे दूसरे ढंगसे तैयार करदे. तो ये सब जब आपसमें एक दूसरेके भावको दृढ़तर बनाये तब सिद्ध होता है. कोई एक आदत हो तो बदल जाती है. ये कब बदल सकती है? जब दोनों पार्टीयोंको यह समझमें आये कि दोनों एक दूसरेकेलिये हैं. घरमें कलह किस कारण होती है? एक ही बात समझ लो कि जब पति पत्नी ये बात नहीं समझते और पत्नीको यह भ्रमणा हो जाती है कि पति तो केवल उसकेलिये ही है अथवा पतिको यह भ्रमणा हो जाये कि पत्नी तो केवल मेरे ही लिये है. लेकिन यह क्यों नहीं समझते कि आप दोनों एक दूसरेकेलिये हो. जब आप ये समझ जाओगे कि आप दोनों एक दूसरेकेलिये हो तब कोई झगड़ा ही नहीं होगा. लेकिन जब ये समझोगे कि यह सब कुछ मेरे लिये है तो झगड़ा होगा ही आज नहीं होगा तो कल होगा. कभी क्या होता है कि दब्बू होता है आदमी तो दबा दिया जाता है बोलता ही नहीं है, लेकिन हमारा जैसा हो तो बक बक करके सब निकाल देता है. परिवारमें भी, समाजमें भी, भगवत्सेवामें भी, और भक्तिमें भी. इस प्रकार जब हमारे भीतर अपना होनेका भाव बने तो हमें पुष्टिभक्तिका, पुष्टि नवधाभक्तिका स्वरूप समझमें आये. इसी कारण अनुभावमें बहुत सारे अनुभाव जो हैं न तो पहले अनुभावके अनुरूप भाव नहीं होते, पर परिवारमें हम क्या करते हैं कि अनुभाव प्रकट करना शुरु करते हैं बालकको. दादाजीको नमस्कार कर. अब बच्चेको पता ही नहीं चलता कि नमस्कार करनेसे क्या होता है? मैंने बहुत परिवारोंमें देखा है, ठाकुरजी, चित्रजीको नमस्कार करवाते हैं. जै जै बाबाको नमस्कार करो. एक घरमें मेरी पधरावनी हुई, तो छोटे बच्चोंको कहा जै जै बाबा पधारे हैं तो बाबाको नमस्कार करो. तो उसने चित्रको देखना चालू कर दिया. क्योंकि उसने

चित्रको देखनेकी आदत डाली हुई थी. पीछे बड़ी मुश्किलसे इसे समझमें आई कि चित्रके बिना भी बाबाको नमस्कार करना है तो नमस्कारकी हद कर दी. सत्तर बार नमस्कार किया. खड़ा हो, दण्डवत करके फिर दण्डवत करे. बच्चेको तो ऐसे ही समझमें आता है. इतने नमस्कारकी जरूरत नहीं थी. परे ऐसे करते करते अनुभाव करते करते बादमें बच्चेके हृदयमें भाव जाग जाता है. अर्थात् अनुभावसे भी भाव जागता है, हम एक दूसरेको हंस कर बात करें तो दोस्ती बन सकती है. और हंसीकी इस खूबसूरतीको हम नहीं जानते हों तो दोस्ती टूट भी सकती है. दोस्तके चेहरेके ऊपर प्रसन्नता आयेगी ये भावका अनुभाव है. भावसे प्रकट होता अनुभाव है. पर हंसीके द्वारा एक दूसरेको देखोगे तो हौले हौले एक दूसरेमें स्नेहका भावभी जागेगा. ये भावसे अनुभाव प्रकट होनेकी प्रक्रिया है. अतएव रसशास्त्रमें **"विभाव अनुभाव संचारी भावैः निष्पन्नः स्थायी भावो रसः स्मृतः"** स्थायी भावको प्रकट करनेका कारणके तौर पर लिखनेमें आया है. और अपनी सामान्य हकीकत है कि भाव हो तो अनुभाव प्रकट हो, नहीं तो अनुभाव प्रकट नहीं होता. लेकिन बहुत सारी वस्तु ऐसी हैं कि अनुभाव हो तो भाव प्रकट होता है.

मुझे अपने बचपनकी शैतानीकी याद है कि पता ही चलता नहीं कि कब पुस्तकको पैर लगा देता था. दादाजीने मुझे तीनचार बार मना किया कि पुस्तकपर अपनेको पैर नहीं लगाना. फिर एक दिन दादाजीको इतना गुस्सा चढ़ा कि आज भूले चूके पैर लग जाये तो उस दिनकी याद आ जाती है. ये आदरभाव पुस्तकमें आ गया. वो बालपनका भाव मेरे दिमागमेंसे निकल गया. अब तो पुस्तकके प्रति बहुत आदर भाव आ गया पर तब समझमें नहीं आता था कि पुस्तकमें पैर लग गया तो उसमें दादाजीको इतना गुस्सा क्यों आ गया? पर उस समय दादाजीने बैंतसे मेरी पीठपर इतनी पिटाई करी कि वो आज तक याद है. बहुत पिटाई हुई मेरी. फिर तो समझमें आ गया कि कुछ





तो लफड़ा है पुस्तकमें. यहां पैर लगा पुस्तकमें और वहां पड़ी सटासट तो सब समझमें आ गया. भले तब भी समझमें नहीं आया था पर अब तो समझमें आता ही है कि पुस्तकमें आदर देने लायक क्या है? उस समय तो खाली बेंतही पड़ी ये ही समझमें आयी, बाकी कुछ समझमें नहीं आया. पर उसका अनुभाव समझमें आ गया कि पुस्तकको कभी पैर नहीं लगाना. माथा ही लगाना. अतएव हमनें बहुत कुछ माथा लगाया है पुस्तकोंमें. सावधानी रखो कि वास्तवमें माथा लगा हो और इस माथे लगनेकी प्रक्रियासे पुस्तक पर हमारा हृदय लग गया हो तो हमारा माथा हमारा हृदय हमारी वाणी सब कुछ पुस्तकमें लग जायेगी. खाली आपकी ही लगे ऐसा नहीं पर हरेक पुष्टिमार्गीय वैष्णवको ऐसा भाव प्राप्त हो कि मैं या तू नहीं हैं पर हम पुष्टिमार्गीय हैं. भले ही कोई हमको गाली देता हो तो उसे भी अपना मानो. उसे ये नहीं कहो कि उसने हमें गाली दी. पर हम एक दूसरेको गाली दे रहे हैं. गाली दो और गाली खाओ. पर जो सिद्धान्त है महाप्रभुजीका उसे एक दूसरेके सामने रखते जायें, एक दूसरेके साथ इन सिद्धान्तोंकी जुगाली करते रहें. जो पुस्तकको पैर लगा रहा है, उसे दो चार लप्पड़ भी लगाओ क्योंकि अपना है, यहां कोई पराये नहीं है जो महाप्रभुजीके ग्रंथोंको पैर लगा रहे हैं, वो भी अपने हैं. ये पराये नहीं हैं. लगाओ दो चार लप्पड़ जैसे भी लगा सकते हो, खाली हांथके ही लप्पड़ नहीं होते. लप्पड़भी कई प्रकारके होते हैं. जिस भी प्रकारसे लप्पड़ लगा सकते हो वैसे लप्पड़ लगाकर आखिरमें हरेक पुष्टिमार्गीयको दृढ़तर हृदयमें एक बात रखनी पड़ेगी कि जो ग्रंथ महाप्रभुजीने, हमारे पूर्वजोंने, इतने परिश्रमसे हमारे लिये लिखे वो हमारे समझनेकेलिये हैं, आपके समझनेकेलिये नहीं हैं मेरे समझनेकेलिये नहीं हैं पर हम सब पुष्टिमार्गीयोंके समझनेकेलिये हैं. अपन सब पुष्टिमार्गीयोंको इन ग्रंथोंको ऐसे समझना चाहिये कि ये हमारे ग्रंथ है न कि आपके या मेरे. और

प्रत्येक पुष्टिमार्गमें आये हुये व्यक्तिको चाहे मंगताराम शास्त्री हो, ठोठेशभाई टबुकड़ा हो उसे भी अपना समझो और अपना समझकर उसके पीछे पड़ जाओ कि क्यों नहीं माथा लगाते ग्रंथोंमें, क्यों पैर लगाते हो ग्रंथोंको? ये सब अपने ही ग्रंथ हैं. किसी दूसरेके ग्रंथ नहीं हैं इन्हें पढ़ो, इनका अवगाहन करो, इनका चिंतन करो, इनका मनन करो, इन्हें हृदयमें उतारो, इन्हें जिस भी प्रकार अपने हृदयमें उतारना हो तो उतारो जिससे कि हम ठाकुरजीको अपना कह सकें. नहीं तो ठाकुरजी भी कह देंगे कि तू हमारा नहीं है. **''तू है हरजाई तो अपना भी यही तौर सही. तू नहीं और सही और नहीं और सही.''** तो ठाकुरजी ये न सोंचे कि तू कहीं दूसरी जगहका तो नहीं हो गया. जो वास्तवमें आप गृहसेवा कर रहे हो तो अपनी गृहसेवा छोड़के मंदिरमें क्यों जाते हो? मंदिरमें इसकेलिये जाते हैं कि मंदिरका ठाकुर अपना है. मंदिरको इसलिये सुधारना चाहते हैं कि मंदिर अपना है. आपको इसलिये नहीं कह रहा कि आप हो. ये तो मैं अपनेको कह रहा हूं कि हमें बैठकर, अपने मार्गके सिद्धान्तोंका अपने ग्रंथोंके आधारपर विचार करना पड़ेगा करना पड़ेगा और करना ही पड़ेगा. नहीं तो हम मार्गके ऊपर अंधेकी तरह दौड़ेंगे तो मार्गको भी खराब करेंगे. हम पुष्टिमार्गमें प्रकटे हैं तो पुष्टिमार्ग भी हमारे भीतर प्रकट होना चाहिये. श्रीमहाप्रभुजी अपने ऊपर ऐसी कृपा करें कि हम एक दूसरेको अपने सिद्धान्त कहें, स्मरण करें, और एक दूसरेके पीछे ही पड़ जायें कि क्यों नहीं मानते महाप्रभुजीके ग्रंथोंको? भले ही वो गाली दे, एक नहीं दस गालीदे वो सुनेंगे पर अपने ग्रंथ अपने सिद्धान्तोंको मानना पड़ेगा क्योंकि अपने महाप्रभुजीके कहे हुये ग्रंथ और सिद्धान्त हैं. हमें महाप्रभुजी ऐसी सामर्थ्य दें.





दृढ़ इन चरणन केरो भरोसो.
श्रीबल्लभनखचन्द्रछटा बिन सब जग मांझ अंधेरो..
साधन और नहीं या कलिमें जासों होत निवेरो.
सूर कहा कहि द्विविध आंधरो, बिना मोलको चेरो..

oooooooooo

## परिशिष्ट

ऐसा प्रश्न आया है कि श्रीनवनीतप्रियाजी तो श्रीगुसांईजीके माथे बिराजते ही थे. तो फिर श्रीनाथजीके बारेमें किस कारण गुसांईजीने इतना विप्रयोग किया? विप्रयोग किया इससे सिद्ध हो गया कि श्रीनाथजीकी सेवाका प्रकार उस समय जो प्रकट किया वो एकदम पुष्टिमार्गीय प्रकार था. पर एक बात शान्त चित्तसे समझो, कि श्रीमहाप्रभुजीने तो उस समय भी श्रीनाथजीसे विनतीकी थी कि "हमारे देवालयकी तांई नहीं पर नन्दालयकी तांई" पर श्रीनाथजीने स्वयं आज्ञा की. ऐसा वार्तामें आता है "पाछे गोदीमें बैठाय कपोल परसि कर पूछे "बाबा अब आपकी इच्छा कहा है?" तब श्रीनाथजीने क्या कहा "जगतमें पुजायवेकी." " तो फिर श्रीमहाप्रभुजीने विचारा "तासों देवालयकी रीति यहां राखनी उचित है." उसकी कौपी सब जगह करना उचित है?

पहले वेश्याके यहां सेवा करनेकेलिये कोई जाये नहीं, मासिक धर्म हो तब, तो यह मासिकधर्ममें भी श्रीठाकुरजीकी सेवामें पहुंचती थी. और जब श्रीगुसांईजी पधारे तब सबने कम्प्लेंट की कि "ये मासिकधर्ममें भी सेवामें पहुंचती है." गुसांईजीने इसे बुलाकर पूछा "ऐसे कैसे करती हो?" तो इसने बताया "मेरे यहां वैसे ही कोई नहीं आता तो सेवा करनेवाला कौन आयेगा? तो मैं जब छुवाई जाती हूं तो मेरे ठाकुरजीकी सेवा करे कौन?" अतएव इसने यह नियम किया कि मैं छुवाऊं तो मेरो ठाकुर भी छुवाये और मैं स्नान करूं तो मेरो ठाकुर भी स्नान करे. तब श्रीगुसांईजीने आज्ञा करी "अच्छा तुझे छूट है" और गांवके सारे लोगोंको बुलाकर कहा "इसकी क्रौपी कोई मत करना. नहीं तो अपराध होगा." इतनी सारी वार्तायें हैं. हम वार्ता पढ़ लें और कहें बस की थी कि नहीं श्रीगुसांईजीने आज्ञा कि रजस्वलामें सेवा करो. दाईका घोड़ा खेलता कूदता छुट्टा. पर उस समयही श्रीगुसांईजीने सबको ना कर दी थी. तो हम इसकी छूट कैसे दे सकते हैं जहां ऐसा *केस* खड़ा हो?





देखो वेश्याने कितनी सुंदर पुष्टिमार्गीय बात कही कि ये देह इतनी अपवित्र, इतनी अशुद्ध है कि रजस्वलाकी अपवित्रता इसकी तुलनामें अधिक अपवित्र कैसे हो सकती है? तो वेश्या जो अपने माथे बिराजते ठाकुरजीकी सेवा कर सकती है ऐसे अपवित्र देहसे, तो रजस्वला होकर कहीं अधिक नहीं छू जाती. क्यों? रजस्वला कैसे छुवाई जाती है? इसका स्पष्ट शास्त्रीय स्वरूप समझो. जो द्विज स्त्री हो, जैसे ब्राह्मणकी स्त्री रजस्वला हो, तब वो शूद्र जितनी अपवित्र हो जाती है. पर वो वेश्याका जो देह है वो शूद्रकी तुलनामें भी अधिक अपवित्र है. उसे अगर सेवा करनेकी छूट है तो रजस्वला होकर वह कैसे अधिक अपवित्र हो गई? ब्राह्मणकी स्त्री रजस्वला हो, उस समय वो शूद्र जितनी अपवित्र होती है. ये तो इससे दस कदम आगे है पहलेसे ही अपने देहके हिसाबसे. ये रजस्वला होकर और अधिक अपवित्र नहीं होनेवाली. ये तो जहां है वहां ही है. इससे अधिक कहीं और छू नहीं जाती. इतनी अशुद्ध स्त्री भी अगर भगवतसेवा कर सकती हो, तो रजस्वला किस कारण नहीं कर सकती? यहां वेश्याने बहुत गजबकी बात कही है कि आपकी मेंडकी पूर्ति करनेकेलिये मैं स्नान करती हूं तब ठाकुरजीको भी स्नान कराती हूं. गुसांईजीने कहा कि तब करो. आपको छूट है. क्योंकि वहां खुदके सुखका विचार नहीं है. प्रभुके सुखका विचार है. स्वयं कोई छूट छाट लेनेकी प्रवृत्ति नहीं है. पर प्रभुके सुखके विचारसे ये सारा विचार प्रवर्तित हुआ है. अतएव श्रीगुसांईजीने इसे छूट दे दी.

ऐसे ही जब श्रीनाथजीने स्वयं आज्ञा करी कि जगतमें पुजवाना है तो महाप्रभुजीने कहा कि राजाका तो कोई राजा नहीं हो सकता ना? मालिकका कौन मालिक? मालिकका तो कोई मालिक हो ही नहीं सकता. श्रीनाथजीने इच्छा प्रकट करी जगतमें पुजवायवेकी, तो बंगालीयोंको बुलाकर सेवा सौंप दी. बंगाली कौन? देवीभक्त. इनको ब्रह्मसम्बन्ध नहीं था. सेवा करते

थे कि नहीं? जो यह पद्धति पुष्टिमार्गीय हो, तो आज किस कारण हम देवीभक्तोसें सेवा नहीं करवाते? ये प्रश्न खड़ा नहीं होगा क्या? पर इस बातका हम अनुकरण नहीं कर सकते. क्योंकि श्रीजीने स्वयं यह आज्ञा करी थी कि मुझे जगतमें पुजवाना है. और महाप्रभुजीने ऐसा होते हुये भी ये प्रयास किया कि ब्रजवासियोंको बुला बुलाकर कहा कि आप सेवा करो. पर सब ब्रजवासियोंने ना कर दी कि हमसे सेवा नहीं होगी. बादमें सद्दू पांडेने कहा महाप्रभूजीको कहा कि बंगाली हैं कहो तो बुला कर ले आऊं? महाप्रभुजीने क्या विचारा? "**तासों देवालयकी पद्धति राखनी यहां उचित है.**" तो बंगालियोंको बुला लाओ क्योंकि देवालयमें तो कोई भी आ सकता है. अतएव रामदास चौहान भी भीतरिया हो सकते हैं. हमारे यहां चौहान क्यों भीतरिया नहीं होते गोस्वामियोंकी हवेलियोंमें? गिरनार, सांचौरा, औदीच. अरे अब गिरनारा, सांचौरा, औदीचके नये बच्चे वैष्णव भी नहीं रहे. तो भी हम इन्हें कंठी देकर सेवामें नहलाते हैं. जबकि कितने चौहान, कितने पटेल, बहुत भाववाले होंगे, इनको क्यों नहीं नहलाते? क्योंकि गोस्वामी बालक स्वयंमें ब्राह्मण हैं और जहां तक इनको वर्णाश्रमधर्मका अभिमान है, वहां तक वर्णाश्रमको उलांघ नहीं सकते. अतएव ठाकुरजी बालकके माथे बिराजते हैं, इसलिये बालकोंके नियममें बंधकर चलते हैं. अरे ठाकुरजीको गिरनारा, सांचौरा, औदीच के साथ क्या लेना देना? कुछ भी लेने देनेका संबंध नहीं. पर बालक च्यूंकि ब्राह्मण हैं और इस ब्राह्मणाचारको छोड़ नहीं सकते, इसलिये ठाकुरजी कहते हैं कि आपके घर आया हूं तो आपका आचार पालूंगा. क्या पटेलके घरमें ठाकुरजी आरोगते नहीं हैं? ऐसा नहीं है. अरे पटेलके घरमें आरोगते हैं, हरिजनके घरमें आरोगते हैं, ठाकुरजीको किसका बन्धन? ठाकुरजीको कोई बन्धन नहीं है. बन्धन तो ठाकुरजी स्वयंमें स्वीकारते हैं जिसके घरमें बिराजते हैं उसका, जो तेरा है वो मुझे दे. **यद्यदिष्टतमं लोके यच्चातिप्रियमात्मनः. येन**





**स्यान्निर्वृतिश्चित्ते तत् कृष्णे साधयेद् ध्रुवम्.** (स.नि.२३६) जो आपके पास अच्छा, जो आपके पास सच्चा, शास्त्रतः लोकतः शुद्ध जो कुछ अच्छेमें अच्छा हो, नीतिसे कमाया हुआ हो, वह तू मुझे दे. मैं लेनेकेलिये तैयार हूं. इसकेलिये वार्तामें आता है कि नहीं जब श्रीनाथजीको गोविन्दस्वामीने स्नान कराया तो गुसांईजीने पूछा – ब्रह्म छुवा जाता है क्या? तो गोविन्दस्वामीने क्या कहा? ब्रह्मतो नहीं छुवाया जाता पर आपकी मेंड छुवाई जाती है महाराज. इतना तो विचार रखो कि ब्राह्मणके घरका लड़का है. ये ग्वालोंका लड़का नहीं है अपने यहां. और खाली ब्रह्मभी नहीं है. इसीलिये भागवतमें कहा गया है "**युवां मां पुत्रभावेन ब्रह्मभावेन चासकृत् चिन्तयन्तौ कृतस्नेहौ यास्येथे मद्गतिम् पराम्..**" (भाग.१०/३/४५) आपकी केवल ब्रह्मभावसे ही सेवा नहीं करनी है. पुत्रभावसे भी सेवा है. केवल पुत्रभावसे ही सेवा नहीं है क्योंकि पुत्रको तो दो चार लप्पड़ भी मार सकते हैं कि घर छोड़कर बाहर क्यों जा रहा है? पर क्या श्रीनाथजीको लप्पड़ लगा सकते हैं? ये खाली पुत्रभावसे सेवा नहीं करनी पर ब्रह्मभावसे भी सेवा करनी है. ब्रह्मभावसे ही नहीं पर पुत्रभावसे भी सेवा करनी है. अब ये दोनों भाव इतने विरोधी भाव हैं आपसमें. "**कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुम्.**" तो जो ब्रह्म हो वो पुत्र नहीं हो सकता और पुत्र कभी ब्रह्म हो सकता है क्या? पुत्र जो अपने घर पैदा हुआ वो और ब्रह्म वो जिसमेंसे सारा जगत पैदा होता है. तो जिसमेंसे सारा जगत पैदा होता है वो अपने घरमें कैसे पैदा हो सकता है? ये काम हम नहीं कर सकते हैं. "**अन्यथाकर्तुम् सामर्थ्य**" है प्रभुकी कि ब्रह्म होते हुये भी पुत्र रूपमें प्रकट हुये. आप एक बार वात्सल्यभावसे प्रभुको देखो. उसके बाद प्रभु आपके घर ब्रह्म होते हुये भी पुत्ररूपमें प्रकट हो सकता है. श्रीनाथजीको भी श्रीमहाप्रभुजीने इस भावसे देखा था. गोदीमें बैठाय कपोल परसिके कहे "लाल अब आपकी कहा इच्छा है?" किसने पुत्र भाव रखा? महाप्रभुजीने रखा. महाप्रभुजीने

पुत्रभाव रखा, पर गुसांईजीने ये तूफान किया होता तो महाप्रभुजीने रोक दिया होता. जब आप आसुर व्यामोहलीला करनेकेलिये पधारे तब गुसांईजीको क्या आज्ञा की आपने? "**यदा बहिर्मुखा यूयं भविष्यथ कथंचन. तदा कालप्रवाहस्था देहचित्तादयोऽप्युत. सर्वथा भक्षयिष्यन्ति युष्मान् इति मतिर्मम्.**" श्रीनाथजीको ऐसी आज्ञा कर सकते हैं क्या? महाराज जगतमें पुजवाओगे तो गड़बड़ हो जायेगी. नहीं कहा जा सकता. "ऐसे नहीं कहिये. भली ये खेलिवेकी बानि." जो आपको खेल खेलना हो खेलो. हम तो आपके सेवक हैं. ऐसे कहा जाता है "भली ये खेलिवेकी बानि." "कौन ये खेलिवकी बानि" कहा ही नहीं जा सकता. अतएव उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे खेलना है तो ऑलराईट तैयार. जो आपको खेल खेलना हो सो खेलो. पर इसकी कौपी हरेक जगह नहीं हो सकती.

ये तो जहां आपने आज्ञा की हो जैसे रजस्वलाको सेवा करनेकी. उसकी कौपी हरेक जगह नहीं हो सकती. उसी प्रकार श्रीनाथजीके सेवाप्रकारकी कौपी हरेक जगह नहीं हो सकती. श्रीनाथजीमें ये बात उस समय सच्ची थी ही, एक टका नहीं सौ टका नहीं, टकामें तो कुछ ज्यादा हो नहीं सकता ना, पर एक हजार टका सच्ची.

भारतमें जब परीक्षाकी पद्धति शुरु हुई तो पंडितोंको एक्जामिनेशन बोर्डवालोंने कहा कि जिस विद्यार्थीको आपने पास करना हो तो सौ मार्कके प्रश्न हैं. तो पंडितोंको लगा कि अच्छा सौमार्क तो परीक्षा बोर्डने निर्धारित किये हैं. पर हम तो पंडित हैं तो क्या हम अपने आप नहीं दे सकते? तो किसीने सौमेंसे डेढ़सौ. कुछ ज्यादा पसन्द आ गया तो सौमेंसे दोसौ. परीक्षा बोर्डने कहा पंडिजी, सौमेंसे सौ ही दे सकते हो. इससे आगे नहीं दे सकते. तो पंडित गुस्से हो गये कि आप कौन कहने वाले? सौ तो आपने देनेको कहा था कि नहीं? दूसरे सौ हमने अपनी ओरसे दे दिये हैं. ऐसे तो नहीं दे सकते पर पंडित हो तो दे दे.





ऐसे ही मैं भी देना चाहता हूं कि दोमेंसे एक हजार टका. प्रभुके सामने कौन कुछ कह सकता है जो कहे वो सच्चा. ये वस्तु सिद्धान्त नहीं है. ये वस्तु लीला है. इससे कोई शास्त्रार्थका स्थापन हुआ. इसमें जो कुछ शास्त्रार्थ स्थापित हुआ तो स्थापित शास्त्रार्थसे अपना कर्तव्य निर्धारण करना चाहिये. लीलाका अनुकरण नहीं हो सकता.

मुंबईमें हमारे यहां एक भाई आया. और बोला कि हमारे यहां छप्पनभोग है आप आरती करने पधारोगे? मैंने कहा जरूर आऊंगा. पर हमारी शर्त ये है कि छप्पन भोग आपके पैसाको हो तो आऊं? आपने अपने पैसासे छप्पन भोग धरा है क्या? तो बोला कि हमारे पैसेसे छप्पनभोग किस प्रकार रखें? तो गांवके पैसासे आप छप्पनभोग धरो तो मैं आरती करने नहीं आऊंगा. ये भाई बहुत समझदार था. इसने कहा कि महाराज आपके जन्मके आसपास एक वक्त आपके दादाजीने भी छप्पन भोग करा था. तो उस समय गांवके पैसासे करा था कि खुदके पैसासे करा था? मैंने कहा कि दादाजी तो लीला पधारे, और जन्मके आसपास करा हो, तो मुझे किस प्रकार पता पड़ेगा कि किसके पैसेसे करा था. बोला कि हां हां ये तो पचास बरस पुरानी बात है. मैंने कहा कि मैं तुम्हें पांच हजार बरस पुरानी बात बताता हूं. कि भगवानने सारी गोपियोंके चीर हरण किया था. तो आप कर लो ना एक आद का? ऐसे जूते पड़ेंगे, ऐसे जूते पड़ेंगे कि होश उड़ जायेंगे. भगवानने करा था तो हम थोड़े ही कर सकते हैं. जो कहा वो करना चाहिये, जो करा वो नहीं करना चाहिये. तो बोला हां हां बादमें मिलूंगा. मैंने कहा जरूर फुरसतमें मिलना.

बात मुद्देकी समझो कि लीलाका अनुकरण नहीं हो सकता. शास्त्रका अनुकरण होता है. लीलामें तो बहुत कुछ ऐसी बातें होती हैं, कि लीलामें तो प्रभु "**कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुम् तेजीयसां न दोषाय वह्नेः सर्वभुजो यथा.**" तेजस्वीको यह दोष नहीं लगता लेकिन लम्बेके साथ ठिग्गा जाये मरे नहीं तो बीमार

हो जाये. तो ये वस्तु गलत. हमारे यहां दादाजीके पास एक ब्रह्मचारीजी आते थे. बहुत मस्तराम आदमी थे. इनको एक दिन फितूर सूझी कि सूर्य इतना तेजस्वी कैसे? इनको एक दिन मनमें तुक्का जग गया, तो इन्होंने कहा सूर्य इतना तेजस्वी है इसलिये कि निरन्तर चलता रहता है. अतएव इसमें इतना तेज आ गया. तो इसने बनारसकी परिक्रमा शुरु करी. एक दिन दो दिन तीसरे दिन खाट पर पड़ गये. तेज बढ़नेके बजाय तेज निकल गया. क्योंकि चक्कर मारनेसे सूर्य जैसा तेजस्वी हो जायेगा पर चक्कर मारनेसे चक्रम हो गया लेकिन सूर्य नहीं हुवा. गांवमें मजाक और उड़ गया. चक्कर मारनेसे कोई सूर्य नहीं होता. सूर्य चक्कर मारता है तो इसमें तेज घटता नहीं, अब घटता है कि बढ़ता है भगवान जाने पर सूर्यका कुछ माहात्म्य है भाई. ये अपन चक्कर मारें तो कोई तेज नहीं बढ़ेगा लेकिन खाट पर बीमार होकर पड़ जायेंगे.

तो लीलाका अनुकरण हमसे नहीं हो सकता, शास्त्रका अनुकरण होता है. अतएव जब श्रीनाथजीने कृष्णदासजी और अच्युतदासजी को यह बात कहवाई कि अब मैंने बंगालियोंसे सेवा नहीं लेनी तो कृष्णदासजीने गुसांईजीको कहलवाया कि आप पधारो सेवा करने. उस वक्त वार्ताको पढ़कर देखो गुसांईजीने ना कर दी कि मैं नहीं आऊंगा. क्योंकि महाप्रभुजी बंगालियोंको आप सौंप कर गये हैं. तो उस समय कृष्णदासजीने श्रीगुसांईजीको यह कहलवाया कि मैं बंगालियोंको निकालनेकेलिये आपको नहीं कह रहा. वो तो मैं निकालूंगा अधिकारके तहत. और निकालनेके बाद आपको श्रीनाथजी सौंप दूंगा. एक वक्त श्रीनाथजी सौंपनेके बाद श्रीनाथजीके साथ स्नेह नहीं करना, यह किस प्रकार सम्भव है? नहीं सौंपे थे तब भी श्रीनाथजीके साथ आपका स्नेह था ही जबकि बंगाली सेवा करते थे. तो क्यां तब आपका श्रीनाथजीके साथ स्नेह नहीं था? जिस स्वरूपके साथ श्रीमहाप्रभुजीको स्नेह हो, उसके साथ





श्रीगुसांईजीको स्नेह ना हो, यह किस प्रकार सम्भव है? सम्भव ही नहीं है. अरे जहां महाप्रभुजी बिराजे, उन स्थलोंको हम बैठक मानकर झारी चरणस्पर्श इतने उत्साहसे करते हैं कि बैठकजीकी चौकी सरक जाती है. तो जहां महाप्रभुजी बिराजे उस स्थलके साथ हमको इतना स्नेह है तो जिस स्वरूपको श्रीमहाप्रभुजीने स्नेहसे अपनी गोदीमें बैठाकर कपोल परसिकर पूछ्यो "बाबा आप बिराजो." तो श्रीनाथजीने कहा "नहीं, मुझे तो जगतमें पुजवाना है." तो फिर आपकी इच्छा. क्योंकि **"ब्रह्मभावेन पुत्रभावेन चासकृत् चिन्तयन्तौ"** बिराजो. तो महाप्रभुजीकी मेंडको पालनेकेलिये श्रीगुसांईजीने यह कहलवाया कि मैं बंगालियोंको नहीं निकालूंगा. पर जब कृष्णदासजीने अपने अधिकारके तहत जो उनको महाप्रभुजीने दिया था, उस अधिकारके तहत कृष्णदासजीने कहा मैं बंगालियोंको निकाल दूंगा. फिर श्रीनाथजीको स्वीकारनेमें क्या तकलीफ है? किसे तकलीफ हो सकती है? ऐसा मूर्ख कौन होगा कि जिसे श्रीनाथजीको स्वीकारनेमें तकलीफ हो? कोई हो ही नहीं सकता. पुष्टिमार्गमें तो ऐसा मूर्ख कोई हो ही नहीं सकता. ऐसे मूर्खको तो पुष्टिमार्गमें रहनेका अधिकार ही नहीं है. अतएव श्रीगुसांईजीने स्वीकार कर लिया. उसके बाद फिर कृष्णदासजीने कहा "अब आप सेवामेंसे निकलो" तो विरह न हो तो क्या होगा? विवाहके बाद कोई अपनेको अलग करे अपने पतिसे तो विरह नहीं होगा क्या? विरह तो होगा ही, होगा. इसमें कुछ नवनीतप्रियाजी और श्रीनाथजी और श्रीनाथजी और नवनीतप्रियाजीमें कोई भेद ही नहीं है. दो बच्चे नहीं हो सकते एकके? एक बालकका विरह हो और दूसरेका नहीं हो? एक बालकका ख्याल रखना और दूसरेको जाने दो न! ऐसे थोड़े ही हो सकता है? दूसरे बालकमें भी इतना स्नेह होता है. इसलिये श्रीगुसांईजीको विरह हुआ. विरह हुआ पर एक बात समझो कि यह विरह होनेके बाद जब गिरिधरजीने कृष्णदासजीको कैद करा दिया, तो गुसांईजीने क्या

कहा? राजाके कहनेसे श्रीनाथजीका पुजारी बनने मैं श्रीनाथजीके पास नहीं आऊंगा. मुझे तो जब कृष्णदासजी कहें, कि जाओ तब जाऊं. क्यों उत्साह नहीं दिखाया? ट्रस्टमें अर्जी लिखाकर नम्बर नोट कराके, औफिसियल पुजारी क्यों नहीं बन गये श्रीनाथजीके श्रीगुसांईजी? अपना सिद्धान्त था. श्रीमहाप्रभुजीने श्रीनाथजी कृष्णदासजीको सौंपे थे. अधिकारी ये थे. जब कृष्णदासजी श्रीगुसांईजीको दें, तो महाप्रभुजीकी परम्परासे श्रीनाथजी हमारे पास पधारे. और बीरबल दे तो किसके अधिकारसे पधारे? अकबरके अधिकारसे. तो क्या अकबरके अधिकारसे रजिस्ट्रेशन कराके श्रीनाथजी लेने? ऐसा पुष्टिमार्गमें हो नहीं सकता. इसकेलिये श्रीगुसांईजीने आग्रह रखा कि कृष्णदासजी कहें तो जाऊं नहीं तो नहीं जाऊं. अतएव **"सुर ते असुर भये असुर ते सुर भये"** कृष्णदासजी कहते हैं, इनको जेलसे छुड़वा कर बुलाये, तत्पश्चात् कृष्णदासजीने विनती करी कि आप सेवामें पधारो. और तब आप श्रीनाथजीमें पधारे, तब सारे पुष्टिमार्गका सेवा प्रकार श्रीगुसांईजीने प्रवर्तित किया, उसके पहलेका जो प्रकार था महाप्रभुजीका प्रेमसेवाका था, पर पुष्टिसेवाका अलग प्रकार अर्थात् उस वक्त महाप्रभुजीने अक्षय तृतीयाके दिन जो पाट बैठाये थे श्रीनाथजीको, उस दिनको हम पाटोत्सवके तौर पर नहीं मनाते पर फागुन वदि सप्तमीके दिनको हम श्रीनाथजीके पाटोत्सवके तौर पर मनाते हैं. इसका मूलकारण क्या कि फागुन वदि सप्तमीके दिन श्रीगुसांईजीके घर श्रीनाथजी फिरसे बिराजे. ये मेंड अब भी हम पाल रहे हैं कि गुसांईजीके घरमें श्रीनाथजी बिराजे, गुसांईजीने अपने घरमें जो सेवा प्रकार प्रवर्तित किया, वो सेवा प्रकार पुष्टिमार्गीय है. इसके पहले जो प्रकार था महाप्रभुजीका वो पुष्टिमार्गीय नहीं था पर श्रीनाथजीका आज्ञामार्गीय था. आज्ञाको अनुसरनेकेलिये था. श्रीनाथजी जो आज्ञा करें उसे हमें पालना चाहिये. इसमें तो दो मत हो ही नहीं सकते.





इस कारण लालूभट्टजी यहां कह रहे हैं **श्रीविट्ठलेश्वरं वन्दे कृष्णसेवा प्रवर्तकम्.** गुसांईजी किस प्रकार कृष्णसेवा प्रवर्तक हो सकते हैं? कृष्णसेवा प्रवर्तक श्रीमहाप्रभुजी कि श्रीगुसांईजी? पर एक बात समझो फिरसे. श्रीगोवर्धननाथजीके सन्दर्भमें कृष्णसेवाका प्रवर्तन श्रीगुसांईजीने करा है. बाकी कृष्णसेवाका स्वरूप तो श्रीमहाप्रभुजीने कर ही रखा था. पर यहां कृष्णसेवाका प्रवर्तन फिरसे श्रीगुसांईजीने अपने घरमें सतघरा मथुरामें बिराजे उस प्रकार कृष्णसेवाका एक नूतन प्रकार शुरु किया था. **कृष्णसेवा प्रवर्तकम् येन् गोवर्धनाधीश सख्येन आत्मवशीकृतः.** यह आम पब्लिकके ठाकुरजी नहीं थे उस वक्त. श्रीगुसांईजीने श्रीनाथजीके साथ ऐसा सख्य बांधा था कि श्रीनाथजी इनके वश हो गये. श्रीनाथजीको इन्हें बुलाना पड़ा. गुसांईजीने तो ना कर दिया था. पर अच्युतदासजी ने ऐसे कहा कि आप ना कर कैसे सकते हो जब श्रीनाथजी बुला रहे हैं तो? श्रीनाथजी बुलायें तो कौन नहीं जाये? खड्डेमें गिरनेको कहें तो खड्डेमें गिरना चाहिये अगर श्रीनाथजी कहें तो. श्रीनाथजी स्वयं स्वीकारनेको कहते हों तो कौन श्रीनाथजीको नहीं स्वीकारेगा? जैसी रीतिसे स्वीकारनेको कहें वैसी रीतिसे स्वीकारनेको तैयार हैं. क्योंकि सख्य श्रीनाथजी और श्रीगुसांईजीके बीच ऐसा सख्य प्रकंट हुआ दोस्तीका साथ कि दोनों एक ऐसे बंधनमें बंध गये कि दोनोंकी प्रीति जैसी प्रीति कभी हुई ही नहीं. अतएव **तुरंग चाल्यो वायु वेगे जाणे नौका चाली सिंधु तरवा.** वल्लभाख्यान पढ़ो तो पता चले, कि गुसांईजीका, श्रीनाथजीका सेवाका प्रकार कितना जटिल प्रकार था. आज भी एक सामान्य बुद्धिसे विचारोगे ना तो तुम्हें कल्पना नहीं आयेगी कि गोकुलमें रहकर सेवा करने जतीपुरा आना, आज कोई करके तो दिखाये? और इतना कठोर नियम गुसांईजीने उस वक्त निभाया जिस वक्त मोटर नहीं थी, पुल नहीं थे, कच्चे रस्ते थे, उस समय घोड़े पर सवारी करके गोकुलसे यहां जतीपुरामें सेवा करने पधारना, कितना मुश्किल

काम रोजानाका. कौन कर सकता है? श्रीगुसांईजीने ही ऐसी प्रीति निभाई और श्रीनाथजी निभा सकते हैं **"कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुम् सामर्थ्य"**से. अरे हवेलीमें ऊपर बैठे रहते हैं और नीचे नहीं जाते ठाकुरजीके पास. हम लोगोंकी ये दुर्दशा है समझे. बाकी गोकुलसे जतीपुरा जाय कौन? तिकायत महाराज स्वयं मुंबईमें बिराजते हैं कोई नाथद्वारा थोड़े ही बिराजते हैं. ऐसी स्थितिमें हम हमारे सिद्धान्त नहीं कह सकते. एक बात समझो कि आजकी स्थिति अपनी लाचारी है. और उस वक्तकी जो स्थिति है वो लीला थी पर इससे शास्त्रार्थ स्थापित नहीं होता. और उस वक्त जो लीला थी उससे शास्त्रार्थ स्थापित होता था. इन दो बातोंका प्रभेद हमको स्पष्ट समझना चाहिये. और इस शास्त्रार्थमेंसे मूल तत्व भावप्रकाश समझाता है हमको. उस रीतिसे समझना चाहिये. मनघड़ंत वानरलीला नहीं करनी चाहिये. ये वानरलीला करोगे तो समझ ही नहीं आयेगी. श्रीनाथजी भगवल्लीला करें और तुम वानरलीला करो और उसका उलटा अर्थ निकाल लो तो सत्यानाश हो जायेगा. पुष्टिमार्गमें डाट (बोतलको बन्द करनेवाली कौर्क) लग जायेगी. इसका भावप्रकाश कहनेमें जो आया है, वो शास्त्रार्थका अभिगम समझके सिद्धान्तका स्वरूप समझोगे तो समझमें आयेगा कि श्रीगुसांईजीने किस प्रकार पुष्टिमार्गीय दृष्टिसे कैसा भागीरथ पुरुषार्थ किया होगा, जो आम पब्लिकके देवालयमें पधारे हुये श्रीनाथजीको पुष्टिसेवामें, पुष्टिमार्गीय प्रणालीमें किस प्रकारका सख्य वापरके श्रीनाथजीको बांध लिया कि महाराज अब नहीं जाने दूंगा. और उसका शुद्ध परिणाम देखो. गुसांईजीको अपने एक ठाकुरजी कौम्प्रोमाईज़में सौंपने पड़े बंगालियोंको, गोपीनाथजीके. क्योंकि जब गुसांईजी पधारे, उस समय बंगाली फिर आये कम्प्लेंट लेके कि हमारे साथ अन्याय हुआ है. अन्याय तो हुआ था. अपनी वार्ता ही कहती है कि इनके घर जला दिये, घरमें आग बुझाने नीचे आये तो ऊपर ताला लगा दिया. और





जब ये लोग बादशाहके पास कम्प्लेंट करने जा रहे थे, तो धमकाया कि अगर कम्प्लेंट करोगे तो हमारे साथ वैर बांधना होगा. तो ये बिचारे घबरा गये कि इतने लफड़ेमें पड़े कौन? **"कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुम् समर्थ"** हैं आप. इसलिये ये चुप हो गये. अतएव जब गुसांईजी पधारे तो बंगाली फिर आये. कि कुछ न्याय करो. तो गुसांईजीने क्या कहा? कि भई जो हो गया सो गया. अब इसमें न तो तुम्हारी चलनेकी है और न हमारी चलनेकी है. तो उन्होने कहा कि कुछ तो करो. तो बादमें एक ठाकुरजी जो श्रीगोपीनाथजीके ठाकुरजी थे कौम्प्रोमाईज़के कारण पधरा दिये कि ये ठाकुरजी पधरा लो. क्योंकि गुसांईजीको श्रीनाथजीके साथ सख्य था तो क्या मदनमोहनजीके साथ कोई द्वेष था? द्वेषका कोई प्रश्नही उपस्थित नहीं होता. पर इस स्वरूपके साथ स्वरूपासक्ति हो गई और इस स्वरूपासक्तिके विवश होकर आपने सब बात स्वीकार करली. और पुष्टिमार्गीय सेवाका प्रवर्तन किया. इस कारण **श्रीविट्ठलेश्वरं वन्दे कृष्णसेवा प्रवर्तकम् सख्येन आत्मवशी कृतम्** ये लालूभट्टजी कह रहे हैं.

मंगलाचरणके ऊपर ध्यान दोगे ना तो इन छोटी मोटी सार्वजनिक बातोंका खुलासा इसीमें हो जायेगा. स्पष्टीकरणकी जरूरत ही नहीं रहेगी. कौन स्पष्टीकरण करेगा? अरे समझो तो स्पष्टीकरण करें अन्यथा स्पष्टीकरणका भी क्या लाभ? स्पष्टीकरणकी कोई भी जरूरत नहीं है. लालूभट्टजी क्या कह रहे हैं यह देखोगे तो विचार आयेगा.

0000000000

**।।अमृतवचनावली।।**

(१) जो कटोरी (गहने धरिके सामग्री आई सो तो भोग श्रीठाकुरजी आप ही के द्रव्यकुं आरोगे सो आप ही को भयो. जो श्रीठाकुरजीको द्रव्य खायगो सो मेरो नाहिं अरु मेरो सेवक भगवदीय होयगो सो देवद्रव्य कबहूं न खायगो. जो खायगो सो महापतित होयगो. ताते वा प्रसादमेंते भोजन करिवेको अपनो अधिकार न हतो; याकेलिये गोअन्कों खवायो अरु श्रीयमुनाजीमें पधरायो (यह सुनिके सब वैष्णव चुप होय रहे)

**{श्रीमहाप्रभु:घरुवार्ता – ३}.**

(२) धनादिकी कामनापूर्तिकेलिये जो शास्त्रविहित श्रवण-कीर्तन -अर्चन आदि किये जावे हैं उनकुं कर्ममार्गीय समझने. उदरपोषणार्थ आजीविकाके उपार्जनके रूपमें जो श्रवण-कीर्तन-अर्चन आदि किये जावें उनकुं तो खेतीबारीकी तरह 'लौकिक कर्म' ही कहनो चहिये. मलप्रक्षालानार्थ गंगाजलकुं प्रयोगमें लावे जेसो वो निषिद्धाचरण हे; ओर एसो दुष्कृत्य करवेवालो पापभागी ही होवे है.

**{श्रीप्रभुचरण : भक्तिहंस}.**

(३) अपने सेव्य-स्वरूपकी सेवा आप ही करनी. और उत्सवादि समयानुसार, अपने वित्त अनुसार करने, वस्त्राभूषण भांति-भांतिके मनोरथ करी सामग्री करनी.

**{श्रीगोकुलनाथजी-चतुर्थेश : २४ वचनामृत}**

(४) जब सन्तदासको सगरो द्रव्य गयो तब श्रीठाकुरजीकी सेवामें मंडान श्रीठाकुरजीके द्रव्यसों राखे और श्रीठाकुरजीके द्रव्यमेंते चौबीस टका पूंजी करि कोड़ी बेचते. सो श्रीठाकुरजीकी पूंजीमेंते तो कासिदको दियो न जाई सो कमाईको टका दिये. तब इनकी मजूरीको राजभोग न भयो सो महाप्रसाद हू न लियो. टकाके चूनको न्यारो भोग धरते सो





राजभोग जानते, महाप्रसाद लेते, और नित्यको नेग बहोत श्रीठाकुरजीके द्रव्यसों होतो; ताते आपुनी राजभोगकी सेवा सिद्ध न भई (जाने). कासिदको दिये सो नारायणदासको लिखें जो तुम्हारी प्रभुतातें एक दिन राजभोगको नागा पर्यो जो मेरी सत्ताको भोग न धर्यो! या प्रकार सन्तदास विवेकधैर्याश्रयको रूप दिखाये. विवेक यह जो श्रीगुसांईजीको हूंडी पठाई – आपुनी सेवा न भई – राजभोगको नागा माने. धैर्य यह जो श्रीठाकुरजीको द्रव्य खान-पान न किये. आश्रय यह जो मनमें आनन्द पाये – दु:खक्लेश न पाये.

**{श्रीहरिरायजी-द्वितीयेश:भावप्रकाश ८४ वैष्णवनकी वार्ता-७६}**

(५) पारिश्रमिकके रूपमें वित्त दे के कोइ दूसरेके द्वारा सेवा कराई जावे तो चित्तमें अंहकार तो बढ़े परन्तु वो भगवान्में कभी चोंट नहीं सके. भगवत्सेवार्थ कोई दूसरेसूं पारिश्रमिक धन लिये जावेपे तो, जेसे पंडा-पुरोहितनकुं यज्ञयागादिको फल नहीं मिले परन्तु यजमानन्कुं ही मिले, वेसे ही सेवाकर्ताकी सेवा निष्फल बन जाय हे. यजमान, जेसे, दक्षिणा दे के पुरोहितन्के द्वारा यज्ञयाग करा लेवे, वेसे ही भगवत्सेवा (आजकल जेसे पुष्टिमार्गीय हवेलीन्में वैष्णवगण गुसांई-मुखिया-भीतरिया-समाधानीकी बटालियनसूं करवा लेवे हें वा तरह: अनुवादक) करा लेवेमें क्या बुराई? वहां कर्ममार्गमे वो विहित होवेसे पुरोहितन्सूं कर्म सम्पन्न करा लेनो आपत्तिजनक नहीं हे. भक्तिमार्गमें, परन्तु, या तरहसूं भगवत्सेवा करा लेवेको कहीं विधान उपलब्ध न होवेसूं, कोइ दूसरेकुं धन दे के सेवा करानो अनुचित ही हे. भक्तिमार्गमें तो भगवदुक्त प्रकार (निज घरमें निजपरिजनन्के सहयोगद्वारा निजी तन-मन-धनसूं ही) भगवत्सेवा करनी चाहिये.

**{सुरतस्थ ३/२ गृहाधिपति श्रीपुरुषोत्तमजी:सिद्धा.मुक्ता.विवृ. प्रका.२}**

(६) **"अत्र गृहस्थानविधानेन, स्वगृहाधिष्ठित-स्वरूप- भजन-परित्यागेन अन्यत्र तत्करणे भक्तिः न भवति, इति सूचितं भवति"** अर्थात् यहां सेवोपयोगी स्थानके रूपमें निज घरको विधान उपलब्ध होवेसूं, अपने घरमें बिराजते ठाकुरजीकी सेवा छोड़के कोइ दूसरी जगह (अर्थात् हवेलीन्में, जेसे आजकल, भेंट-सामग्री चढ़ाके नित्य या मनोरथों की झांकी कर लेनो वैष्णवन्ने पुष्टिमार्गमें परमधर्म मान लियो हे वेसे) भगवत्सेवा करवेवालेन्कुं कभी भक्ति सिद्ध नहीं हा सके हे.

**{श्रीवल्लभात्मज-श्रीबालकृष्णजी:भक्तिवर्धिनीव्याख्या २}.**

(७) जो श्रीवल्लभकुल है वह अपने सेव्यस्वरूपपर कैसो स्नेह रखे हैं कि एक ओर द्रव्यको ढेर करो और दूसरी ओर श्रीठाकुरजी पधरावो तो श्रीवल्लभकुल इस द्रव्यकी ओर देखेगो भी नहीं; और श्रीठाकुरजीकूं अतिस्नेहसू पधरा लेगो. लेकिन जो या कलिके जीव हैं उनकू तो द्रव्य ही प्रिय लगे है. या कारण वह तो श्रीठाकुरजीकी ओर देखेंगे नहीं. और केवल वैभवकी ओर देखेंगे और तुरन्त मोहमें पड़ेंगे....

**(श्रीमट्टूजी महाराजके ३२ वचनामृत : ५)**

(८) लौकिक अर्थकी इच्छा राखिके जो भगवद्भजनमें प्रवृत्त होय सो सर्वथा क्लेश पावे हे. इतने कछू लाभके लिये पूजादिकमें प्रवृत्त होय सो 'पाखंडी' ओर 'देवलक' कह्यो जाय हे. तासूं लाभपूजार्थ सिवाय जामें निषेध नहीं हे एसी रीतिसूं 'मेरो लौकिक सिद्ध होय' एसी इच्छासूं जो भजनमें प्रवृत्त भयो होय सो 'लोकार्थी' कह्यो जाय.

**{श्रीनृसिंहलालजी महाराज:सिद्धान्तमुक्तावलि-टीका श्लोक १६-१७}**

(९) श्रीउदयपुर दरबारकुं आशिर्वाद! याके द्वारा सूचित कियो जावे हे कि चल-अचल सम्पत्तिके आर्थिक तथा स्वामित्वकी व्यवस्थाके बारेमें योग्य व्यक्तिन्की एक सलाहकार समिति नियुक्त कर ली गई हे. सेवा आदि विषयन्में पुरातन तथा प्रवर्तमान प्रणालिके अनुसार काम कियो जायेगो; ओर यदि पुरातन परम्पराको बाध न होतो होयगो ओर





समिति कोइ तरहके सुधारकी इच्छा रखती होयगी तो ऐसे सुधार भी स्वीकारे जायेंगे. ओर श्रीठाकुरजीको द्रव्य अपने व्यक्तिगत उपयोगमें नहीं वापर्यो जायेगो, जेसी कि परम्परा आज भी हे ही, ओर याकुं निभायो जायेगो. तो भी मेरे पूर्वजन्के समयसूं चले आ रहे मेरे स्वामित्वके हक्क वा ही तरह कायम रहेंगे. या ही तरह आय-व्ययकुं भी उन-उन बहीखातान्में लिख्यो जायेगो जेसे कि हालमें लिख्यो जा रह्यो हे.

**{नि.ली.गोस्वामितिलकायित श्रीगोवर्धनलालजीमहाराज: डिक्लॅरेशन मितिभाद्रशुक्लापंचमी सं.१९४८ ता.५/९/१८९३}**

(१०) महाराजकुं जो आमदनी वैष्णव आदिन्सूं होवे हे वामेंसूं घरखर्चाके रूपमें महाराज ठाकुरजीकी सेवाको खर्चा निभावें हें. ठाकुरजीकेलिये चल या अचल सम्पत्ति अलगसूं निकालके वामेंसूं ठाकुरजीकी सेवाको खर्च नहीं निभायो जावे हे. ठाकुरजीके वैभवको, नेगभोगको, आभूषण-वस्त्र आदिको खर्च महाराज स्वयं अपनी आमदनीके अनुसार निभावे हें... ठाकुरजीके सन्मुख भेंट धरी नहीं जा सके... ठाकुरजीकी भेंट देवमन्दिरमें भेजनी पड़े हे. महाराज वा भेंटकुं अपने उपयोगमें ला नहीं सकें.

**{नि.ली.अमरेलीवाले गो.वागीशलालजीके आम-मुखत्यार : "अमरेलीहवेली व्यक्तिगत हे या सार्वजनिक" मुद्देपर सन् १९०९-१० में गायकवाडी बड़ौदा राज्यकी कोर्टमें दी गई जुबानी}**

(११) जेसे अपने पूर्वपुरुष स्वयं अपने धर्मके सत्यस्वरूप तथा शुद्धाद्वैतसिद्धान्त कुं पूर्णतया समझके वैष्णवधर्मको यथार्थ उपदेश लोगन्कुं देते हते; ओर मध्यवर्ती कालमें जो सम्पत्ति आदिके कारणन्सूं हमने बहोत हद् तक छोड़ दिये हें, या कारणसूं अधिकांश लोगन्में साधारण सेवा और केवल वित्तजा भक्ति की ही रूढ़िके अनुसार जानकारी बच गयी हे.

**{नि.ली.गो.श्रीदेवकीनन्दनाचार्य-पंचमेश द्वारा मुंबईके वैष्णवन्कुं लिखित पत्र : 'आश्रय' अप्रिल ८७ के अंकमें प्रकाशित}**

(१२) वकील: यदि कोई भी पुष्टिमार्गीय मन्दिरमें, वैष्णव श्रीठाकुरजीकी सेवा और नेग-भोग केलिये; और श्रीठाकुरजीकी सेवाकुं निभावेकेलिये भेंट आदि दे के वित्तजा सेवा करते हेंाय और वा मन्दिरमें तनुजा सेवा भी करते होंय तो वो, "मन्दिर पुष्टिमार्गीय नहीं होव" ऐसे आपको कहनो हे?

पू.पा.महाराजश्री : पुष्टिमार्गीय वैष्णवन्केलिये स्वतन्त्रतया तनुजा या वित्तजा सेवा करवेकी कोई प्रक्रिया नहीं हे, ओर एसी सेवाकी जाती होय तो वाकुं 'साम्प्रदायिक मन्दिर' नहीं कह्यो जा सके.

**{सुरतस्थ ३/२ गृहाधिपति नि.ली.पू.पा.गो.श्रीव्रजरत्नलालजी महाराज : "नड़ियादकी हवेली वैयक्तिक हे या सार्वजनिक" विवादमें पुष्टिमार्गके विशेषज्ञ साक्षीके रूपमें दी जुबानी}.**

(१३) ...या ही तरह अपने यहां जो सन्मुखभेंट धरी जाय हे वो भी देवद्रव्य होवे हे; ओर वा सामग्रीकुं काममें नहीं लियो जाये. श्रीगोकुलनाथजी और श्रीचन्द्रमाजीके घरमें आज भी ये नियम पाल्यो जाय हे. वो वल्लभकुलके श्रीयमुनाजीके पंडाकू दी जाय हे. दूसरा कोई वाको अनुकरण करे तो वो अनुचित हे... हम श्रीनाथजीके सामने जो सन्मुख भेंट धरें हें, वो श्रीमहाप्रभुजीकी पादुकाजीकुं धरें हें, फिर भी वो आभूषणन्में वापरी जावे हे, सामग्रीमें नहीं. सन्मुखभेंट धरवे में बहोत अनाचार होवे हे. या तरहसूं आयो द्रव्य 'देवद्रव्य' बने हे... वाकुं लेवेवालेकी बुद्धि बिगड़े बिना नहीं रहे.

**{नि.ली.गो.श्रीरणछोड़लालजी महाराज राजनगर :वचनामृत-४८४-८७}.**

(१४/क) वैष्णवन्के पास जो भी परम पदार्थ हे वाको अस्तित्व आजके ही दिनको आभारी हे. कालकी भीषणता और परिस्थितिकी





विषमता के अत्यन्त विकट युगमें श्रीमत्प्रभुचरणन्के दिव्य सिद्धान्तन्के ऊपर अटल रहवेपर ही जीवमात्रको ऐहिक और पारलौकिक कल्याण हो पावेगो. अन्याश्रयके त्यागकी भावनापे जगत्के जीव दृढ़ रहें तो वैष्णव-हवेलीन्के वैभवके कारण जो वैष्णव घरसेवाकुं भूल चुके हते, संयोगावशात् उन हवेलीन्में श्रीके दर्शन आज बन्द भये हें, सो वैष्णवन्के घर पुन: भगवत्सेवासूं किलकिलाते हो जायेंगे. ये लाभ सम्प्रदाय और सम्प्रदायीन् केलिये मामूली नहीं रहेगो. ईश्वरेच्छा अनाकलनीय होवे हे. मोकुं तो श्रद्धा हे कि या कठिन परीक्षामें हम सभीन्को श्रेय ही सिद्ध होवेवालो हे.

(१४/ख) मेरे अनुयायीन्कुं दो प्रकारकी दीक्षा दउं हूं: प्रथम कंठी बांधनी तथा दूसरी ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा. कंठी-बांधनी साधारण वैष्णवन्कुं ही दी जावे हे तथा ब्रह्मसम्बन्ध विशेषरूपसूं उन अनुयायीन्कुं, जो सेवामें विशेषरूपसूं बढ़नो चाहे हें. पहली दीक्षाकुं 'शरण-दीक्षा' कहें हें तथा दूसरी दीक्षाकुं 'आत्मनिवेदन' कहें हें. शरणदीक्षासूं वैष्णव सिर्फ नामस्मरण करवेको ही अधिकारी बने हे तो सेवावाले वैष्णवकुं ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा लेवेके बाद ही अधिकर मिले हे. ब्रह्मसम्बन्धवालो वैष्णव अपने घरमें ही सेवाको अधिकारी होवे हे... हम स्वरूपकी सेवा नन्दालयकी भावनासूं करें हें. यालिये हम सातोंके सात पुत्रन्के 'घर' ही कहलावे हें ओर हमारे घरकी सृष्टि 'तीसरे-घरकी-सृष्टि' कहलावे हे.

**{नि.ली.गो.श्रीव्रजभूषणलालजी महाराज तृतीयेश: (१४/क) : श्रीमत्प्रभुचरणप्राकट्योत्सव ता. २४/१२/४८के दिन मुंबइके पुष्टिमार्गीय वैष्णवन्की सभामें अध्यक्षीय प्रवचन. (१४/ख) बयान: मूर्तिबा कार्या. सहा. कमि. देवस्थानविभाग खंड उदयपुर एवं कोटा बजरिये कमिशन मु.कांकरोली.फाईल संख्या. १/४/६४. श्रीद्वारकाधीशमन्दिर दिनांक ७/११/६५}.**

(१५) आज मोकुं अपने हृदयके उद्‌गार कहवे दो, मेरो हृदय जल रह्यो हे, मन्दिरन्में मात्र द्रव्यसंग्रहकी प्रवृत्ति बच गई हे; ओर वोही

अनर्थन्की जड़ हे. ऐसे मन्दिरन्के अस्तित्वसूं कोई लाभ नहीं. हमारो सम्प्रदाय सामुहिक नहीं वैयक्तिक हे. सार्वकालिक तथा सार्वदेशिक अवश्य हे परन्तु सार्वजनिक नहीं. "करत कृपा निज दैवी जीवनपर" या उक्तिमें 'निज' शब्दको प्रयोग कियो गयो हे. दैवी जीव कहीं भी हो सके हें परन्तु सार्वजनिक रूपसूं नहीं. आज हम 'पुष्टि' को नाम लेवेके भी अधिकारी नहीं हें! अपने मन्दिर कहां हें! आजको हमारो जीवन चार्वाक-जीवन हो रह्यो हे. क्या हम, आज जा प्रकारको सम्प्रदाय हे, वाकु जिवानो चाहें हे? यदि सच्चे सम्प्रदायकुं चाहते हो तो स्वरूपसेवा घर-घरमें पधराओ एवं नामसेवापे भार रखो... भक्तिकी प्राप्ति स्वगृहन्में सेवा करवेसूं ही होयगी. आजके इन मन्दिरन्सूं कोई लाभ नहीं हे, क्योंकि इनमें द्रव्यसंग्रहकी प्रधानता आ गयी हे; ओर जहां द्रव्य इकट्ठो होय हे वहीं अनर्थ हो जावे हे. आज सम्प्रदायको विकृत स्वरूप यासूं ही हे.

**{ नि.ली. गो. श्रीकृष्णजीवनजी महाराज मुंबई-मद्रास: 'वल्लभविज्ञान'** अंक ५-६ वर्ष १९६५}

(१६/क) हम श्रीवल्लभाचार्यजीकी आज्ञाका पालन कहां कर रहे हें? अपने यहां गृहसेवा कहां हे? केवल मन्दिरन्में दर्शनसूं क्या लाभ हे? श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा हे "कृष्णसेवा सदा कार्या" यदि श्रीमहाप्रभुजी मन्दिरकुं मुख्य मानते तो अपनी तीन परिक्रमान्में अनेक मन्दिर स्थापित कर देते. श्रीगुसांईजीने श्रीगिरिधरजीकुं सातस्वरूपके मनोरथ करते समय या प्रकारकी चेतावनी दी थी. मन्दिरस्थापन करते समय उनकुं डर हतो कि घरमेंसूं ठाकुरजी मन्दिरमें पधार जायेंगे. मेरे पिताजीने कल (उपर्युद्धृत १५ वचनमें) जो कह्यो वो अक्षरश: सत्य हे. तुम अपने घरन्में ठाकुरजीकुं पधराओ ओर सेवा करो.

(१६/ख) पुष्टिमार्गीय प्रणालिकाके अनुसार ट्रस्ट होनो उचित नहीं हे. श्रीआचार्यचरणने प्रत्येक ब्रह्मसम्बन्धी जीवकुं आज्ञा दी हे **"गृहे स्थित्वा स्वधर्मत:"** (भक्तिवर्धिनी) अर्थात् गृहमें रहके स्वधर्माचारण करनो चहिये. गोस्वामी बालक भी आचार्य होवेके बावजूद वैष्णव भी हें.





अत: आचार्यश्रीकी उपरोक्त आज्ञाकुं पालनो उनको भी कर्तव्य हे... अत: मेरो तो माननो यही हे कि आचार्यचरणके सिद्धान्तके अनुसार वैष्णवन्कुं स्वयंके घरमें श्रीठाकुरजीकी सेवा करनी चहिये ओर धर्मग्रन्थन्को पठन-पाठन करनो चहिये. नहीं कि मन्दिरन्में जाके... ट्रस्ट तो पुष्टिमार्गीय प्रणालिकासूं संगत होनेवाली बात नहीं बल्कि अपनी प्रणाली भंग करवेवाली बात हे.

**{दहिसरमें श्रीगोवर्धननाथ हवेली ट्रस्टके संस्थापक पू.पा.नि. ली. गो.श्रीव्रजाधीशजीमहाराज : (१६/क) 'वल्लभविज्ञान'. अंक ५-६ वर्ष १९६५, (१६/ख) 'नवप्रकाश' अंक ८ वर्ष ८}**

(१७/क) ओर जब जनरल पब्लिक ट्रस्ट हे तब ठाकुरजीकुं गोस्वामीके सम्बन्धसूं पृथक् करके, ठाकुरजीकुं सब सम्पत्ति अर्पण करके, अर्थात् भेंट करके रिलीजिअस एंडॉमेन्टके रूपमें भये वे ट्रस्ट हें. ऐसी अवस्थामें इन ट्रस्टन्सूं जो नेग-भोग चलायो जावे हे, वो देवद्रव्यसूं चलायो जा रह्यो हे. देवद्रव्यको उपभोग करनेवालो अन्तमें देवलक ही होवे हे. श्रीमदाचार्यचरणने प्रभुकी सोनेकी कटोरी गिरवी रखके जब भोग आरोगायो तब आपने वा द्रव्यसूं समर्पित सारो को सारो प्रसाद गायनकुं खवा दियो. ये हे साम्प्रदायिक सिद्धान्त. या प्रकारके आदर्शरूप सिद्धान्त्को जा प्रथासूं विनाश होवे, आचार्यन्कुं देवलक बनायो जाय, वा प्रथाकुं जितनी शीघ्र सम्प्रदायसूं हटा दी जाय, उतनो ही श्रेय यामें गोस्वामिसमाज तथा वैष्णवसमाज को निहित हे.

(१७/ख) भगवत्सेवा सम्प्रदायकी आत्मरूप प्रवृत्ति हे. आचार सेवाको अंग हे, सेवाके अनुकूल आचारको पालन कियो जानो चहिये. आचार - पालनकुं प्रमुखता देके भगवत्सेवाको त्याग भी उचित नहीं हे. भगवत्सेवा जेसे भी बने करो... गुरुघरन्में मत भेजो... यदि हम भगवद्द्रव्यकुं पेटमें डालेंगे तो वो अपराध हे. ग्रन्थन्के अध्ययनके प्रति हमकुं समाजकुं आकृष्ट करनो चहिये.

**{नि.ली.गो.श्रीदीक्षितजी महाराज मुंबई-किशनगढ़ : (१७/क) "आचार्योच्छेदक ट्रस्ट प्रथासे पुजारीपनकी स्थापना घोर**

**सिद्धान्तहानि एवं घोर स्वरूपच्युति" लेख पृष्ठ ७. (१७/ख) 'श्रीवल्लभविज्ञान' अंक ५-६ वर्ष १९६५ में प्रकाशित वक्तव्य**}.

(१८/क) जेसे स्वरूपसेवा स्वार्थबुद्धिवश ओर लौकिक कार्य समझके नहीं करवेकी श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा हे, वैसे ही नामसेवा भी वृत्त्यर्थ नहीं करनी चहिये, ऐसी आज्ञा श्रीमहाप्रभुजी निबन्धमें करें हें... वृत्त्यर्थ सेवा करवेसूं प्रत्यवाय (दोष) लगे हे. जेसे गंगाजमुनाजलको उपयोग गुदाप्रक्षालनार्थ नहीं कियो जा सके, वैसे ही सेवाको उपयोग भी वृत्त्यर्थ नहीं करनो चहिये.

(१८/ख) तन ओर वित्त प्रभुकेलिये वापर्यो जाय तो मन भी प्रभुमें अवश्य लगे ही हे. अतएव श्रीवल्लभने उपदेश कियो हे कि "तत्सिद्धयै तनुवित्तजा". मानसी जो परा हे वो सिद्ध करनी होय तो तनुवित्तजा सेवा आवश्यक हे. तन और वित्त कहीं एकत्र लगायो जाय तो चित्त भी वहां दिन-रात लग्यो रह सके हे. दलालीको व्यवसाय करवेवालेके व्यावसायमें केवल तनसूं श्रम कियो जावे हे परन्तु वामें वित्त स्वयंको लगायो नहीं जावे हे. अतएव बजारके भावन्‌की घटबढ़में दलालकुं तनिक भी मानसिक चिन्ता होवे नहीं... कोइ बच्चाको पिता केवल ट्युशन फी देके बादमें समझ ले हे कि बच्चा परीक्षामें पास हो ही जायेगो. इन तीनोंकुं फलप्राप्ति होवे नहीं क्योंकि तनुजा-वित्तजा दोनों नहीं लगी. अब तनुवित्तजा दोनों लगावेवालेके चित्तप्रवण होवेको उदाहरण देखें: एक दुकनदार दुकान और मालकी खरीदीमें पूंजी लगा के व्यापार शुरु करे सुबहसूं रात तक वहां उपस्थित रहके जब तन भी व्यापारमें लगावे हे तो या कारणसूं दिनरात वाकुं व्यापारके विचार आते रहें: अच्छी तरह व्यापार केसे करूं - केसे व्यापार बढ़े... अत: पुष्टिमार्गे प्रभुमें आसक्ति सिद्ध होवेकेलिये मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया समझायी गयी हे कि भावपूर्वक भक्तकुं तनुवित्तद्वारा सेवा करनी चहिये.

{**पू.पा.गो.श्रीगोविन्दरायजी महाराज पोरबन्दर** : (१८/क) **'सुधाधारा'** पृ.११४. (१८/ख) **'सुधाबिन्दु'** पृ.७३}





(१९) वल्लभमतमें ये सिद्धान्तत: गलत हे ओर ऐसे देवस्थानन्‌के चढ़ावाको प्रसाद भी खायो नहीं जा सके हे, क्योंकि वहां देवलकत्व ही प्रधान हे. आजके युगकुं देखते भये जहां न्यास करनो आवश्यक हे वहां उपर्युक्त सिद्धान्तन्‌कुं ध्यान्‌में रखके ही न्यास करनो आवश्यक हे, जासूं देवलकवृत्तिसूं बच्यो जा सके. यदि एसी व्यवस्था नहीं की गइ तो देवद्रव्य होवेगो, जाके सेवन करवेसूं आचार्य स्पष्ट कहें हें कि नर्कपात होयगो.

{**नि.ली.गो.श्रीरणछोड़ाचार्यजी प्रथमेश : "हमारी धार्मिक स्थितिका वर्तमान स्वरूप एवं भविष्यकी व्यवस्थाहेतु प्रतिवेदन** (दि. २५/२/८१) पृ.१२}

(२०) क्योंकि श्रीनाथजी स्वयं वाके भोक्ता हें किन्तु वैष्णव-वृन्द तथा सेवकगण भी वा महाप्रसाद लेने तकके अधिकारी नहीं हे. यह आचार्यचरणके इतिहाससूं प्रत्यक्ष प्रमाणभूत हे. वाके महाप्रसाद लेवेको केवल गायकुं ही अधिकार हे. अन्यथा वा देवद्रव्यके उपभोग करवेसूं निश्चय ही अध:पतन हे... सब प्रकारके दान-चढ़ावा व वसूल वसूली करवेको उल्लेख कियो गयो हे, वो भी सम्प्रदायके सिद्धान्तसूं नितान्त विरुद्ध हे. अपने सम्प्रदायकी प्रणाली के अनुसार जो अपने सम्प्रदायके सेवक हें, उनको ही द्रव्य गुरु-शिष्यके सम्बन्धसूं लेके सेवामें उपयोग करायो जा सके हे. सम्प्रदायमें सब प्रकारके दान-चढ़ावान्‌को उपयोग सेवामें नहीं कियो जाय हे; ओर कदाचित् कहीं कियो जातो होय तो वो सम्प्रदायके नियमन्‌सूं विरुद्ध होवे के कारण बन्द कर देनो चहिये.

{**पू.पा.गो.श्रीघनश्यामलालजी-सप्तमेश: "श्रीनाथद्वारा ठिकानेके प्रबन्धकी दिल्ली-योजनाकी आलोचना** (ता.१-२-५६)"}

(२१/क) प्रश्न: देवद्रव्य' कायकुं कहें हें? देवद्रव्य'को मतलब, देवको द्रव्य. ऐसो द्रव्य या पदार्थ जो देवकुं ही उद्देश्य बनाके अर्पण कियो गयो होय वाकुं देवद्रव्य' कहें हें. याही प्रकार गुरुकुं उद्देश्य बनाके अर्पण किये गये द्रव्यकुं 'गुरुद्रव्य' कह्यो जाय हे. प्रभुकी प्रसादी वस्तुकुं

'महाप्रसाद' कहें हें. या प्रकारके मन्दिरन्में ठाकुरजीके सन्मुख भेंट धरे जाते द्रव्यकुं ओर ट्रस्टकी ऑफिसमें आते द्रव्यकुं तो स्पष्ट शब्दन्में 'देवद्रव्य' कह्यो जा सके हे; और वा द्रव्यसूं सिद्ध होती सामग्रीमें भगवत्प्रसादी होवेके बाद महाप्रसादपनो तो आवे हे परन्तु वाके साथ वामें देवद्रव्यपनो भी रहे ही हे. याही कारण वैष्णवन्कुं ऐसे महाप्रसादकुं देवद्रव्य समझके ही व्यवहार करनो चहिये. ऐसे महाप्रसादकुं लेनेमें देवद्रव्यको बाध तो रहे ही हे.

(२१/ख) मन्दिरके स्थलके फेरबदलके बारेमें श्री गो.पू.१०८ श्रीबालकृष्णलालजी ने कह्यो कि पुष्टिमार्गमें सार्वजनिक मन्दिरकी परम्परा नहीं हे. यामें व्यक्तिगत स्वरूप, निजी स्वरूप, की ही बात हे; ओर याही कारण पुष्टिमार्गमें सेवाप्रकार देवालयके प्रकार जेसो नहीं हे. मन्दिरको निर्माण भी घर जेसो होवे हे. कहीं भी ध्वजा-शिखर नहीं होवे. वैष्णव भी घरमें ही सेवा करे हें तथा वाकुं 'मन्दिर' ही कहें हें...

**{'सेवा-देवद्रव्य-विमर्श' ग्रन्थके सहलेखक पू.पा.गो. श्रीबालकृष्णलालजी महोदय सूरतस्थ ३/२ गृहाधीश : (२१/क) 'वैष्णववाणी' अंक३, वर्ष मार्च १९८३. (२१/ख) 'गुजरात समाचार' अंक २५/५/९३में प्रकाशित}.**

(२२) ...ब्रह्मसम्बन्ध लेके सेवा करवेसूं प्रत्येक इन्द्रियन्को भगवान्में विनियोग होवे हे... मन्दिर-गुरुघर केवल उपदेशग्रहण करवेकेलिये हें. सेवा अपनकुं अपने घरन्में करनी हे.

**{पू.पा.गो.श्रीमथुरेश्वरजी संस्थापक – श्रीगोवर्धननाथजी मन्दिर, होलिवुड्.एन्.वाय्.अमेरिका: 'वल्लभविज्ञान' अंक ५-६ वर्ष १९६५}**

(२३) प्रश्न: अपने सम्प्रदायमें मन्दिरकुं 'मन्दिर' न कहके 'हवेली' क्यों कह्यो जावे हे?

उत्तर: सामान्यतया इतर हिन्दु-सम्प्रदायमें 'मन्दिर' शब्द देवालयके अर्थमें प्रयुक्त होवे हे परन्तु ऐसे देवालयके रूपमें मन्दिर जेसी संस्थाको पुष्टिमार्गमें अस्तित्व ही नहीं हे. क्योंकि पुष्टिमार्गमें अपने मांथे





जो प्रभु पधराये जावें हें वे प्रभुस्वरूप ओर उनकी सेवा हरेकको व्यक्तिगतरूपमें वाकी भावनाके अनुसार पधराये जावे हें. स्वयंके श्रीठाकुरजीकी सेवा पुष्टिमार्गीय जीवको एकमात्र स्वयंको कर्तव्य बन जातो स्वयंको ही धर्माचरण हे. पुष्टिमार्गीय सेवा सामुहिक जीवनको विषय नहीं परन्तु व्यक्तिगत जीवनको विषय हे. जेसे लोकमें पत्नी अथवा माताको पति अथवा पुत्र की सेवा या वात्सल्य प्रदान करवेको वाको व्यक्तिगत धर्म उत्तरदायित्व ओर अधिकार होवे हे. वा ही तरह जा सेवकके जो सेव्यस्वरूप होवे हें वा सेव्यस्वरूपकी सेवा वाको व्यक्तिगत प्रवृत्ति नहीं परन्तु सेवा तो स्वयंके आन्तरिक जीवनके साथ सम्बन्ध रखवेवाली बात होवेसूं स्वयंके जीवनकी स्वयंके घरमें की जावेवाली धर्मरूप प्रवृत्ति हे... अत: इतर हवेलीन्की तरह जेसे 'श्रीनाथजीको मन्दिर' शब्द, रूढ़ हो गयो होवेसूं, प्रयोग कियो जावे हे. वस्तुत: तो सामुहिक दर्शन या सेवा जहां की जाती होय एसे अन्यमार्गीय सार्वजनिक देवस्थान जेसो वो मन्दिर नहीं हे.

**{'सेवा-द्रेवद्रव्य-विमर्श'ग्रन्थके लेखक अ.सो.वा.पू.पा.गो. श्रीवल्लभरायजी सुरतस्थ ३/२ गृहगोस्वामी : 'पुष्टिने शीतल छांयडे' पृ.सं. १५७-१५८}.**

(२४) श्रीमहाप्रभुजीने अलग-अलग मन्दिरन्की प्रणाली खड़ी नहीं करी; परन्तु यामें जगद्गुरु श्रीवल्लभाचार्यकी एक दूरदृष्टि हती: प्रत्येक वैष्णवको घर नन्दालय बननो चहिये... कोइ मन्दिरके पड़ौसमें एक बहन रहे हे. वाकुं मन्दिरकी आरतीके घन्टानाद सुनाई पड़े हें. सेवा करवेकुं बैठी भइ वो बहन ठाकुरजीके वस्त्र बड़े करके स्नान करावे जा रही हती कि आरती घंटानाद सुनाई दिये. वो ठाकुरजीकुं वहीं वाही अवस्थामें छोड़के मन्दिरकी तरफ दौड़ गई. थोड़ी देरके बाद लौटके घर आई. अब विचार करो कि या तरहसूं कोई सेवा करे तो वामें आनन्द कभी आ सके क्या? यहां तो प्रत्येक वैष्णवको घर नन्दालय हे.

**{श्रीमद्भागवततत्त्वमर्मज्ञा श्रीगिरिराजजीहवेली (बड़ौदा) संचालिका, अमेरिकामें सार्वजनिक मन्दिरार्थ स्वयं के सेव्य श्रीगोवर्धननाथजीके स्वरूप पधराके वहां नवपुष्टि चेतनाको संचार करवेवाली पू.पा.गो. सुश्रीइन्दिराबेटीजी: 'वैष्णवपरिवार' अंक जून ९०}**

(२५) "अति धन्यवादार्ह हे कि आपने इतनी मेहनत करके सम्प्रदायके सिद्धान्तन्कूं कोर्टमें समझाये''-- हमारो यामें पूरो सहयोग रहेगो, तनमनधनसे...हमारे सभी चि.बालक या कार्यमें सहयोग करवेकुं तैयार हें''.

**{पू.पा.गो.चि.श्रीहरिरायजी(जाम.) के सिद्धान्तनिष्ठ पितृचरण नि.ली.गो. श्रीव्रजभूषणलालजी महाराज : मोकुं (प्रस्तुत-सम्पादकको) भेजे दि.२६-१०-८६ और ७-११-८६ के पत्रन्में}.**

(२६) मैं तो एक बात कहनी चाहूंगो कि समाजके भीतर ओर अपने सम्प्रदायमें इतनो अधिक सिद्धान्तवैपरीत्य हो गयो हे कि गुजरातके एक गांवमें... पुष्टिमार्गके ही, अपने सम्प्रदायके ही, दो मन्दिर हें ओर मन्दिरन्की दीवाल भी एक ही हें; परन्तु... ऐसी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा वैष्णवसमाजमें पैदा हो गई हे कि मानों एकदूसरेके साथ स्पर्धा करते होंय ऐसे. ईर्ष्या-द्वेषको वातावरण जब सेवाके क्षेत्रमे उत्पन्न हो जावे तो वासूं बढ़के लोकार्थित्व ओर क्या हो सके हे! ...जो शॉ-बिजनेस सम्प्रदायमें चल रह्यो हे वाको निवारण होय एतदर्थ एक सुन्दर चर्चासभाको आयोजन भयो हे... मेरी सविशेष विनंती ये हे कि एसे सभी सिद्धान्तवैपरीत्यकी फजीहत जो सर्वाधिक कहीं होती होय तो गुजरातमें होवे हे. भागवतमें भी लिख्यो भयो हे कि "गुर्जरि क्षीणतां गता''... अत: सिद्धान्तकी सत्यनिष्ठा कहीं साधनी होय तो... ओर श्रीमहाप्रभुजीके पुष्टिसिद्धान्तन्के सद्जागरणकी कहीं आवश्यकता होय तो... गुजरातमें एसी सभान्को आयोजन होनो चहिये...





**{पू.पा.गो.चि श्रीद्रुमिलकुमारजीमहोदय: "पुष्टिसिद्धान्त चर्चासभा (दि.१०-१३ जनवरी, ९२. पार्ले-मुंबई) विस्तृतविवरण" पृ.३१७-३१८}.**

(२७) पुष्टिमार्ग गुप्त हे, दिखावाकेलिये तो हे ही नहीं, भक्त ओर भगवानके आन्तरिक सम्बन्ध दृढ़ करवेको मार्ग हे... दोनोंके संबंध एसे होने चहिंये कि कोइ तीसरेकु वाकी जानकारी न हो पाये. अपनो अपने भगवान्के साथ क्या सम्बन्ध हे याकुं दूसरे कोइ व्यक्तिकुं जतावेकी आवश्यकता ही क्या हे? प्रशंसा पावेकुं? स्वयंकी महत्ता बढ़ावेकुं? ये तो सभी कुछ बाधक हें.

**{पू.पा.गो.चि.श्रीद्वारकेशलालजी महोदय (श्रीवल्लभाचार्य प्राकट्यपीठ अमरेली-कांदीवली-चम्पारण्य-सूरत) : 'पुष्टि नवनीत' पृ. १२}**

(२८/क) प्रश्न : आज चल रहे जो डिस्प्युट् हैं वामें कितनेक सिद्धान्त चर्चित हो रहे हैं जैसे कि नये मन्दिर नहीं खोलने, ट्रस्टमन्दिर नहीं बनाने, ठाकुरजीके नामपे द्रव्य नहीं लेनो, ठाकुरजीके दर्शन नहीं कराने, तथा बिना समझे-सोचे कोईकु ब्रह्मसम्बन्ध नहीं देनो. इन सब विषयमें आपको अभिमत क्या है?

उत्तर : देखो मन्दिरकी जहां तक स्थिति है तो ये बात सत्य है के पुष्टिमार्गीय प्रकारसुं मन्दिर तो मात्र एक ही है; और सबकी घरकी स्थिति हती... आज मन्दिर जितने हैं अथवा जिन स्थाननकुं अपन मन्दिर समझे हैं वो स्थान... वाकु अपन 'मर्यादापुष्टि मन्दिर' कह सके हैं, 'पुष्टिमन्दिर' नहीं. पुष्टिको प्रकारतो मात्र गृहसेवामें ही है.

(२८/ख) आजसे डेढ़सौ साल पहले, श्रीमहाप्रभुजीके समय से तब तलक, पुष्टिमार्गमें कोई भगवद्-मन्दिर खोलनेका क्रम नहीं था. प्रत्येक वैष्णव घर घरमें सेवा हो उसका आग्रह रखता था. वैष्णव अपने

घरमें श्रीठाकुरजीके स्वरूपको सेव्य तरीके पधराकर गुरुघरकी प्रणालिकानुसार सेवा करते थे.

**{पू.पा.गो. श्रीव्रजेशकुमारजी तृतीयेश २८/क: 'आचार्यश्रीवल्लभ' अगस्त १९९४, अंक ५, पुष्टिमार्गवर्तमान, प्रश्न-उत्तर ४, पृ. ७, २८/ख : ब्रज मोहे बिसरत नाहीं, पृ. १४०-४१}**

(२९) श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करे हैं कि दुनियांमें भटकते रहते अपने मन-चित्तकू श्रीठाकुरजीके साथ जोड़कर उनकी तनुवित्तजा सेवा करनी... तनुवित्तकी सेवा अर्थात् अपने कमाये भये अपने धनसूं, अपने घरमें श्रीठाकुरजीकी अपने शरीरसूं सेवा करनी वह.

**{पू.पा.गो.चि. श्रीवागीशकुमारजी 'वल्लभीय चेतना', अक्टूबर १५, २००३, पृ. ४}**

(३०) चित्त भगवत्प्रेममें परिपूर्ण हो जावे है, पूर्णत: भगवानमें जुड़ जावे है, तन्मय और तल्लीन हो जावे है तब परा सेवा भई. यह 'मानसी सेवा' कहलावे. याके साथ मनुष्यकू शरीरसू भी सेवा करनी चहिये... तनुजा सेवासू शरीरकी शुद्धि होवे है. अहंता अर्थात् हूंपनेकू नाश होवे है. धनसू होती सेवा वित्तजा सेवा है. वासूं ममता-मेरेपनेकू नाश होवे है. अहंता और ममता एक दूसरेके साथ जुड़ी रहे हैं. अतएव तनुजा और वित्तजा सेवा साथ होनी चहिये. यामें प्रधानता तनुजासेवाकी है. केवल धन देनेसू सेवा नहीं होवे. यासू राजसी वृत्ति आवे है.

**{पू.पा.गो.चि. श्रीद्वारकेशलालजी महोदय, षष्ठेश, वडोदरा : श्रीमद्भगवद्गीता पुष्टिदर्शन पृ. १२५}**

(३१) दुर्भाग्यसे...... हमारा स्वगृह और भगवन्मन्दिर दोनों ही आम्बेडकरस्मृतिग्रस्त ट्रस्ट उपाधिसे अवच्छिन्न हैं. तदनुसार वहीवट - व्यवस्था हम चलाते हैं दर्शन आदि. अत: लोग प्रभुको पूजते हैं हमें नहीं. अब रहा सवाल ट्रस्टकी इन्कम और प्रोफिट यानि आय और लाभका





तो ट्रस्टके आय-लाभ हम नहीं लेते..... भगवदर्थ या गोब्राह्मणार्थ लगा देते हैं. अत: लाभपूजार्थ यत्नका प्रश्न नहीं उठता. हमारे प्रभुको नित्यनेगभोग हम स्ववित्तजासे अरोगाते हैं.

**(पुष्टिसिद्धान्तसंरक्षणशिरोमणि पू. पा. गो. श्रीहरिरायजी, जामनगर, गदाधरपदावली - उपोद्घात पृ.२३).**

oooooooooooo

oooooooo

oooo

o